एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट
2024-25

इंडियनऑयल
IndianOil

स्प्रिंट गति से

मूल आधार व
ऊर्जा परिवर्तन का सशक्तिकरण

स्प्रिंट
गति से

स्प्रिंट गति से:
मूल आधार व
ऊर्जा परिवर्तन का सशक्तिकरण

इंडियनऑयल की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 का मुख्य पृष्ठ हमारी यात्रा के एक निर्णायक अध्याय को दर्शाता है, जिसमें हमारी विरासत आने वाले सस्टेनेबल कल के वादे के साथ जा मिली है। इसका शीर्षक 'स्प्रिंट गति से: मूल आधार व ऊर्जा परिवर्तन का सशक्तिकरण' हमारी दोहरी प्रतिबद्धता का बिंब है। यह हमारे मुख्य व्यवसायों में उत्कृष्टता को तो सुदृढ़ करती ही है, भारत को कम कार्बन उत्सर्जन वाले तथा भविष्य के लिए तैयार एनर्जी इकोसिस्टम की ओर भी अग्रसर करती है।

इस डिज़ाइन का प्रत्येक तत्व इस बात में रचा बसा है कि हम कौन हैं और कहां जा रहे हैं। इस डिज़ाइन के केंद्र में आगे की ओर अति तेज गति से दौड़ते एक व्यक्ति की छवि है, जो चुस्ती, इच्छाशक्ति और प्रगति का दमदार प्रतीक है। यह इंडियनऑयल के रणनीतिक परिवर्तन और तेज़ी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य में अनुकरणीय नेतृत्व करने की तत्परता का द्योतक है। यह छवि हमारी परिवर्तनकारी विकास पहल 'स्प्रिंट' यानी 'अति तेज गति की दौड़' की भावना को दर्शाती ही है, अधिक सुदृढ़, विविधतापूर्ण ऊर्जा पोर्टफोलियो की ओर हमारी छलांग का संकेत भी है।

इंडियनऑयल की ब्रांड आइडेंटिटी के रंग हमारे इस नैरेटिव को और पुष्ट करते हैं। नीला रंग विश्वास, तकनीकी गहनता और रणनीतिक स्पष्टता का प्रतीक है। सूर्य की ऊर्जा से सजीव नारंगी रंग गतिशीलता, आशाओं और एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाओं की सामूहिक गति का द्योतक है। साथ मिलकर ये रंग एक ऐसे ब्रांड का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो एक विरासत को आगे ले जाता है लेकिन परिवर्तन के लिए भी उतना ही तत्पर है।

यहां चित्रित 'स्प्रिंट' शब्द इंडियनऑयल के तीन 'सी' (कोर, कॉस्ट, कस्टमर) और तीन 'टी' (टेक्नोलॉजी, टेलेंट, ट्रांज़ीशन) के स्तंभों पर खड़े एजेंडे को पुष्ट करता है। यह गति, उद्देश्य और भविष्य की तैयारी के साथ हमारी रणनीतिक दिशा को बल देता है। यह भारत के ऊर्जा भविष्य को आकार देने वाले नवाचार, डिजिटलीकरण और सस्टेनेबल पद्धतियों में हमारे निवेश को दर्शाता है।

आप जिसे महज एक रिपोर्ट के कवर के रूप में देख रहे हैं, वह असल में एक इरादे की घोषणा है। यह एक अडिग उद्देश्य, विकासात्मक स्पष्टता और गर्व के साथ आगे बढ़ती कंपनी का प्रतीक है। हर स्टेकहोल्डर के लिए यह इंडियनऑयल के उस कायापलट को देखने का न्यौता है जो अपनी महत्वाकांक्षा में साहसी, प्रतिबद्धता में दृढ़ और राष्ट्र के ऊर्जा लक्ष्यों के साथ गहनता से जुड़ा है।

यह 'स्प्रिंट' बदलाव के **छह स्तंभों** का संगम है। इसमें मुख्य क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ प्रचालन दक्षता, उच्च-तकनीकी नवाचार, ग्राहक-केंद्रीयता, सस्टेनेबल और प्रतिभा विकास के नए दायरे खोलने पर बल दिया गया है।

S P R

मूल व्यवसाय का सशक्तिकरण

इंडियनऑयल के नेतृत्त्व को आधारभूत क्षेत्रों में बनाए रखना और फैलाना :

- ↗ भारत के सबसे बड़े रिफाइनर के रूप में अग्रणी स्थिति बनाए रखना
- ↗ नेटवर्क विस्तार और ग्राहक केंद्रीयता से खुदरा ईंधन की बिक्री में बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाना
- ↗ सभी संस्थागत बिजनेस सेगमेंट (व्यावसायिक खंडों) में नेतृत्व सुदृढ़ करना
- ↗ उभरते बाज़ारों में अग्रता के लिए पेट्रोकेमिकल और विशेष रसायन उत्पादन में वृद्धि

लागत अनुकूलन

लागत दक्षता ही दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता की चाबी है :

- ↗ सभी वर्टिकल्स की प्रचालन दक्षता में वृद्धि
- ↗ एलपीजी बॉटलिंग, सिविल एएफएस और लॉजिस्टिक्स जैसे उच्च-लागत क्षेत्रों में व्यय कम करना
- ↗ सर्वोत्तम परिसंपत्ति उपयोग और लाभांश के लिए रणनीतिक लागत प्रबंधन

ग्राहक-सेवा मजबूतीकरण

हर पहल के केंद्र में ग्राहक को रखकर चलना :

- ↗ खुदरा और संस्थागत दोनों ग्राहकों के लिए पहली पसंद बनकर उभरना
- ↗ नए ग्राहक वर्गों तक पहुंच बनाकर उत्पाद पोर्टफोलियो को व्यापक बनाना
- ↗ अद्वितीय और आकर्षक अनुभव प्रदान कर ग्राहक निष्ठा व बाज़ार उपस्थिति गहरी करना



I N T

टेक्नोलॉजी व नवाचार एकीकरण

डिजिटल और नवाचार की शक्ति से व्यवसाय को भविष्य के अनुकूल बनाना :

- ↗ उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं में नवाचार बढ़ाना
- ↗ व्यवसाय में स्पष्ट परिणाम लाने वाले जांचे-परखे उच्च-प्रभाव वाले डिजिटल समाधान लागू करना
- ↗ चपलता, सुरक्षा और विस्तार क्षमता बढ़ाने वाली अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना

नेतृत्व व प्रतिभा पोषण

परिवर्तन को गति देने के लिए लोगों में निवेश करना :

- ↗ उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप संभावनाशील नेतृत्व की पूरी श्रृंखला तैयार करना
- ↗ नई ऊर्जा, डिजिटल और अग्रणी व्यवसायों के लिए प्रतिभाओं को लुभाना और जोड़े रखना
- ↗ चपलता, गति और सहयोग को बढ़ावा देते हुए इंडियनऑयल के कोर मूल्यों को सुदृढ़ करना

परिवर्तन तत्परता

कम कार्बन उत्सर्जन वाले डिजिटल भविष्य के लिए कंपनी को तैयार करना :

- ↗ यथास्थिति को चुनौती देना
- ↗ भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व
- ↗ नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) और हरित हाइड्रोजन पहलों का विस्तार करना
- ↗ दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी और विकास को बढ़ावा देने के लिए ईएसजी सिद्धांतों और नए व्यावसाय मॉडलों को अपनाना

रिपोर्ट के बारे में

हमारी रिपोर्टिंग संरचना

वर्ष 2024-25 की यह एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट हितधारकों के साथ इंडियनऑयल के महत्वपूर्ण संपर्क को प्रदर्शित करती है। यह संबंधित वर्ष के लिए कंपनी के निष्पादन का विवरण देती है और दीर्घावधि सतत मूल्य सृजन के लिए रोडमैप तैयार करती है।



एकीकृत एवं सतत सोच

हम मूल्य सृजन को परस्पर संबद्ध मानते हैं और सभी छह पूँजीगत संस्थाओं का एकीकृत प्रबंधन करके, हम ऐसे रणनीतिक विकल्प चुनते हैं जो अल्पावधि, मध्यमावधि और दीर्घावधि में मूल्य प्रदान करते हैं।

रिपोर्टिंग अवधि एवं सीमा

- **रिपोर्टिंग अवधि:** यह एकीकृत रिपोर्ट मुख्यतः 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक 12 महीने की अवधि को दिखाती है। हालाँकि, इस रिपोर्ट के कुछ भाग पिछले वर्षों के तथ्यों और आंकड़ों को भी दर्शाते हैं।
- **कवर की गई संस्था:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (स्वतंत्र आधार पर, जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट न हो)

मुख्य विनियामकीय और रिपोर्टिंग ढांचा

हमारे वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों पहलू भारतीय गणराज्य के नियत कानूनों, विनियमों और मानकों के अनुरूप हैं।

- कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अंतर्गत अधिसूचित नियम
- भारतीय लेखा मानक
- सचिवीय मानक
- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015
- राष्ट्रीय उत्तरदायी व्यावसायिक आचरण दिशानिर्देश (एनजीआरबीसी) पर आधारित व्यावसायिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीयता सूचना (सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग- बीआरएसआर)
- अंतरराष्ट्रीय एकीकृत रिपोर्टिंग परिषद (आईआईआरसी) फ्रेमवर्क
- वैश्विक रिपोर्टिंग पहल मानक, 2021
- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य सिद्धांत (यूएनएसडीजी)

भावी विवरण

हमने इस रिपोर्ट को तैयार करने में अत्यधिक सावधानी बरती है। इसमें पूर्वानुमान और/या पूर्वानुमानों से संबंधित सूचनाएं भी शामिल हो सकती हैं। तथ्य, अपेक्षाएं और पिछला डेटा, ये सब पूर्वानुमानों पर आधारित हैं। जैसा कि सभी भावी विवरणों के संबंध में होता है, वास्तविक परिणाम पूर्वानुमानों से भिन्न हो सकते हैं। इसलिए हम, अपने भावी विवरणों या घोषित रूप से तीसरे पक्ष से प्राप्त विवरणों में सटीकता, पूर्णता और समयबद्धता की गारंटी नहीं दे सकते। इसी कारण पाठकों को सलाह दी जाती है कि इसे पढ़ते हुए वे अपने विवेक का इस्तेमाल करें। हम किसी भी भावी विवरण तथा नई जानकारी को भविष्य की घटनाओं या अन्य स्थिति में सार्वजनिक रूप से अद्यतित (अपडेट) करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं।

वेबसाइट:
www.iocl.com

कंपनी के बारे में अधिक जानने के लिए QR कोड स्कैन करें

रिपोर्ट में क्या है

01
कॉर्पोरेट अवलोकन

हमारे बारे में	06
हमारे व्यवसाय	08
प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त	10
अध्यक्ष की कलम से	20
गवर्नेंस (शासन-विधि)	32
नेतृत्व मंडल	34
निदेशकों का परिचय	36
जोखिम प्रबंधन	38
हितधारक संपर्क	42
तथ्यपरक मूल्यांकन	46
इंडियनऑयल का मूल्यसृजन मॉडल	48
सस्टेनेबल विकास को बढ़ावा	50
विनिर्मित पूंजी	52
वित्तीय पूंजी	60
सामाजिक और संबंधों की पूंजी	64
बौद्धिक पूंजी	70
मानव पूंजी	78
प्राकृतिक पूंजी	84
पुरस्कार और सम्मान	92
निदेशक मंडल	98
वरिष्ठ प्रबंधन टीम	99
प्रमुख कार्यालय और प्रमुख इकाईयाँ	102
लेखा परीक्षक, बैंकर, आरटीए इत्यादि	103
समूह की कंपनियां	104
निष्पादन - एक नज़र में	106

02
सांविधिक रिपोर्ट

निदेशकों की रिपोर्ट	110
अनुबंध-I : अ.जा. /अ.ज.जा./अ.पि.व. रिपोर्ट	128
अनुबंध-II - सीएसआर रिपोर्ट	130
अनुबंध-III - सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट	141
अनुबंध-IV - फॉर्म संख्या एओसी 2	144
अनुबंध-V - ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेशन और विदेशी मुद्रा अर्जन पर रिपोर्ट	145
कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट	148
प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण	169

03
वित्तीय विवरण

एकल

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	186
तुलन पत्र	204
लाभ और हानि विवरण	206
नकदी प्रवाह विवरण	208
इक्विटी में परिवर्तन का विवरण	210
वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां	212
आय और व्यय खाता-टाउनशिप, आदि	313

समेकित

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	314
तुलन पत्र	324
लाभ और हानि विवरण	326
नकदी प्रवाह विवरण	328
इक्विटी में परिवर्तन का विवरण	330
वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां	332

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 438

सूचना 442

हमारे बारे में

जुनून से लैस, प्रतिबद्धता से परिभाषित

भारत की सबसे बड़ी एकीकृत और विविधीकृत ऊर्जा कंपनी के रूप में इंडियनऑयल उत्कृष्टता के बेजोड़ जुनून और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की अनथक प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली महारत्न कंपनी इंडियनऑयल की हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में एक मजबूत उपस्थिति है। इस श्रृंखला में शोधन और पाइपलाइन परिवहन से लेकर विपणन, अन्वेषण और उत्पादन, पेट्रोकेमिकल, प्राकृतिक गैस और वैकल्पिक ऊर्जा तक शामिल हैं।

इंडियनऑयल 80.75 एमएमटीपीए की ग्रुप रिफाइनिंग क्षमता, 20,000 किलोमीटर से अधिक के पाइपलाइन नेटवर्क और 63,000 से अधिक ग्राहक संपर्क बिंदुओं के साथ पूरे देश में ऊर्जा की विश्वसनीय पहुंच सुनिश्चित करती है। कंपनी पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और एविएशन टर्बाइन ईंधन सहित पेट्रोलियम उत्पादों में सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी के साथ ईंधन विपणन में लगातार अग्रणी स्थान पर है।

इंडियनऑयल लगभग सात दशकों से भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है और विशिष्ट ईंधनों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त कर रही है। अग्रणी आरएंडडी, एक विशाल वितरण अवसंरचना और गहन कॉर्पोरेट नागरिकता के बल पर इंडियनऑयल भारत की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को महत्वपूर्ण ढंग से आकार देती है।

इंडियनऑयल 'भारत की ऊर्जा' बनने के अपने विज़न से प्रेरित रहते हुए भविष्य के लिए तैयार एनर्जी इकोसिस्टम (ऊर्जा पारिस्थितिक तंत्र) को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने जैव ईंधन, हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर यूटिलाइज़ेशन और भंडारण (सीसीयूएस) और अगली पीढ़ी के मोबिलिटी सॉल्यूशंस में लगतार निवेश किए हैं। ये सब हमारे सभी हितधारकों को टिकाऊ महत्व प्रदान करते हुए भारत के ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने के हमारे संकल्प को पुष्ट करते हैं।



इंडियनऑयल मूल्य – हमारी सोच तथा कार्यों के मार्गदर्शक

राष्ट्र को ऊर्जावान बनाएँ

भारत की विकास गाथा में योगदान; राष्ट्र और नागरिकों को समय, ऊर्जा और संसाधन समर्पित करें।

अनवरत ड्यूटी पर

देशभक्ति की भावना के साथ कठिन परिस्थितियों में भी '24x7 ड्यूटी' पर रहकर सेवाएँ दें।

बिजनेस विजन को दें गति

गहरे संबंध बनाएं और उसे निभाएँ; सामूहिक उद्देश्य और जिम्मेदारी की भावना के साथ इंडियनऑयल को लाए अपने विज़न के करीब।

संवेदनशील नेतृत्व

लोगों को उनकी जरूरतों को समझने और उसे पूरा करने के लिए उन्हें हर परिस्थिति (आंतरिक या बाहरी) में प्राथमिकता दें।

भविष्य के लिए समाधान

भविष्योन्मुख मानसिकता को अपनाते हुये संगठन और पृथ्वी के लिए अभिनव एवं स्थायी समाधानों के लिए प्रयास करें।

त्वरित प्रतिक्रिया

शीघ्र निर्णय लेने के लिए सभी को सशक्त बनाएं, परिवर्तनशील वातावरण में सक्रिय रहें।

निर्णय लेने में साहस

सहूलियत के दायरे से बाहर निकलें। सोचा समझा दांव लगाएं। साहस, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ महत्वाकांक्षी प्रयासों को आगे बढ़ाएं।

एक्स्ट्रा माइल जाएं

समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ निर्धारित कर्तव्य सीमा से आगे बढ़कर अपेक्षाओं को पूरा करें।

सेवा हेतु प्रतिबद्ध

वादों को पूरा करके इंडियनऑयल ब्रांड को कायम रखें; हमेशा सही फैसले लेकर भरोसे को मजबूत बनाएं।

ईकोसिस्टम का विकास

सभी हितधारकों को साथ लेकर चलें और परस्पर जीत का माहौल बनाएं। सकारात्मक प्रभाव और सभी के विकास के लिए तालमेल का लाभ उठाएं।

हमारे व्यवसाय

पोर्टफोलियो पर एक विहंगम दृष्टि

इंडियनऑयल अपनी प्रमुख शक्तियों को बढ़ाकर और नए ऊर्जा क्षेत्रों में अवसरों का लाभ लेकर एक प्रमुख एकीकृत ऊर्जा कंपनी बनने की यात्रा को गति दे रही है।

हमने राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा, संधारणीयता (सस्टेनेबिलिटी) और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बल पर अपनी पारंपरिक परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करने से लेकर अपने वैकल्पिक ऊर्जा फुटप्रिंट के विस्तार तक सभी व्यवसायों में मजबूत प्रगति की है। हमारा विविधिकृत पोर्टफोलियो एक भविष्य अनुकूल रणनीति को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य भारत और उसके बाहर विश्वसनीय, स्वच्छ और ग्राहक-केंद्रित ऊर्जा समाधान प्रस्तुत करना है।

रिफाइनिंग, पाइपलाइन्स और मार्केटिंग

भारत की एक अग्रणी डाउनस्ट्रीम ऊर्जा कंपनी होने के नाते हमने विश्वसनीय, कुशल और भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा समाधान देने के अपने मिशन को आगे बढ़ाया है। हमने उत्पाद सुदृढ़ता और पर्यावरणीय अनुपालन बढ़ाने के लिए 2024-25 के दौरान रिफाइनरी में कुछ प्रमुख अपग्रेड किए। हमारे पाइपलाइन्स प्रभाग ने क्षमता उपयोग, सुरक्षा और डिजिटलीकरण में नए मानक छुए। हमने प्रीमियम ईंधन, ऑटोमेशन और ग्राहक अनुभव पर विशेष ध्यान देते हुए अपने मार्केटिंग और वितरण नेटवर्क का भी विस्तार किया। इससे पेट्रोलियम मूल्य श्रृंखला में हमारी अग्रणी स्थिति और सुदृढ़ हुई।

पारादीप रिफाइनरी में एथिलीन रिकवरी यूनिट

एन्नोर एलएनजी टर्मिनल का हवाई दृश्य

प्राकृतिक गैस

भारत जब गैस-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, तब इंडियनऑयल ने एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में अपनी स्थिति सुदृढ़ की है। हमने 2024-25 में स्वच्छ ऊर्जा की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए एलएनजी टर्मिनल, पाइपलाइन कनेक्टिविटी और सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क में अपना निवेश बढ़ाया है। इस दौरान आपूर्ति विश्वसनीयता बढ़ाने, गैस लॉजिस्टिक्स को बेहतर करने और औद्योगिक व रिटेल सेगमेंट (खुदरा परिखंड) में एक स्वच्छ ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस को बढ़ावा देने पर हमने ध्यान केंद्रित किया है।

पेट्रोकेमिकल

पेट्रोकेमिकल पावरहाउस बनने की हमारी यात्रा में वर्ष 2024-25 एक और छलांग का साक्षी रहा है। एकीकृत रिफाइनरी-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और नई परियोजनाओं की घोषणाओं के साथ हम मौजूदा ऊर्जा धाराओं से मूल्य प्राप्त करने की अपनी योजनाओं पर आगे बढ़े हैं। विशेष रसायनों, आयात प्रतिस्थापन और वैश्विक पहुंच को लेकर हमारा आग्रह हमें दक्षिण पूर्व एशिया में एक क्षेत्रीय पेट्रोकेमिकल लीडर बनने में सहायता कर रहा है।

पीएडीसी, पानीपत में पॉलीप्रोपाइलीन कास्ट फिल्म एक्सट्रूडर

अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी)

हमने भारत के ऊर्जा स्वतंत्रता लक्ष्यों के अनुरूप एक संतुलित और मजबूत पोर्टफोलियो निर्मित करने के लिए अपनी अपस्ट्रीम गतिविधियों को तेज किया है। वर्ष 2024-25 में प्रमुख घरेलू और विदेशी खंडों में रणनीतिक साझेदारियां, प्रौद्योगिकी उपयोग और उत्पादन तीव्रता देखने को मिली हैं। इनसे दीर्घावधि हाइड्रोकार्बन आपूर्ति सुनिश्चित करने के हमारे लक्ष्य में मदद मिली।

कुआं XN-76, ऑनशोर ब्लॉक 1, अबू धाबी - इंडियनऑयल की एक अपस्ट्रीम संपत्ति

वैकल्पिक ऊर्जा और अन्य व्यवसाय

भारत जब शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनने की ओर बढ़ रहा है, तब इंडियनऑयल नवीकरणीय ऊर्जा, जैवईंधन (बायोफ्यूल), हरित हाइड्रोजन (ग्रीन हाइड्रोजन), सतत विमानन ईंधन और अपशिष्ट-से-ऊर्जा इत्यादि में विविधता लाकर इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। हमने 2024-25 में रणनीतिक प्रगति करते हुए पायलट परियोजनाओं को कमीशन किया, मौजूदा हरित परिसंपत्तियों का विस्तार किया और अपनी वैकल्पिक ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए नवप्रवर्तकों के साथ साझेदारी की। ये सभी पहलें एक सतत ऊर्जा भविष्य को ढालने में हमारे बढ़ते महत्व का द्योतक हैं।

इंडियनऑयल - हरित हाइड्रोजन गतिशीलता में अग्रणी

प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त

'हाई-ऑक्टेन' प्रदर्शन के साथ विस्तार

इंडियनऑयल ने व्यापक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद 2024-25 में मजबूत प्रचालन प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड बिक्री, अधिकतम पाइपलाइन थ्रूपुट और डिस्टिलेट उत्पादन का अब तक का एक सर्वोत्तम स्तर प्राप्त किया। ये उपलब्धियां हमारे प्रचालन मॉडल की सुदृढ़ता, तेज नवाचार और अत्यधिक कुशल वितरण नेटवर्क को दर्शाती हैं।

इंडियनऑयल एक ऊर्जा

महारत्न क्यों है?

इंडियनऑयल देश की बदलती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए एक अनुपम स्थिति में है। अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति, अद्वितीय अवसंरचना, विविधतापूर्ण ऊर्जा पोर्टफोलियो और महत्वाकांक्षी स्थिरता लक्ष्यों के साथ हम देश की आर्थिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देने और हितधारकों को स्थायी मूल्य प्रदान को तैयार हैं।

भारत की
सबसे बड़ी
रिफाइनर कंपनी

भारत की
दूसरी सबसे बड़ी

पेट्रोकेमिकल कंपनी

ईएंडपी कंपनी

उपलब्धियां और माइलस्टोन (2024–25)

↗ **सभी सेगमेंट में ऐतिहासिक बिक्रियां:** कंपनी ने 2024–25 में पहली बार 100 एमएमटी का आंकड़ा पार करते हुए अब तक की सबसे अधिक बिक्री की। सभी क्षेत्रों (गैस, पेट्रोकेमिकल और विस्फोटक सहित) में बिक्रियां 100.29 एमएमटी तक पहुंचीं। यह पिछले वर्ष की 97.5 एमएमटी की बिक्री के मुकाबले उल्लेखनीय बढ़ोतरी है।

↗ **रिकॉर्ड पाइपलाइन थ्रूपुट और रणनीतिक विस्तार:** कंपनी के इतिहास में पहली बार, पाइपलाइन थ्रूपुट 100.5 एमएमटी को पार कर गया। हमने देश में पाइपलाइन नेटवर्क का 261 किलोमीटर तक विस्तार किया। इससे हमारा कुल नेटवर्क 20,000 किलोमीटर से अधिक हो गया है। यह भारत की कुल पाइपलाइन अवसंरचना के आधे से ज्यादा के बराबर है।

↗ **एकीकृत पूंजीगत व्यय:** रिफाइनिंग, विपणन, पाइपलाइन, पेट्रोकेमिकल और हरित ऊर्जा परखंड (सैगमेंट) में क्षमता विस्तार, डिजिटलीकरण, डीकार्बनाइजेशन और अवसंरचना विकास में सहायता हेतु पूंजीगत व्यय में ₹40,374 करोड़ का निवेश किया गया है।

↗ **रिफाइनरी का निरंतर निष्पादन और विकास पथ:** सुदृढ़ डिस्टिलेट उत्पादन स्तरों और आपूर्ति श्रृंखला में अनुशासन के साथ पूरे वर्ष ऊंचा रिफाइनरी थ्रूपुट बनाए रखा गया। कंपनी भविष्य की ऊर्जा मांग के अनुरूप 2026–27 तक कुल रिफाइनिंग क्षमता को 80.75 से 98.4 एमएमटीपीए तक बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है।

↗ **वैश्विक चुनौतियों के बीच पेट्रोकेमिकल विकास:** वैश्विक बाजार में सुस्ती के बावजूद उत्पाद विविधीकरण और मुख्य रिफाइनिंग प्रचालनों के साथ बेहतर एकीकरण के चलते इंडियनऑयल की बिक्री बढ़कर 3.24 एमएमटी हुई।

रणनीतिक लाभ और विकास के स्तंभ

बेजोड़ दायरा और पहुंच

इंडियनऑयल अपने विशाल, सबसे लंबे पाइपलाइन नेटवर्क और देशव्यापी कस्टमर टचप्वाइंट्स (ग्राहक संपर्क बिंदु) के साथ भारत के ऊर्जा क्षेत्र में एक अद्वितीय उपस्थिति रखती है। साथ ही देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बराबर पहुंच सुनिश्चित करती है।

10 ग्रुप रिफाइनरियां
80.75 एमएमटीपीए क्षमता के साथ

63 देशों में
निर्यात उपस्थिति

40,200+
रीटेल आउटलेट

3.5 करोड़
ग्राहकों को प्रतिदिन सेवाएं

15.46 करोड़
सक्रिय एलपीजी ग्राहक

बढ़ता अंतर्देशीय और निर्यात मिश्रण

अपस्ट्रीम

14 घरेलू और 11 विदेशी सक्रिय ब्लॉक में अन्वेषण, विकास और उत्पादन कार्य जारी

मिडस्ट्रीम

भारत का सबसे बड़ा तेल रिफाइनर

लगभग 31%
बाजार हिस्सेदारी

अंतर्देशीय
बिक्री (एमएमटी)
95.4



अपस्ट्रीम उत्पादन
(एमएमटीओई)
4.45



रिफाइनरी थ्रूपुट
(एमएमटी)
71.56



निर्यात
बिक्री (एमएमटी)
4.9



डाउनस्ट्रीम

भारत में 63,000 से ज़्यादा कस्टमर टचप्वाइंट (ग्राहक संपर्क बिंदु) वाला सबसे बड़ा फ्यूल रीटेलर (खुदरा ईंधन विक्रेता)



सबसे बड़ा पाइपलाइन नेटवर्क

लंबाई (किलोमीटर)

5,324
क्रूड पाइपलाइन

13,344
उत्पाद पाइपलाइन

1,337
गैस पाइपलाइन

बाजार अवसरंचना में अग्रणी[1]

इंडियनऑयल की हिस्सेदारी

41.58%
रीटेल आउटलेट (खुदरा बिक्री केंद्र)

51%
एलपीजी वितरक

47.3%
विमानन ईंधन स्टेशन

([1]पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ)

पूरी हाइड्रोकार्बन मूल्य श्रृंखला में फैला विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो

इंडियनऑयल रणनीतिक रूप से एक विविधतापूर्ण ऊर्जा समाधान प्रदाता के रूप में स्वयं को स्थापित कर रही है और पारंपरिक अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम व डाउनस्ट्रीम प्रचालनों से आगे जाते हुए पेट्रोकेमिकल, प्राकृतिक गैस और वैकल्पिक ऊर्जा में प्रगति के ऊंचे अवसरों का लाभ उठा रही है।

पेट्रोकेमिकल

रणनीतिक विस्तार से तेज मूल्य सृजन

हमने पेट्रोकेमिकल को भविष्य के विकास की आधारशिला पाते हुए एक रिफाइनिंग-केंद्रित कंपनी से एक एकीकृत ऊर्जा और रसायन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी के रूप में उल्लेखनीय बदलाव हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

13.2 एमएमपीटीए

पेट्रोकेमिकल क्षमता विस्तार का लक्ष्य 2030 तक

हमने पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश करते हुए 2030 तक अपने पेट्रोकेमिकल तीव्रता सूचकांक (पीआईआई) को 6.1% से बढ़ाकर 15% करने का लक्ष्य रखा है। पारादीप स्थित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पानीपत स्थित पॉली बूटाडीन रबर संयंत्र और भद्रक, ओडिशा स्थित कपड़ा परियोजना सहित हमारी प्रमुख परियोजनाओं का उद्देश्य अधिक मूल्य सृजन, मजबूत क्षेत्रीय मांग की पूर्ति और *'आत्मनिर्भरता'* के विज़न के अनुरूप आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना है।

पारादीप पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स

₹61,077 करोड़ का पारादीप पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स इंडियनऑयल का किसी एक जगह पर अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, जो एक महत्त्वपूर्ण परिवर्तनकारी विकास का मंच तैयार करता है।

- ↗ विश्व-स्तरीय अवसंरचना : इस कॉम्प्लेक्स में 1.5 एमएमटीपीए क्षमता का नेफ्था क्रैकर होगा। साथ ही, पॉलीप्रोपाइलीन, उच्च-घनत्त्व के पॉलीएथिलीन, लीनियर लो-डेंसिटी पॉलीएथिलीन और पॉलीविनाइल क्लोराइड का उत्पादन करने वाली डाउनस्ट्रीम यूनिट होंगी।
- ↗ विशिष्ट रसायन : हम फिनोल, आइसोप्रोपाइल अल्कोहल और बूटाडीन के विशेष उत्पादन के साथ उच्च-मूल्य वाले बाजार क्षेत्रों में भी बढ़ रहे हैं।

प्राकृतिक गैस

भारत की गैस-आधारित अर्थव्यवस्था का अवसंरचना निर्माण

हम भारत के प्राकृतिक गैस पारिस्थितिक तंत्र में एक अग्रणी कंपनी हैं और देश के गैस-आधारित अर्थव्यवस्था के विज़न का लाभ उठाने के लिए विशेष स्थिति में हैं।

विकास रणनीति और विस्तार योजनाएं

- ↗ महत्वाकांक्षी विकास लक्ष्य – बढ़ती पाइपलाइन अवसंरचना और शहरी गैस वितरण नेटवर्क की मदद से 2030 तक प्राकृतिक गैस बिक्री को तीन गुना करना।
- ↗ अवसंरचना विकास – कार्याधीन परियोजनाओं में हज़ारीबाग-रांची प्राकृतिक गैस पाइपलाइन और मौजूदा प्रणालियों की क्षमता वृद्धि शामिल है।
- ↗ रणनीतिक खरीद – एडीएनओसी, टोटल एनर्जीज़ के साथ 3 एमएमटीपीए से अधिक की एलएनजी खरीद के लिए दीर्घावधि समझौते और कतर एनर्जी के साथ अनुबंध का नवीनीकरण।

भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

आयातित प्राकृतिक गैस व्यवसाय में

13.18 एमएमटीपीए

की कुल एलएनजी टर्मिनल क्षमता कई रणनीतिक स्थानों पर

वैकल्पिक ऊर्जा : भारत के स्वच्छ ऊर्जा रूपांतरण का नेतृत्त्व

नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन और संपोषी प्रौद्योगिकियों में व्यापक निवेश करते हुए हम भारत के ऊर्जा रूपांतरण का नेतृत्व कर रहे हैं। इसका लक्ष्य 2046 तक शून्य प्रचालन कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना है। यह अवधि इस मामले में भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य से भी 24 वर्ष पहले की है।

नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार

- ↗ वर्तमान पोर्टफोलियो : 252.1 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, जिसमें 167.6 मेगावॉट पवन और 84.5 मेगावॉट सौर ऊर्जा शामिल।
- ↗ परिवर्तनकारी लक्ष्य : 2030 तक 31 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता पाना।
- ↗ सहायक कंपनी टेरा क्लीन : 1 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन पर काम जारी, जिसे आने वाले वर्षों में 5.3 गीगावॉट तक बढ़ाया जाना।

ग्रीन हाइड्रोजन में नेतृत्व

- ↗ हम देश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना के जरिए भारत के ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम का नेतृत्व कर रहे हैं :
- ↗ प्रमुख परियोजना : पानीपत रिफाइनरी में 10,000 टन प्रति वर्ष क्षमता वाला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र दिसंबर 2027 तक चालू होने वाला है।
- ↗ रणनीतिक विज़न : वर्ष 2030 तक वर्तमान हाइड्रोजन उपभोग के 50% को हरित ऊर्जा में बदलने का लक्ष्य। इससे तेल शोधन, इस्पात निर्माण और भारी परिवहन जैसे कार्बन-मुक्ति में मुश्किल क्षेत्रों को सहयोग मिलेगा।
- ↗ प्रौद्योगिकी एकीकरण : इलेक्ट्रोलिसिस के लिए सौर, पवन या जल स्रोतों से प्राप्त नवीकरणीय बिजली का उपयोग। यह धीरे-धीरे रिफाइनरी प्रचालनों में जीवाश्म ईंधन आधारित हाइड्रोजन की जगह ले रही है।

पवन ऊर्जा को वाट में बदलना – नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में इंडियनऑयल की 167.6 मेगावाट की प्रगति

सुदृढ़ वित्तीय स्थिति

इंडियनऑयल ने निष्पादन में एक बुलंद ट्रैक रिकॉर्ड के साथ वित्तीय लचीलेपन की भी मिसाल पेश की है। लगातार लाभांश भुगतान और विकास व नवाचार में रणनीतिक निवेश शेयरधारकों के मूल्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो इंडियनऑयल को एक भरोसेमंद विकल्प बनाता है।

कुल संपत्ति

करोड़ रुपए में

1,78,677



₹99,892.92 करोड़
कुल सृजित आर्थिक मूल्य

7.10%
लगाई गई पूंजी पर औसत रिटर्न

₹33,170 करोड़
की प्रचालित नकदी प्रवाह क्षमता

भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति

भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर ऊंची बने रहने की उम्मीद है। इससे विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी और इंडियनऑयल के लिए बाजार अवसर बढ़ेंगे।

पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती खपत

(एमएमटी)[3]

239.2



तेल की मांग को पूरा करने के लिए कंपनियों की अनुमानित क्षमता वृद्धि

(एमबीपीडी)[4]

- 6.8 – 2030
- 5.2 – 2022

चौथी सबसे बड़ी

अर्थव्यवस्था दुनिया की (आईएमएफ के अनुसार भारत 2025 में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा)



[3] भारत के तेल एवं गैस आंकड़ों का एक संक्षिप्त विवरण, मासिक रेडी रेकनर तालिका, सितंबर-2024
[4] इंडियनऑयल की बाजार रिपोर्ट

तेज गति से नवाचार

अनुसंधान एवं विकास की दमदार पाइपलाइन

इंडियनऑयल ने 1,689 सक्रिय पेटेंटों के साथ लगभग सात वर्षों में अपने पेटेंट दोगुने किए हैं और उन्नत प्रौद्योगिकियों के जरिए भविष्य के विकास के लिए मजबूत आधार तैयार किया है।

₹1,067 करोड़

का व्यय विभिन्न प्रभागों में अनुसंधान एवं विकास और प्रमुख नवाचार पहलों पर हुआ

हाइड्रोजन और जैव ईंधन में अग्रणी

इंडियनऑयल ने भारत का पहला

3जी इथेनॉल संयंत्र

स्थापित किया है।

उभरती प्रौद्योगिकियों में रणनीतिक निवेश

कार्बन कैप्चर और नेक्स्ट जनरेशन बैटरी टेक्नोलॉजी (लिथियम-आयन और एल्युमीनियम-एयर) जैसे उच्च-प्रभाव वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए हम वैकल्पिक ऊर्जा समाधानों और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभाने की स्थिति में हैं।

ग्रीन परिसंपत्तियां

नवीकरणीय ऊर्जा

252.1 मेगावॉट
कुल ऊर्जा क्षमता

167.6 मेगावॉट
पवन

84.5 मेगावॉट
सौर

इथेनॉल

~100 केएलपीडी
2जी इथेनॉल संयंत्र

~128 केएलपीडी
3जी इथेनॉल संयंत्र

कंप्रैस्ड बायो गैस

44
संयंत्र

125
सीबीजी स्टेशन

प्राप्त परिणाम

↗ 4,656 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन वित्तीय वर्ष 2025 में चालू किए। इससे इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की कुल संख्या बढ़कर 13,614 हो गई।

↗ 37 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन वित्तीय वर्ष 2025 में शुरू किए गए। कुल संख्या 128 हुई।

↗ 10 केटीए का ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र पानीपत में लगने वाला है। इसके साथ भारत के ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम को आगे बढ़ाया गया।

↗ भारत की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसें शुरू की गईं जो देश की ग्रीन परिवहन पहलों में बड़ी उपलब्धि सिद्ध होंगी।

सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा

इंडियनऑयल एक सतत भविष्य के निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ है। इसके लिए पर्यावरण संरक्षण, प्रभावी सामाजिक उत्थान कार्यक्रमों को लगातार प्राथमिकता दी जाती है। हम अपनी पहलों को वैश्विक पर्यावरण, सामाजिक और शासन-विधि (ईएसजी) मानकों के अनुरूप रखते हुए भारत के ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान दे रहे हैं। साथ ही समुदायों व पारिस्थितिक तंत्रों (इकोसिस्टम) में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।

2046 तक शून्य प्रचालनगत कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य। हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन (बायो फ्यूल), नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों पर ध्यान।

31 गीगावॉट
नवीकरणीय क्षमता का लक्ष्य 2030 तक

100%
डीकार्बनाइजेशन 2046 तक

1.36+ करोड़
लाभार्थियों तक पहुंच 2024-25 के दौरान सीएसआर कार्यक्रमों के जरिए

रिफाइनरी इकोपार्क के माध्यम से डिगबोई रिफाइनरी की एक झलक

इंडियनऑयल

IndianOil

IndianOil

SPRINT

A Transformational Project

भविष्य की ओर एक बड़ा कदम

बदलती दुनिया संग, बदलता इंडियनऑयल

1. **मूल व्यवसाय सशक्तिकरण**
   देश का सबसे बड़ा रिफ़ाइनर बने रहना, फ्यूल रिटेल बाज़ार में हिस्सेदारी बढ़ाना, संस्थानों संबंधित व्यवसाय में सबसे आगे रहना, और विशेष रसायनों सहित पेट्रोकेमिकल क्षमता का विस्तार करना।
2. **लागत अनुकूलन**
   ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति में सर्वश्रेष्ठ और कम लागत वाली कंपनी बनना, मार्केटिंग व्यवसाय में सबसे कम खर्च में अच्छा काम करना, रखरखाव पर खर्च अनुकूलन, और समयपूर्वक परियोजनाएं संपूर्ण करना।
3. **ग्राहक सेवा मज़बूतीकरण**
   लोगों की पहली पसंद बनना, नए ग्राहकों तक पहुँच बढ़ाना और ऐसे नए प्रस्ताव देना जो ग्राहकों का अनुभव बेहतर और यादगार बनाए।
4. **टेक्नोलॉजी व नवाचार एकीकरण**
   मौजूदा और नए व्यवसायों के लिए नए उत्पाद तैयार करना, बेहतर कमाई के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल करना और भविष्य के लिए सही तकनीकी विकल्प चुनना।
5. **नेतृत्व व प्रतिभा पोषण**
   अच्छे लीडर तैयार करना, नए व्यवसायों के लिए योग्य लोगों को तैयार करना और भर्ती करना।
6. **परिवर्तन तत्परता**
   हरित ऊर्जा में निवेश तेज करना, नए विकास के रास्ते बनाना और Net-Zero लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना।

स्प्रिंट केवल एक योजना नहीं, बल्कि एक वादा है।

बदलाव लाना, जिम्मेदारी से नेतृत्व करना, ग्राहकों को ध्यान में रखकर भारत के विकास को गति देना।

अध्यक्ष की कलम से

66

इंडियनऑयल ने उत्पाद बिक्री, रिफाइनिंग और पाइपलाइन्स प्रचालनों में वर्ष 2024-25 में रिकार्ड ऊँचाई को प्राप्त किया। साथ ही, ग्रीन एनर्जी की ओर भी कदम बढ़ाए। कंपनी कई साहसिक निवेशों, नए ज़माने के ईंधनों और 'प्रोजेक्ट स्प्रिंट' के साथ खुद को भविष्य के लिए तैयार कर रही है। साथ ही साथ, स्वयं को विविधीकृत ऊर्जा में अग्रणी कंपनी के रूप में ढाल रही है।

99

श्री अरविंदर सिंह साहनी
अध्यक्ष, इंडियनऑयल

प्रिय शेयरधारकों,

इंडियनऑयल ने वैश्विक उथल-पुथल, आर्थिक पुनर्संतुलन और ऊर्जा क्षेत्र में बदलावों से ओत-पोत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। साथ ही दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया। हमें 2024-25 के लिए इंडियनऑयल की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट आपके सामने रखते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। उपलब्धियों से भरे एक और वर्ष के दौरान हमारी यात्रा को अपना अटूट समर्थन देने के लिए सभी का धन्यवाद।

भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी के रूप में इंडियनऑयल देश के ऊर्जा सुरक्षा ढांचे की मेरुदंड बनी हुई है। दूरदराज के गांवों की ईंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने से लेकर उच्च विकास वाले औद्योगिक कॉरिडोर को ऊर्जा पहुंचाने तक हम राष्ट्र की प्रगति के केंद्र में रहे हैं। गत वित्तीय वर्ष में वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य लगातार जटिल होता गया। कच्चे तेल की कीमतें 75 से 95 डॉलर प्रति बैरल के बीच उतरती चढ़ती रहीं। रिफाइनिंग मार्जिन ने दबाव झेला। नवीकरणीय ऊर्जा की ओर परिवर्तन में तेजी आई। इन सबके बीच इंडियनऑयल ने अपनी स्थिति सुदृढ़ रखी। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, प्रमुख ईंधन उत्पादों में घटते मार्जिन और बाजार में बढ़ती अस्थिरता, आदि सबने मिलकर वर्ष के दौरान लाभप्रदता पर असर डाला। लेकिन फिर भी अपने संपर्क में आए हर व्यक्ति को ऊर्जान्वित करने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रही और इसने हर संपर्क बिन्दु (टच प्वाइंट) पर हमारे प्रयासों को सही दिशा दिखाई।

हमारे प्रयासों को राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों मंचों पर मान्यता मिली है। इंडियनऑयल ने फॉर्च्यून ग्लोबल 500 रैंकिंग में 127वें पायदान पर अपना प्रतिष्ठित स्थान बनाए रखा। हमें डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) में भारतीय तेल और गैस की शीर्ष कंपनी का दर्जा दिया गया। क्लेरिवेट के 2024 के टॉप 100 ग्लोबल इनोवेटर्स में हमें शामिल किया गया। यह उपलब्धि किसी भी भारतीय ऊर्जा कंपनी ने पहली बार प्राप्त की है। बिज़नेस वर्ल्ड द्वारा भारत की सबसे सम्मानित तेल और गैस कंपनी के रूप में हमें मान्यता दी गई। ब्रांड फाइनेंस के अनुसार, हमें 2024 तथा उससे पूर्व दो वर्षों में देश के शीर्ष तेल एवं गैस (पीएसयू) ब्रांड का दर्जा भी मिला है। ये सम्मान इंडियनऑयल की प्रचालन उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि इस ब्रांड में सबके स्थायी विश्वास और इसकी सुदृढ़ता को भी दर्शाते हैं।

अब मैं इंडियनऑयल की यात्रा में एक नए युग की नींव रखने वाले वर्ष, 2024-25 के दौरान हमारे प्रदर्शन की प्रमुख बातें साझा करना चाहूंगा।

पारादीप रिफाइनरी, ओडिशा में मोनो एथिलीन ग्लाइकॉल (एमईजी) यूनिट

प्रगति को बल, नींव का सुदृढ़ीकरण

वर्ष 2024-25 इंडियनऑयल की यात्रा में कोई सामान्य अध्याय नहीं था, अपितु यह पैमाने, तालमेल और रणनीतिक विकासक्रम का एक ऐतिहासिक वर्ष था। आपकी कंपनी की उत्पाद बिक्री पहली बार 100 मिलियन मीट्रिक टन के आंकड़े को पार कर गई। इससे भारत के ऊर्जा इको सिस्टम में इंडियनऑयल की बेजोड़ पहुंच की पुष्टि हुई। हमने अपने विशाल पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए रिकॉर्ड 100 एमएमटी हाइड्रोकार्बन भी पहुंचाया और हमारा ग्रुप रिफाइनिंग थ्रूपुट रिकॉर्ड 82.02 एमएमटी तक पहुंच गया। इससे हमारा क्षमता उपयोग 100% से अधिक रहा। डिस्टिलेट उत्पादन 80.6% के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा। ईंधन एवं हानि गिरकर पांच वर्षों के सर्वश्रेष्ठ 8.8% पर आ गया, जो प्रचालन अनुशासन और दक्षता का प्रमाण है।

पाइपलाइन सेगमेंट में 261 किलोमीटर का नया नेटवर्क चालू किया गया। इससे हमारे भूमिगत ऊर्जा राजमार्गों का विस्तार 20,000 किलोमीटर से अधिक हो गया। कच्चे तेल और उत्पाद पाइपलाइन थ्रूपुट ने जहां रिकॉर्ड स्तर छुआ, वहीं गैस पाइपलाइनों में वर्ष-दर-वर्ष 25% से अधिक की वृद्धि हुई।

पारादीप हैदराबाद पाइपलाइन परियोजना के हिस्से के रूप में विजयवाड़ा में मुख्य लाइन को नीचे करने का कार्य प्रगति पर है

कंपनी का पेट्रोकेमिकल सेगमेंट भी 3.23 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन और 3.24 मिलियन मीट्रिक टन बिक्री (निर्यात सहित) के अब तक के सर्वोच्च स्तर के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। पैकेजिंग, ऑटोमोटिव और घरेलू उपकरण संबंधी उपयोगों के लिए नए और बेहतर पॉलिमर ग्रेड लाए गए, जिन्हें क्रॉम्पटन, पीएंडजी, और पैनासोनिक जैसे प्रमुख ब्रांडों से 16 ओईएम अनुमोदन मिले हैं। गुजरात में 90 केटीए के नॉर्मल ब्यूटाइल अल्कोहल संयंत्र के चालू होने और नेपाल को रिकॉर्ड निर्यात ने इस क्षेत्र को और मजबूत किया है। हमारे रिसाइकल पॉलिमर ब्रांड 'साइक्लोप्लास्ट' ने 220 मीट्रिक टन की अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ वार्षिक बिक्री की है।

अपस्ट्रीम क्षेत्र में कंपनी 25 तेल और गैस परिसंपत्तियों का एक विविधितापूर्ण पोर्टफोलियो रखती है। इनमें 14 परिसंपत्तियां भारत में और 11 विदेश में हैं, जिनमें से 9 में उत्पादन जारी है। झारखंड में सीबीएम गैस उत्पादन के आरंभ और कनाडा में विदेशी परिसंपत्तियों से उत्पादन वृद्धि के चलते उत्पादन बढ़कर 4.45 एमएमटी तेल के बराबर हो गया। अबू धाबी के ऑनशोर ब्लॉक-1 में नए हाइड्रोकार्बन भंडार की खोज, लीबिया में 'फोर्स मेजर' की समाप्ति, कैंबे बेसिन में मर्केटर पेट्रोलियम का अधिग्रहण और यूएई तथा रूसी परिसंपत्तियों में हिस्सेदारी से निरंतर लाभांश आय ने हमारी स्थिति और सुदृढ़ की है।

भारत को प्रतिदिन ऊर्जा आपूर्ति

कंपनी के लिए 2024-25 अद्वितीय पहुंच वाला, नवाचार भरा और प्रभावोत्पादक वर्ष रहा। प्रत्येक ग्राहक के साथ गहरा संबंध स्थापित करते हुए हमने राष्ट्र को ऊर्जा प्रदान की। आपकी कंपनी ने कई नई उपलब्धियों को छुआ। घरेलू स्तर पर 84.96 एमएमटी पेट्रोलियम उत्पादों (एलएनजी को छोड़कर) की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज करने से लेकर हमने देश भर में 63,000 से अधिक संपर्क बिन्दुओं (टच प्वाइंट्स) के माध्यम से 41.52% की बाजार हिस्सेदारी हासिल की।

बड़े पैमाने पर नेटवर्क विस्तार के साथ 2,823 नए रिटेल आउटलेट (खुदरा बिक्री केंद्र), 350 सीएनजी स्टेशन और 40 सीबीजी स्टेशन ऑनलाइन हुए। इसके बाद कुल रिटेल आउटलेट 40,221, सीएनजी आउटलेट 2,437 और सीबीजी केंद्र 125 हो गए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सका कि कोई भी क्षेत्र ऑफ-ग्रिड न रह जाए। ग्राहक सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी पर भी काम किया गया। वर्ष के दौरान 4,227 अतिरिक्त आउटलेट सौर ऊर्जा युक्त हो गए, जिससे यह कुल संख्या 35,874 (नेटवर्क का 89.2%) हो गई और 222.42 गीगावॉट घंटे से अधिक बिजली का उत्पादन हुआ। इलेक्ट्रिक परिवहन अवसंरचना में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई और 4,526 तेज तथा 130 धीमे ईवी चार्जर चालू हुए। कुल स्टेशनों और 37 बैटरी-स्वैपिंग स्थानों की संख्या बढ़कर 13,614 हो गई। इससे कम कार्बन वाले परिवहन समाधानों में इंडियनऑयल की अग्रणी स्थिति और सुदृढ़ हुई। ईंधन स्टेशनों को यात्री-अनुकूल स्थलों में बदलने के लिए कंपनी ने 2024-25 में सड़क किनारे की 28 'वे-साइड' सुविधाएं आरंभ कीं। इसके साथ 31.03.2025 तक इनकी कुल संख्या 68 हो गईं। कंपनी की 2025-26 के दौरान ऐसे 35 और स्थल विकसित करने की योजना है।

कंपनी ने राष्ट्रीय इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम के अंतर्गत निर्णायक प्रगति की है और 2024-25 में 17.2% ब्लेंडिंग को प्राप्त किया है। अगले चरण के रूप में दिसंबर 2024 में 'ई20' पेट्रोल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया। बायोडीजल सम्मिश्रण (ब्लेंडिंग) भी रिकॉर्ड 0.52% पर पहुंच गया, जो सब तेल विपणन कंपनियों में सर्वाधिक है। इससे स्वच्छ ईंधन विकल्पों के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को बल मिलता है।

नई दिल्ली में इंडियन ऑयल कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट

कंपनी ने ग्राहक मूल्य और सुविधा को बेहतर करने के लिए अपने एलपीजी पोर्टफोलियो को समृद्ध किया। उसकी बिक्री 8.6% की वृद्धि के साथ 15.40 एमएमटी (निर्यात सहित) तक पहुंच गई। घरेलू एलपीजी में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 45.23% हो गई है। लगभग 37.5 लाख नए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत जोड़ा गया। एलपीजी की थोक बिक्री 594 टीएमटी तक पहुंचने के अलावा आपकी कंपनी ने 'एक्स्ट्रातेज', 'छोटू', 'नैनोकट' जैसे विशेष वेरिएंट के साथ रिकॉर्ड बिक्री की। साथ ही ग्राहक-प्रथम नवाचारों को लॉन्च किया गया। इसमें 'एक्स्ट्राबूस्ट' (नैनो-एडिटाइज्ड ऑटो एलपीजी जो 3% तक अधिक ईंधन दक्षता, 4.5% अधिक शक्ति और तेज एक्सिलरेशन देता है। साथ ही डेली यूज़र्स को सहज, ज्यादा किफायती ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।), 'प्रोपेन प्लस' (पारंपरिक प्रोपेन का उन्नत वर्ज़न। इसे ज्यादा ऊंची लौ वाले तापमान, स्वच्छ ज्वलन, बेहतर ईंधन दक्षता और ज्यादा हीट आउटपुट देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये विशेषकर ऐसे वाणिज्यिक और हल्के-औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए है जो भरोसेमंद, उच्च-निष्पादन वाले ईंधन विकल्प चाहते हैं।) और 'छोटू मास्टर' (आधुनिक, सुविधा-केंद्रित घरों के लिए एक कॉम्पैक्ट सिलेंडर और कुकटॉपयुक्त एकीकृत पैकेज) शामिल हैं।

इंडियन ऑयल द्वारा त्रिवेंद्रम एएफएस में रक्षा विमानों में ईंधन भरना

विमानन ईंधन में कंपनी ने 5.07 एमएमटी एटीएफ की बिक्री और 54.53% बाजार हिस्सेदारी के साथ अपना नेतृत्व बनाए रखा। श्रीनगर और रीवा में विमानन ईंधन स्टेशनों को चालू किया गया और इनकी कुल संख्या 130 हो गई। सभी 120 पात्र विमानन ईंधन स्टेशनों ने 'ग्रीनको' प्रमाणन प्राप्त किया और इनमें से 9 ने गोल्ड स्टेटस हासिल किया है। इंडोनेशिया और बांग्लादेश को एवीगैस 100 एलएल का निर्यात करने से इंडियनऑयल की वैश्विक उपस्थिति बढ़ी। वायनाड भूस्खलन और उत्तराखंड की बाढ़ के दौरान आपातकालीन राहत में सहायक भूमिकाओं ने भी इंडियनऑयल की प्रचालन गहनता को प्रदर्शित किया।

ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के मोर्चे पर 'सर्वो' ने 780 टीएमटी की रिकॉर्ड बिक्री के साथ अपना प्रभुत्व जारी रखा, जो कि अब 45 देशों में उपलब्ध है। इस वर्ष ईवी-विशिष्ट लुब्रिकेंट्स की पूरी श्रृंखला लाई गई। कंपनी ने 'स्टॉर्म' और 'स्टॉर्म एक्स' भारत के पहले एफआईएम कैटेगरी-2 के रेसिंग फ्यूल लॉन्च किए। साथ ही, 2026 तक लगातार तीन वर्षों के लिए इन रेसिंग आयोजनों की 'ऑफिशियल फ्यूल पार्टनर' बनी। इस कदम ने भारत को वैश्विक मोटरस्पोर्ट मैप पर एक सशक्त पहचान दिलाई।

प्राकृतिक गैस व्यवसाय ने भी 20% वृद्धि के साथ 9.45 एमएमटीपीए बिक्री से नई ऊंचाइयों को छुआ। स्पॉट एलएनजी वॉल्यूम में 69% की वृद्धि और छोटे स्तर की एलएनजी बिक्री में 186 टीएमटी की वृद्धि हुई। अपने सीजीडी फुटप्रिंट का विस्तार करते हुए कंपनी अब 115 जिलों के 49 इलाकों में सेवाएं दे रही है। देश की लगभग 21% आबादी और 12% भौगोलिक क्षेत्र को वह कवर कर रही है। भारत की गैस सुरक्षा को सुदृढ़ करते हुए कंपनी ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी की रुवैस रिफाइनरी से (1 एमएमपीटीए) से 15 वर्षीय आपूर्ति अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, गत वर्ष किए गए दीर्घावधि एलएनजी समझौतों को भी अंतिम रूप दिया गया है, जिनमें टोटल एनर्जीज (0.8 एमएमपीटीए) के साथ 10 वर्षीय समझौता और अबू धाबी गैस लिक्विफैक्शन (1.2 एमएमपीटीए) के साथ 14 वर्षीय समझौता प्रमुख है।

बढ़ता नवाचार, बेहतर ग्राहक मूल्य

इंडियनऑयल में अनुसंधान और नवाचार कोरी अमूर्त गतिविधियां नहीं हैं, अपितु ये प्रचालन उत्कृष्टता, रणनीतिक विशिष्टता और दीर्घावधि शेयरधारक मूल्य के शक्तिशाली प्रवर्तक हैं। अपनी प्रगति के व्यापक आकार और व्यवसाय पर ठोस प्रभाव के लिहाज से कंपनी के अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के लिए 2024-25 एक ऐतिहासिक वर्ष सिद्ध हुआ।

वर्ष के दौरान कंपनी ने 73 नई फाइलिंग की और 129 नए पेटेंट प्राप्त किए। इससे प्रभावी पेटेंट संख्या 1,689 और संचयी फाइलिंग 1,809 हो गई। यह हमारी पाइपलाइन नवाचार की गहनता और प्रासंगिकता का प्रमाण है।

इन नवाचारों का प्रभाव पूरी मूल्य श्रृंखला में महसूस किया गया। रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल से लेकर स्वच्छ ईंधन और पाइपलाइनों तक प्रचालन दक्षता, सुरक्षा, आयात प्रतिस्थापन और स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया गया। इंडियनऑयल की अपनी कैटेलिस्ट तकनीक को कई रिफाइनरियों में सफलतापूर्वक लागू किया गया। इनमें बोंगाईगांव स्थित IV-IZOMaxCat® और पारादीप स्थित i-ZN22® कैटेलिस्ट तकनीक शामिल हैं। इन तकनीकों ने पॉलीप्रोपाइलीन उत्पादन में व्यावसायिक मानकों (बेंचमार्क) को पार कर लिया। वर्ष के दौरान 3,800 मीट्रिक टन से अधिक इन-हाउस कैटेलिस्ट की आपूर्ति की गई। इससे आयात निर्भरता कम हुई और किफायती रिफाइनिंग कार्यों को समर्थन मिला।

गुजरात के अंजार में इंडियनऑयल के हेरिटेज रिटेल आउटलेट पर ईवी चार्जिंग स्टेशन

आपकी कंपनी के आरएंडडी ने परिवहन समाधानों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी उन्नत ईवी लुब्रिकेंट लेकर आई, उसने 58 नए ओईएम अनुमोदन प्राप्त किए और 169 से अधिक नए लुब्रिकेंट फॉर्मूलेशन जारी किए। परिणामतः उभरते ऑटोमोटिव परिदृश्य में इंडियनऑयल का नेतृत्त्व सुदृढ़ हुआ। इन-हाउस नैनोटेक्नोलॉजी अनुसंधान से विकसित प्रोपेन प्लस® और एक्स्ट्राबूस्ट® जैसे नवाचारों ने ग्राहकों को उच्च ईंधन दक्षता, कम उत्सर्जन और बढ़े हुए प्रदर्शन से लाभान्वित किया।

पाइपलाइन प्रचालनों में इंडियनऑयल के आरएंडडी ने परिसंपत्ति अखंडता और सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। INDScan® iPIG उपकरणों ने वर्ष के दौरान 4,500 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन के निरीक्षण को सुगम किया। इससे पूर्वानुमानित रखरखाव और प्रचालन निरंतरता संभव हुई। इस बीच कैप्टिव उपयोग के लिए विकसित ड्रैग रिड्यूसिंग एजेंट XtraFlo® ने ऊर्जा की खपत कम करते हुए प्रवाह दर बढ़ाने की अपनी क्षमता के लिए उद्योग जगत में लोकप्रियता पाई है।

भारत के हरित बदलावों का समर्थन करने के लिए हमारे इन आरएंडडी प्रयासों ने ग्रीन हाइड्रोजन, ईंधन सेल प्रौद्योगिकी, 2जी इथेनॉल, सतत विमानन ईंधन (एसएएफ), और कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) पर ध्यान केंद्रित किया। हमने पेटेंटशुदा कार्बन कैप्चर समाधान eCO2Sorb विकसित किया, जो एंजाइमों का उपयोग करते हुए दक्षता बढ़ाता है। लागत भी कम करता है। इस नवोन्मेषी तकनीक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया जा चुका है। अब इसका पायलट स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इससे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इंडियनऑयल ने जैव ईंधन, परिशोधित यीस्ट प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों के लिए नीडल कोक पर भी काम जारी रखा है। ये ऐसी प्रौद्योगिकियां हैं, जो भारत के ऊर्जा भविष्य को बल देंगी और राजस्व के नए स्रोत और मार्जिन क्षमता प्रदान करेंगी।

लंबी अवधि की सोच के साथ कंपनी फरीदाबाद में एक नया ऊर्जा केंद्र स्थापित कर रही है, जो वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा, संक्षारण विज्ञान, सिंथेटिक जीव विज्ञान और नैनो टेक्नोलॉजी में अनुसंधान को समर्पित होगा। यह मौजूदा आरएंडडी केंद्र के पूरक का काम करेगा और एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी के रूप में इंडियनऑयल के रूपांतरण को और बढ़ावा देगा।

इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास केंद्र में चल रहा अनुसंधान

नए युग के ईंधन : भविष्य के लिए तैयार पोर्टफोलियो का निर्माण

आपकी कंपनी बदलते वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के साथ कदम मिलाते हुए एक पारंपरिक तेल और गैस इकाई से एक विविधतापूर्ण, एकीकृत ऊर्जा कंपनी के रूप में बदल रही है। यह बदलाव नए युग के उन ईंधन समाधानों के विकास पर आधारित है, जो परिवहन और उद्योग के भविष्य को आकार देंगे।

गोरखपुर में सीबीजी संयंत्र का हवाई दृश्य

इस दिशा में एक बड़ा कदम है भारत का पहला व्यावसायिक सतत विमानन ईंधन (सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल- एसएएफ) संयंत्र, जिसे पानीपत में स्थापित करने की योजना है। इसकी प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 86.8 टीएमटी प्रति वर्ष होगी। यह संयंत्र अल्कोहल-टू-जेट तकनीक का उपयोग करेगा, जो कम कार्बन उत्सर्जन वाले, सर्कुलर विमानन ईंधन के उत्पादन के लिए इथेनॉल इस्तेमाल करेगी। पानीपत रिफाइनरी में एक सहयोगी प्रॉसेसिंग एसएएफ यूनिट भी निर्माणाधीन है। यह 735 केटीपीए एसएएफ-मिश्रित एटीएफ ईंधन का उत्पादन करेगी, जिससे विमानन क्षेत्र में डीकार्बनाइजेशन प्रयासों को समर्थन मिलेगा। रणनीतिक गठबंधनों के जरिए कंपनी हेफा (हाइड्रो-प्रॉसेस्ड एस्टर और फैटी एसिड अम्ल), एटीजे और चीनी आधारित ईंधन उत्पादन सरीखे एसएएफ विकल्प तलाश रही है। पारदर्शी कार्बन ट्रैकिंग सुनिश्चित करने हेतु कंपनी ने एसएएफ रजिस्ट्री के निर्माण में सहायता हेतु आईएटीए के साथ साझेदारी की है। कंपनी प्रयुक्त खाद्य तेल (यूसीओ) से एसएएफ उत्पादन के विकल्प पर भी आगे बढ़ रही है। वह मिश्रित एटीएफ के लिए पानीपत में

एक को - प्रोसेसिंग यूनिट शुरू कर रही है। चीनी से बनने वाले एसएएफ और ग्रीन आइसोप्रीन की दिशा में भी वह कार्यरत है। ये सभी अग्रणी पहल मिलकर न केवल भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों का समर्थन करती हैं, बल्कि कार्बन-सचेत अर्थव्यवस्था में दीर्घावधि हितधारक मूल्य भी सुनिश्चित करती हैं।

कंप्रैस्ड बायोगैस (सीबीजी) की बिक्री 8.9 टीएमटी तक पहुंच गई है, जिसे 'सतत' योजना के अंतर्गत 44 चालू संयंत्रों से समर्थन मिला। ग्वालियर में 100 टीपीडी का एक प्रमुख गोबर-से-सीबीजी संयंत्र चालू किया गया और गोरखपुर में 200 टीपीडी इकाई अब 'इंडीग्रीन' ब्रांड के अंतर्गत कार्यरत है।

इस परिवर्तन की आधारशिला हाइड्रोजन के क्षेत्र में इंडियनऑयल का अग्रणी होना है। कंपनी पानीपत में 10 केटीए क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित इलेक्ट्रोलाइज़र, हाइड्रोजन परिवहन की पायलट परियोजनाएं और फ्यूल सेल एकीकरण के लिए साझेदारियों सहित संपूर्ण हाइड्रोजन अवसंरचना को विकसित करने का काम जारी है। कंपनी राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में सक्रिय योगदान दे रही है और आगामी वर्षों में भारत की हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने के लिए अच्छी स्थिति में है।

कंपनी ने विविधीकरण पहलों को संस्थागत करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी गैस वितरण, बैटरी भंडारण, रसायन और पोत अधिग्रहण सहित विकास के गैर-पारंपरिक क्षेत्रों के लिए विलय और अधिग्रहण सेल बनाया है।

आपकी कंपनी का नवीकरणीय ऊर्जा फुटप्रिंट अब 252.1 मेगावॉट हो चुका है। इसमें 167.6 मेगावॉट पवन और 84.5 मेगावॉट सौर क्षमता शामिल है। इनसे एक वर्ष में 365.72 गीगावॉट घंटा बिजली पैदा होती है। यही हमारे प्रचालनों में शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य पाने की आधारशिला होंगे। इस ऊर्जा परिवर्तन को गति देने के लिए कंपनी ने टेरा क्लीन लिमिटेड (टीसीएल) को निगमित किया है। यह एक पूर्ण स्वामित्व वाली हरित ऊर्जा कंपनी है, जिसे इंडियनऑयल के नवीकरणीय पोर्टफोलियो के भविष्य को आकार देने का जिम्मा दिया गया है। टीसीएल 1 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ शुरुआत कर रही है। आने वाले वर्षों में 5.3 गीगावॉट तक विस्तार करने का लक्ष्य है। यह केवल क्षमता बढ़ाने में ही निवेश नहीं है, अपितु बड़े पैमाने पर सतत विकास के लिए प्रतिबद्धता है। इस गति को और बल देने के लिए कंपनी शीर्ष सौर डेवलपर्स और पावर ट्रांसमिशन भागीदारों के साथ रणनीतिक गठजोड़ कर रही है और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसर और साझेदारियां निर्मित हो रही हैं।

सौर ऊर्जा चालित इंडेन बॉटलिंग प्लांट, लेह

इन पहलों को मजबूत सस्टेनेबल पद्धतियों का सहारा प्राप्त है। इंडियनऑयल ने ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के अंतर्गत सात लाख से अधिक वृक्ष लगाए हैं। पश्चिम बंगाल में मैंग्रोव 2.0 परियोजना शुरू की है, जो भारत की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट जैव विविधता पहलों में से एक है। पारिस्थितिक पुनर्स्थापन में ₹ 56 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है। सभी रिफाइनरियों में वेस्ट वाटर का पुन: उपयोग अब 89% हो चुका है, जिससे साफ़ पानी के उपयोग में उल्लेखनीय कमी आई है। ग्रीनको और ग्रीन बिल्डिंग मानकों के तहत 5,000 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइपलाइन और 370 से अधिक प्रचालन स्थल प्रमाणित हुए हैं।

वर्ष 2046 तक नेट-जीरो प्रचालन कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य पाने के लिए कंपनी ने ₹ 2.5 लाख करोड़ की निवेश योजना के साथ एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। पर्यावरण के प्रति जागरूक संगठन के रूप में आपकी कंपनी अपने कार्बन उत्सर्जन को मापती है, प्रबंधित करती है और इसकी जानकारी देती है। वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी के स्कोप 1 और 2 का उत्सर्जन लगभग ~22.53 MMTCO2e समतुल्य है। कंपनी अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसके अतंर्गत ग्रीन हाइड्रोजन, सीबीजी, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, वृक्षारोपण, कार्बन कैप्चर उपयोग और स्टोरेज इत्यादि पर ध्यान दिया जा रहा है।

पारादीप रिफाइनरी में आईओसियन्स के साथ अध्यक्ष

आगे की राह : विस्तार, परियोजनाएं और रणनीतिक गठजोड़

तेजी से बदलते ऊर्जा इको सिस्टम में आगे बढ़ रही इंडियनऑयल भविष्य के लिए तैयार होने को लेकर दृढ़ संकल्पित है। उसकी यह तैयारी विस्तार, एकीकरण और रणनीतिक गठबंधनों पर आधारित है, जिन्हें दीर्घकालिक हितधारक मूल्य सुनिश्चित करने के हिसाब से आकार दिया गया है।

अपनी मुख्य रिफाइनिंग क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए हम प्रमुख क्षमता वृद्धि परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। पानीपत रिफाइनरी के 25 एमएमटीपीए तक विस्तार और एक पेट्रोकेमिकल एकीकरण योजना पर काम जारी है। वर्ष 2025-26 में चरणबद्ध ढंग से इसकी शुरुआत की जाएगी। इसी तरह गुजरात रिफाइनरी का 18 एमएमटीपीए तक विस्तार होगा, जिसमें एक पॉलीप्रोपाइलीन यूनिट और एक कैटेलिटिक डीवैक्सिंग यूनिट को एकीकृत किया गया है। इससे घरेलू मांग के अनुरूप मूल्यवर्धन होगा। बरौनी में 9 एमएमटीपीए तक विस्तार कार्य उन्नत चरणों में है। ये सभी उन्नयन रिफाइनिंग क्षमताओं को बढ़ाएंगे और हमारे पेट्रोकेमिकल फुटप्रिंट को भी तेज करेंगे। इससे आगे के एकीकरण और आयात प्रतिस्थापन को बल मिलेगा।

हरियाणा के असावटी में ल्यूब ब्लेंडिंग प्लांट

पाइपलाइन क्षेत्र में ₹ 23,000 करोड़ से अधिक लागत वाली 15 नई पाइपलाइन परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इनमें रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल यूनिट्स के लिए कच्चे तेल, उत्पाद, गैस और डेडिकेटेड फीडस्टॉक की पाइपलाइन शामिल हैं। इनमें नई मुंद्रा-पानीपत क्रूड ऑयल पाइपलाइन और कांडला-गोरखपुर एलपीजी पाइपलाइन आदि शामिल हैं। ये नई पाइपलाइनें लॉजिस्टिक दक्षता को सुदृढ़ करेंगी, बहु-उत्पाद प्रवाह सक्षम करेंगी और भारत की ईंधन आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ को भविष्य के लिए तैयार करेंगी, मजबूत करेंगी।

आपकी कंपनी ने अपने क्षेत्रीय और अन्तरराष्ट्रीय सहयोग को भी सुदृढ़ किया है। नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ दो ऐतिहासिक B2B फ्रेमवर्क समझौते सीमा पार अवसंरचना को सुगम करेंगे। इसमें मोतिहारी-अमलेखगंज पाइपलाइन का चितवन तक विस्तार, सिलीगुड़ी से झापा तक एक नई पाइपलाइन और नेपाल में चितवन और झापा में ग्रीनफील्ड पेट्रोलियम टर्मिनल निर्माण शामिल हैं। बांग्लादेश में हमें 140 टीएमटी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए दीर्घावधि अनुबंध मिले हैं, जिससे इंडियनऑयल इस उपमहाद्वीप में एक विश्वसनीय ऊर्जा भागीदार के रूप में और सुदृढ़ हुआ।

हर विस्तार और गठबंधन के साथ कंपनी एक चुस्त, विविधतापूर्ण और 'फ्यूचर-रेडी' इंडियनऑयल की नींव रख रही है।

पूंजी निवेश और परिसंपत्ति अनुकूलन

आपकी कंपनी ने 2024-25 के दौरान परियोजनाओं में ₹ 40,374 करोड़ का निवेश किया। इसमें एकल आधार पर ₹ 39,195 करोड़ और समूह की कंपनियों में इक्विटी के रूप में ₹ 1,179 करोड़ का निवेश शामिल है। यह पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किए गए कुल पूंजीगत व्यय के एक-चौथाई से ज्यादा है।

इंडियनऑयल वर्तमान में ₹ 2.6 लाख करोड़ से अधिक के कुल परिव्यय के साथ 160 से अधिक परियोजनाओं (प्रत्येक ₹ 5 करोड़ से अधिक) पर काम कर रही है। ये परियोजनाएं एकल प्रचालनों और समूह संस्थाओं में फैली हुई हैं। ये उभरते और मुख्य क्षेत्रों में नेतृत्व को सुदृढ़ करने के दीर्घकालिक विजन को दर्शाती हैं।

देश की बढ़ती ऑटो ईंधन मांग के साथ वैश्विक ऊर्जा के बढ़ते रूपांतरण को संतुलित करने के लिए कंपनी ने अगले पांच वर्षों में ₹ 1.66 लाख करोड़ (लगभग) से अधिक के निवेश पर प्रतिबद्धता जताई है। ये निवेश पेट्रोकेमिकल, प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा में होंगे, जो विविधीकरण और भविष्य के लिए तैयारी को बढ़ावा देंगे।

इस निवेश महत्वाकांक्षा के विशाल आकार को देखते हुए इंडियनऑयल आंतरिक स्रोतों और ऋणों से परे भी नए फंडिंग विकल्प ढूंढ़ रही है। कंपनी ने डार्क ऑप्टिकल फाइबर केबल लीज पर देने और सर्विस स्टेशन लाइसेंस शुल्क के प्रतिभूतिकरण जैसी पहलों के जरिए अग्रिम पूंजी जुटाई है। इससे दीर्घकालिक स्थिरता बनाए रखते हुए मूल्य संवर्धन और नकदी प्रवाह दक्षता में सुधार हुआ है।

आपकी कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आईओसी ग्लोबल कैपिटल मैनेजमेंट आईएफएससी लिमिटेड (आईजीसीएमआईएल) वर्ष 2023 में गिफ्ट सिटी में बनाई गई। यह आज विश्व के ट्रेजरी केंद्र के रूप में काम कर रही है। इसने इंडियनऑयल की समूह संस्थाओं के साथ इस वर्ष 500 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक का वित्तीय लेन-देन करके ऐतिहासिक उपलब्धि पाई है। इंडियनऑयल "ऑफशोर विदेशी संपत्तियों को ऑनशोर लाने" के उद्देश्य से अपने विदेशी निवेशों के प्रबंधन और संरक्षण के लिए आईजीसीएमआईएल का लाभ ले रही है।

कर्मचारियों को प्राथमिकता : हमारे कार्यबल का सशक्तिकरण

इंडियनऑयल में हमारे हर काम के केंद्र में हमारे कर्मचारी होते हैं। हमने 2024-25 में कर्मचारी कल्याण को सुदृढ़ करने, अपनी प्रतिभाओं को भविष्य के लिए तैयार करने और कार्यबल के सभी स्तरों पर सम्मान बनाए रखने के लिए सार्थक कदम उठाए।

भविष्य अनुकूल क्षमताओं के सृजन हेतु इंडियनऑयल ने कई शिक्षण पहल शुरू कीं। 'नव ऊर्जा निर्माण' पहल नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी लोगों को तैयार कर रहा है। वहीं 'सोपान' नए प्रबंधकों के लिए रंगमंच-आधारित प्रशिक्षण का उपयोग करता है। 'एकलव्य' 'मूक (MOOC)' प्लेटफॉर्म के जरिए स्व-संचालित शिक्षण को बढ़ावा देता है।

इंडियनऑयल की शक्ति उसके 5 लाख से अधिक संविदा कर्मचारियों में निहित है। वे ही पूरे भारत में ईंधन पहुंचाने, घरों तक एलपीजी पहुंचाने और जमीनी स्तर पर ग्राहकों की सेवा करने वाले हमारे ब्रांड का चेहरा हैं। उनकी अनथक सेवा इंडियनऑयल के सिद्धांतों का प्रतीक है। कंपनी उनके कल्याण को लेकर प्रतिबद्ध है, सांविधिक प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करती है और सामाजिक सुरक्षा व जीवन की गुणवत्ता संबंधी पहलों को क्रियान्वित करती है।

पूर्णकालिक या संविदात्मक, इंडियनऑयल परिवार का प्रत्येक सदस्य हमारी प्रगति का अभिन्न अंग है। एक परिवर्तनकारी भविष्य को अपनाते हुए अपने कर्मियों को सर्वप्रथम रखने का यह दर्शन सुनिश्चित करता है कि हमारी मानव पूंजी हमारी सबसे बड़ी ताकत हो और हमारा सबसे स्थायी लाभ बनी रहे।

आईओसियन्स – इंडियनऑयल की ऊर्जा

अर्थपूर्ण सामाजिक प्रभाव छोड़ना

"राष्ट्र-प्रथम" के अपने सिद्धांत के अनुरूप आपकी कंपनी ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सस्टेनेबिलिटी और सामुदायिक सशक्तिकरण में केंद्रित उपायों के जरिए सार्थक सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने का क्रम जारी रखा है। इंडियनऑयल ने 2024-25 में सीएसआर गतिविधियों पर ₹ 583 करोड़ खर्च किए, जो समावेशी और समतामूलक राष्ट्रीय विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इंडियनऑयल न्यूट्रीगार्डन्स सीएसआर पहल: समुदायों का पोषण, सतत आजीविका में वृद्धि

आपकी कंपनी ने राष्ट्रीय क्षय (ट्यूबरकुलोसिस) रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आठ राज्यों में चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच को खासा बढ़ाया है। इससे उन्नत निदान उपकरणों और पोषण संबंधी सहायता के जरिए एक लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इंडियनऑयल ने कर्नाटक सरकार और आईआईएससी के साथ साझेदारी में दो वर्षीय सिकल सेल एनीमिया जांच की पहल के रूप में "प्रोजेक्ट चंदना" शुरू किया। इसमें 1.95 लाख व्यक्तियों की जांच की गई। इनमें 9,900 से अधिक पॉजिटिव मामलों की पहचान की गई। फिर सुनिश्चित किया गया कि विशिष्ट चिकित्सा आदिवासी और वंचित क्षेत्रों तक पहुंचे। इंडियनऑयल ने टाटा मेडिकल सेंटर और सर गंगा राम अस्पताल जैसे अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी करके भारत के कैंसर केयर इकोसिस्टम को भी मजबूत किया। उन्नत ऑन्कोलॉजी अवसंरचना को समर्थन दिया गया। इससे प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक रोगियों को लाभ हुआ। कंपनी ने आठ राज्यों में 169 डायलिसिस मशीनें लगाकर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम में योगदान दिया। इससे 50,000 से अधिक रोगियों को उपचार की सुविधा मिली है।

आपकी कंपनी बच्चों और दिव्यांगों का समर्थन करने में दृढ़ रही। 'बढ़ते कदम' परियोजना ने असम, ओडिशा और दिल्ली एनसीआर में 'क्लबफुट' से पीड़ित 1,500 बच्चों का उपचार और पुनर्वास करवाया। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगों को स्थायी आजीविका से सशक्त करने के लिए प्रमाणित प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़ी कौशल पहलों के रूप में सहायता दी गई।

नवजात शिशुओं की हृदय चिकित्सा की तात्कालिकता को समझते हुए इंडियनऑयल ने जेएनएमसीएच, अलीगढ़ में एक समर्पित कार्डियक आईसीयू को वित्तीय सहायता दी। इससे हर साल 300 से अधिक मुफ्त सर्जरी संभव हुई। खाद्य और पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 50 सरकारी स्कूलों में न्यूट्री-गार्डन स्थापित किए गए और 3,750 से अधिक ग्रामीण परिवारों तक इन्हें पहुंचाया गया। इससे स्वस्थ आहार संबंधी पद्धतियों और सामुदायिक स्तर पर संपोषण को बढ़ावा मिला।

ये सब पहलें इंडियनऑयल के इस विश्वास को दर्शाती हैं कि उसकी राष्ट्रीय उपस्थिति न केवल परिवहन और उद्योगों को बढ़ावा देगी, बल्कि जन-जीवन को भी बेहतर करेगी। निरंतर, उच्च-प्रभावी सीएसआर प्रयासों के जरिए आपकी कंपनी भारत की समावेशी विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार बनी हुई है।

चैंपियन्स तैयार करना : खेल और सामाजिक पुनः एकीकरण

इंडियनऑयल स्पोर्ट्स स्कॉलर, अदिति गोपीचंद (तीरंदाज) अर्जुन पुरस्कार 2024 प्राप्त करते हुए

खेलों में बड़ा बदलाव लाने की शक्ति है। आपकी कंपनी ने लंबे समय से उसे अपनाया भी है। कंपनी ने इसे न केवल राष्ट्रीय गौरव के एक साधन के रूप में बल्कि समावेशिता, सुदृढ़ता और निजी जीत के उत्प्रेरक के रूप में भी स्वीकारा है। खेलों में उत्कृष्टता को पोषित करने की इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को 2024-25 में अग्रणी पहलों और हमारे एथलीटों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के जरिए पंख मिले।

इंडियनऑयल के खिलाड़ियों ने प्रमुख घरेलू और अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 239 पदक जीतकर देश और कंपनी को गौरवान्वित किया। इनमें से 85 पदक वैश्विक स्तर पर जीते गए। इन पदकों में एशियाई खेल, विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप, विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप, एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, विश्व बैडमिंटन सीनियर चैम्पियनशिप और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में जीते पदक शामिल हैं। ये उपलब्धियां खेल प्रतिभाओं के केंद्र के रूप में इंडियनऑयल की प्रतिष्ठा को साबित करती हैं।

कुछ अद्वितीय उपलब्धियों की बात करें तो दुनिया की पहली बिना बांह वाली तीरंदाज और इंडियनऑयल द्वारा समर्थित पैरा-एथलीट शीतल देवी प्रेरणा की प्रतीक बनकर उभरीं। उन्होंने कई अन्तरराष्ट्रीय पदक जीते। बीबीसी द्वारा उन्हें दुनिया की सबसे प्रभावशाली महिलाओं में से एक के रूप में मान्यता दी गई। यह न केवल उनकी प्रतिभा को बल्कि इंडियनऑयल द्वारा पोषित समावेशी खेल पारिस्थितिक तंत्र को भी एक आदरांजलि है।

हमारी पहलें वैश्विक मंच पर भी फलीभूत हुई। 'प्रोजेक्ट शक्ति' की एथलीट ज्योति चौहान ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अल्प सुविधा प्राप्त बैकग्राउंड से आने वाली युवा महिला एथलीटों को प्रोत्साहित करने के इंडियनऑयल के मिशन में यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बनी। 'प्रोजेक्ट शक्ति' प्रतिभाशाली युवा महिला एथलीटों को विश्व स्तरीय कोचिंग, अवसंरचना और अनुभवों तक पहुंच प्रदान कर रही है और उन्हें सशक्त बना रही है। इससे सामाजिक बदलाव के एक साधन के रूप में खेलों में हमारी आस्था और दृढ़ हुई है।

इंडियनऑयल 'दिव्यशक्ति' का प्रभावपूर्ण शुभारंभ भी 2024-25 में हुआ। आधी महिला पैरा-एथलीटों सहित कुल 100 होनहार पैरा-एथलीटों को इस पहल ने समर्थन दिया। इससे विविधता और समावेश पर हमारा फोकस और भी दृढ़ हुआ। 'परिवर्तन' और 'नई दिशा' जैसी पहलें खेलों को परिवर्तन, पुनर्वास और उम्मीद का साधन बनाते हुए 220 सुधार गृहों तक पहुंचीं।

ये सब पहलें केवल पदक जीतने के लिए नहीं है बल्कि भविष्य का निर्माण करने, सीमाओं को तोड़ने और एक पीढ़ी को ऊर्जान्वित करने के लिए भी हैं। इंडियनऑयल में खेल केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि उससे भी बढ़कर एक उद्देश्य हैं।

एशियाई चैम्पियनशिप जीतने वाली इंडियनऑयल महिला हॉकी खिलाड़ियों के साथ अध्यक्ष और कार्यात्मक निदेशक

भविष्य को उद्देश्य देता – प्रोजेक्ट 'स्प्रिंट'

बदलती ऊर्जा आवश्यकताओं से आकार लेते इस विश्व में इंडियनऑयल स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। अपने प्रमुख मूल्यों और राष्ट्रीय उत्तरदायित्व की भावना से ओत-प्रोत हो हम 'प्रोजेक्ट स्प्रिंट' के जरिए अपने भविष्य को बदल रहे हैं। यह पूरी कंपनी में व्याप्त एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसे इस तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य में इंडियनऑयल का नेतृत्व मज़बूत करने के लिए 1 अप्रैल, 2025 से शुरू किया गया है।

'स्प्रिंट' छह रणनीतिक स्तंभों पर टिकी है : हमारे मूल व्यवसाय को सशक्त बनाना, लागत अनुकूलन, ग्राहक सेवा मज़बूतीकरण, टेक्नोलॉजी व नवाचार एकीकरण, नेतृत्व व प्रतिभा पोषण और परिवर्तन तत्परता। ये स्तंभ 3 'सी'कोर, कॉस्ट, कस्टमर और 3 'टी' टेक्नोलॉजी, टैलेंट, ट्रांजीशन के सरल, लेकिन शक्तिशाली फ्रेमवर्क पर खड़े हैं।

'स्प्रिंट' केवल परिवर्तन प्रबंधन का अभ्यास भर नहीं है, बल्कि उससे कहीं अधिक है। यह आज के बदलते माहौल की मांगों के अनुरूप एक सुनियोजित, भविष्योन्मुखी प्रतिक्रिया है और यह अगले 2-3 वर्षों में इंडियनऑयल को नया आकार देने जा रही है।

हम अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहे हैं, प्रचालनों का डिजिटलीकरण कर रहे हैं, ग्राहक संपर्क गहरे और मजबूत कर रहे हैं और साथ ही भारत के ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं, इन सब में 'स्प्रिंट' हमारी मार्गदर्शक बनेगी, यह उद्देश्य के साथ हमें दिशा दिखाएगी, लोगों द्वारा संचालित होगी और सभी हितधारकों को दीर्घाकालिक मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

सस्टेनेबिलिटी, प्रौद्योगिकी और वैश्विक सहयोग पर टिके भविष्य में हम विनम्रतापूर्वक इस विश्वास के साथ अग्रसर हैं कि इंडियनऑयल सही पथ पर है।

मैं एक बार फिर सभी शेयरधारकों का धन्यवाद करता हूं क्योंकि आपका विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। यही विश्वास हमारी महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देता है और हमें सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है।

आइए, हम सब मिलकर भारत को ऊर्जान्वित करते रहें - न केवल आज के लिए, बल्कि आने वाली कई-कई पीढ़ियों के लिए भी।

हस्ता/-
ए एस साहनी
अध्यक्ष

इंडियनऑयल
IndianOil

एक सतत गतिशील राष्ट्र के लिए हर कदम, हर दिन, समर्पित सेवा



- इंडियनऑयल 80.75 मिलियन मीट्रिक टन की शोधन क्षमता वाली 10 समूह रिफाइनरियों का स्वामित्व और संचालन करता है।
- इंडियनऑयल द्वारा संचालित पाइपलाइन का नेटवर्क 20,000 किलोमीटर से अधिक है।
- पाइपलाइनों का थ्रूपुट प्रति वर्ष 100 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक है।
- 14,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का संचालन किया जाता है।
- प्रति वर्ष 100 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक उत्पाद बिक्री करता है।
- 40,000 से अधिक रिटेल आउटलेट्स के साथ देश भर में ईंधन की आपूर्ति कर रहा है।
- भारत भर में 15 करोड़ से अधिक रसोई इंडेन एलपीजी पर निर्भर हैं।

फोर्ट कोच्चि में वाटरफ्रंट रिटेल आउटलेट 1963 में स्थापित



एकीकृत रिपोर्ट

मूल्य सृजन की अपनी यात्रा में इंडियनऑयल स्प्रिंट गति से एकीकृत दृष्टिकोण भी अपनाता जा रहा है। इसमें सुदृढ़ शासन मानक, जोखिम प्रबंधन और न्यूनीकरण, प्रमुख महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान और समाधान के लिए हितधारकों की भागीदारी और सबसे बढ़कर, विवेकपूर्ण पूँजी का आवंटन शामिल है।

शासन

अनुकरणीय शासनविधि के साथ नेतृत्व

हमारा निदेशक मंडल स्पष्ट रणनीतिक दिशा और दृष्टि प्रदान करता है, ताकि प्रबंधन की गतिविधियाँ कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण, मिशन और मूल्यों के अनुरूप सुनिश्चित हो सकें।

सुस्पष्ट नीतियों, जोखिम प्रबंधन प्रणालियों और नैतिक नेतृत्व के माध्यम से हम जवाबदेही और रेसिलिएंस की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इससे परिचालन उत्कृष्टता और हमारे ऊर्जा परिवर्तन एजेंडे, दोनों को समर्थन मिलता है।

कमल कुमार ग्वालानी

कंपनी सचिव

66

स्प्रिंट, गति से के माध्यम से इंडियनऑयल अपनी परिवर्तन यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। सुस्पष्ट नीतियों और नैतिक एवं जिम्मेदारी भरी व्यावसायिक प्रथाओं के साथ शासन-विधि (गवर्नेंस) के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट बनी हुई है। हितधारकों के साथ हमारा विश्वास न केवल हमारे निष्पादन से, बल्कि उन सिद्धांतों से भी मज़बूत हुआ है, जो उसे निर्देशित करते हैं।

99

गुजरात रिफाइनरी प्रशासनिक भवन

शासन के स्तंभ

1 दूरदर्शी दृष्टिकोण वाला रणनीतिक नेतृत्व

हमारी रणनीतिक दृष्टि, नैतिक ढाँचे और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को हमारा निदेशक मंडल आकार देता है। हमारे संचालन में रणनीतिक पहलों, जोखिम प्रबंधन, निष्पादन संवर्धन और संपोषी विकास को सफलतापूर्वक समाहित किया गया है। इसके लिए हम लगातार यह सुनिश्चित करते हैं कि निर्णय स्वतंत्र हों और मुकम्मल जानकारी तथा गहन वैचारिक प्रक्रिया पर आधारित हों।

2 एक सुदृढ़ संगठनात्मक संस्कृति का पोषण

हम मानते हैं कि एक सुदृढ़ कॉर्पोरेट संस्कृति ही हमारी सफलता की कुंजी है। लिहाजा, हर समय इसी बात को ध्यान में रखकर निदेशक मंडल हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं, मौलिक मूल्यों, विजन और मिशन को परिभाषित करता है। हमारी यह बुनियाद एक प्रगतिशील व्यावसायिक इकाई के रूप में कार्य करने, उभरते बाजार अवसरों का लाभ लेने और एक ऐसे शासन तंत्र को बनाए रखने की हमारी क्षमता को मजबूत करती है, जो सभी हितधारकों को निरंतर पूरा मूल्य प्रदान करता है।

3 सुदृढ़ शासन प्रथाओं के माध्यम से भरोसा कायम करना

हमने अपने निदेशक मंडल और प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों के लिए, खास तौर पर, एक आचार संहिता (सीओसी) बनाई है। यह संहिता हमारे लिए महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। साथ ही, हमारे सभी कार्यों में व्यक्तिगत और व्यावसायिक निष्ठा, ईमानदारी और नैतिक व्यवहार के महत्व पर भी बल देती है।

4 निष्ठा और जवाबदेही को बढ़ावा देना

निष्ठा और जवाबदेही हमारे संगठनात्मक मूल्यों के मूल में हैं। आचरण आग्रह (कंडक्ट अपील), अनुशासन नियम, स्थिति आदेश (स्टैंडिंग ऑर्डर) और भ्रष्ट-आचरण के विरुद्ध 'व्हिसिल ब्लोअर' नीति जैसी हमारी विभिन्न पहलें कर्मचारियों को अपने कार्यों को हमारे मूल सिद्धांतों के अनुरूप करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इनसे उन्हें किसी भी कदाचार की सूचना तुरंत जिम्मेदार लोगों तक पहुँचाने के लिए सुरक्षित जरिया मिलता है। साथ ही, कदाचरण का खुलासा करने वालों (व्हिसिल ब्लोअर्स) को प्रतिशोध से सुरक्षा मिलती है। इस तरह यह सुनिश्चित होता है कि कदाचरण के विरुद्ध स्वतंत्र रूप से तथा बिना किसी भय के आवाज उठाई जा सके।

नेतृत्व–मंडल

दक्ष प्रबंधकों के जरिए प्रगति को गति

बाएं से दाएं क्रम में

श्री सुमन कुमार
निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)

श्री अरविंद कुमार
निदेशक (रिफाइनरीज)

श्री अरविंदर सिंह साहनी
अध्यक्ष

सुश्री रश्मि गोविल
निदेशक (मानव संसाधन)

श्री एन. सेंथिल कुमार
निदेशक (पाइपलाइन्स)
30.06.2025 तक

श्री वी. सतीश कुमार
निदेशक (विपणन)
31.07.2025 तक

श्री आलोक शर्मा
निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)

श्री अनुज जैन
निदेशक (वित्त)

निदेशकों का परिचय

दूरदर्शी सोच से मार्गदर्शित

हमारा निदेशक मंडल ईमानदारी और दूरदर्शिता के साथ संगठन का संचालन करता है। साथ ही, उच्चतम नैतिक मानकों को बनाए रखते हुए नियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करता है।

अध्यक्ष

श्री ए एस साहनी
अध्यक्ष
रासायनिक अभियांत्रिकी (केमिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक

पूर्णकालिक निदेशक

श्री अनुज जैन
निदेशक (वित्त)
वाणिज्य (कॉमर्स) में स्नातक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट

डॉ. आलोक शर्मा
निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)
रासायनिक अभियांत्रिकी (केमिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक एवं स्नातकोत्तर

सुश्री रश्मि गोविल
निदेशक (मानव संसाधन)
विज्ञान में स्नातक एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर

श्री अरविंद कुमार
निदेशक (रिफाइनरीज)
यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर

श्री सुमन कुमार
निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)
यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातक एवं प्रबंधन में स्नातकोत्तर

सरकार द्वारा नामित निदेशक

सुश्री ईशा श्रीवास्तव
राजनीति विज्ञान में स्नातक और भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी (2004)

डॉ. सुजाता शर्मा
कानून में स्नातक और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी (2006)

स्वतंत्र निदेशक

डॉ. डी. आर. सिरपुरकर
आयुर्वेदिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर, मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर और चिकित्सा में डॉक्टरेट

श्री प्रसेनजीत बिस्वास
वानिकी में स्नातकोत्तर और भारतीय वन सेवा के अधिकारी (1993)

श्री कृष्णन सदगोपन
ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में स्नातक और यांत्रिक अभियांत्रिकी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में स्नातकोत्तर

ले	लेखा परीक्षा समिति	अच	अचल संपत्तियों के विलोपन संबंधी (डिलीजिंग) समिति
जो	जोखिम प्रबंधन समिति	प	परियोजना मूल्यांकन समिति
ए	एलएनजी सोर्सिंग समिति	अ	अनुबंध समिति
ना	नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति	हि	हितधारक संबंध समिति
वि	विपणन (मार्केटिंग) रणनीति समिति	कॉ	कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं संधारणीय विकास समिति
यो	योजना एवं परियोजना समिति		

निदेशक मंडल की संरचना और विविधता

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी होने के नाते, निदेशक मंडल के सभी निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार की देखरेख में एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। साथ ही, इंडियनऑयल के विविधतापूर्ण परिचालनों को देखते हुए इस संदर्भ में निदेशक मंडल के प्रभावी कामकाज के लिए आवश्यक मुख्य कौशल और दक्षताओं पर भी चयन प्रक्रिया के दौरान विचार किया जाता है।

संरचना
(%)



- पूर्णकालिक (कार्यकारी) निदेशक – **6** (54.55%)
- सरकार द्वारा नामित निदेशक – **2** (18.18%)
- गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक – **3** (27.27%)

लिंग
(%)



- पुरुष निदेशक – **8** (72.73%)
- महिला निदेशक – **3** (27.27%)

आयु
(%)



- 35-45 वर्ष – **1** (9.09%)
- 46-55 वर्ष – **4** (36.36%)
- 55 वर्ष और उससे अधिक आयु – **6** (54.55%)



जोखिम प्रबंधन

दूरदर्शिता और दृढ़ता के साथ भविष्य का खाका बनाना

इंडियनऑयल भू-राजनीतिक घटनाओं, बाजार के उतार-चढ़ाव, विनियामकीय बदलावों और तकनीकी बदलावों से प्रभावित एक बदलते परिदृश्य में काम करती है। हमारे व्यवसाय पर इन कारकों के संभावित प्रभाव को समझकर हमने एक व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति अपनाई है। यह नीति संगठन के सभी स्तरों पर जोखिमों के चिन्हिकरण, मूल्यांकन और न्यूनीकरण को सक्षम करती है। यह नीति जागरुक निर्णय लेने में सहायता करती है, प्रचालन सुदृढ़ता को बल देती है और हमारे रणनीतिक उद्देश्यों के साथ मेल सुनिश्चित करती है।

इंडियनऑयल का जोखिम प्रबंधन ढांचा

- **निदेशक मंडल**
- **लेखा परीक्षा समिति**
- **जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी)**
- **जोखिम प्रबंधन अनुपालन मंडल (आरएमसीबी)**
- **राज्य/इकाई स्तर की समितियां**

हमारी पूंजियां

- विनिर्मित
- वित्तीय
- मानव
- बौद्धिक
- सामाजिक और संबंध
- प्राकृतिक

व्यवसाय जोखिम मूल्यांकन

1 **व्यवस्थित चिन्हिकरण और मूल्यांकन**

↗ प्रभाव और संभावना के आधार पर जोखिमों का चिन्हिकरण और वर्गीकरण

↗ जोखिमों का चार स्तरों में वर्गीकरण: उच्च, मध्यम, रडार पर और निम्न

2 **जोखिम न्यूनीकरण और निगरानी**

↗ परहेज, न्यूनीकरण, स्थानांतरण और स्वीकार्यता जैसी रणनीतियां अपनाना

↗ प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निगरानी और समीक्षा

3 **निर्णय प्रक्रिया में एकीकरण**

↗ जोखिम मूल्यांकन जानकारियों के साथ रणनीतिक योजना बनाना और प्रचालन निर्णय लेना

↗ सतत विकास के लिए जोखिमों और अवसरों में संतुलन

4 **निरंतर सुधार**

↗ जोखिम प्रबंधन अनुपालन मंडल की नियमित बैठकें

↗ उभरती चिंताओं का समाधान और न्यूनीकरण योजनाओं का सक्रिय समायोजन

5 **सहयोग और समन्वय**

↗ सभी व्यवसाय अनुभागों (सेगमेंट) और विभागों में सहयोग को बढ़ावा

↗ साझी विशेषज्ञता के जरिए व्यापक जोखिम मूल्यांकन और प्रभावी न्यूनीकरण रणनीतियों की सुनिश्चितता

स्पर्धात्मकता जोखिम

जोखिम का विवरण

बढ़ती प्रतिस्पर्धा, तेज़ी से आते तकनीकी बदलाव और बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताएं ऐसे जोखिम हैं जो हमारी बाजार हिस्सेदारी, लाभप्रदता और उद्योग में बदलावों के अनुरूप ढलने की क्षमता को खतरे में डालते हैं। अतः अपनी स्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए रणनीतिक पहल आवश्यक हो जाती है।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ लागत घटाने और तत्परता बढ़ाने के लिए 'लीन मैन्युफैक्चरिंग' और डिजिटल उपकरणों का उपयोग।
- ↗ उभरते बाजार की जरूरतों के अनुरूप अगली पीढ़ी के उत्पादों के लिए आरएंडडी में निवेश।
- ↗ बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं का रियल टाइम में पता रखने और अनुरूप कदम उठाने के लिए उन्नत विश्लेषण का उपयोग।
- ↗ बिक्री, सेवा और उत्पाद विकास कार्यों में डिजिटल परिवर्तन को गति देना।
- ↗ नए बाजारों, प्रौद्योगिकियों और नवीन समाधानों तक पहुंच बनाने के लिए रणनीतिक गठजोड़ बनाना।

प्रभावित हितधारक

निवेशक और शेयरधारक, सरकार और विनियामकीय निकाय, व्यावसायिक साझेदार

पूंजियां

मैक्रो-इकॉनॉमिक जोखिम

जोखिम का विवरण

ऊर्जा क्षेत्र में कई मैक्रो-इकॉनॉमिक उतार-चढ़ाव के जोखिम ऐसे हैं, जिनके चलते हमारे प्रचालन और वित्तीय निष्पादन प्रभावित हो सकते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति-मांग में उतार-चढ़ाव और बदलती वैश्विक स्थिति जैसे कई आर्थिक पहलू हैं जो कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में अस्थिरता पैदा करते हैं।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ एकल आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता और आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को कम करने के लिए कच्चे तेल की खरीद के स्रोतों को विविधिकृत करना।
- ↗ बाजार कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति सुदृढ़ होने के लिए प्रचालन दक्षता में वृद्धि।
- ↗ प्रचालन लागत घटाने और प्रचालन सुदृढ़ता बढ़ाने के लिए प्रक्रियागत नवाचारों और उन्नत तकनीकों का उपयोग।
- ↗ विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति और साझा जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए समर्पित टीमों और चैनल भागीदारों के साथ रणनीतिक साझेदारी विकसित करना।
- ↗ ईंधन, ऊर्जा और प्रचालन खर्चों की लागत पर व्यवस्थित निगरानी और अनुकूलन के जरिए लाभांश मार्जिन को बनाए रखना।

प्रभावित हितधारक

निवेशक और शेयरधारक, सरकार और विनियामकीय निकाय, व्यावसायिक भागीदार, ग्राहक

पूंजियां

↗ गत वर्ष की तुलना में जोखिम स्तर में वृद्धि

मुद्रा विनिमय जोखिम

जोखिम का विवरण

अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और विदेशी मुद्रा उधार के चलते हम पर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का जोखिम बना रहता है। विनिमय दरों में बदलाव से आयात/निर्यात की लागत और लाभप्रदता पर असर पड़ता है। रुपए का मूल्य कम होने से विदेशी मुद्रा ऋणों पर पुनर्भुगतान दायित्व भी बढ़ जाता है।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ जोखिमों का जल्द पता लगाने के लिए वैश्विक और घरेलू आर्थिक संकेतकों की निरंतर निगरानी।
- ↗ विनिमय दर के नियमित मूल्यांकन और अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीतियों के अनुसार सक्रिय हेजिंग (बचाव) स्थितियां लागू करना।
- ↗ घरेलू और कम लागत वाले विदेशी मुद्रा ऋणों में संतुलन बनाकर इस मिश्रित उधार का श्रेष्ठतम उपयोग।
- ↗ मुद्रा में प्रतिकूल उतार-चढ़ाव के बीच भी लाभांश मार्जिन बनाए रखने के लिए लागत नियंत्रण उपाय करना।
- ↗ वित्तीय प्रभाव का आकलन करना और तदनुसार रणनीतियों में बदलाव के लिए नियमित संवेदनशीलता विश्लेषण करना।

प्रभावित हितधारक

कर्मचारी और संविदा कर्मचारी, सरकार और विनियामकीय निकाय

पूंजियां

मानव संसाधन जोखिम

जोखिम का विवरण

हमें प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें बनाए रखने, उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल अंतराल को दूर करने और उत्तराधिकार नियोजन सुनिश्चित करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है – ये सभी चुनौतियां परिचालन, विकास और दीर्घकालिक स्थिरता को प्रभावित कर सकती हैं।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना और कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्त कार्यान्वयन करना
- ↗ उभरती तकनीकों और महत्वपूर्ण कार्यों में कर्मचारियों के कौशल विकास हेतु लक्षित प्रशिक्षण प्रदान करना
- ↗ संरचित उत्तराधिकार नियोजन पहलों के माध्यम से नेतृत्व प्रक्रिया को मज़बूत करना
- ↗ उच्च क्षमता वाली प्रतिभाओं को बनाए रखने के लिए कर्मचारी विकास और करियर उन्नति कार्यक्रमों में निवेश करना
- ↗ कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देना

प्रभावित हितधारक

कर्मचारी और संविदा कर्मचारी, सरकार और नियामक निकाय

पूंजियां

↗ गत वर्ष की तुलना में जोखिम स्तर में वृद्धि
↘ गत वर्ष की तुलना में जोखिम स्तर में कमी

पर्यावरणीय जोखिम

जोखिम का विवरण

अपने व्यापक रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल प्रचालनों के कारण हम कार्बन उत्सर्जन और अपशिष्ट से संबंधित पर्यावरणीय जोखिमों का सामना करते हैं। इसके अलावा, हम चरम मौसम की घटनाओं के कारण जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को लेकर संवेदनशील हैं। इनसे हमारी आपूर्ति श्रृंखला और अवसंरचना में संभावित रुकावटें आती हैं।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ वाहनों के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए ईंधन में BS-VI के पूर्ण अनुपालन को प्राप्त किया।
- ↗ राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप 2046 तक प्रचालनों में शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता।
- ↗ ग्रीन हाइड्रोजन, जैव ईंधन, नवीकरणीय ऊर्जा और सीसीयूएस सहित हरित पहलों को आगे बढ़ाना।
- ↗ संधारणीयता संबंधी प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेना।
- ↗ जलवायु संबंधी कमियों को दूर करने के लिए इकोसिस्टम (पारिस्थितिक तंत्र) पुनर्स्थापन और मजबूत अवसंरचना में निवेश।

प्रभावित हितधारक

सरकार और विनियामकीय निकाय, समुदाय और समाज

पूंजियां

साइबर सुरक्षा जोखिम

जोखिम का विवरण

हमारे प्रचालनों पर ऐसे साइबर खतरों और डिजिटल कमजोरियों के जोखिम रहते हैं जो महत्वपूर्ण डेटा और प्रणालियों की गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता को खतरे में डाल सकते हैं।

न्यूनीकरण रणनीति

- ↗ एक बहु-स्तरीय (गहन सुरक्षा) साइबर सुरक्षा अवसंरचना का क्रियान्वयन।
- ↗ विश्व की सर्वोत्तम पद्धतियों के अनुरूप एक सुदृढ़ डेटा गोपनीयता नीति अपनाई गई।
- ↗ सूचना सुरक्षा का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी डेटा केंद्रों के लिए ISO 27001:2013 प्रमाणन प्राप्त किया।
- ↗ आंतरिक प्रक्रियाओं, ग्राहकों, भागीदारों और कर्मचारियों से संबंधित संवेदनशील डेटा की सुरक्षा।
- ↗ उभरते खतरों का मुकाबला करने के लिए साइबर सुरक्षा अवसंरचना की निरंतर निगरानी, लेखापरीक्षा और उन्नयन।

प्रभावित हितधारक

व्यावसायिक भागीदार, ग्राहक, सरकार और विनियामकीय निकाय

पूंजियां

↗ गत वर्ष की तुलना में जोखिम का स्तर बढ़ा

= गत वर्ष की तुलना में जोखिम का स्तर समान रहा

हितधारक संबंध

हितधारकों से संवाद की सशक्त रणनीति

हितधारक ही हमारी मूल्य सृजन यात्रा को संभव बनाते हैं, ऐसे में उनके साथ निरंतर संपर्क रखने का बड़ा महत्व है। अपने विविध हितधारक समूहों के साथ सार्थक और लगातार संवाद के जरिए हम अपनी नींव सुदृढ़ करते हैं और एक अधिक संपोषी और मूल्य-वर्धक भविष्य की दिशा बनाते हैं।

निवेशक और शेयरधारक

हमारी सफलता हमारे निवेशकों और शेयरधारकों के निरंतर समर्थन और सक्रिय भागीदारी के दम पर ही है।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ विकास-केंद्रित रणनीति
- ↗ सुदृढ़ वित्तीय स्थिति
- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण
- ↗ पारदर्शी प्रकटन

हम कैसे जुड़ते हैं

वार्षिक आम सभा, वेबसाइट, सोशल मीडिया, मीडिया लेख और साक्षात्कार, शेयरधारकों का संतुष्टि सर्वेक्षण और शिकायत पोर्टल

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

निरंतर

ग्राहक

ग्राहक हमारे व्यवसाय की धुरी हैं। वे हमें नवाचार करने और विश्व की सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों के उपाय खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ उच्च-गुणवत्ता वाले, तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद
- ↗ लागत प्रभावी और विस्तार योग्य समाधान
- ↗ तेज और ग्राहक केंद्रित सेवा
- ↗ लगातार फीडबैक तंत्र के जरिए बेहतर संपर्क

हम कैसे जुड़ते हैं

वेबसाइट, ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण, सोशल मीडिया, मोबाइल एप्लिकेशन, एसएमएस, मीडिया लेख और साक्षात्कार

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

निरंतर

कर्मचारी और संविदाकर्मी

कर्मचारी हमारे संगठन की रीढ़ हैं। हम उनके योगदान और कल्याण को बहुत महत्व देते हैं।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ निरंतर संवाद और सहभागिता
- ↗ समान और प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक
- ↗ समावेशी, पारदर्शी, न्यायसंगत और सुरक्षा भरा कार्य माहौल
- ↗ पेशेवर उन्नति की संभावनाएं

हम कैसे जुड़ते हैं

टीम मीटिंग, प्रशिक्षण और विकास सत्र, ईमेल, नोटिस बोर्ड, ऑनलाइन इंट्रानेट पोर्टल, आंतरिक कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षणों और विभिन्न मंचों के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संचार के खुले चैनलों से फीडबैक।

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

निरंतर

हल्दिया में ग्राहक परिचारकों के साथ इंडियनऑयल के अध्यक्ष, निदेशक और अधिकारी

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और उत्तरदायित्व
- ↗ भ्रष्टाचार विरोधी आचरण
- ↗ डेटा और साइबर सुरक्षा
- ↗ शिकायत समाधान

परिणाम

- ↗ पूंजी पर 7.10% रिटर्न के साथ 12,962 करोड़ का शुद्ध लाभ
- ↗ 2024-25 के लिए 4,131 करोड़ का कुल प्रस्तावित लाभांश 32% के भुगतान अनुपात के साथ

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और उत्तरदायित्व
- ↗ डेटा और साइबर सुरक्षा
- ↗ शिकायत समाधान
- ↗ उत्पाद प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि

परिणाम

- ↗ इंडियनऑयल वन ऐप में रिफिल ट्रैकिंग, स्मार्ट नोटिफिकेशन और शिकायत दर्ज करने की सुविधाएं जोड़ी गईं।
- ↗ एलपीजी डिलीवरी में सुरक्षा के लिए बायोमेट्रिक-लिंक्ड डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) की शुरुआत।

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ स्वास्थ्य और सुरक्षा
- ↗ प्रतिभा प्रबंधन
- ↗ विविधता, समानता, समावेशन और मानवाधिकार
- ↗ परिसंपत्तियों की अखंडता और प्रक्रिया की सुरक्षा

परिणाम

- ↗ 1,080 कर्मचारियों की नियुक्ति
- ↗ 28,867 मानव-दिवसों का सुरक्षा प्रशिक्षण

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

सरकारी और विनियामकीय निकाय

ये निकाय हमारे व्यवसाय के निर्बाध प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारी विश्वसनीयता बनाए रखने और हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए विनियामकीय नियमों का पालन आवश्यक है।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ कानूनों का पालन, प्रचालन पारदर्शिता और समयबद्ध प्रकटन
- ↗ विनियामकीय विषयों में सहयोग, सुरक्षा व पर्यावरणीय मानकों के प्रति समर्पण और सामुदायिक प्रगति में योगदान
- ↗ सरकारी पहलों और योजनाओं का क्रियान्वयन

हम कैसे जुड़ते हैं

बैठकें, ऑनलाइन सरकारी पोर्टल, आवेदन और रिटर्न की भौतिक दर्जगी

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

आवश्यकता-आधारित

व्यावसायिक साझेदार

अपनी रणनीतियों और लक्ष्यों की समुचित समझ बनाए रखने के लिए हम अपने सेवा प्रदाताओं, विक्रेताओं, डीलरों और चैनल साझेदारों के साथ मज़बूत और सहयोगपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देते हैं।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ रणनीतिक विकास और विस्तार
- ↗ व्यवसाय पद्धतियों में ईमानदारी
- ↗ स्पष्ट और पारदर्शी रिपोर्टिंग
- ↗ शीघ्र और विश्वसनीय भुगतान

हम कैसे जुड़ते हैं

बैठकें, ऑनलाइन बैठकें, ईमेल और फोन कॉल

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

निरंतर

समुदाय और समाज

हमारे असरदार सामुदायिक संपर्क कार्यक्रम विभिन्न इलाकों के समुदायों के उत्थान में सहायक होते हैं।

हम किसलिए जुड़ते हैं

- ↗ निरंतर संवाद और सहभागिता
- ↗ उचित पारिश्रमिक
- ↗ समावेशी, पारदर्शी और सुरक्षित कार्य माहौल
- ↗ पेशेवर उन्नति की संभावनाएं

हम कैसे जुड़ते हैं

बैठकें, ऑनलाइन बैठकें और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम

हमारे जुड़ाव की आवृत्ति

आवश्यकता-आधारित

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ पर्यावरणीय प्रभाव
- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और उत्तरदायित्व
- ↗ भ्रष्टाचार विरोधी आचरण
- ↗ डेटा और साइबर सुरक्षा
- ↗ शिकायत समाधान

परिणाम

- ↗ बीएस-VI ईंधन का पूर्ण अनुपालन किया, 2046 तक शून्य प्रचालनगत कार्बन उत्सर्जन की अपनी प्रतिबद्धता कायम रखी।
- ↗ राष्ट्रीय राजकोष में 2,32,299 करोड़ का योगदान।

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और उत्तरदायित्व
- ↗ भ्रष्टाचार विरोधी आचरण
- ↗ आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- ↗ डेटा और साइबर सुरक्षा
- ↗ शिकायत समाधान

परिणाम

- ↗ ईएसजी विक्रेता जोखिम मूल्यांकनों का विस्तार और आपूर्तिकर्ता प्रशासन के लिए एसआरएम प्रणाली का उपयोग।
- ↗ डिजिटल मंचों (NIC, GeM²) के जरिए एमएसई का समर्थन और पात्रता मानदंडों में ढ़ील।

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

प्रमुख समाधानीकृत विषय

- ↗ पर्यावरणीय प्रभाव
- ↗ सामुदायिक विकास

परिणाम

- ↗ सीएसआर गतिविधियों पर 583 करोड़ खर्च किए गए
- ↗ 1.36+ करोड़ लाभार्थी

प्रभावित एसडीजी

प्रभावित पूंजी

तथ्यपरक मूल्यांकन

संधारणीय विकास को समर्पित दृष्टिकोण

तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण विषयों का चिह्नित करना ही सुदृढ़ बनने और भविष्य के लिए तैयार रहने का आधार है। हमारा तथ्यपरकता मूल्यांकन आर्थिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (शासन-विधि) क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कारकों का मूल्यांकन करता है। साथ ही, हमारी रणनीतिक प्राथमिकताओं को हितधारकों की उम्मीदों पर खरा उतारने में महत्वपूर्ण सिद्ध होता है। यही अनुशासित दृष्टिकोण दीर्घकालिक, स्थायी मूल्य सृजन को प्रेरित करने वाली चीजों पर हमारा ध्यान केंद्रित रखता है।

वर्ष 2024-25 में किए दोहरे तथ्यपरकता मूल्यांकन ने हमें अपने हितधारकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण विषयों का मूल्यांकन करने में सहायता की। इस प्रक्रिया ने वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई), संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौते (यूएनजीसी) और संयुक्त राष्ट्र संपोषी विकास लक्ष्य (यूएनएसडीजी) जैसे मान्यता प्राप्त वैश्विक मानकों का अनुपालन किया। एक व्यवस्थित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए हमने हितधारकों से संवाद के जरिए चिह्नित किए प्रमुख विषयों को मान्य और चयनित करने के लिए अपने शीर्ष नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा की।

तथ्यपरक दृष्टिकोण

- ↗ तेल और गैस क्षेत्र में प्रमुख रुझानों का विश्लेषण
- ↗ प्रमुख जोखिमों और अवसरों का विश्लेषण
- ↗ महत्वपूर्ण विषयों की पहचान के लिए समकक्ष संगठनों के समान बेंचमार्किंग
- ↗ प्रमुख हितधारकों से राय लेना और सत्यापन

संयंत्र संचालन में लगे आईओसियन्स

चिह्नित किए गए प्रमुख विषय

रणनीतिक हरित स्थान जो जैव विविधता का समर्थन करते हैं और इंडियनऑयल के ईएसजी फोकस को दर्शाते हैं

पर्यावरण

- ↗ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन
- ↗ वायु उत्सर्जन
- ↗ जल प्रबंधन
- ↗ चक्रीय एकीकरण
- ↗ जलवायु अनुकूलन, सुदृढ़ता और बदलाव
- ↗ पर्यावरणीय प्रभाव
- ↗ उत्पाद प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि

एक साथ मजबूत हो रहे हैं

सामाजिक

- ↗ स्वास्थ्य और सुरक्षा
- ↗ समुदाय विकास
- ↗ प्रतिभा प्रबंधन
- ↗ विविधता, समानता, समावेशन (डीईआई) और मानवाधिकार
- ↗ परिसंपत्ति अखंडता और प्रक्रिया सुरक्षा
- ↗ आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

इंडियनऑयल के बोर्ड ने मीडिया को संबोधित किया

गवर्नेंस (शासन–विधि)

- ↗ व्यापार नैतिकता और जवाबदेही
- ↗ भ्रष्टाचार विरोधी आचरण
- ↗ डेटा और साइबर सुरक्षा
- ↗ शिकायत समाधान

इंडियनऑयल का मूल्य सृजन मॉडल

छह पूंजियों और एक विज़न के साथ 'स्प्रिंट' गति से

हमारी छह पूंजियां

वित्तनिर्मित पूंजी

10 रिफाइनरियां

20,000+ किमी पाइपलाइन्स

63,000+ मार्केटिंग टच पॉइंट (संपर्क बिंदु), सीजीडी और एलएनजी टर्मिनल, ईवी चार्जिंग स्टेशन और वैकल्पिक ऊर्जा स्थल

वित्तीय पूंजी

निवल मूल्य (कंपनी अधिनियम के अनुसार) – ₹1,50,863 **करोड़**

बाजार पूंजीकरण – ₹1,80,328 **करोड़**

उद्यम मूल्य – ₹3,14,530 **करोड़**

सामाजिक और संबंधों की पूंजी

850+ सीएसआर परियोजनाएं

42% एमएसई से खरीद

1.36+ **करोड़** लाभार्थी, राज्य और केंद्रीय निकायों के साथ साझेदारी

बौद्धिक पूंजी

आरएंडडी और प्रमुख नवाचार पहलों पर ₹1,067 **करोड़** खर्च

42 स्टार्ट-अप को सहारा दिया (इनक्यूबेट किया)

मानव पूंजी

29,941 कर्मचारी

10+ **लाख** घंटों से ज्यादा प्रशिक्षण दिया

नेतृत्व विकास कार्यक्रम

विविधता, समता और समावेश (डीईआई) पहल

प्राकृतिक पूंजी

नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लाभ

जल संरक्षण पहल

कार्बन प्रबंधन पहल

'एनकॉन' पहलें

उत्तरदायित्वपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन

मूल्य सृजन प्रक्रिया

भरोसा

60 से अधिक वर्षों से विश्वसनीयता और सुदृढ़ता के साथ भारत को ऊर्जान्वित किया

परिवर्तन

नेट-ज़ीरो रोडमैप, चक्रीयता, हरित ईंधन, ई-मोबिलिटी

हमें सक्षम बनाने वाले

अपस्ट्रीम

अन्वेषण और उत्पादन

मिडस्ट्रीम

कच्चे तेल का आयात और परिवहन

पाइपलाइन्स और मध्य-स्तरीय भंडारण

एलएनजी टर्मिनल और पुनर्गैसीकरण अवसंरचना

डाउनस्ट्रीम

डिजिटल और ग्राहक समाधान (ऑटोमेशन, एआई-अनुकूलित वितरण, ग्रीन लॉयल्टी प्लेटफॉर्म)

रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल्स

वितरण और विपणन (रिटेल, विमानन, एलपीजी, औद्योगिक ईंधन)

शहरी गैस वितरण

बड़े उपभोक्ताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति

उत्पाद खुदरा बिक्री

स्वचालित ईंधन स्टेशन

पेट्रोल	मिश्रित ईंधन	सीबीजी
डीजल	सीएनजी	इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधाएं

प्रौद्योगिकी

डिजिटल रिफाइनरियां, स्मार्ट पाइपलाइन्स, एआई आधारित विश्लेषण

प्रतिभा

भविष्य के लिए तैयार कार्यबल, नेतृत्व पाइपलाइन, समावेशी संस्कृति

नव ऊर्जा इको सिस्टम

वैकल्पिक एवं नवीकरणीय ऊर्जा (सौर, जैव ईंधन, सीबीजी, ईवी अवसंरचना)

बड़े ग्राहकों के लिए ईंधन

कुशल, उच्च-स्तरीय ईंधन और स्नेहक (लुब्रिकेंट्स)

हवाई जहाज | रेल | शिपिंग | रक्षा क्षेत्र

उत्पादन एवं परिणाम

वित्तीय पूंजी

लाभ में निरंतर वृद्धि, मजबूत लिक्विडिटी, निवेशकों का विश्वास

राजस्व ₹8,45,513 **करोड़**
एबिटा ₹38,060 **करोड़**
पीएटी ₹12,962 **करोड़**
आरओसीई 7.10%
औसत निवल मूल्य पर लाभ (%) 8.76%
लाभांश अदायगी अनुपात 32%

विनिर्मित पूंजी

परिसंपत्ति आधुनिकीकरण, आपूर्ति विश्वसनीयता, डिजिटल अवसंरचना, ईवी अवसंरचना विस्तार

82.02 **एमएमटी**
ग्रुप रिफाइनरी थ्रूपुट
100+ **एमएमटी**
पाइपलाइनों थ्रूपुट
100+ **एमएमटी** उत्पाद बिक्री

सामाजिक और संबंधों की पूंजी

विश्वास-आधारित साझेदारियां, समावेशी विकास, ग्रामीण विकास

₹583.04 **करोड़**
सीएसआर खर्च
चिकित्सा, शिक्षा, कौशल विकास और पूरे भारत में टच पॉइंट्स के साथ कई अन्य प्रमुख क्षेत्र

बौद्धिक पूंजी

भविष्य-सक्षम प्रचालन, उन्नत डिजिटल क्षमताएं, आरएंडडी का व्यावसायीकरण

86 बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) स्टार्टअप इनक्यूबेशन के जरिए सृजित
एआई-सक्षम लॉजिस्टिक और परिसंपत्ति निगरानी प्रणालियां
1,809 पेटेंट आवेदन

मानव पूंजी

सीखने की सुदृढ़ संस्कृति के युक्त सुरक्षित, समावेशी, उच्च-प्रदर्शन करने वाला कार्यबल

1% एट्रिशन (संघर्षण)

प्राकृतिक पूंजी

कम कार्बन उत्सर्जन, अपशिष्ट/जल में चक्रीयता (फिर उपयोग के लायक बनाना), ज्यादा ग्रीन एनर्जी (हरित ऊर्जा) मिश्रण

252.1 **मेगावॉट**
नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता
39.8 **अरब लीटर**
अपशिष्ट जल फिर उपयोग लायक बनाया गया

हरित ईंधन अवसंरचना में वृद्धि

एसडीजी

9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE
11 SUSTAINABLE CITIES AND COMMUNITIES
13 CLIMATE ACTION

8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH
9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE

1 NO POVERTY
10 REDUCED INEQUALITIES
17 PARTNERSHIPS FOR THE GOALS

9 INDUSTRY, INNOVATION AND INFRASTRUCTURE
12 RESPONSIBLE CONSUMPTION AND PRODUCTION

4 QUALITY EDUCATION
5 GENDER EQUALITY
8 DECENT WORK AND ECONOMIC GROWTH

6 CLEAN WATER AND SANITATION
7 AFFORDABLE AND CLEAN ENERGY
12 RESPONSIBLE CONSUMPTION AND PRODUCTION
13 CLIMATE ACTION

सस्टेनेबल विकास को बढ़ावा

पूंजी को निष्पादन और उद्देश्य से जोड़कर

'स्प्रिंट' के साथ इस यात्रा में आगे बढ़ते हुए हमारे लिए वित्तीय, विनिर्मित, बौद्धिक, मानवीय, प्राकृतिक, सामाजिक और संबंधों की पूंजियों का विवेकसम्मत उपयोग जरूरी है। ये पूंजियां मिलकर हमारी मूल्य सृजन सोच के रणनीतिक उत्प्रेरकों का काम करती हैं।

वित्तीय पूंजी

हम नवाचार और नव परिवर्तन संबंधी परियोजनाओं में धन लगाते हुए अपने लाभ को इष्टतम करने के लिए वित्तीय संसाधनों का रणनीतिक आवंटन करते हैं। रिफाइनिंग, पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क में हमारे मुख्य निवेश प्रचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हैं। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा उपक्रमों में भी पूंजी लगाते हैं। ऐसा करते हुए हमें तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य में तात्कालिक वित्तीय निष्पादन और दीर्घावधि के संधारणीय विकास के बीच संतुलन बनाना होता है।

मानव पूंजी

अपने हर कार्य के केंद्र में हमारे कर्मचारी होते हैं। हम प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और एक ऐसी संस्कृति निर्मित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें सुरक्षा, समावेशन और निरंतर सीखने को प्राथमिकता दी जाती हो। हम मानव पूंजी में निरंतर निवेश कर रहे हैं, ताकि ऊर्जा परिवर्तन के हर चरण में प्रगति को गति देने के लिए हमारा कार्यबल चुस्त, सशक्त और सक्षम बना रहे।

विनिर्मित पूंजी

हमारी सुदृढ़ अवसंरचना ऊर्जा सुरक्षा की रीढ़ है। इस अवसंरचना को बनाए रखना और उन्नत करना महत्वपूर्ण है। ऐसा करते हुए हम अपने हर निर्णय पर सजग विचार करते हैं और एक सुविचारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। इस दृष्टिकोण में हमारी मुख्य परिसंपत्तियों को मज़बूत बनाना और नए ऊर्जा समाधानों में निवेश करना शामिल है।

सामाजिक और संबंधों की पूंजी

हम समुदायों, ग्राहकों, विनियामकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ टिकाऊ साझेदारियां निर्मित करते हैं। हम जब परिवर्तनकारी ऊर्जा लक्ष्यों के अनुरूप प्रचालन करने के लिए सामाजिक अनुमोदन पाने के प्रयास करते हैं, तो उम्मीदों पर खरा उतरने और हितधारकों के हितों का ध्यान रखने के बीच रणनीतिक संतुलन बैठाने की जरूरत पैदा होती है।

बौद्धिक पूंजी

नवाचार हमारे ऊर्जा परिवर्तन के इंजन हैं। स्वच्छ ईंधन और दक्षता में नई सफलताएं रचने के लिए हम गहन अनुसंधान और अनुप्रयोगों में निवेश करते हैं। इस दौरान हम उन परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हैं जो कार्बन फुटप्रिंट को भी कम करती ही हैं, प्रचालन में लचीलेपन और हितधारक मूल्य को भी बढ़ाती हैं।

प्राकृतिक पूंजी

पर्यावरण के संरक्षण और पोषण पर इंडियनऑयल के हर निर्णय में ध्यान रखा जाता है। हम कार्बन उत्सर्जन कम करने, संसाधनों का पूरा-पुरा उपयोग करने और नवीकरणीय स्रोतों में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसा करते हुए संसाधन-गहन पारंपरिक प्रचालनों और स्वच्छ ईंधन विकल्पों के बीच संतुलन करने की आवश्यकता होती है, ताकि वर्तमान ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए पर्यावरणीय संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

IndianOil

उद्देश्यपूर्ण शोधन
नवाचार से रोशन



आपकी गाड़ियों में भरने वाले ईंधन से लेकर उद्योगों को चलाने वाली ऊर्जा तक, इंडियनऑयल की रिफाइनरियाँ देश की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं:

- देश भर में 10 अत्याधुनिक समूह रिफाइनरियों का संचालन करते हुए, इंडियनऑयल यह सुनिश्चित करता है कि ऊर्जा भारत के हर कोने तक पहुँचे।
- 80.75 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) की कुल शोधन क्षमता के साथ, इंडियनऑयल देश की ऊर्जा ज़रूरतों को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए तैयार है।
- अपनी indDSK® टेक्नोलॉजी से, इंडियनऑयल ने अत्यधिक स्वच्छ केरोसिन तैयार किया है, जो घरों और उद्योगों के लिए सुरक्षित और ज़्यादा असरदार ईंधन का विकल्प प्रदान करता है।
- स्वच्छ हवा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए, इंडियनऑयल पानीपत में एक सतत विमानन ईंधन (SAF) संयंत्र स्थापित कर रहा है, ताकि हवाई उड़ानें और अधिक पर्यावरण अनुकूल बनें।
- इंडियनऑयल हरियाणा की पानीपत रिफाइनरी में भारत का सबसे बड़ा 10 KTA ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र लगाने जा रहा है। यह भारत को स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की ओर ले जाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।



समूह रिफाइनरियों का विवरण

रिफाइनरी (स्थान)	क्षमता (एमएमटीपीए में) (31 मार्च, 2025 तक)
डिगबोई	0.65
गुवाहाटी	1.20
बरौनी	6.00
गुजरात (कोयली)	13.70
हल्दिया	8.00
बोंगईगांव	2.70
मथुरा	8.00
पानीपत	15.00
पारादीप	15.00
आईओसी	70.25
सीपीसीएल	10.50
आईओसी+सीपीसीएल	80.75

परिचालन पाइपलाइन 1 अप्रैल 2025 तक

क्र. सं.	पाइपलाइन		लंबाई (कि.मी.)	स्थापित क्षमता (एमएमटीपीए/ एमएमएससीएमडी)
ए	उत्पाद पाइपलाइन			
ए1	एलपीजी और समर्पित एटीएफ को छोड़कर उत्पाद पाइपलाइन–			
1	केपीपीएल	कोयली अहमदाबाद पाइपलाइन	79	1.10
2	केजेपीपीएल	कोयली जयपुर पानीपत पाइपलाइन	1644	5.00
3	केडीपीएल	कोयली दहेज पाइपलाइन	197	2.60
4	केआरपीएल	कोयली रतलाम पाइपलाइन	265	2.00
5	बीकेपीएल	बरौनी कानपुर पाइपलाइन	1227	5.50
6	एचएमआरपीएल	हल्दिया मौरीग्राम राजबंध पाइपलाइन	277	1.35
7	12" एचबीपीएल	हल्दिया बरौनी पाइपलाइन	526	1.25
8	जीएसपीएल	गुवाहाटी सिलीगुड़ी पाइपलाइन	435	1.40
9	पीबीपीएल	पानीपत भटिंडा पाइपलाइन	219	3.00
10	पीआरपीएल	पानीपत-रेवाड़ी पाइपलाइन	155	2.10
11	पीएजेपीएल	पानीपत अम्बाला जालंधर पाइपलाइन	495	3.50
12	पीडीपीएल	पानीपत दिल्ली पाइपलाइन	189	3.00
13	एमडीपीएल	मथुरा दिल्ली पाइपलाइन	147	3.70
14	एमएजीपीएल	मथुरा आगरा गौरिया पाइपलाइन	311	4.00
15	एमबीपीएल	मथुरा भटनपुर पाइपलाइन	21	1.20
16	सीटीएमपीएल	चेन्नई विची मदुरै पाइपलाइन	683	3.90
17	सीबीपीएल	चेन्नई बेंगलोर पाइपलाइन	290	2.45
18	पीआरआरपीएल	पारादीप रायपुर रांची पाइपलाइन	1073	5.00
19	पीएचपीएल	पारादीप हैदराबाद पाइपलाइन	1219	4.50
20	पीएसएचपीएल	पारादीप सोमनाथपुर हल्दिया पाइपलाइन	341	4.60
21	केएएसपीएल	कोयली अहमदनगर सोलापुर पाइपलाइन	752	5.00
22	18" एचबीपीएल	हल्दिया बरौनी पाइपलाइन	519	3.40
	एलपीजी और समर्पित एटीएफ को छोड़कर उत्पाद पाइपलाइनें (कुल)		11064	69.55
ए2	समर्पित एटीएफ पाइपलाइन			
23	पीबीपीएल एटीएफ	पानीपत बिजवासन एटीएफ लाइन	111	1.00
24	चेन्नई एटीएफ	चेन्नई मीनंबक्कम एटीएफ पाइपलाइन	95	0.18
25	बेंगलुरु एटीएफ	देवनहल्ली पाइपलाइन	36	0.66
26	कोलकाता एटीएफ	कोलकाता एटीएफ पाइपलाइन	27	0.20
27	लखनऊ एटीएफ	लखनऊ एटीएफ पाइपलाइन	6	0.21
28	भुवनेश्वर एटीएफ	भुवनेश्वर एटीएफ पाइपलाइन	15	0.12
		कुल (ए2)	290	2.37
ए3	एलपीजी पाइपलाइन			
29	पीजेपीएल	पानीपत जालंधर पाइपलाइन	280	0.70
30	पीएचबीएमपीएल	पारादीप हल्दिया बरौनी मोतिहारी पाइपलाइन	1710	3.50
		कुल (ए3)	1990	4.20
		कुल (ए1+ ए2+ए3)	13345	7612

1 अप्रैल 2025 तक पाइपलाइन परियोजनाएं

क्र. सं.	पाइपलाइन	लंबाई (कि.मी.)	क्षमता (एमएमटीपीए/ एमएमएससीएमडी)
	एलपीजी को छोड़कर चालू उत्पाद पाइपलाइन परियोजनाएं		
1	सीबीआर से असनूर तक उत्पाद पाइपलाइन	139.00	4.50
2	भिलाई में प्रस्तावित टर्मिनल से कनेक्टिविटी के लिए बीकेपीएल का पुनर्मार्गन	12.40	0.00
3	पीआरआरपीएल से मेरा-मंडली सीएपुएफ तक शाखा पाइपलाइन	21.51	0.00
4	जेएनपीटी से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक एटीएफ पाइपलाइन	22.00	4.45
5	सीटीएमपीएल के असनूर-सेंकरी खंड का इग्गूर तक विस्तार	131.00	0.00
6	देवेंगोथी-चित्रदुर्ग पाइपलाइन	234.00	2.60
7	सिलीगुड़ी-झापा पाइपलाइन (भारत में 36 किमी और नेपाल में 14 किमी)	50.00	1.00
8	अमलेखगंज-चितवन पाइपलाइन (नेपाल में पाइपलाइन की कुल लंबाई)	62.00	0.00
9	लखनऊ टर्मिनल से लखनऊ एएफएस तक मौजूदा एटीएफ पाइपलाइन का पुनर्मार्गन	0.45	0.00
	एलपीजी को छोड़कर कुल उत्पाद पाइपलाइनें	672.36	12.55
	चल रही एलपीजी पाइपलाइन परियोजनाएं		
1	जालंधर से गोइंदवाल साहिब बीपी तक पीजेपीएल का विस्तार	85.00	0.50
2	हल्दिया में आईपीपीएल टर्मिनल और पीएचबीएमपीएल हल्दिया के बीच अतिरिक्त स्पर लाइन बिछाना	1.20	-
	कुल एलपीजी पाइपलाइनें	86.20	0.50
	चल रही क्रूड पाइपलाइन परियोजनाएं		
1	जे-18 के लिए एसएमपीएल कच्चे तेल पाइपलाइन सिस्टम का विस्तार	0.00	10.00
2	पी-25 के लिए नई मुंद्रा पानीपत क्रूड ऑयल पाइपलाइन	1033.00	17.50
	कुल कच्ची पाइपलाइनें	1033.00	27.50
	चल रही गैस पाइपलाइन परियोजनाएं		
1	एन्नोर-तूतीकोरिन-बेंगलुरु आर एलएनजी पाइपलाइन	356.00	1.00
2	हज़ारीबाग-रांची आरएलएनजी पाइपलाइन	67.83	1.00
	कुल गैस पाइपलाइन	423.83	2.00

सारांश

	चल रही तरल और गैस पाइपलाइन परियोजनाएं		
1	एलपीजी को छोड़कर कुल उत्पाद पाइपलाइन	672.36	12.55 एमएमटीपीए
2	कुल एलपीजी पाइपलाइन	86.2	0.50 एमएमटीपीए
3	कुल कच्चे तेल की पाइपलाइन	1033.00	27.50 एमएमटीपीए
4	कुल गैस पाइपलाइन	423.83	2 एमएमएससीएमडी
	संचरी	2215.39	40.55 एमएमटीपीए 2 एमएमएससीएमडी

परिचालन पाइपलाइन

क्र. सं.	पाइपलाइन		लंबाई (कि. मी.)	स्थापित क्षमता (एमएमटीपीए/ एमएमएससीएमडी)
बी	कच्चे तेल की पाइपलाइन			
1	एसएमपीएल	सलाया मथुरा पाइपलाइन	2663	25.00
2	एमपीपीएल	मुंद्रा पानीपत पाइपलाइन	1194	8.40
3	पीएचबीपीएल	पारादीप हल्दिया बरौनी पाइपलाइन	1467	20.40
	कच्चे तेल की पाइपलाइन कुल		5324	53.80
	संचरी (कच्चा + उत्पाद)		18668	129.92
सी	गैस पाइपलाइन			
1	डीपीपीएल	दादरी पानीपत आर एलएनजी पाइपलाइन	143.3	9.50
2	ईटीबीपीएल	एन्नोर-तूतीकोरिन-बेंगलुरु पाइपलाइन	1087.5	34.67
3	डीकेपीएल	दहेज कोयाली आर एलएनजी पाइपलाइन	106.0	5.23
	गैस पाइपलाइन कुल		1336.8	49.40
	इंडियनऑयल पाइपलाइन नेटवर्क (कच्चा तेल, उत्पाद और गैस)		20005	129.92 एमएमटीपीए[1] और 49.40 एमएमएससीएमडी[2]

मानचित्र पैमाने पर नहीं

स्थान सांकेतिक हैं

SPRINT

मुख्य व्यवसाय का सशक्तिकरण

इंडियनऑयल के नेतृत्व को आधारभूत क्षेत्रों में बनाए रखने और विस्तारित करने के लिए :

- ↗ भारत की सबसे बड़ी रिफाइनर के रूप में अग्रणी स्थिति बनाए रखना
- ↗ नेटवर्क विस्तार और ग्राहक केंद्रीयता से खुदरा ईंधन की बिक्री में बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाना
- ↗ सभी संस्थागत व्यवसाय अनुभागों (बिजनेस सेगमेंट्स) में नेतृत्व सुदृढ़ करना
- ↗ उभरते बाज़ारों में अग्रणी स्थिति के लिए पेट्रोकेमिकल्स और विशेष रसायन उत्पादन में वृद्धि

विनिर्मित पूंजी

श्री अरविंद कुमार
निदेशक (रिफाइनरीज)

"इंडियनऑयल ने 2024-25 में रिकॉर्ड रिफाइनिंग थ्रूपुट, विस्तृत पाइपलाइन, मार्केटिंग (विपणन) नेटवर्क और अब तक की सबसे अधिक पेट्रोकेमिकल्स और प्राकृतिक गैस की बिक्री के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ। बड़े पैमाने पर अवसंरचना उन्नयन, डिजिटलीकृत प्रचालन और स्वच्छ ईंधन वाले लॉजिस्टिक्स के साथ कंपनी कम कार्बन वाले भविष्य के लिए तैयार रहते हुए अपने मुख्य भाग (कोर) को मजबूत कर रही है।"

'स्प्रिंट गति से' – मूल व्यवसाय सशक्तिकरण, पोर्टफोलियो मिक्स की पुनर्कल्पना

सर्वश्रेष्ठ अवसंरचना और उन्नत सुविधाएं हमारे प्रचालनों की आधारशिला हैं। ये हमें सुरक्षा, विश्वसनीयता और दक्षता के साथ ऊर्जा प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। हम रिफाइनिंग, पाइपलाइनों और मार्केटिंग (विपणन) केंद्रों में अपनी परिसंपत्तियों को सुदृढ़ कर रहे हैं। साथ ही कम कार्बन वाले भविष्य की ओर प्रभावी रूप से आगे बढ़ने के लिए बेहतर, स्वच्छ और अधिक कुशल तकनीकों को एकीकृत कर रहे हैं। रिफाइनरियों, पाइपलाइनों और मार्केटिंग (विपणन) केंद्रों का हमारा नेटवर्क एक सुदृढ़, विस्तार करने योग्य और 'फ्यूचर-रेडी' (भविष्य के लिए तैयार) पारिस्थितिक तंत्र का आधार है। ये एक बदलते ऊर्जा परिदृश्य में फलने-फूलने के लिए ठोस आधार है।

प्रभावित हितधारक

- निवेशक और शेयरधारक
- कर्मचारी और संविदा कर्मचारी
- सरकारी और नियामकीय निकाय

महत्व के विषय

- ↗ उत्पाद प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि
- ↗ पर्यावरणीय प्रभाव
- ↗ परिसंपत्ति और प्रक्रिया सुरक्षा
- ↗ आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

एसडीजी लिंकेज

रिफाइनरीज प्रभाग

भारत की प्रमुख डाउनस्ट्रीम ऊर्जा कंपनी होने के नाते इंडियनऑयल का रिफाइनरी प्रभाग देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वह उभरते सस्टेनेबिलिटी मानकों को पूरा करने के लिए विकसित होते हुए ऐसा कर रही है। हमारी रिफाइनरियों ने 2024-25 में नवाचार, दक्षता और हमारी 'स्प्रिंट' (गति से) रणनीति के अनुरूप डीकार्बनाइजेशन पर स्पष्ट ध्यान रखते हुए प्रचालनों में सुदृढ़ प्रदर्शन किया। हमने वर्ष के दौरान अपनी स्थापित क्षमता के 102% पर प्रचालन करते हुए 71.56 एमएमटी कच्चे तेल का प्रसंस्करण किया।

अवसंरचना आधुनिकीकरण, क्षमता वृद्धि

गुजरात रिफाइनरी

हमने सिंथेसिस गैस और एनबीए इकाई (ओएक्सओ अल्कोहल परियोजना का केंद्र) शुरू की और 99.97% शुद्ध सामान्य ब्यूटानॉल के उत्पादन में प्रवेश किया, जो रसायन उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण फीडस्टॉक है।

मथुरा रिफाइनरी

ईंधन की खपत कम करने, बिजली की लागत में कटौती करने और हरित ऊर्जा को एकीकृत करने के लिए 220 केवी ग्रिड की बिजली इकाई का उद्घाटन किया गया।

डिगबोई रिफाइनरी

अपने प्रचालन इतिहास की सबसे लंबी 7.5 किलोमीटर लंबी डीएचडीटी फीड पाइपलाइन चालू की। इससे डीज़ल हाइड्रो-प्रॉसेसिंग क्षमताएं मजबूत हुईं।

पानीपत रिफाइनरी

इंडियनऑयल के नेटवर्क में पहली बार दोनों एवीयू में कम विकिरण वाले वैक्यूम प्रीहीटर (एलआरवीपी) चालू किए। इससे भाप की खपत में 6.8 टन प्रति घंटा (टीपीएच) की कमी आई और 13.8 करोड़ रुपए की वार्षिक बचत हुई।

स्वच्छ और हरित कल के लिए नवाचार और पहल

- पारादीप रिफाइनरी ने इंडडीएसके (केएचडीएस) इकाई चालू की। ये पाइपलाइन-संगत वितरण के लिए अति-निम्न सल्फर केरोसिन (<8 पीपीएम) का उत्पादन करती है।
- पारादीप रिफाइनरी द्वारा विशेष रूप से हाई-ऑक्टेन रेसिंग ईंधन 'स्टॉर्म-एक्स' तैयार किया गया। इसका उपयोग एमआरएफ एमएमएससी एफएम एससीआई (MRF MMSC FMSCI) भारतीय राष्ट्रीय कार रेसिंग चैम्पियनशिप में सफलतापूर्वक किया गया।
- मथुरा रिफाइनरी ने एक इलेक्ट्रोस्टैटिक कोलेसर प्रीवॉश (ईसीपी) पैकेज शुरू किया। इससे एटीएफ उत्पादन के लिए हाई-टैन कच्चे तेलों का प्रसंस्करण संभव हुआ। परिणामतः 'स्पेंट कॉस्टिक' के उत्पादन में कमी आई और एटीएफ उत्पादन बढ़ा।

पाइपलाइन्स प्रभाग

हमारा पाइपलाइन प्रभाग भारत का अग्रणी ऊर्जा वाहक है। इस रूप में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की ऊर्जा अवसंरचना को दक्षतापूर्वक, सुरक्षित और स्थायी रूप से मजबूत कर रहा है। हमारी 'स्प्रिंट गति से' थीम पर चलते हुए इस प्रभाग ने 2024–25 में क्षमता बढ़ाने, स्वच्छ ईंधनों को एकीकृत करने और प्रचालनों में डिजिटल बुद्धिमत्ता को शामिल करने पर ध्यान दिया है।

हमारा देशव्यापी पाइपलाइन नेटवर्क 20,005 किलोमीटर (261 किलोमीटर की वृद्धि) से अधिक फैला है। अब कच्चे तेल और उत्पादों के लिए इसकी कुल क्षमता 129.92 एमएमटीपीए और गैस के लिए 49.4 एमएमएससीएमडी हो चुकी है। इन भूमिगत ऊर्जा राजमार्गों ने 96.924 एमएमटी तरल उत्पादों और 4,668 एमएमएससीएम गैस की रिकॉर्ड ढुलाई की है। यह बढ़ती राष्ट्रीय मांग और बदलाव संबंधी अनिवार्यताओं के बीच सुदृढ़ता और विश्वसनीयता प्रदर्शित करता है।

- ↗ योजनाबद्ध रिफाइनरी शटडाउन के बावजूद थ्रूपुट में अहम उपलब्धियां हासिल हुईं। उत्पाद और गैस पाइपलाइन थ्रूपुट अब तक के सर्वोच्च स्तर पर रहा। इसमें उत्पाद थ्रूपुट 3% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 45.4 एमएमटी तक पहुंच गया।
- ↗ पारादीप-हैदराबाद पाइपलाइन के अंतर्गत विजयवाड़ा-हैदराबाद खंड और कारवाड़ तथा कांडला-गोरखपुर परियोजनाओं के तहत नए कनेक्शन सहित महत्वपूर्ण खंडों का निर्माण कार्य शुरू हुआ और क्षेत्रीय संपर्क बेहतर हुआ।
- ↗ इनलाइन निरीक्षण (आईएलआई) के जरिए 6,000 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन की जांच पूरी की गई। इसमें 4,500 किलोमीटर के लिए आंतरिक आरएंडडी उपकरणों का उपयोग किया गया।
- ↗ पूरे 610 किमी के महत्वपूर्ण राइट-ऑफ-वे क्षेत्र पर मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) आधारित निगरानी और नैनो ड्रोन तैनात किए गए। इन्हें पाइपलाइन में अनधिकृत प्रवेश की पहचान और चेतावनी प्रणाली (पीआईडीडब्ल्यूएस) के साथ जोड़ा गया है।
- ↗ जैव ईंधन लक्ष्यों के अनुरूप ई-20 इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल और बी-1 बायोडीजल-मिश्रित डीजल का पाइपलाइन परिवहन शुरू किया गया।
- ↗ पारादीप आयात टर्मिनल से एलपीजी पंपिंग शुरू की गई। साथ ही, मोतिहारी-अमलेखगंज पाइपलाइन के जरिए नेपाल तक एमएस आपूर्ति को फैलाया गया। इससे सीमा पार व्यापार बढ़ा।
- ↗ सीजीडी अवसंरचना का विस्तार 9,300 किलोमीटर से अधिक तक किया गया, 2 लाख नए पीएनजी घरेलू कनेक्शन जोड़े गए, जो कि 75% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि है।
- ↗ नए सीएनजी स्टेशन 92 शुरू किए गए और गैस की बिक्री 4.54 लाख किलोग्राम/प्रतिदिन के चरम पर पहुंची। इससे गैस अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को समर्थन मिला।
- ↗ नई पाइपलाइनों और टर्मिनलों के जरिए बिहार और नेपाल में लॉजिस्टिक्स बढ़ाने के लिए ₹1,500 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं अनुमोदित हुईं।
- ↗ ईपीएमसी और पीएमसी सेवाएं शुरू की गईं। इससे एंड-टू-एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास क्षमताओं की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव आया।

इंडियनऑयल का पाइपलाइन प्रभाग भारत के विकसित होते ऊर्जा परिदृश्य में एक रणनीतिक प्रवर्तक बन चुका है। यह प्रभाग मुख्य अवसंरचना का आधुनिकीकरण करके, स्वच्छ ईंधनों को एकीकृत करके और नवाचार की सीमाओं को खोलते हुए 'स्प्रिंट' गति से लगाने जा रहा है। इसके साथ एक अधिक संपोषी और समावेशी ऊर्जा भविष्य की नींव रखी जा रही है।

मुंद्रा पानीपत पाइपलाइन हब

विपणन प्रभाग

इंडियनऑयल ने 2024-25 में अपने फैलते ईंधन और ऊर्जा वितरण नेटवर्क के समर्थन हेतु भौतिक और डिजिटल दोनों अवसंरचनाओं को सुदृढ़ किया।

- नए रिटेल आउटलेट (खुदरा बिक्री केंद्र) 2,823 शुरू किए गए। इस तरह, कुल 40,221 की संख्या के साथ यह भारत में सबसे बड़ा नेटवर्क हो गया है।
- ईवी चार्जिंग स्टेशन 4,656 और 37 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन शुरू किए गए। अब कुल 13,614 ईवीसीएस और 128 स्वैप स्टेशन हो चुके हैं।
- पहली बार विशेष 'छोटू शॉपी' शुरू की गई और 'उम्मीद - अ होप' पहल के अंतर्गत 68 जेल रिटेल आउटलेट का विस्तार किया गया।
- एक ही दिन में 3,60,708 किलोलीटर ईंधन की रिकॉर्ड ढुलाई की गई। प्रमुख लॉजिस्टिक्स समाधानों में रेल-लोडिंग सुविधाओं की शुरुआत, पाइपलाइन एकीकरण और नेपाल, बांग्लादेश, पोर्ट ब्लेयर जैसे स्थानों पर प्रमुख ईंधनों की पहली बार सफल तटीय और अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट इत्यादि शामिल रहे।
- जटनी-भुवनेश्वर एटीएफ पाइपलाइन और पारादीप में देश की पहली वेपर रिकवरी इकाई, एनर्जी लॉजिस्टिक्स और पर्यावरणीय अनुपालन में नए मानक स्थापित किए।
- मेंगलुरू और हल्दिया में बिटुमेन टर्मिनलों के कुशल प्रचालन और ओमान से पहले बिटुमेन आयात ने इंडियनऑयल की आपूर्ति क्षमताओं को और विविधिकृत किया।
- नए बॉटलिंग संयंत्रों की शुरुआत की गई। 'एक्स्ट्रालाइट' जैसे एलपीजी सिलेंडरों की किस्में लाई गईं। एलपीजी उपकरण गुणवत्ता मैनुअल के जरिए नए सुरक्षा और गुणवत्ता प्रोटोकॉल शुरू किए गए।
- उच्च दक्षता वाले एलपीजी सिलेंडर 'एक्स्ट्रातेज' की मात्रा में 48.9% की वृद्धि हुई।
- इंडियनऑयल को स्नेहक क्षेत्र में 'इनोवेशन के लिए गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड' मिला। कंपनी ने विश्व के 70 बंदरगाहों पर शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के वैश्विक स्नेहक व्यवसाय का 40% हिस्सा प्राप्त करके वैश्विक लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ किया।
- मार्गों के किनारे 72 नई सुविधा परियोजनाओं (डब्ल्यूएसए) ने रिटेल मार्केटिंग को मजबूत किया। इससे राजमार्गों और पारगमन केंद्रों पर ग्राहकों के अनुभव बेहतर हुए। इस संदर्भ में प्रमुख पहलों में 'पीएम1000' के अंतर्गत 'अपना घर' का शुभारंभ, प्रमुख हॉस्पिटैलिटी ब्रांडों के साथ साझेदारी और गैर-ईंधन राजस्व में वृद्धि शामिल है। यह इंडियनऑयल के एकीकृत गतिशीलता सेवा मॉडल को प्रदर्शित करता है।

राजस्थान में इंडियन ऑयल रिटेल आउटलेट, रास्ते के किनारे सुविधाएं उपलब्ध

शुरू की गईं नए दौर की परिसंपत्तियां

मलकापुर पीओएल टर्मिनल

खोरधा (ओडिशा), चितूर (आंध्र प्रदेश) और पूर्णिया (बिहार) में बॉटलिंग संयंत्र

सीएनजी और सीबीजी स्टेशनों में महत्वपूर्ण वृद्धि - कुल 2,437 सीएनजी और 125 सीबीजी आउटलेट।

पेट्रोकेमिकल्स

इंडियनऑयल के पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय ने 2024-25 में ऐतिहासिक उपलब्धि छूते हुए निर्यात सहित 3.24 एमएमटी की अब तक की सर्वाधिक बिक्री की। यह गत वित्तीय वर्ष की 3.1 एमएमटी बिक्री की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि है। यह अनूठा प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग, पोर्टफोलियो विस्तार, रणनीतिक ओईएम साझेदारियों और संधारणीयता एवं आत्मनिर्भरता पर बल देने से प्रेरित रहा।

पानीपत और पारादीप स्थित उत्पाद अनुप्रयोग एवं विकास केंद्र महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बेहतर उत्पाद गुणवत्ता और नवीन समाधानों हेतु नई सामग्रियों और अनुप्रयोगों का विकास कर रहे हैं।

क्षमता विस्तार और परियोजना अनुमोदन में अहम प्रगति

- इंडियनऑयल बोर्ड ने भद्रक, ओडिशा में 300 केटीए यार्न परियोजना हेतु एमसीपीआई प्राइवेट लिमिटेड के साथ संयुक्त उपक्रम समझौते के क्रियान्वयन को मंजूरी दी।
- पश्चिम बंगाल के हल्दिया में 42-केटीपीए प्रोपलीन रिकवरी इकाई के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति।
- पारादीप में एथिलीन शुद्धिकरण और गैस-चरण रिएक्टरों के लिए निवेश अनुमोदन।
- पारादीप में P1750MN और पानीपत में PP-ICP 5200MG ये दो नए विशिष्ट पीपी ग्रेड लॉन्च किए गए। इसके अतिरिक्त, HDPE ग्रेड 002DB52 को पानीपत संयंत्र से पुनः शुरू किया गया।
- वर्ष 2024-25 के दौरान 16 पॉलिमर ग्रेडों को विभिन्न ओईएम विक्रेताओं से अनुमोदन मिला।

सभी सेगमेंट (अनुभाग) में असाधारण बिक्री

1,940 टीएमटी
कम्पोजिट पॉलिमर (पीपी और पीई)

483 टीएमटी
ग्लाइकोल

173 केटी
लैब + एचएबी

123 टीएमटी
ब्यूटाडीन

प्राकृतिक गैस

इंडियनऑयल ने 2024-25 में 9.45 एमएमटीपीए की अपनी अब तक की सर्वाधिक प्राकृतिक गैस बिक्री की, जो गत वर्ष के मुकाबले 20% की वृद्धि है। इस प्रदर्शन ने हमारी बाजार हिस्सेदारी को 14.2% तक बढ़ा दिया। यह भारत के गैस-उन्मुख बदलाव में इंडियनऑयल के बढ़ते कद को दर्शाता है।

- कंपनी ने एडीएनओसी (14 वर्षों के लिए 1.2 एमएमटीपीए), टोटल एनर्जीज (10 वर्षों के लिए 0.8 एमएमटीपीए) के साथ दीर्घावधि एलएनजी बिक्री खरीद समझौते (एसपीए) और एडनॉक रुवैस टर्मिनल (15 वर्षों के लिए 1 एमएमटीपीए) के साथ एक टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए।
- स्पॉट एलएनजी खरीद में 82% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। इसके तहत 34 कार्गो के जरिए 2.11 मिलियन मीट्रिक टन की आपूर्ति की गई।
- एडनॉक ट्रेडिंग, केओसीएच सप्लाई, बीबी एनर्जी और पीटीटीटीई के साथ नई साझेदारियों ने सुदृढ़ता और व्यापारिक विकल्पों को बढ़ावा दिया।
- नेपाल (योग्या होल्डिंग्स) के साथ पहला अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी निर्यात समझौता किया गया।
- छारा टर्मिनल चालू करने के लिए एचपीसीएल को उच्च समुद्र में एलएनजी कार्गो की पहली विक्रेता बनी इंडियनऑयल।
- कॉनकॉर के खाटूवास टर्मिनल पर अपना पहला एलएनजी उपभोक्ता स्टेशन चालू किया। इससे कॉनकॉर की रसद लागत में बचत हुई और स्थिरता को बढ़ावा मिला।
- सीजीडी संयुक्त उद्यम कंपनियों ने 605 एमएमएससीएम की अब तक की सर्वाधिक बिक्री की, 515 सीएनजी स्टेशन चालू किए, 37,000 इंच-किमी पाइपलाइन बिछाई और 5.15 लाख से अधिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन जोड़े।
- शेल, एक्सॉनमोबिल, ओएनजीसी और एचपीसीएल के साथ समझौता ज्ञापन किए गए। इनका उद्देश्य एलएनजी बंकरिंग, गैस मुद्रीकरण, व्यापार और छोटे पैमाने पर एलएनजी तैनाती जैसे क्षेत्रों में सहयोग करना है।
- इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) पर ट्रेडिंग की मात्रा तीन गुना बढ़कर 296 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर हो गई। इस एक्सचेंज पर कुल ट्रेडिंग मात्रा में इंडियनऑयल का हिस्सा 21% रहा।

अन्वेषण और उत्पादन

इंडियनऑयल का अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) व्यवसाय घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रचालनों के जरिए भारत की अपस्ट्रीम ऊर्जा सुरक्षा निरंतर सुदृढ़ कर रहा है। इस व्यवसाय का 2024-25 में उत्पादन बढ़ा, इसका भंडार आधार विस्तृत हुआ और कोल बेड मीथेन तथा पारंपरिक हाइड्रोकार्बन परिसंपत्तियों में इसने अहम उपलब्धियां हासिल कीं। प्रबंधित जोखिम के साथ वैश्विक भागीदारी और प्रौद्योगिकी उन्मुख अन्वेषण के संतुलित मिश्रण से इंडियनऑयल अपस्ट्रीम क्षेत्र में निरंतर दीर्घावधि मूल्य सृजित कर रही है।

- ↗ वर्ष के लिए अपस्ट्रीम उत्पादन का हिस्सा गत वर्ष के 4.26 मिलियन मीट्रिक टन तेल समतुल्य से बढ़कर 4.45 मिलियन मीट्रिक टन तेल समतुल्य हो गया। यह वृद्धि निम्नांकित कारणों से हुई:
  - कनाडा में पीएनडब्ल्यू परियोजना से उत्पादन में वृद्धि।
  - इंडियनऑयल के बीके-सीबीएम-2001/1 ब्लॉक (झारखंड) में गैस उत्पादन की शुरुआत।
- ↗ ब्लॉक एएपी-ओएन-94/1 (डिरोक, असम) में वर्कओवर ऑपरेशन के चलते क्षेत्र में 127 बीसीएफ की अतिरिक्त गैस-इन-प्लेस (2पी) की खोज हुई।
- ↗ कोल बेड मीथेन में सफलता मिलने से बीके-सीबीएम-2001/1 ब्लॉक से गैस उत्पादन शुरू हुआ। इससे बोकारो हब में इंडियन गैस एक्सचेंज के जरिए इंडियनऑयल की पहली सीबीएम गैस बिक्री शुरू हुई।
- ↗ एनसीएलटी के जरिए पहला अधिग्रहण पूरा हुआ, मर्केटर पेट्रोलियम लिमिटेड में 100% हिस्सेदारी खरीदी और गुजरात के विपुल कैम्बे बेसिन में ब्लॉक सीबी-ओएनएन-2005/9 का स्वामित्व प्राप्त किया।
- ↗ अबू धाबी के ब्लॉक ऑनशोर-1 में वेल एक्सएन-76 में हाइड्रोफ्रैकिंग के जरिए पहली अपरंपरागत हाइड्रोकार्बन खोज। निकट भविष्य में उत्पादन शुरू करने में सहायता के लिए रुवैस द्वारा खोज किए जाने के लिए एडनॉक के साथ उत्पादन रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

लोअर ज़ाकुम सेंट्रल सुपरकॉम्प्लेक्स, यूएई - इंडियनऑयल ने इस विशाल तेल क्षेत्र में अल्पसंख्यक भागीदारी हित (पीआई) प्राप्त किया है।

वैश्विक स्तर पर भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार

हमने प्रभावशाली साझेदारियों, सीमा-पार अवसंरचना परियोजनाओं और बाजार विस्तार के जरिए अपनी अंतर्राष्ट्रीयकरण रणनीति को गति दी।

- ↗ नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ मोतिहारी-अमलेखगंज पाइपलाइन का चितवन (नेपाल) तक विस्तार करने और सिलीगुड़ी-झापा (नेपाल) पाइपलाइन के विकास के साथ-साथ नेपाल में दो ग्रीनफ़ील्ड टर्मिनलों के विकास हेतु दो ऐतिहासिक फ्रेमवर्क समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- ↗ श्रीलंका और बांग्लादेश को पहली बार एक्सपी100 और एवीगैस 100 एलएल का निर्यात।
- ↗ बांग्लादेश को 635 टीएमटी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति।
- ↗ नेपाल में एक सर्वो ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र बनाने के लिए हंसराज हुलासचंद एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के साथ 50:50 का संयुक्त उद्यम (आईओएमएल हुलास ल्यूब प्राइवेट लिमिटेड) किया गया।
- ↗ पेट्रोकैमिकल्स, एसएएफ, लॉजिस्टिक्स, कार्बन क्रेडिट और बायोप्लास्टिक में संयुक्त उद्यमों की संभावनाओं का पता लगाने के लिए मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन (जापान और भारत) के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन किया गया।
- ↗ भारत में इंडमैक्स उत्प्रेरकों के संयुक्त निर्माण के लिए सूड-केमी इंडिया प्रा. लि. (एससीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन किया गया। इससे स्वदेशी क्षमता और प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग क्षमता में वृद्धि होगी।

नेपाल में पेट्रोलियम अवसंरचना के विकास के लिए नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ B2B फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर

विस्फोटक पदार्थ

इंडियनऑयल ने भारत के थोक विस्फोटक क्षेत्र में अपना नेतृत्व बनाए रखा है। उसने सुरक्षित और विश्वसनीय आपूर्ति समाधानों के जरिए खनन, अवसंरचना और भारी उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सेवाएं दीं।

इस व्यवसाय ने 2024–25 में 319 टीएमटी से अधिक की रिकॉर्ड बिक्री की। इससे इस उद्योग की कई बड़ी कंपनियों के लिए हम 'पसंदीदा भागीदार' बनकर उभरे।

- तमिलनाडु के नेवेली में 4,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष के लाइसेंसशुदा साइट मिक्स्ड एक्सप्लोसिव्स (एसएमई) संयंत्र की शुरुआत हुई। यह एनएलसी इंडिया लिमिटेड की विस्फोटक पदार्थों की मांग को संतुष्ट करेगा।
- पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति को और सुदृढ़ करते हुए कंपनी ने देवप्रभा माइनिंग एंड इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के लिए माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर (एम डीओ) के रूप में जोड़ा है।
- वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि. के माजरी क्षेत्र में एक बल्क एक्सप्लोसिव्स सहायता संयंत्र और तेलंगाना के मंदामरी में 30–केटीए एसएमई संयंत्र का विकास हुआ। इससे क्षमता और कवरेज को सुदृढ़ किया जा सकेगा और इंडियनऑयल को भारत की औद्योगिक ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में और एकीकृत किया जा सकेगा।

खदान स्थल पर भारी मात्रा में विस्फोटक का चार्ज

वैकल्पिक ऊर्जा की ओर झुकाव

अपने 'नेट–जीरो 2046' विजन के अनुरूप हम कंप्रैस्ड बायोगैस (सीबीजी), संधारणीय विमानन ईंधन (एसएएफ) और समुदाय आधारित चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल पर रणनीतिक ध्यान देते हुए अपने हरित ऊर्जा पोर्टफोलियो को तेजी से बढ़ा रहे हैं।

इंडियनऑयल – हरित हाइड्रोजन गतिशीलता को सशक्त बनाना

'सतत' (सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टुवॉर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन) पहल के अंतर्गत इंडियनऑयल निजी उद्यमियों को सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में सहायता करती है। हम सीबीजी उत्पादन बढ़ा रहे हैं। मार्च 2025 तक 44 सीबीजी संयंत्र चालू हो चुके हैं। इंडियनऑयल ने इन संयंत्रों के जरिए 125 खुदरा दुकानों और 4 औद्योगिक ग्राहकों को 'इंडीग्रीन' ब्रांड तले सीबीजी बिक्री की सुविधा दी है।

इनमें से इंडियनऑयल ने अपने स्वयं के निवेश से 4 सीबीजी संयंत्र चालू किए हैं। इनमें ग्वालियर की आदर्श गौशाला में 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाला गोबर–आधारित सीबीजी संयंत्र शामिल है। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था।

इसके अलावा इंडियनऑयल 30 सीबीजी संयंत्र लगा रहा है। इनमें से 9 परियोजनाओं पर हमारे संयुक्त उद्यम, आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल प्रा. लि. के जरिए कार्य प्रगति पर है। शेष परियोजनाएं भी कार्याधीन हैं।

एसएएफ में हम पानीपत में 86.8 केटीपीए क्षमता वाला भारत का पहला व्यावसायिक संयंत्र विकसित कर रहे हैं। इसे लैंजाजेट इंक. के साथ साझेदारी में उनकी उन्नत अल्कोहल–टू–जेट (एटीजे) तकनीक का लाभ उठाते हुए बनाया जा रहा है।

P R I N T

लागत अनुकूलन को बढ़ावा

लागत दक्षता दीर्घावधि स्पर्धात्मकता के लिए अहम है

- ↗ सभी क्षेत्रों में प्रचालन दक्षता में वृद्धि करना।
- ↗ एलपीजी बॉटलिंग, सिविल एएफएस और लॉजिस्टिक्स जैसे उच्च लागत वाले क्षेत्रों में कमी करना।
- ↗ रणनीतिक लागत नियंत्रण के जरिए सर्वश्रेष्ठ परिसंपत्ति उपयोग और लाभांश मार्जिन अर्जित करना।

वित्तीय पूंजी

श्री अनुज जैन
निदेशक (वित्त)

"इंडियनऑयल ने 2024-25 में भू-राजनीतिक और बाजार की अस्थिरताओं के असर को बखूबी संभालते हुए सुदृढ़ वित्तीय निष्पादन किया। अनुशासित लागत अनुकूलन, रणनीतिक पूंजीगत व्यय और सुदृढ़ शासन-विधि (गवर्नेंस) के साथ कंपनी ने विकास, संधारणीयता और हितधारक मूल्यों में संतुलन बनाए रखा।"

स्प्रिंट गति से- राजकोषीय विवेक के साथ

वृहतब चुनौतियों के बीच भी दशकों से हमारा उत्कृष्ट वित्तीय निष्पादन विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन का परिणाम रहा है। हमने यहां विकास की महत्वाकांक्षाओं को लागत अनुकूलन और मूल्य श्रृंखला में सुस्थिरता के लक्ष्यों के साथ संतुलित किया है।

इंडियनऑयल में हम अपने हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित करने हेतु रणनीतिक विज़न और सक्रिय निवेश के साथ 'स्प्रिंट' गति से लगाने को कृत संकल्पित हैं। एक भविष्य–उन्मुख कंपनी के रूप में हम अपने रिफाइनिंग व्यवसाय का विस्तार करने के लिए हाई–इम्पैक्ट अवसंरचना में निवेश कर रहे हैं और विपणन व पाइपलाइन अवसंरचना में भी निवेश कर रहे हैं।

प्रभावित हितधारक

- निवेशक और शेयरधारक
- सरकारी और विनियामकीय निकाय

महत्वपूर्ण विषय

↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और जवाबदेही

एसडीजी लिंकेज

इनपुट

इक्विटी शेयर पूंजी

₹ 13,772 करोड़

अन्य इक्विटी

₹ 1,64,905 करोड़

कुल उधार

₹ 1,34,466 करोड़

वित्तीय लचीलापन

हम वित्तीय जोखिमों को न्यून करते हैं और लचीलेपन के साथ सुदृढ़ता सुनिश्चित करते हैं –

- ↗ सक्रिय राजकोषीय प्रचालन और लिक्विडिटी बफर
- ↗ विदेशी मुद्रा और ब्याज दर संबंधी जोखिमों के लिए हेजिंग रणनीतियां
- ↗ बाहरी झटकों के बचने के लिए रोधक नियोजन
- ↗ ऋण पोर्टफोलियो को सतत गियरिंग स्तरों पर इष्टतम करना

स्प्रिंट (गति से) की भावना के अनुरूप ये पद्धतियां लगातार निष्पादन और उत्तरदायित्वपूर्ण बदलाव की हमारी क्षमता सुनिश्चित करती हैं।

कर प्रशासन

इंडियनऑयल के कर प्रशासन की जड़ें एक ऐसी एकीकरण रणनीति में जमी हैं, जो दक्ष कर नियोजन, सक्रिय विवाद समाधान और रियल-टाइम नीतिगत निगरानी को साथ लाती है। हम रोबोटिक प्रॉसेस ऑटोमेशन जैसी तकनीकों का उपयोग करते हैं, कड़े अनुपालन परीक्षण बनाए रखते हैं और कर दक्षता एवं सामंजस्य बढ़ाने के लिए लगातार व्यापार मॉडलों और दस्तावेज की समीक्षा करते हैं।

विवादों का समाधान कानूनी समीक्षा, अग्रिम निर्णयों और कर प्राधिकरणों के साथ निकट सहयोग के जरिए किया जाता है। वहीं उभरते नीतिगत परिवर्तनों का आकलन सीबीआईसी अपडेट, प्रभाव विश्लेषण और आपूर्ति श्रृंखला समीक्षा के जरिए किया जाता है। इससे अनुपालन, जागरुक निर्णय और निरंतर प्रचालन सुदृढ़ता सुनिश्चित होती है।

आउटपुट

प्रचालनों से राजस्व

₹ 8,45,513 करोड़

प्रचालनगत नगदी प्रवाह

₹ 33,170 करोड़



बाजार पूंजीकरण

₹ 1,80,328 करोड़

कर पश्चात लाभ (पीएटी)

₹ 12,962 करोड़



एबिटा

₹ 38.060 करोड़



प्रमुख अनुपात

ऋण–इक्विटी अनुपात
0.75

नियोजित औसत पूंजी पर प्रतिलाभ
(% में)
7.10



आस्तियों पर प्रतिलाभ
(% में)
2.70

ब्याज सेवा कवरेज अनुपात
(गुणा)
4.02



औसत नेटवर्थ पर प्रतिलाभ
(% में)
8.69

साझा मूल्य सृजन

इंडियनऑयल का मानना है कि वित्तीय पूंजी को सभी हितधारकों (कर्मचारियों, निवेशकों, नियामकों, व्यवसाय भागीदारों और समुदायों) के लिए समावेशी मूल्य सृजन करने का उद्देश्य पूरा करना चाहिए। '**राष्ट्र–प्रथम**' के अपने सिद्धांत के अनुरूप ही हम प्रतिबद्ध हैं कि हमारा वित्तीय प्रदर्शन व्यापक सामाजिक प्रगति को गति दे और हम उद्देश्य और उत्तरदायित्व की भावना के साथ 'स्प्रिंट' (गति से) लगा सकें।

मूल्य वितरण
(करोड़ ₹ में)

₹ 79,785.17 करोड़

कुल वितरित मूल्य

- **₹ 49,056.92 करोड़**
  प्रचालन लागत
- **₹ 10,363.66 करोड़**
  कर्मचारी लाभ
- **₹ 1,409.87 करोड़**
  आय कर
- **₹ 583.04 करोड़**
  सीएसआर व्यय
- **₹ 18,371.68 करोड़**
  पूंजी प्रदाता को भुगतान
  - ₹ 8,731.59 करोड़
    ऋणदाताओं को ब्याज
  - ₹ 9,640.09 करोड़
    2024–25 के दौरान शेयरधारकों को लाभांश भुगतान

सृजित मूल्य
(करोड़ ₹ में)

₹ 99,892.92 करोड़

कुल आर्थिक मूल्य सृजित

संरक्षित मूल्य
(करोड़ ₹ में)

₹ 20,107.75 करोड़

कुल संरक्षित मूल्य

भविष्य उज्ज्वल है

इंडियनऑयल आगे की ओर परिवर्तनकारी छलांग लगाते हुए निम्नांकित बदलवों के लिए प्रतिबद्ध है:

- ↗ **पेट्रोकेमिकल्स, प्राकृतिक गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ गतिशीलता समाधानों के उत्पादन के लिए अधिक निवेश करना।**
- ↗ **ऊर्जा सुरक्षा के मद्देनज़र अपनी अवसंरचना का विस्तार करना।**
- ↗ **डिजिटल बुद्धिमत्ता और प्रचालन गतिशीलता को सुदृढ़ करना।**
- ↗ **शेयरधारकों को निरंतर रिटर्न से पुरस्कृत करना**

S P R I N T

ग्राहक केंद्रीयता को मजबूत करना

हर पहल में मध्य में ग्राहक को रखना :

- ↗ खुदरा और संस्थागत दोनों ग्राहकों के लिए #1 विकल्प बनकर उभरना।
- ↗ अनछुए ग्राहक अनुभागों (सैगमेंट्स) में विस्तार करना और उत्पाद पोर्टफोलियो विविधिकृत करना।
- ↗ विशिष्ट, आकर्षक अनुभव प्रदान करना, जिससे ग्राहक निष्ठा और बाजार उपस्थिति गहरी हो।

सामाजिक और संबंधों की पूंजी

श्री वी. सतीश कुमार
निदेशक (वित्त)

“इंडियनऑयल ने कस्टमर टच पॉइंट्स (ग्राहक संपर्क बिंदु) के व्यापक नेटवर्क के विस्तार के साथ-साथ ‘वन टीम वन गोल’ जैसी पहलों और ‘विश्लेषण’ एवं ‘वीबा’ चैटबॉट, ‘ईपिक’ एवं ‘इंडियनऑयल वन ऐप’ जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए अपने ग्राहक संपर्क को मजबूत किया है। उद्देश्यपरक सीएसआर पहलों और सुदृढ़ आपूर्तिकर्ता प्रशासन के साथ कंपनी समुदायों के साथ गहरे संबंध बना रही है। साथ ही, दीर्घावधि साझा मूल्यों को भी बढ़ावा दे रही है।”

साझा मूल्यों और स्थायी संबंधों के साथ ‘स्प्रिंट’ (गति से)

हमारी सामाजिक और संबंधों की पूंजी ही निरंतर सफलता और समावेशी विकास का आधार है। इससे सभी हितधारक लाभान्वित होते हैं। भारत की एकीकृत ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी होने के नाते हम सार्थक संवाद, लाभप्रद साझेदारियों और परिवर्तनकारी सामुदायिक असर के जरिए एक अरब लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी हैं। हमारे प्रचालन हितधारकों के एक बड़े व्यापक वर्ग को छूते हैं, जो हमारी मूल्य–सृजन यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रभावित हितधारक

- ग्राहक
- समुदाय और समाज
- सरकारी और विनियामकीय निकाय
- व्यावसायिक साझेदार

महत्वपूर्ण विषय

- ↗ उत्पाद प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि
- ↗ सामुदायिक विकास
- ↗ नैतिक व्यवसाय आचरण और जवाबदेही
- ↗ आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

एसडीजी लिंकेज

ग्राहक

ग्राहकों के साथ हमारा रिश्ता दशकों की विश्वसनीय सेवा और निरंतर नवाचार पर टिका है। हमारे 15.46 करोड़ से ज़्यादा सक्रिय एलपीजी ग्राहकों, 40,221 ईंधन स्टेशनों और पेट्रोकेमिकल्स एवं वैकल्पिक ईंधनों के बढ़ते आधार के साथ हमारा ग्राहक पारिस्थितिक तंत्र विशाल और विविधिकृत है। उन्हें बेहतर सेवाएं देने के लिए हमने लगातार डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म्स, कस्टमर केयर फ्रेमवर्क्स और ऐसे सुरक्षित वितरण तंत्रों में निवेश किया है, जो सुरक्षा और संतुष्टि को प्राथमिकता देते हैं।

इंडियनऑयल की ताकत इसका विविध ग्राहक आधार है

वर्ष के दौरान हमने इंडियनऑयल के ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म (एपिक) को सुदृढ़ करना जारी रखा। यह हमारा एकीकृत डिजिटल मेरुदंड है, जो धाराप्रवाह लेन-देन, सीआरएम, लॉजिस्टिक्स और स्वयं-सेवा उपकरणों को सक्षम करता है। यह प्लेटफॉर्म अब 30 लाख से ज़्यादा इंडेन एलपीजी सिलेंडरों की दैनिक डिलीवरी की सुविधा देता है। ल्युब्रिकेंट्स के लिए 1,248 लाख से ज़्यादा इनवॉइस बनाता है और प्रतिदिन 6 लाख से ज़्यादा लॉयल्टी रिवॉर्ड प्वाइंट लेन-देन के औसत रीयल-टाइम रिडेम्पशन को सक्षम करता है।

ग्राहकों की यात्राओं को डिजिटलीकृत करने के हमारे प्रयासों में एलपीजी कनेक्शन ट्रांसफर के लिए 'ईजी-गो सुविधा' का विस्तार, पायलट स्थलों पर बायोमेट्रिक सत्यापन के साथ डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड को एकीकृत करना प्रमुख है। साथ ही स्मार्ट नोटिफिकेशन, रीफिल ट्रैकिंग, ग्रिवांस लॉगिंग करते हुए इंडियनऑयल वन ऐप को बेहतर बनाना भी इसमें शामिल है।

इन डिजिटल उपकरणों को एक सुदृढ़ भौतिक इंटरफेस का साथ भी मिला हुआ है। इसमें फील्ड अधिकारी, डीलरशिप सहायता और ग्राहक संपर्क बिंदु जैसे - 1906 आपातकालीन हेल्पलाइन, सीपीजीआरएएमएस पोर्टल इंटीग्रेशन और स्थानीय फीडबैक प्रणाली शामिल हैं। हर शिकायत को केवल एक शिकायत के रूप में नहीं, बल्कि सुधार के एक अवसर के रूप में देखा जाता है। अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के लिए आयोजित हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम सहानुभूति, उत्तरदायित्व और ग्राहक-केंद्रित समस्या समाधान पर बल देते हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि अंतिम-मील तक हमारा संपर्क हमारी केंद्रीय प्रणालियों जितना ही सुदृढ़ हो।

आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसाय साझेदार

आपूर्तिकर्ताओं और व्यवसाय साझेदारों का हमारा मजबूत नेटवर्क देश में धाराप्रवाह ऊर्जा वितरण सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारी खरीद प्रक्रियाएं पारदर्शिता, निष्पक्षता और आत्मनिर्भरता व संधारणीयता जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ सामंजस्य रखती हैं। हमने ईएसजी जोखिम आकलनों का विस्तार अपने विक्रेताओं तक किया है तथा वित्त, गुणवत्ता और पर्यावरण के मानकों की निगरानी के लिए आपूर्तिकर्ता संबंध प्रबंधन (एसआरएम) प्रणाली का लाभ उठाते हुए आपूर्तिकर्ता प्रशासन को बेहतर किया है।

सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को सहयोग देने के लिए हम खरीद की विशिष्ट वस्तुओं को चिन्हित करते हैं, पात्रता मानदंडों को सरल बनाते हैं और एनआईसी तथा जीईएम जैसे प्लेटफार्म्स के जरिए डिजिटल भागीदारी को बढ़ावा देते हैं। इसके अतिरिक्त, हम दीर्घावधि अनुबंधों और उद्योग मंचों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय व्यापार भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं, वैश्विक साझेदारियां करते हैं और विकास के नए अवसर खोलते हैं।

निवेशक और शेयरधारक

उत्तरदायित्वपूर्ण प्रबंधन के जरिए समृद्ध आत्मविश्वास

निवेशकों का भरोसा इंडियनऑयल के दीर्घावधि मूल्यों का अभिन्न अंग है। हमारा वित्तीय प्रबंधन व्यवस्था विवेक, पारदर्शिता और निरंतर लाभप्रदता के सिद्धांतों पर आधारित है। हम निरंतर संवाद, विस्तृत प्रकटन और समयबद्ध लाभांश भुगतान के जरिए अपने प्रबंधन और विजन में शेयरधारकों का विश्वास बनाए रखते हैं।

हमने 2024-25 में लाभप्रदता और दीर्घावधि पूंजीगत आवश्यकताओं के अनुरूप लाभांश भुगतान बनाए रखा। निवेशकों से हमारा संवाद तिमाही आय के फोन कॉल, निवेशकों के रोड शो और निवेशकों की ईएसजी-थीम वाली ब्रीफिंग तक फैला हुआ था, जो पारदर्शिता और दो-तरफा संचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमने सेबी के बीआरएसआर फ्रेमवर्क और जीआरआई और टीसीएफडी जैसे वैश्विक मानकों के अनुरूप ईएसजी प्रकटन को भी सुदृढ़ किया। इससे सामाजिक जागरूकता वाले निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ।

₹4,131 करोड़

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित लाभांश

32%

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लाभांश भुगतान अनुपात

सरकारी और विनियामकीय निकाय

इंडियनऑयल की सरकार और विनियामकीय संस्थाओं के साथ गहरी साझेदारी है, जो पारस्परिक विश्वास, नीतिगत सामंजस्य और समावेशी राष्ट्रीय विकास के साझा विज़न पर आधारित है। हम संधारणीय विकास को बढ़ावा देने वाले फ्रेमवर्कों को सह-विकसित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करते हैं। अपनी ग्रीन एनर्जी कंपनी टेरा क्लीन लिमिटेड के जरिए हम नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के अहम क्षेत्र में नीतिगत लक्ष्यों को जमीनी प्रभाव में बदल रहे हैं।

ये प्रयास सीधे तौर पर भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं और 2046 तक हमारे शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य का समर्थन करते हैं। विकसित भारत @2047, उज्ज्वला 3.0 और नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैसे प्रमुख कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान देते हुए हम राष्ट्र-निर्माता के रूप में अपनी भूमिका सुदृढ़ कर रहे हैं। सभी के लिए ऊर्जा समानता और तन्यकता सुनिश्चित करते हुए हम एक स्वच्छ ऊर्जा वाले भविष्य को आकार दे रहे हैं।

₹2,32,299 करोड़

राजकोष में योगदान

स्थानीय समुदाय

समुदायों के साथ हमारा संबंध सहानुभूति, सशक्तिकरण और दीर्घावधि सामाजिक प्रभाव से परिभाषित होता है। विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले संगठन के रूप में हम लक्षित, हाई-इम्पैक्ट पहलों के जरिए समुदायों के उत्थान को प्रतिबद्ध हैं। यह हमारी सीएसआर नीति और संधारणीय विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप हैं।

हम जिन समुदायों को सेवाएं देते हैं, उनके समावेशी राष्ट्र-निर्माण और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान भी देते हैं। अपने संरचित सीएसआर कार्यक्रमों के जरिए हम शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अवसंरचना में व्यापक सहयोग करते हैं। असम ऑयल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और आईटीआई व पॉलिटेक्निक शिक्षा के लिए ज्ञानोदय कार्यक्रम जैसी प्रमुख परियोजनाएं समतामूलक विकास पर हमारे ध्यान देने का उदाहरण हैं। हम मूल्य श्रृंखला में स्थानीय स्रोतों, उद्यमिता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देकर स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं का भी समर्थन करते हैं।

₹583.04 करोड़

सीएसआर पहलों में निवेश

1.36+ करोड़

लाभार्थियों तक सीएसआर कार्यक्रमों के जरिए पहुंच

प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर इंडियनऑयल के ऊर्जा और विश्वास के वादे को दर्शाता है

मिशन लाइफ : अनुकरणीय नेतृत्व, सोद्देश्यपूर्ण जीवन

इंडियनऑयल ने 2024-25 के दौरान सुविचारित और संपोषी जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले वैश्विक आंदोलन 'मिशन लाइफ' को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। विभिन्न पहलों के जरिए हमने समुदायों, कर्मचारियों और ग्राहकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। जागरूकता अभियानों और जन सहभागिता गतिविधियों से लेकर उत्तरदायित्वपूर्ण उपभोग और अपशिष्ट न्यूनीकरण प्रयासों तक हमने पर्यावरणीय सोच को अपने दैनिक कार्यों में शामिल किया है।

3.5 लाख + नागरिक

जलवायु-अनुकूल आदतों और गहन पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने वाले समावेशी, कार्य-उन्मुख कार्यक्रमों के जरिए सीधे जुड़े।

1 लाख + पौधे

रिटेल आउटलेट और ग्राहक आउटरीच कार्यक्रमों के जरिए दिल्ली एनसीआर में वितरित।

मिशन लाइफ (2024-25) के अंतर्गत प्रमुख पहल

जागरूकता फैलाना

- सस्टेनेबल जीवनशैली के संबंध में स्पष्ट संदेश देने के लिए रिटेल आउटलेट्स पर होर्डिंग और स्टैंडी प्रदर्शित किए गए।
- स्थानीय समुदायों को शिक्षित करने और उन्हें साथ जोड़ने के लिए नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया गया।
- नागरिकों को सीधे जोड़ने के लिए जमीनी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा

- घरों में कार्बन उत्सर्जन कम करने और बिजली का उपयोग घटाने में मदद के लिए एलईडी बल्ब और उच्च दक्षता वाले चूल्हे वितरित किए गए।
- लक्ष्य केंद्रित जागरूकता सत्रों के जरिए बिजली बचाने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।

ग्रीन कवर और नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहन

- ग्रीन कवर और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान और बीज वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व किया।
- नागरिकों के नेतृत्व वाले हरित प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ईंधन स्टेशनों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के जरिए एनसीआर में 1 लाख से अधिक पौधे वितरित किए गए।

सर्कुलर अर्थव्यवस्था को सक्षम बनाना

- एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग में कमी करने के लिए अधिक आवाजाही वाले स्थानों पर रिवर्स वेंडिंग मशीन और कपड़ा बैग वेंडिंग मशीनें लगाई गईं।
- जमीनी अभियानों और दृश्य संकेतों के जरिए अपशिष्ट पृथक्करण और रीसाइकलिंग को बढ़ावा दिया गया।

संरक्षण के लिए सामुदायिक संवाद

- विशेषज्ञों की मेजबानी 'भारत के जल पुरुष' श्री राजेंद्र सिंह द्वारा एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया। इसमें विभिन्न मंचों से 1,100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- समुदाय के नेतृत्व में जल संरक्षण और सस्टेनेवल संसाधन प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

नवाचार प्रभाव

- 'सस्टेन-ए-थॉन 2024' के जरिए 35,000 से अधिक प्रतिभागियों को जोड़ा गया और सस्टेनेबिलिटी संबंधी चुनौतियों के लिए व्यावहारिक समाधान जुटाए गए।
- 'स्पीक अप फॉर द प्लैनेट 2.0' जैसे अभियानों के साथ-साथ नारों, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के जरिए युवाओं को संगठित किया गया।

डिजिटल संकल्प आंदोलन

इंडियनऑयल के कर्मचारियों ने अपने निजी और पेशेवर जीवन में संपोषी प्रथाओं को अपनाने और उनकी वकालत करने का डिजिटल संकल्प लिया है। यह सामूहिक ऑनलाइन कार्रवाई धरती के प्रति उत्तरदायित्व को लेकर इंडियनऑयल की आंतरिक संस्कृति को दर्शाती है।

अध्यक्ष ने इंडियनऑयल के हाइड्रोकार्बन और पेट्रोकेमिकल्स कारोबार पर छात्रों के साथ चर्चा की

IndianOil

अनुसंधान से प्रेरित ऊर्जा से परिभाषित

इंडियनऑयल का अनुसंधान और विकास केंद्र एशिया के प्रमुख ऊर्जा अनुसंधान केंद्रों में से एक है

- सर्वो के साथ–साथ यहाँ 100 से ज़्यादा तरह के लुब्रिकेंट और ग्रीस बनाए गए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं और देश की अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र को चलायमान रखते हैं।
- INDMAX, indeDiesel, OCTAMAX और IndDSK जैसी उन्नत तकनीकों के साथ, इंडियनऑयल अपनी रिफ़ाइनरियों के लिए तकनीकी अत्याधुनिक प्रक्रियाओं और कैटेलिस्टों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।
- इंडियनऑयल ने XP95, XP100, STORM, XTraTej और Nanocut जैसे कई खास ईंधन तैयार किए हैं।
- फ्यूल सेल जैसी उन्नत तकनीक के ज़रिए इंडियनऑयल द्वारा भारत की हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की जा रही है।
- कृषि अपशिष्ट को कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्रौद्योगिकी, कार्बन अवशोषण और उपयोग प्रौद्योगिकी, स्वच्छ खाना पकाने के समाधान, और दूसरी नई खोजों के ज़रिए नेट–ज़ीरो लक्ष्य की दिशा में काम किया जा रहा है।
- लगभग 1700 सक्रिय पेटेंटों के साथ, इंडियनऑयल के नवाचार सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय है।



S P R I N T

प्रौद्योगिकी और नवाचार का एकीकरण

व्यवसाय को भविष्य में सुरक्षित बनाने के लिए डिजिटल और नवाचार की शक्ति का उपयोग करना :

- ↗ उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी प्रभागों, अनुभागों में उत्पादों और सेवाओं में नवाचार को बढ़ावा देना।
- ↗ ऐसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना जो चपलता, सुरक्षा और विस्तार क्षमता में सुधार करती हैं।

बौद्धिक पूंजी

डॉ. आलोक शर्मा
निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)

"अग्रणी उत्प्रेरकों, स्वच्छ ईंधनों और कार्बन कैप्चर तकनीक से लेकर एआई-संचालित प्रचालनों और स्वदेशी पाइपलाइन उपकरणों तक इंडियनऑयल का अनुसंधान तथा विकास दक्षता, सुस्थिरता और आत्मनिर्भरता पर केंद्रित रहा है। रणनीतिक सहयोग और डिजिटल प्रणालियों ने प्रयोगशाला से बाजार तक नवाचार को और तेज किया।"

बौद्धिक कुशाग्रता के साथ स्प्रिंट, गति से

देश की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी के रूप में इंडियनऑयल की यात्रा बौद्धिक पूंजी के एक मजबूत आधार पर खड़ी है। ये अत्याधुनिक नवाचार, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और 'फ्यूचर–रेडी' (भविष्य के लिए तैयार) की मानसिकता से प्रेरित है।

हमारा व्यवसाय मॉडल वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलावों के अनुरूप निरंतर अपने आप में बदलाव कर रहा है। एक सशक्त प्रतिभा श्रृंखला (टेलेंट पाइपलाइन) को बढ़ावा देकर तथा निरंतर सीखने एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देकर इंडियनऑयल अपने ग्राहकों, हितधारकों और राष्ट्र के लिए स्थायी मूल्य सृजन करने वाले चुस्त, ऊर्जा समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रभावित हितधारक

- कर्मचारी
- ग्राहक
- सरकारी और विनियामकीय निकाय

महत्वपूर्ण विषय

↗ डेटा और साइबर सुरक्षा

↗ उत्पाद प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि

एसडीजी लिंकेज

अनुसंधान और विकास में उत्कृष्टता प्रदान करना

हमारे अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) प्रयासों और प्रमुख नवाचार पहलों ने 2024-25 के दौरान रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स, पाइपलाइन, विपणन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ठोस परिणाम दिए। हमने कंपनी में कई प्रौद्योगिकियों और समाधानों को विकसित किया। इनमें से प्रत्येक दक्षता बढ़ाने, निर्भरता कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए है। अनुसंधान एवं विकास की प्रमुख गतिविधियों के अलावा सभी प्रभाग प्रचालन दक्षता में सुधार, ऊर्जा उपभोग में कमी और संपोषी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नवाचार पहलों का सक्रिय क्रियान्वयन कर रहे हैं।

हमारे अनुसंधान एवं विकास के प्रयास और प्रमुख नवाचार पहलें तीन स्तंभों पर हैं –

1 **ऊर्जा परिवर्तन**
वैकल्पिक ईंधनों के लिए स्नेहक (लुब्रिकेंट), उन्नत कार्बन सामग्री, हाइड्रोजन उत्पादन तथा सीओटीसी, ड्रॉप-इन ईंधन और CO_2 रूपांतरण के लिए उत्प्रेरकों का विकास।

2 **संधारणीयता**
जैव ऊर्जा, जैव प्लास्टिक, रासायनिक पुनर्चक्रण, विशेषीकृत उत्पादों, स्वच्छ परिवहन, ऊर्जा दक्षता और उत्प्रेरकों एवं योजकों के पुन: उपयोग को बढ़ावा देना।

3 **प्रचालन सुधार**
स्नेहक (लुब्रिकेंट), योजक, रिफाइनिंग एवं पेट्रोकेमिकल्स उत्प्रेरक, विशेष रसायन और ईंधन परिवहन प्रणालियों में नवाचार करना – प्रयोगशाला से बाज़ार की तैयारी पहुँचने तक।

फरीदाबाद, हरियाणा में अनुसंधान एवं विकास केंद्र

नए उत्पादों का लॉन्च

हमारा गहन और व्यापक अनुसंधान एवं विकास लगातार पर्यावरण अनुकूल समाधान देने पर केंद्रित है। हम अत्याधुनिक आरएंडडी सहयोग के जरिए अपने प्रभागों के लिए लाभप्रदता भी बढ़ाते हैं।

प्रोपेनप्लस®

यह एक हरित ईंधन है। इसका फ्लेम (लौ) तापमान अधिक होता है और कार्बन उत्सर्जन कम होता है।

एक्स्ट्राबूस्ट®

बेहतर ईंधन मितव्ययता, बल और त्वरण के लिए उन्नत ऑटोगैस है।

सिंथेटिक ईवी ट्रांसमिशन ऑयल

इलेक्ट्रिक वाहन ड्राइवट्रेन के लिए उच्च निष्पादन वाला तेल है।

सर्वो फ़्यूचरा ईवी ग्रीस

उच्च निष्पादन वाले योजकों के साथ ईवी मोटरों और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए स्नेहक (ल्युब्रिकेंट) है।

स्टॉर्म–एक्स

प्रमुख मोटरस्पोर्ट आयोजनों के लिए अनुमोदित हाई–ऑक्टेन रेसिंग ईंधन है।

प्रीमियम एएसए

ईंधन ट्रांसफर के दौरान स्टेटिक डिस्चार्ज को रोकने के लिए एंटीस्टेटिक योजक है।

सूर्या नूतन

उच्च तापीय दक्षता और बीआईएस अनुपालन के साथ कॉम्पैक्ट सोलर कुकटॉप।

नैनोकोट–I®

पाइपलाइनों और ईंधन प्रणालियों के लिए संक्षारण प्रतिरोधी कोटिंग।

आई–जेडएन22®

प्रोपाइलीन उत्पादन के लिए उच्च दक्षता वाला उत्प्रेरक है।

1,809
पेटेंट 31 मार्च, 2025 तक दायर किए गए

169
नए लुब्रिकेंट फॉर्म्युलेशन

58
ओईएम अनुमोदन

स्व-विकसित प्रौद्योगिकियों के साथ रिफाइनिंग प्रचालनों में बदलाव

हमने पारादीप रिफाइनरी में 300 केटीपीए की indDSK® इकाई शुरू की है। इससे कम सल्फर वाले पाइपलाइन अनुरूप केरोसिन का उत्पादन होगा और सुचारू पाइपलाइन ढुलाई संभव होगी। बोंगाईगांव रिफाइनरी में हमने अपने मिश्रित धातु ऑक्साइड-आधारित IV-IZOMaxCat® उत्प्रेरक को सफलतापूर्वक चालू किया है। इसने 100°C से अधिक के रिएक्टर इनलेट तापमान पर भी आइसोमरेट का उच्च उत्पादन और हाई-ऑक्टेन निष्पादन किया, जो पिछले उत्प्रेरक की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

पानीपत रिफाइनरी की उत्प्रेरक निर्माण इकाई (सीएमयू) ने एफसीसी उत्प्रेरक योजकों और हाइड्रोट्रीटिंग उत्प्रेरकों का निरंतर उत्पादन शुरू कर दिया है। ये अब कंपनी की आंतरिक मांग को पूरा कर रहे हैं और महत्त्वपूर्ण रिफाइनिंग इनपुट में हमारी आत्मनिर्भरता को बढ़ा रहे हैं। हमने विफलता विश्लेषण और अवशिष्ट जीवन मूल्यांकन के लिए उन्नत निदान प्रणालियां भी क्रियान्वित की हैं। इस सबसे रिफाइनरी व पाइपलाइन परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता बढ़ी है।

'इंडमैक्स' उत्प्रेरक के उत्पादन और आपूर्ति के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी बनाने हेतु सूड-केमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एससीआईएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

पेट्रोकेमिकल्स और डेरिवेटिव को मजबूती

हमने अपने इन-हाउस i-ZN22 उत्प्रेरक के साथ सर्वोच्च निष्पादन किया है। इसका उपयोग पारादीप रिफ़ाइनरी में पॉलीप्रोपाइलीन उत्पादन में किया जाता है। इस उत्प्रेरक ने दक्षता और उत्प्रेरक माइलेज, दोनों मामलों में अन्य व्यावसायिक किस्मों (वेरिएंट्स) से बेहतर प्रदर्शन किया है।

पाइपलाइन निष्पादन और दक्षता मानक में वृद्धि

हमने 2024-25 के दौरान कंपनी के भीतर विकसित 'इंडस्कैन'® आईपीआईजी उपकरणों का उपयोग करके 4,500 किलोमीटर से अधिक लंबाई में पाइपलाइनों का निरीक्षण किया। किसी भी एक वर्ष में यह अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि है। हमने कंपनी के भीतर विकसित 'एक्स्ट्राफ्लो'® ड्रैग रिड्यूसिंग एजेंट (डीआरए) का भी व्यावसायीकरण किया। इससे आयातित डीआरए पर निर्भरता काफी कम हो गई। 'एक्स्ट्राफ्लो'® की आपूर्ति अब एचपीसीएल, बीपीसीएल और एचएमईएल जैसे अन्य पाइपलाइन ऑपरेटरों को भी की जा रही है।

नैनोटेक्नोलॉजी अनुसंधान को प्रोत्साहन

दो स्व-विकसित नैनो-एडिटाइज्ड उत्पाद लॉन्च किए गए। पहला- 'प्रोपेन प्लस' औद्योगिक उपयोग के लिए डिजाइन किया गया। यह एक हरित ईंधन है और दूसरा- 'एक्स्ट्राबूस्ट'® ऑटोगैस का एक उन्नत संस्करण है। इसके अतिरिक्त एक विशेष कोटिंग समाधान 'नैनोकोट-I'® भी लाया गया है, जो बेहतर संक्षारण सुरक्षा देता है तथा तटीय वातावरण में विशेष रूप से प्रभावी है।

जैव ईंधन और कार्बन कैप्चर की दिशा में काम

हमारी अनुसंधान एवं विकास पहलों ने eCo_2Sorb नामक कार्बन कैप्चर तकनीक विकसित की है। इसका प्रायोगिक स्तर पर सत्यापन हो चुका है। एक उर्वरक संयंत्र में इसका उपयोग बड़े पैमाने पर जारी है। इसके अतिरिक्त, हमने एग्री-एलीट तकनीक का सफल विकास और परीक्षण किया है। ये सीबीजी संयंत्रों में प्रीमियम गुणवत्ता वाली खाद और जैव-उर्वरक पैदा करती है।

हमने एक सूक्ष्मजीव मिश्रण 'स्टबवोरस'® का फील्ड परीक्षण किया है, जो फसली कचरे के यथास्थान निपटान में सहायक है। इन तकनीकों के व्यापक उपयोग और व्यावसायीकरण के प्रयास प्रगति पर हैं।

अनुसंधान एवं विकास केंद्र में प्रभावी समाधान के लिए जटिल अनुसंधान

साझेदारी और सहयोग को बढ़ावा

हम आईआईटी सहित अग्रणी शैक्षणिक और शोध संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी के जरिए नवोन्मेष को बढ़ावा देते हैं। हम संयुक्त शोध परियोजनाओं पर काम करते हैं, जो सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के उपयोग के बीच की खाई को पाटती हैं। कंपनी नवाचार केंद्रों और इन्क्यूबेटर्स का समर्थन करती है। वह स्टार्टअप्स और शोधकर्ताओं को सर्वश्रेष्ठ तकनीकों के विकास और व्यावसायीकरण के लिए मंच प्रदान करती है। हम लक्षित शोध पहलों के लिए शैक्षणिक संस्थानों को वित्त और अनुदान भी देते हैं। इससे नवीन समाधानों के विकास और कार्यान्वयन में तेजी आती है।

42
स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए

86
बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) स्टार्टअप्स से निर्मित हुए

रणनीतिक समझौता ज्ञापन

इंडियनऑयल ने नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए कई समझौता ज्ञापन किए हैं। इनमें उत्प्रेरक योग्यता के लिए आईएनईओएस (यूके) के साथ, ED5 ईंधन और ल्युब्रिकेंट विकास के लिए सिम्पसन एंड कंपनी के साथ और विशिष्ट उत्पादों के अनुसंधान एवं विकास के लिए शिव नाडर विश्वविद्यालय के साथ हुई साझेदारी शामिल है।

उद्योग-अकादमिक सहयोग के लिए मानव रचना अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान एवं अध्ययन संस्थान (एम आरआईआईआरएस), पायरोलिसिस तेल विकास के लिए उच्च प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएचटी) और ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) तथा संयुक्त संधारणीय पहलों के लिए भारतीय बायोगैस एसोसिएशन के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) में सहयोग के लिए इंडियनऑयल और ऑयल इंडिया के बीच गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन

खरीद में डिजिटलीकरण को बढ़ावा

हम पूरी तरह से डिजिटल, एंड-टू-एंड तंत्र के जरिए अपनी खरीद प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं। निविदाओं के विवरण ई-टेंडरिंग पोर्टल के जरिए ऑनलाइन प्रकाशित किए जाते हैं, जहां बोलीदाताओं की भागीदारी इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज की जाती है। प्रक्रिया पूरी हो जाने पर क्रय आदेश या अनुबंध जैसे दस्तावेज़ ऑनलाइन तैयार किए जाते हैं और चयनित विक्रेता को दिए जाते हैं। इन विक्रेताओं को बाद में इंडियनऑयल के ईआरपी सिस्टम (एसएपी) में पंजीकृत किया जाता है। इस सिस्टम में वितरित वस्तुओं, मूल्य निर्धारण, समय-सीमा और भुगतान लेन-देन का विवरण दर्ज होता है। यह डिजिटल एकीकरण आंतरिक गवर्नेंस (शासन-विधि) और मंत्रालय-स्तरीय रिपोर्टिंग का समर्थन करने हेतु व्यापक एमआईएस निर्माण और सुदृढ़ ऑडिट पदचिन्हों को सक्षम करता है।

प्रचालन दक्षता के लिए डेटा और एआई का लाभ

प्रचालनों में लागत दृश्यता और नियंत्रण बेहतर करने के लिए उन्नत डेटा विश्लेषणों का उपयोग हो रहा है। अपनी रिफाइनरियों और प्रचालन स्थलों में हम परिसंपत्ति विश्वसनीयता बढ़ाने और डाउनटाइम कम करने के लिए पूर्वानुमानित रखरखाव हेतु एआई और मशीन लर्निंग का उपयोग कर रहे हैं।

हम उभरती हुई तकनीकों के मूल्यांकन के लिए एक संरचित, लक्ष्य आधारित दृष्टिकोण अपनाते हैं। प्रत्येक पहल तय व्यावसायिक उद्देश्यों और मापनीय मुख्य निष्पादन संकेतकों से शुरू होती है। हम व्यवहार्यता और प्रभाव का आकलन करने के लिए पहले छोटे पैमाने पर पायलट प्रोजेक्ट या कॉन्सेप्ट प्रूफ आयोजित करते हैं। इन परिणामों के आधार पर जब व्यावसायिक सामंजस्य और प्रदर्शन की पुष्टि हो जाती है तभी पूरे पैमाने पर क्रियान्वयन शुरू करते हैं।

उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करना

समाज में डिजिटल पहुंच में पर्याप्त वृद्धि और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में सूचना तक बहुत बढ़ी हुई पहुंच के चलते भारतीय उपभोक्ता परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है।

बदलते समय के साथ हम पहुंच और संतुष्टि को बेहतर करने के लिए अपने यूज़र इंटरफेस और ग्राहक के उपयोग अनुभव को आधुनिक बना रहे हैं। हमने ओरेकल सीबेल प्लेटफॉर्म पर होस्ट किए गए अपने मिशन के लिए जरूरी एसडीएमएस-सीआरएम एप्लिकेशन को नवीनतम संस्करण में उन्नत करके अपने ग्राहक-उन्मुख प्रचालनों को सुदृढ़ किया है। इस उन्नयन ने डिलीवरी की गति, प्लेटफॉर्म स्थिरता और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार किया है। इससे हम बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं को और अधिक कुशलता से पूरा कर पा रहे हैं।

संवेदनशील डेटा का सुरक्षित और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करना

इंडियनऑयल में संवेदनशील डेटा का प्रबंधन एक संरचित, बहुस्तरीय दृष्टिकोण से किया जाता है। इसमें डेटा वर्गीकरण, जिम्मेदारी आधारित एक्सेस कंट्रोल और एन्क्रिप्शन दोनों शामिल हैं। यह अवसंरचना नेक्स्ट-जनरेशन फायरवॉल, घुसपैठ रोकथाम प्रणालियों और एंटी-मालवेयर उपकरणों के द्वारा सुरक्षित है। सभी एप्लीकेशनों का मुख्य सिद्धांत डेटा न्यूनीकरण का है। केवल आवश्यक डेटा ही एकत्रित, संसाधित और संग्रहीत किया जाता है, जिससे जोखिम कम होते हैं, दक्षता में सुधार होता है और गोपनीयता बढ़ती है।

डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को बढ़ाना

अपने डिजिटल इकोसिस्टम (पारिस्थितिक तंत्र) की सुरक्षा के लिए हमने मैनेज्ड डिटेक्शन एंड रिस्पॉन्स प्रणाली के क्रियान्वयन के जरिए सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया है। हम संगठन में महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए एआई-आधारित साइबर सुरक्षा उपकरण भी क्रियान्वित कर रहे हैं।

हमने डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के लिए बहुस्तरीय दृष्टिकोण अपनाया है। इसे सभी आईटी प्रचालनों में समाहित किया है।

01 **स्पष्ट एवं संक्षिप्त नीतियों और गवर्नेंस फ्रेमवर्क का क्रियान्वयन**

सभी आईटी कार्यों में डेटा को सुरक्षित ढंग से संभालने के लिए भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और प्रक्रियाओं को परिभाषित किया गया है।

02 **सुदृढ़ तकनीकी सुरक्षा उपायों का क्रियान्वयन**

डेटा अवसंरचना की सुरक्षा के लिए उन्नत सुरक्षा उपकरण, एन्क्रिप्शन, एक्सेस कंट्रोल और घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणालियों की तैनाती की गई है।

03 **सुरक्षा-जागरूक संस्कृति को बढ़ावा**

फ़िशिंग, मालवेयर और सोशल इंजीनियरिंग जैसे खतरों के प्रति सतर्कता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से कर्मचारी प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

04 **विनियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करना और नियमित ऑडिट करवाना**

प्रासंगिक डेटा संरक्षण कानूनों और उद्योग मानकों के साथ सामंजस्य बैठाया जाता है। आवधिक आंतरिक और बाह्य सुरक्षा ऑडिटों द्वारा समर्थन दिया जाता।

IndianOil

सतत ऊर्जा अनंत विस्तार



इंडियनऑयल की अदृश्य और अजेय पाइपलाइनें, भारत की ऊर्जा क्रांति का आधार–स्तंभ हैं।

- 20,000 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी पाइपलाइन और 100 मिलियन मीट्रिक टन से ज़्यादा क्षमता वाला यह नेटवर्क पूरे देश में बड़ी सहजता से तेल और गैस पहुँचाता है।
- यह भारत की पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा पाइपलाइन का संचालन करता है, जो नेपाल तक ईंधन पहुँचाती है और सीमाओं के पार संबंधों को मज़बूत करती है।
- इथेनॉल–मिश्रित पेट्रोल और बायोडीज़ल जैसे हरित ईंधन के परिवहन से लेकर स्मार्ट निगरानी के लिए ड्रोन के इस्तेमाल तक, इंडियनऑयल का पाइपलाइन नेटवर्क न केवल मज़बूत है, बल्कि भविष्य के लिए भी तैयार है।
- सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 49 भौगोलिक क्षेत्रों में फैला हुआ है।

S P R I N T

नेतृत्व और प्रतिभाओं को बढ़ावा देना

परिवर्तन को गति देने के लिए कार्मिकों में निवेश करना :

↗ उभरती प्राथमिकताओं के अनुरूप उच्च संभावनाओं से भरे अधिकारियों की एक श्रृंखला तैयार करना।

↗ नई ऊर्जा, डिजिटल और अग्रणी व्यवसायों के लिए प्रतिभाओं को लुभाना और उन्हें बनाए रखना।

↗ चपलता, गति और सहयोग को बढ़ावा देते हुए इंडियनऑयल के मूल मूल्यों को सुदृढ़ करना।

मानव पूंजी

सुश्री रश्मि गोविल
निदेशक (मानव संसाधन)

"इंडियनऑयल की प्रतिभा रणनीति संरचित कार्यक्रमों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए समावेशी भर्ती प्रक्रिया, निरंतर सीखने और नेतृत्त्व विकास पर केंद्रित है। 'स्वाध्याय', 'एकलव्य', 'अभिज्ञान' और 'सारथी' जैसी पहलों के साथ हम स्व-शिक्षण, मार्गदर्शन और अंतर-सांस्कृतिक तैयारी को बढ़ावा देते हैं। हमारा विविधता, समता और समावेशन का डीईआई फ्रेमवर्क और तकनीक-संचालित मानव संसाधन पद्धतियां, दोनों मिलकर एक सहायक, समतामूलक और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल सुनिश्चित करते हैं।"

स्प्रिंट, गति से टीम के कौशल के साथ

हमारी परिवर्तनकारी छलांग का श्रेय हमारे कार्मिकों को जाता है, जो हमारे विजन को जमीन पर क्रियान्वित करते हैं। यह विजन निष्पादन में नई उपलब्धियां छूने और ऊर्जा क्षेत्र के बदलते परिदृश्य में अग्रणी बने रहने का है। उन्नत तकनीकों को अपनाकर और कौशल उन्नयन पहलों को लागू करके हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारी टीमें उत्कृष्ट रहें, फलें–फूलें और कंपनी के सुस्थिर विकास पथ में योगदान दें।

प्रभावित हितधारक

कर्मचारी और संविदा कर्मचारी

महत्व के विषय

↗ स्वास्थ्य और सुरक्षा

↗ प्रतिभा प्रबंधन

↗ विविधता, समानता, समावेशन और मानवाधिकार

एसडीजी लिंकेज

प्रतिभा प्रबंधन

हम विविध सांस्कृतिक बैकग्राउंड, अनुभवों और कौशल वाले प्रोफेशनलों का स्वागत करने और उन्हें कंपनी में लेने पर ध्यान देते हैं। एक विस्तृत इंडक्शन (सम्मिलीकरण) कार्यक्रम और जीवन कौशल प्रशिक्षण सहित व्यवस्थित भर्ती प्रक्रिया के जरिए हम संगठन में कर्मचारियों का निर्बाध स्वागत सुनिश्चित करते हैं। हमारे मूल्यों एवं विजन के साथ उनका सामंजस्य बैठाते हैं।

ये कर्मचारी एक व्यापक इंडक्शन कार्यक्रम के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हैं, जो गहन संगठनात्मक परिचय, दायित्व ज्ञान और जरूरी जीवन कौशल प्रशिक्षण देता है। इसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्तिगत वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण भी शामिल है। इस मजबूत नींव को और भी सुदृढ़ करने के लिए पूरे करियर के दौरान कर्मचारी को सीखने के तकनीकी और व्यवहारिक अवसर निरंतर दिए जाते हैं। ये सारी पहलें इस प्रकार संरचित की गई हैं ताकि कर्मचारी की तैयारी को बढ़ाया जा सके। उसके व्यक्तिगत विकास और कल्याण को निरंतर बढ़ावा दिया जा सके और उसके व्यक्तिगत विकास का सामंजस्य हमारे व्यवसाय की गतिशील आवश्यकताओं के साथ बैठाया जा सके।

1,080
कर्मचारियों की भर्ती 2024-25 के दौरान की गई

प्रशिक्षण और विकास

हम समग्र प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए अंतर-सांस्कृतिक दक्षता और वैश्विक तत्परता पर बल देते हैं। ये कार्यक्रम क्षेत्रीय संचार की बारीकियों पर केंद्रित हैं और हमारे अखिल भारतीय प्रचालनों से असल केस स्टडीज को लेते हैं। वैश्विक सहयोग के लिए विशेष कार्यशालाएं कर्मचारियों को अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर पद्धतियों को समझने के कौशल से युक्त करती हैं। नेतृत्व के गुणों को बढ़ावा देने के लिए संरचित किए गए विभिन्न अग्रणी कार्यक्रम हम प्रबंधन के सभी स्तरों पर प्रदान करते हैं।

निरंतर सीखना

हमारा ई-लर्निंग इकोसिस्टम - 'स्वाध्याय' 550 से अधिक तकनीकी दक्षताओं में 1,950 से अधिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

1,95,712
कुल शिक्षण दिवस (सभी कर्मचारियों में)

6.53
प्रशिक्षण व्यक्ति-दिवस/कर्मचारी

इंडियनऑयल में स्व-शिक्षण को बढ़ावा देना

'एकलव्य' अधिकारियों के बीच निरंतर सीखने और प्रोफेशनल ग्रोथ की संस्कृति को बढ़ावा देने वाली कौशल उन्नयन पहल है। इस पहल के जरिए हमारे अधिकारी एमओओसी प्लेटफॉर्म, प्रतिष्ठित संस्थानों और एडटेक कंपनियों द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रमाणपत्रों और डिप्लोमा कार्यक्रमों में दाखिला ले सकते हैं।

अनुभवात्मक, सामाजिक और औपचारिक शिक्षा का लाभ

इंडियनऑयल अपने संगठन के रणनीतिक रोडमैप के अनुरूप अपने कर्मचारियों का समग्र विकास सुनिश्चित करता है। कौशल संबंधी कमियों को दूर करने के लिए कक्षा और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से पूरे वर्ष विशेष शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इंडियनऑयल का मेंटरिंग प्लेटफॉर्म *'अभिज्ञान'* और

सोपान कार्यशाला में भाग ले रहे आईओसीआईयन

'सारथी' जैसे व्यक्तिगत कोचिंग कार्यक्रम कर्मचारियों को उनके करियर के दौरान सहयोग प्रदान करते हैं। उन्हें अपने दायित्वों में प्रगति पाने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षण केंद्रों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों के जरिए सभी कर्मचारियों को पूरे वर्ष विभिन्न व्यवहारिक और कार्यात्मक प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं।

'सोपान' - पहली बार के प्रबंधकों के लिए

↗ साइकोमेट्रिक प्रोफाइलिंग पर आधारित थिएटर-आधारित कार्यशाला
↗ सिमुलेशन-आधारित शिक्षा

मानव संसाधन का क्षितिज

भविष्य की व्यावसायिक चुनौतियों के अनुरूप मानव संसाधन अधिकारियों को तैयार करना

नव–ऊर्जा

नवीकरणीय ऊर्जा में भविष्य का निर्माण

- ↗ कार्यकारियों के लिए सीरीज : वरिष्ठ अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत कार्यक्रम।
- ↗ कनिष्ठ (जूनियर) और मध्यम स्तरीय अधिकारियों के लिए 20–दिवसीय कक्षा कार्यक्रम।
- ↗ वर्चुअल–सीरीज (आभासी श्रृंखला) : मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए वर्चुअल (आभासी), प्रशिक्षक–नेतृत्त्व वाला कार्यक्रम।

मानव संसाधन में प्रौद्योगिकी एकीकरण

कर्मचारी सहभागिता, प्रचालन दक्षता में वृद्धि और डेटा–आधारित निर्णयों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए इंडियनऑयल निरंतर प्रयासरत है।

कर्मचारियों से संवाद

इंडियनऑयल का लिस्निंग असिस्टेंट 'आइओला' (IOLA) एक एआई प्लेटफॉर्म है। इसे करियर के विभिन्न पड़ावों या क्षणों के दौरान कर्मचारियों के अनुभवों को समझने के लिए लाया गया है।

मानव संसाधन प्रचालन दक्षता

प्रौद्योगिकी–सक्षम केंद्रीकृत मानव संसाधन का सेवा केंद्र।

डेटा संचालित

कर्मचारी केंद्रित प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) की निगरानी और सुधार के लिए कास्केडिंग डैशबोर्ड।

विस्तारित कार्यबल के लिए शिक्षण पहल

पहियों पर पाठशाला

रिटेल आटलेट (खुदरा बिक्री केंद्र) के ग्राहक परिचारकों के लिए 'क्लासरूम ऑन व्हील्स' यानि पहियों पर पाठशाला।

चलते–फिरते सीखना

अग्रिम पंक्ति के कार्यबल के लिए ई–लर्निंग प्लेटफॉर्म 'सम्पर्क'।

विविधता और समावेशन

इंडियनऑयल में हमारा उद्देश्य विविधता को महत्व देने वाली एक समावेशी संस्कृति का निर्माण करना है। विविधता, समानता और समावेशन का हमारा ढांचा उचित वेतन पद्धतियां सुनिश्चित करता है। मापनीय सूचकांकों के जरिए मनोवैज्ञानिक सुरक्षा और विश्वास को बढ़ावा देता है। साथ ही, वरिष्ठ नेतृत्त्व में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगातार बढ़ाता है। यह समावेशी उत्कृष्टता के प्रति हमारे अटूट समर्पण को प्रदर्शित करता है।

8.9%

लैंगिक विविधता अनुपात

महिला सशक्तिकरण

हमने एक अधिक समावेशी कार्य वातावरण निर्मित करने के लिए 'महिला सशक्तिकरण' कार्यक्रम शुरू किया। इस पहल के अंतर्गत विभिन्न विभागों की वरिष्ठ महिला अधिकारियों ने एक प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक द्वारा तैयार मेंटरिंग ट्रेनिंग प्राप्त की है। ये सब प्रशिक्षित अधिकारी अब लक्ष्य–केंद्रित कार्यशालाओं के जरिए कनिष्ठ महिला कर्मचारियों को मार्गदर्शन दे रही हैं। इनका उद्देश्य पूरे संगठन में सांस्कृतिक समन्वय और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है।

कर्मचारी कल्याण

हम मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले एक समग्र दृष्टिकोण के जरिए कर्मचारियों के कल्याण को प्राथमिकता देते हैं। 'परामर्श' कर्मचारी सहायता कार्यक्रम जैसी पहल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करती है। वहीं सभी आयु वर्गों के लिए आवधिक स्वास्थ्य जांच और व्यापक चिकित्सा सुविधाएं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति एक सक्रिय दृष्टिकोण को बढ़ावा देती हैं।

673

कर्मचारी परामर्श सेवाओं से लाभान्वित हुए

कर्मचारियों के लिए कल्याण पहल

'4आर 4यू' कल्याण पहल ऐसा समग्र कार्यक्रम है, जिसे आज के बदले कार्य वातावरण में कर्मचारियों के सामने आने वाली शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए बनाया गया है। सभी विभागों में एक व्यापक वेलनेस कैलेंडर लागू किया गया है। इसमें विशिष्ट स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर केंद्रित मासिक थीम (विषय-वस्तु) शामिल हैं। इन थीमों (विषय-वस्तुओं) के साथ-साथ समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लक्षित गतिविधियां और समाधान भी किए जा रहे हैं।

यह पहल कार्य वातावरण से आगे बढ़कर कर्मचारियों के परिवारों तक भी जाती है। इससे व्यक्तिगत और सामूहिक दोनों स्तरों पर एक स्वस्थ और मजबूत कार्यबल को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होती है। स्वास्थ्य पर निरंतर ध्यान एक सहयोगी और उच्च प्रदर्शन वाली संगठनात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रमुख स्तंभ है।

बाधाओं को तोड़ना ही नहीं, उन्हें पुनर्परिभाषित करना भी ज़रूरी है

कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा

हम बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित एक व्यापक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) नीति के अंतर्गत कार्य करते हैं। यह नीति सुरक्षा, पेशेवर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पहलों को आगे बढ़ाने के लिए स्पष्ट संरचना प्रदान करती है। यह एचएसई को प्रभावी और उत्तरदायित्वपूर्ण व्यावसायिक प्रबंधन के एक प्रमुख घटक के रूप में एकीकृत करती है।

100%

रिफाइनरियां और पेट्रोकेमिकल्स संयंत्र ISO 45001:2018 प्रमाणित हैं

100%

प्रचालन स्थलों का सुरक्षा ऑडिट किया गया

सुरक्षा प्रबंधन

हमने अपने सभी कार्य स्थलों पर एक सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली लागू की है। स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली पर दिशानिर्देश मौजूद हैं, जो तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी) के मानकों और अन्य वैधानिक नियमों और विनियमों के अनुरूप विभिन्न तत्वों को अपने दायरे में लेते हैं। हमने 'गोल्डेन रुल ऑफ सेफ्टी' (स्वर्णिम नियम) भी बनाए हैं, जिनसे कोई समझौता नहीं किया जा सकता और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्य स्थलों पर सभी कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों द्वारा इनका पालन अनिवार्य है। सुरक्षा तत्परता को सुदृढ़ करने के लिए हमारे कार्य स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के क्रियान्वयन में असुरक्षित पद्धतियों और कमियों को चिन्हित करने के लिए नियमित ऑडिट, निरीक्षण और मॉक ड्रिल इत्यादि आयोजित किए जाते हैं। चिन्हित कमियों को दूर करने के लिए समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। इसके अतिरिक्त, चूक की घटनाओं, असुरक्षित कृत्यों और असुरक्षित कार्य स्थितियों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण के लिए डिजिटल पोर्टल मौजूद हैं। इनसे सुरक्षा सुधार की संस्कृति को निरंतर बढ़ावा मिलता है।

आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र

हमारी आपातकालीन प्रतिक्रिया पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) की आपदा प्रबंधन योजना द्वारा निर्देशित है और कॉर्पोरेट एवं विभागीय फ्रेमवर्कों (संरचनाओं) से समर्थित है। कार्य स्थल के अनुरूप सुदृढ़ विशिष्ट आपातकालीन प्रतिक्रिया और आपदा प्रबंधन योजनाएं (ईआरडीएमपी) विकसित और क्रियान्वित की जाती हैं। आग, विस्फोट और विषाक्त उत्सर्जन जैसी सभी संभावित आपातकालीन स्थितियों इनके दायरे में आती हैं। ये योजनाएं भूमिकाओं को परिभाषित करती हैं, आपातकालीन सेवाओं से संबंधित प्रतिक्रियाएं तय करती हैं और राहत उपायों की रूपरेखा तैयार करती हैं। उपरोक्त योजनाएं तीसरे पक्ष द्वारा प्रमाणित और बोर्ड द्वारा अनुमोदित होती हैं। नियमित प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और अधिकारियों के साथ समन्वय, ऑन-साइट और ऑफ-साइट दोनों तरह की आपात स्थितियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करते हैं।

व्यापक सुरक्षा प्रशिक्षण और कौशल विकास

हमने तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (ओआईएसडी) और अन्य प्रासंगिक सुरक्षा मानकों के अनुरूप कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के लिए इंडक्शन और रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इनमें कक्षा के और फील्ड के व्यावहारिक सत्र दोनों शामिल हैं जो खतरे के चिन्हिकरण, जोखिम न्यूनीकरण, सुरक्षित संचालन प्रक्रियाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित हैं। इस संदर्भ में सुरक्षा नेतृत्त्व, विद्युत और भवन निर्माण सुरक्षा, संकरे स्थान में प्रवेश, मात्रात्मक जोखिम मूल्यांकन और खतरा एवं संचालन क्षमता अध्ययन (हैज़ऑप), दुर्घटना की जांच और उन्नत चिकित्सा प्रबंधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, पूरे संगठन में 'सेफ्टी-फर्स्ट' (पहले सुरक्षा) संस्कृति का निर्माण करने के लिए 'नीबॉश' (एनईबीओएसएच) जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणन और पिछली घटनाओं से सीख लेकर लक्षित कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते हैं।

शिकायत और समाधान

हमने कर्मचारियों की चिंताओं का शीघ्र और प्रभावी समाधान करने के लिए एक संरचित और सुलभ शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है। यह प्रणाली कर्मचारियों को ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करने और उन्हें ट्रैक करने की सुविधा देती है। साथ ही परिणाम से असंतुष्ट होने पर अपील करने का भी प्रावधान करती है। कर्मचारियों और प्रबंधकों में प्रक्रियाओं, अधिकारों और उत्तरदायित्वों की समझ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यशालाओं, रोल-प्ले और ई-लर्निंग मॉड्यूल जैसे विविध प्रारूपों से दिया जाता है। इसकी प्रभावशीलता फीडबैक, आकलन और समाधान डेटा से मापी जाती है। इससे एक संवेदनशील और समानुभूतिपूर्ण शिकायत निवारण संस्कृति सुनिश्चित होती है।

20

शिकायतें प्राप्त हुईं और समाधान किया गया

(पिछले वर्ष की 1 लंबित)

कर्मचारी सहभागिता सत्र

हमारी कंपनी जीवंत नगरीय जीवन के जरिए एक सजीव सामुदायिक भावना और सौहार्द को बढ़ावा देती है। इसमें त्योहारों और विशेष अवसरों को उत्साह के साथ मनाया जाता है। फिल्म स्क्रीनिंग, नाटक, प्रदर्शनियां और खेल प्रतियोगिताएं इत्यादि कर्मचारियों और उनके परिवारों को एक-दूसरे से जुड़ने, आराम करने और संपर्क में रहने के अवसर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए वॉकथॉन, साइकिलिंग इवेंट और स्वास्थ्य चुनौतियों जैसी फिटनेस पहलें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं।

S P R I N T

परिवर्तन के लिए तैयार

संगठन को कम कार्बन वाले डिजिटल भविष्य के लिए तैयार करना:

- ↗ यथास्थिति को चुनौती
- ↗ भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा का नेतृत्व करने के लिए तत्परता से कार्य करना।
- ↗ नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, संधारणीय विमानन ईंधन (एसएएफ) और ग्रीन हाइड्रोजन पहलों का विस्तार करना।
- ↗ दीर्घावधि सुस्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए ईएसजी सिद्धांतों और नए व्यवसाय मॉडलों को शामिल करना।

प्राकृतिक पूंजी

श्री सुमन कुमार
निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)

"इंडियनऑयल नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ ईंधन, कार्बन कैप्चर और ऊर्जा दक्षता पर ध्यान देते हुए एक बहुआयामी नेट-जीरो रोडमैप के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाले भविष्य की ओर अग्रसर है। सौर ऊर्जा, धान की पराली से इथेनॉल, 'इंडीग्रीन' के अंतर्गत सीबीजी और ई-मोबिलिटी समाधान जैसी पहलों के साथ हम 2046 तक प्रचालनगत शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रचालन के हर पहलू में सस्टेनेबिलिटी ला रहे हैं।"

स्प्रिंट गति से पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ



इंडियनऑयल में हम ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में अपनी मुख्य परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करने और हरित रूपांतरण की दिशा में नए रास्ते खोजने की दो–आयामी रणनीति अपना रहे हैं। यह रणनीति भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को लगातार कार्बन–मुक्त करने और नेट–जीरो के लक्ष्य तक पहुंचने के ब्लूप्रिंट के अनुरूप है।

यह लक्ष्य हमें हरित परिसंपत्तियों और प्रौद्योगिकियों में निवेश बढ़ाने का अवसर भी देता है। इससे हमारे नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। हम प्राकृतिक इको सिस्टम का बढ़ावा देते हुए निरंतर प्रगतिशील हैं।

प्रभावित हितधारक

- कर्मचारी
- ग्राहक
- सरकारी और विनियामकीय निकाय

महत्वपूर्ण विषय

- ↗ जीएचजी उत्सर्जन
- ↗ वायु उत्सर्जन
- ↗ जल प्रबंधन
- ↗ सर्कुलैरिटी एकीकरण
- ↗ जलवायु अनुकूलन, रेजिलिएंस और रूपांतरण
- ↗ पर्यावरणीय प्रभाव

एसडीजी लिंकेज

कारगिल में इंडियनऑयल बल्क स्टोरेज डिपो

मुख्य व्यवसाय में पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को एकीकृत करना

प्राकृतिक पूंजी प्रबंधन के प्रति हमारा दृष्टिकोण पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की सोच पर आधारित है। यह पेरिस समझौते और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों सहित वैश्विक सस्टेनेबल फ्रेमवर्कों (संरचनाओं) द्वारा कार्बन पदचिन्हों को पर्याप्त रूप से कम करने के भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। हम अपने पूरे व्यवसाय में पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) सिद्धांतों को लागू करते हैं, ताकि कम कार्बन उत्सर्जन के साथ विकास को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही, संसाधनों का दक्ष उपयोग किया जा सके, पर्यावरण की रक्षा की जा सके और दीर्घावधि संपोषी मूल्य सृजित किए जा सकें।

हरित ऊर्जा रोडमैप

ऊर्जा पोर्टफोलियो



मालोम डिपो, इम्फाल

वैश्विक ईएसजी फ्रेमवर्कों (संरचनाओं) और प्रकटन का अनुपालन

पारदर्शिता और हितधारक विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए हम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की व्यवसाय उत्तरदायित्व और संधारणीयता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) आवश्यकताओं के सुस्थिरता प्रकटीकरण का अनुपालन करते हैं, जो कि तीसरे पक्ष द्वारा आश्वस्त हैं।

वैश्विक रिपोर्टिंग पहल (जीआरआई)

संधारणीयता लेखांकन मानक बोर्ड (एसएएसबी)

पर्यावरण संबंधी वित्तीय प्रकटनों पर कार्यबल (टास्क फोर्स) (टीएनएफडी)

कार्बन प्रकटीकरण परियोजना (सीडीपी)

अंतर्राष्ट्रीय पेट्रोलियम उद्योग पर्यावरण संरक्षण संघ (आईपीआईईसीए)

संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समझौता (यूएनजीसी)

जलवायु संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण पर टास्क फोर्स

व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग

नेट–जीरो महात्वाकांक्षा और डीकार्बोनाइजेशन रणनीति

हम 2046 तक प्रचालनगत शून्य कार्बन उत्सर्जन (स्कोप 1 और 2) पाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे रोडमैप में बहुआयामी रणनीति शामिल है। इसमें ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन (हरित) हाइड्रोजन, स्वच्छ ईंधन उपयोग की तरफ जाना, डिजिटलीकरण, प्रकृति आधारित समाधान और कार्बन कैप्चर उपयोग एवं भंडारण शामिल हैं। हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला को डीकार्बनाइज भी कर रहे हैं। हमने कम सल्फर वाले समुद्री ईंधन और ईंधन–दक्ष लॉजिस्टिक्स को अपनाया है। इसके अलावा, हम ईंधन परिवहन दक्षता बढ़ाने के लिए रिटेल आउटलेट्स को सौर ऊर्जा युक्त करने को बढ़ावा दे रहे हैं, वाष्प पुनर्प्राप्ति प्रणाली (वीआरएस) लगा रहे हैं और पुराने टैंक ट्रकों के बेड़े को चरणबद्ध तरीके से हटा रहे हैं।

उत्सर्जन

(एमएमटी CO_2e)

दायरा 1		दायरा 2		दायरा 3	
वि.व.25	21.24	वि.व.25	1.29	वि.व.25	354
वि.व.24	22	वि.व.24	0.76	वि.व.24	351
वि.व.23	20.21	वि.व.23	0.63	वि.व.23	300

हम पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन लगाकर ई–मोबिलिटी के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। अपनी कम–कार्बन युक्त विकास रणनीति को और सुदृढ़ करने के लिए हम लीथियम–आयन बैटरी निर्माण क्षमताएं विकसित करने और हाइड्रोजन ईंधन सेल मोबिलिटी समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भागीदारों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

कम कार्बन वाले भविष्य की ओर आत्म विश्वास भरे कदम

हमारी एक अभिनव परियोजना का उद्देश्य धान की पराली से इथेनॉल का उत्पादन करना है। इससे स्वच्छ ईंधन बनाने और पराली जलाने में कमी लाने में मदद मिलेगी। हमने किसान उत्पादक संगठनों, कस्टम हायरिंग सेंटरों (विशेष भर्ती केंद्रों) और किसानों को साथ लेते हुए एक आपूर्ति श्रृंखला भी बनाई है। इससे धान की पराली को बंडल में इकट्ठा किया जा सकेगा। खरीफ के 2023 और 2024 के मौसम के दौरान करनाल और पानीपत के डिपो के जरिए 1.2 लाख मीट्रिक टन से अधिक बायोमॉस (जैविक भार) जुटाया गया। यह पहल न केवल पराली जलाने पर अंकुश लगाती है, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि करती है और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम को बढ़ावा देती है।

17.20%

इथेनॉल ब्लेंडिंग 2024–25 के दौरान हुई

100 केएलपीडी

का 2जी इथेनॉल संयंत्र पानीपत में

3 करोड़ लीटर

वार्षिक इथेनॉल उत्पादन

नवीकरणीय ऊर्जा पदचिन्ह का विस्तार

देश के ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखने और ऊर्जा परिवर्तन से पैदा होते अवसरों का लाभ उठाने के लिए हम अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं। संपोषी समाधानों में विविधता ला रहे हैं। इस विजन के अंतर्गत 2030 तक हमारे नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का विस्तार 31 गीगावॉट तक किया जाना है।

मार्च 2025 तक हमारे 35,874 रिटेल आउटलेट सौर ऊर्जा युक्त हो चुके हैं। इससे 175.7 मेगावॉट की विकेन्द्रीकृत सौर क्षमता जुड़ गई है। इंडियनऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लि. (आईएनजीईएल) के साथ हमारा 50:50 का संयुक्त उद्यम है। उसके जरिए हम 1.8 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा विकसित कर रहे हैं।

252.1 मेगावॉट
नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता

167.6 मेगावॉट
पवन ऊर्जा क्षमता

84.5 मेगावॉट
सौर ऊर्जा क्षमता

'सतत' के जरिए
सस्टेनेबल परिवहन

सस्ते परिवहन के लिए सस्टेनेबल विकल्प ('सतत') की पहल के अंतर्गत इंडियनऑयल निजी उद्यमियों को सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है। हम कंप्रैस्ड बायोगैस (सीबीजी) का उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

मार्च 2025 तक 44 सीबीजी संयंत्र चालू हो चुके हैं। इंडियनऑयल ने इन संयंत्रों के जरिए 125 रिटेल आउटलेट्स (खुदरा बिक्री केंद्रों) और 04 औद्योगिक ग्राहकों को 'इंडीग्रीन' सीबीजी की बिक्री सुविधा दी है।

इनमें से अपने स्वयं के निवेश से इंडियनऑयल ने 4 सीबीजी संयंत्र चालू किए हैं। इनमें से एक ग्वालियर की आदर्श गौशाला में 100 टन प्रतिदिन क्षमता वाला गोबर आधारित सीबीजी संयंत्र है। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री ने किया था।

इसके अलावा, इंडियनऑयल 30 सीबीजी संयंत्र स्थापित कर रहा है। इनमें से 9 परियोजनाओं पर हमारे संयुक्त उद्यम 'आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल प्राइवेट लि.' के जरिए काम चल रहा है।

8.9 टीएमटी
सीबीजी की बिक्री 2024-25 में

इंडियनऑयल रेवड़ा सौर परियोजना

पर्यावरणीय समाधान

अपने प्राकृतिक कार्बन सिंक को बढ़ाने के लिए हमने गुजरात, तेलंगाना, राजस्थान और बिहार में 10 लाख से ज़्यादा पेड़ लगाने के लिए ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम के अंतर्गत ₹56.02 करोड़ आवंटित किए हैं। अपने मैंग्रोव 2.0 कार्यक्रम के जरिए हम 30 लाख मैंग्रोव के पौधे लगाकर 151 हेक्टेयर क्षेत्र को पुनर्जीवित कर रहे हैं। यह भारत में कॉर्पोरेट-नेतृत्व वाली सबसे बड़ी तटीय वनीकरण परियोजनाओं में से एक होने जा रही है।

जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण

हम रणनीतिक साझेदारियों और प्रभावशाली पहलों के जरिए वन्यजीव संरक्षण में भी योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के सहयोग से इंडियनऑयल ने ऐतिहासिक चीता पुनर्वास परियोजना में सहयोग किया।

गुजरात में हमने भारत के सबसे बड़े प्रवाल (कोरल) स्थानांतरण अभियान का नेतृत्व किया है। इसमें 16,000 से ज़्यादा प्रवालों को सुरक्षित आवासों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित किया गया है। हम एक-सींग वाले ग्रेटर गैंडे, ऑलिव रिडले कछुए और रॉयल बंगाल टाइगर जैसी दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण में भी सहयोग करते हैं। हम सुंदरबन टाइगर रिज़र्व में गश्त और संरक्षण प्रयासों को बढ़ाने के लिए सुंदरबन टाइगर कंजर्वेशन फ़ाउंडेशन ट्रस्ट को सहायता प्रदान करते हैं।

गुवाहाटी रिफ़ाइनरी के आसपास इंडियनऑयल द्वारा अनुरक्षित ग्रीन बेल्ट का अवलोकन

सुदृढ़ और प्रौद्योगिकी-सक्षम अपशिष्ट प्रबंधन

हमने खतरनाक और गैर-खतरनाक औद्योगिक कचरे के प्रबंधन के लिए एक सुदृढ़ और समग्र ढांचा स्थापित किया है। यह लागू पर्यावरणीय नियमों और संधारणीयता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करता है।

खतरनाक अपशिष्ट का प्रबंधन

हमारे सभी प्रचालनों में जो खतरनाक कचरा उत्पन्न होता है, उसका निपटान बहुत सावधानी और जिम्मेदारी से किया जाता है। यह निपटान विनियामकीय समय-सीमाओं और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सिर्फ अधिकृत चैनलों के जरिए किया जाता है। इसके नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को और कम करने के लिए हमने कई नवीन अपशिष्ट न्यूनीकरण तकनीक लागू की हैं -

- **तैलीय कीचड़ रिकवरी प्रणालियां:** ये प्रणालियां कीचड़ में से उपयोगी तेल निकालती हैं, अपशिष्ट की मात्रा कम करती हैं और मूल्यवान संसाधनों को फिर हासिल करती हैं।
- **इन-हाउस जैव उपचार:** हम जैविक प्रक्रियाओं के उपयोग से दूषित सामग्रियों का उपचार करते हैं और हानिकारक पदार्थों को गैर-विषैले उप-उत्पादों में बदलते हैं।
- **इस्तेमाल उत्प्रेरकों से धात्विक रिकवरी:** इस्तेमाल हो चुके उत्प्रेरकों से बहुमूल्य और बेस धातुओं को रिकवर किया जाता है। इससे 'रिड्यूस-रीयूज़ रीसायकल' की सोच बढ़ावा मिलता है। इससे संसाधन दक्षता में वृद्धि होती है और कच्ची (वर्जिन) सामग्री के दोहन की आवश्यकता कम होती है।

गैर-खतरनाक अपशिष्ट का प्रबंधन

गैर-खतरनाक कचरे के प्रति हमारा दृष्टिकोण भी उतना ही व्यापक है जो पृथक्करण, पुनर्चक्रण और जिम्मेदार निस्तारण पर केंद्रित है।

- **प्लास्टिक कचरा:** इसका प्रबंधन विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) फ्रेमवर्क (संरचना) के जरिए किया जाता है। इस कचरे ढूँढने और पर्यावरण अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत रीसाइकलर्स और प्रमाणित निस्तारण भागीदारों के सहयोग से इसका प्रबंधन किया जाता है।
- **रसोई और जैविक कचरा:** हम बायो-डीग्रेडेबल कचरे को बायोगैस और खाद में बदलते हैं, और कचरे को ऊर्जा और मृदा पोषक तत्वों में परिवर्तित करके चक्रीय अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्यों का समर्थन करते हैं।

गवर्नेंस (शासन-विधि) और सहभागिता

अपनी अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों की प्रभावशीलता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। जैस –

- **सख्त ऑडिट (लेखा-परीक्षण) और निगरानी प्रणाली:** हमारे नियमित आंतरिक ऑडिट (लेखा-परीक्षण) अनुपालनों की निगरानी करने, सुधार के क्षेत्रों को चिन्हित करने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद करते हैं।
- **कर्मचारी सहभागिता और प्रशिक्षण:** जागरूकता कार्यक्रम और प्रशिक्षण सत्र कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी को अपशिष्ट पृथक्करण, कमी और रिपोर्टिंग संबंधी पहलों में सशक्त करते हैं।

100%
ईपीआर लक्ष्य प्राप्त किया

71%
कुल अपशिष्ट रिसाइकल/रीयूज़/रिकवर हुआ

अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग और सर्कुलर जल प्रबंधन

हमने एक व्यापक और उत्तरदायित्वपूर्ण अपशिष्ट उपचार रणनीति लागू की है। यह जल संरक्षण और पुन: उपयोग को बढ़ावा देते हुए पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करती है।

अपशिष्ट उपचार प्रक्रिया

हमारी उपचार प्रणाली तीन-स्तरीय दृष्टिकोण पर आधारित है –

- **प्राथमिक उपचार:** भौतिक और रासायनिक प्रक्रियाओं से बड़े ठोस और बारीक कणों को हटाना।
- **द्वितीयक उपचार:** सूक्ष्मजीवी गतिविधि का उपयोग करते हुए कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए बायोलॉजिकल (जीववैज्ञानिक) उपचार।
- **तृतीयक उपचार:** अवशिष्ट प्रदूषकों को हटाने और उच्च गुणवत्ता वाला उपचारित जल पाने के लिए उन्नत शुद्धिकरण तकनीकें।

उपचारित तरल पदार्थ (जल) की शुद्धता और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हम इन अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हैं –

- **रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ):** घुले हुए लवणों और अशुद्धियों को हटाने के लिए।
- **अल्ट्राफिल्ट्रेशन:** सूक्ष्म कणों और रोगाणुओं को हटाने की तकनीक, जिससे पानी के पुन: उपयोग के कड़े मानक सुनिश्चित होते हैं।

सुस्थिरता और अनुपालन

हमारे अपशिष्ट प्रबंधन पद्धियों को हमारी स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई) नीति से मार्गदर्शन मिलता है जो रिड्यूस, रीयूज़ और रीसाइकल (3आर) के दर्शन पर चलती है। इसे विभिन्न प्रकार से समर्थन मिलता है:

- **24/7 निगरानी प्रणाली:** अपशिष्ट गुणवत्ता और उपचार निष्पादन की रियलटाइम ट्रैकिंग।
- **आवधिक लेखापरीक्षा:** विनियामकीय अनुपालन सुनिश्चित करने और सुधार के क्षेत्रों को चिन्हित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन।
- **प्रक्रिया अनुकूलन:** उपचार दक्षता बढ़ाने और प्रचालनगत पदचिन्हों को कम करने के लिए निरंतर सुधार पहलें।
- **नियमित प्रशिक्षण:** प्रचालन और सुरक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कर्मियों में क्षमता निर्माण।

जल पुन: उपयोग और चक्रीयता पहलें

हमने वडोदरा, मथुरा और हल्दिया में नगरपालिका सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के साथ दीर्घावधि समझौते किए हैं। इससे हमारी औद्योगिक प्रक्रियाओं में उपचारित सीवेज का पुनः उपयोग संभव हो सकेगा। इस पहल से मीठे पानी के स्रोतों पर हमारी निर्भरता घटी है।

ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्रणालियां हमारी रिफाइनरियों में अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग करके सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करती हैं। साथ ही सुनिश्चित करती हैं कि पर्यावरण में कोई भी तरल अपशिष्ट न छोड़ा जाए।

228
जीरो लिक्विड डिस्चार्ज स्थल

नवोन्मेषी हरित अवसंरचना

हल्दिया संयंत्र में हमने आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से विकसित एकीकृत आर्द्रभूमि प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एक हरित सीवेज उपचार संयंत्र शुरू किया है। यह प्रणाली पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल तरीके से 8 घन मीटर प्रति घंटा घरेलू सीवेज का उपचार करती है। यह पर्यावरण आधारित समाधानों और सतत शहरी अवसंरचना के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

39.8 बिलियन लीटर
अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण

SERVO®
WORLD-CLASS LUBRICANTS
THE SCIENCE OF EXTREME

सिंथेटिक ड्राइव करें,
भविष्यवादी ड्राइव करें
नए SERVO® के साथ
BLACKBIRD X

- पूरी तरह से सिंथेटिक यात्री कार इंजन तेल
- 15000 किलोमीटर तक विस्तारित ड्रेन अंतराल
- उच्चतम प्रदर्शन स्तर - **API SP / ACEA C3-21**

पुरस्कार और सम्मान

उपलब्धियों को मान्यता

वैश्विक मान्यता: इंडियनऑयल की प्रतिष्ठा का समर्थन

2024-25 में, इंडियनऑयल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थानों से कई गौरवमय पुरस्कार अर्जित करके वैश्विक ऊर्जा लीडर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया।

इंडियनऑयल क्लेरिवेट टॉप 100 ग्लोबल इनोवेटर्स 2024 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय ऊर्जा कंपनी बन गई है। क्लेरिवेट एनालिटिक्स यह मान्यता उन्हीं संगठनों को देती है जो बौद्धिक संपदा से निरंतर नवाचार और प्रभावशीलता प्रदर्शित करते हैं।

इकॉनॉमिक टाइम्स ने हमारे ब्रांड की विरासत, राष्ट्रीय प्रभाव और हितधारकों के बीच विश्वास का सम्मान करते हुए इंडियनऑयल को 'ईटी आइकॉनिक ब्रांड्स ऑफ इंडिया 2024' में शामिल किया।

इंडियनऑयल को एसएंडपी डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) 2024 में भारतीय तेल और गैस कंपनियों में पहला स्थान दिया गया। विश्व का यह बेहद सम्मानित बेंचमार्क आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक मानदंडों पर कंपनियों का मूल्यांकन करता है। यह संपोषी विकास के लिए इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

ब्रिटेन की ब्रांड वैल्यूएशन कंसल्टेंसी कंपनी 'ब्रांड फाइनेंस' के मूल्यांकन के अनुसार, इंडियनऑयल ने भारतीय तेल और गैस क्षेत्र में 'ब्रांड स्ट्रेंथ' में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह रैंकिंग उपभोक्ताओं और भागीदारों दोनों के बीच इंडियनऑयल के भरोसे और इक्विटी को मान्यता देती है।

फॉर्च्यून ग्लोबल 500

इंडियनऑयल ने 2024 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 सूची में 127वां स्थान पाया है। यह सूची फॉर्च्यून मैगजीन द्वारा राजस्व और व्यवसाय के पैमाने के आधार पर तैयार की गई है। यह उपलब्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था में कंपनी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाती है।

ब्लूमबर्ग एनईएफ ग्लोबल एनर्जी ट्रांजीशन स्कोर ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने में इंडियनऑयल के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी है। यह सम्मान कम कार्बन ऊर्जा वाले स्रोतों की ओर वैश्विक बदलाव को गति देने में हमारी अग्रणी भूमिका को दर्शाता है।

इंडियनऑयल को एसोचैम के ब्रांडिंग और मार्केटिंग कॉन्क्लेव में हुए उत्कृष्टता पुरस्कारों में 'ब्रांड ऑफ द डिकेड' श्रेणी में 'गोल्ड विनर' घोषित किया गया। इसमें पिछले दशक में ब्रांड उत्कृष्टता, ग्राहक संवाद और मूल्य-संचालित विपणन पहलों में कंपनी के अनूठे योगदान को मान्यता दी गई।

बिजनेसवर्ल्ड ने लगातार तीसरे वर्ष इंडियनऑयल को बीडब्ल्यू टॉप 500 रैंकिंग में शामिल किया। साथ ही हमारे कॉर्पोरेट नेतृत्व और उत्कृष्टता की सराहना की।

नेतृत्व को मान्यता : दूरदर्शियों और संरक्षकों का सम्मान

इंडियनऑयल की उत्कृष्टता की यात्रा कंपनी के शीर्ष नेतृत्व की दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता के कारण रही है। उसने ऊर्जा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर परिवर्तन को गति दी। हमारे नेतृत्व को 2024–25 में मिले कई प्रतिष्ठित सम्मानों ने उनके असाधारण योगदान को मान्यता दी है।

इंडियनऑयल के लिए एक गौरवशाली क्षण वह था, जब सेना के फ्लैग डे पर माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के पुनर्वास के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता की सराहना की। इसके लिए इंडियनऑयल के अध्यक्ष श्री ए. एस. साहनी को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कंपनी के विभिन्न प्रभागों में लगभग 10,500 पूर्व सैनिकों काम कर रहे हैं। वर्ष 2022 में अपनी स्थापना के बाद से ही यह सम्मान कॉर्पोरेट क्षेत्र में पूर्व सैनिकों के सर्वोच्च नियोक्ता के रूप में इंडियनऑयल को ही मिलता रहा है। यह राष्ट्र निर्माण और हमारे राष्ट्र नायकों के समर्थन की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

निदेशक (रिफाइनरीज) श्री अरविंद कुमार को एनर्जी कंसोर्टियम अवार्ड्स 2024 में आईआईटी मद्रास द्वारा 'अनुकरणीय व्यावसायिक नेतृत्व पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार ने रिफाइनरी प्रचालन और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने में उनके रणनीतिक विजन और प्रभावशाली नेतृत्व को मान्यता दी है।

कंपनी सचिव एवं कार्यकारी निदेशक (विधि) श्री कमल कुमार ग्वालानी को एसोचैम ने 'भारत जनरल काउंसल डॉयेन 2024' से सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान सार्वजनिक क्षेत्र में कानूनी उत्कृष्टता और विनियामकीय अनुपालन बनाए रखने में उनकी अनुकरणीय सेवाओं के लिए दिया गया।

इंडियनऑयल को अमेरिका के एसोसिएशन फॉर टैलेंट डेवलपमेंट (एटीडी) ने 'एटीडी बेस्ट अवॉर्ड 2025' प्रदान किया। कंपनी को यह सम्मान तीसरी बार मिला है। यह वैश्विक सम्मान उन संगठनों को दिया जाता है, जो कर्मचारी के विकास के जरिए पूरे उद्यम में सफलता दिखलाते हैं। इसने इंडियनऑयल को ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख जन–केंद्रित कंपनी के रूप में स्थापित किया।

राष्ट्रीय पुरस्कार : प्रभाव और नवाचार का प्रदर्शन

ऊर्जा, नवाचार, संधारणीयता और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में इंडियनऑयल की परिवर्तनकारी पहलों को प्रतिष्ठित सरकारी निकायों, उद्योग मंचों और स्वतंत्र संस्थानों से राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। ये पुरस्कार प्रगति, उत्तरदायित्त्व और समावेशी विकास के प्रति कंपनी की गहरी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती हैं।

सुश्री शुभ्रा दत्त को FIPI का 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कार्यकारी' पुरस्कार प्राप्त हुआ

भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ द्वारा आयोजित और माननीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा दिए गए एफआईपीआई तेल एवं गैस पुरस्कार 2023 में इंडियनऑयल की हल्दिया रिफाइनरी को 'वर्ष की सवश्रेष्ठ रिफाइनरी' का पुरस्कार मिला। बोंगाईगांव रिफ़ाइनरी की सुश्री राधा को 'यंग अचीवर ऑफ द ईयर' (विशेष अनुशंसा) का पुरस्कार मिला। सुश्री शुभ्रा दत्त को 15 वर्षों से अधिक के सेवा अनुभव के साथ तेल एवं गैस उद्योग में 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला अधिकारी' का पुरस्कार मिला। इंडियनऑयल ने अपनी स्वदेशी तकनीकों – IZOMaxCAT और XXtraFlo DRA के लिए एफआईपीआई के शीर्ष नवाचार पुरस्कार भी जीते। कंपनी को 'वर्ष की सर्वश्रेष्ठ डिजिटल रूप से उन्नत कंपनी' और 'कंप्रैस्ड बायो–गैस की वर्ष की सर्वश्रेष्ठ कंपनी' भी चुना गया।

आईओसियन राधा को एफआईपीआई का 'यंग अचीवर ऑफ द ईयर' पुरस्कार मिला

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने इंडियनऑयल की आपूर्ति श्रृंखला सुदृढ़ता और सुस्थिरता को मान्यता देते हुए लगातार आठवीं बार कंपनी को 'स्केल अवॉर्ड 2024' से सम्मानित किया।

बायोडीजल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 2023-24 में उच्चतम बायोडीजल ब्लेंडिंग प्राप्त करने के लिए इंडियनऑयल को सम्मानित किया। इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग में उसके योगदान को बल मिला।

इंडियनऑयल के एक्सट्रापावर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम ने ग्लोबल रिटेल एक्सिलेंस अवॉर्ड्स 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ लॉयल्टी प्रोग्राम' पुरस्कार जीता और डिजिटल परिवर्तन प्रभाव के लिए स्कॉच अवॉर्ड 2025 भी जीता।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) द्वारा दिए गए ग्रीनफिंच पुरस्कार ने डेटा गवर्नेंस में इंडियनऑयल की उत्कृष्टता को सराहा।

इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड 2025 में इंडियनऑयल के सर्वो ग्रीस मिरेकल को 'नवोन्मेषी उत्पाद/सेवा' श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। यह गैर-लीथियम वाले ग्रीस इनोवेशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इंडियनऑयल मनमाड टर्मिनल

सीआईआई ने ग्रीनको रेटिंग फ्रेमवर्क (संरचना) के राष्ट्रव्यापी क्रियान्वयन के लिए ग्रीन क्रूसेडर पुरस्कार 2024 दिया। नाभा बीपी, मनमाड टर्मिनल और विज़ाग बीपी सहित कई प्रतिष्ठानों को प्लेटिनम प्रमाण पत्र दिया गए।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससीआई) ने एनएससीआई सुरक्षा पुरस्कार-2024 में इंडियनऑयल के विभिन्न स्थलों को सम्मानित किया। डिगबोई रिफाइनरी को स्वर्ण ट्रॉफी, एसआरपीएल चेन्नई को रजत, डब्ल्यूआरपीएल विरमगाम को कांस्य और कई टर्मिनलों तथा बॉटलिंग संयंत्रों को 'प्रशंसा पत्र' प्रदान किए गए। इसने कंपनी में सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति को ख्याति मिली।

इंडियनऑयल की विधि टीम को इंडिया लीगल अवॉर्ड्स 2024 में पीएसयू श्रेणी के अंतर्गत 'लीगल टीम ऑफ द ईयर' घोषित किया गया। इससे अनुपालन और कानूनी उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पुष्ट हुई।

सूचना प्रणाली टीम को आईआरएएस क्लाउड माइग्रेशन रिकॉग्निशन पहल के अंतर्गत महत्वपूर्ण प्रचालनों को क्लाउड पर सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के लिए सम्मानित किया गया।

खेलों से सामाजिक परिवर्तन

समावेशी राष्ट्र निर्माण के प्रति इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता खेलों में झलकती है, जहां वह खिलाड़ियों (एथलीट्स) को सशक्त कर रही है और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही है।

इंडियनऑयल को 'चेस फॉर फ्रीडम' पहल में भूमिका निभाने के लिए एफआईडीई विशेष पुरस्कार 2024 दिया गया। इस पहल के तहत जेलों में और वंचित समुदायों के बीच शतरंज कार्यक्रम चलाया गया था।

तिहाड़ जेल से एक प्रशंसा पत्र प्राप्त हुआ। इसमें कैदी सुधार पहल के एक भाग के रूप में संरचित खेल कोचिंग प्रदान करने में इंडियनऑयल के योगदान को मान्यता दी गई।

विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों को समग्र समर्थन देने के लिए फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2024 ने इंडियनऑयल को 'बेस्ट कॉर्पोरेट प्रमोटिंग स्पोर्ट्स (सार्वजनिक क्षेत्र)' के रूप में मान्यता दी।

शीतल देवी को 'बीबीसी इमर्जिंग एथलीट ऑफ द ईयर 2025' नामित किया गया, जो पैरा स्पोर्ट्स के विकास में इंडियनऑयल के जमीनी स्तर पर किए गए निवेश को रेखांकित करता है।

हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स 2024 में इंडियनऑयल के खिलाड़ियों दीपिका और अरिजीत सिंह हुंदल को अंडर-21 श्रेणियों में उभरती प्रतिभाओं के तौर पर क्रमशः असुंता लाकड़ा पुरस्कार और जुगराज सिंह पुरस्कार से नवाजा गया।

इंडियनऑयल के 'क्यू' खिलाड़ी आदित्य मेहता को बिलियर्ड्स और स्नूकर में उत्कृष्टता के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रतिष्ठित शिव छत्रपति पुरस्कार 2022-23 दिया गया।

अतिरिक्त मान्यताएँ: नवाचार, पर्यावरण और परिचालन उत्कृष्टता

स्फेरिपोल ग्लोबल बेंचमार्किंग सर्वेक्षण 2023 ने पारादीप रिफाइनरी में इंडियनऑयल की पीपी लाइन-1 और 2 को आंतरिक स्ट्रीम फैक्टर में वैश्विक स्तर पर 'पहला' स्थान दिया, जहां से पॉलीप्रोपाइलीन उत्पादन में नए मानक गढ़े गए।

मथुरा रिफाइनरी को ऊर्जा दक्षता और कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण में उत्कृष्ट नवाचार करने के लिए एनईसीए प्रमाणपत्र 2024 मिला।

तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय द्वारा सुरक्षा और अग्नि शमन में उत्कृष्टता के लिए दी जाने वाली एवी ओगले ट्रॉफी 2023-24 के पुरस्कारों में इंडियनऑयल की डिगबोई रिफाइनरी ने स्वर्ण ट्रॉफी और पानीपत रिफाइनरी ने रजत ट्रॉफी जीती।

कंपनी ने पहली बार आईएसओ 41001 और आईएसओ 45001 प्रमाणन प्राप्त किया, जो उसके नई दिल्ली स्थित कोको नीति मार्ग रिटेल आउटलेट को दिया गया। यह उपलब्धि सुविधा प्रबंधन और व्यावसायिक सुरक्षा में कंपनी की अग्रणी स्थिति को पुष्ट करती है।

ग्रीनको सर्टिफिकेशन 2024-25 ने इंडियनऑयल की पाइपलाइनों को मान्यता दी। दाहेज-कोयली आर-एलएनजी पाइपलाइंस के लिए प्लेटिनम प्रमाणन और गुवाहाटी-सिलीगुड़ी, कोयली-रतलाम और कोयली-दाहेज पाइपलाइनों को गोल्ड प्रमाणन के साथ मान्यता मिली।

इंडियनऑयल को सर्वो गियर एक्सल TM 80W-90 LL के सह-विकास के लिए टाटा मोटर्स सप्लायर कॉन्फ्रेंस 2024 में नवाचार और प्रौद्योगिकी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

होस्टलेन/एसीपी बेंचमार्क सर्वेक्षण 2023 ने पानीपत नेफ्था क्रैकर स्थित एचडीपीई संयंत्र को सर्वोच्च प्राइम प्रोडक्शन छूने के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र दिया।

महिंद्रा स्वराज ने लागत पुनर्रचना में उपलब्धियों के लिए इंडियनऑयल को आपूर्तिकर्ता पुरस्कार 2024 दिया।

पानीपत रिफाइनरी (श्रेणी I) और डिगबोई रिफाइनरी (श्रेणी II) को पर्यावरण प्रबंधन में सर्वोत्तम पद्धतियों के लिए ग्रीन चैंपियंस पुरस्कार 2023-24 मिला।

निदेशक मंडल

पूर्णकालिक निदेशक

1. श्री ए. एस. साहनी, अध्यक्ष,	13.11.2024 से
2. श्री अनुज जैन, निदेशक (वित्त)	
3. डॉ. आलोक शर्मा, निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)	
4. सुश्री रश्मि गोविल, निदेशक (मानव संसाधन)	
5. श्री अरविंद कुमार, निदेशक (रिफाइनरीज)	17.07.2024 से
6. श्री सुमन कुमार, निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	26.02.2025 से
7. श्री श्रीकांत माधव वैद्य, अध्यक्ष	31.08.2024 तक
8. श्री सुजय चौधुरी, निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	31.08.2024 तक
9. श्री एन. सेंथिल कुमार, निदेशक (पाइपलाइंस)	30.06.2025 तक
10. श्री सतीश कुमार वडुगुरी, निदेशक (विपणन)	31.07.2025 तक

सरकार द्वारा नामित निदेशक

11. सुश्री ईशा श्रीवास्तव,	20.06.2025 से
12. डॉ. सुजाता शर्मा,	11.05.2024 से

स्वतंत्र निदेशक

13. डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर,	23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनर्नियुक्त
14. श्री प्रसेनजित बिस्वास,	23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनर्नियुक्त
15. श्री कृष्णन सदगोपन,	23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनर्नियुक्त
16. श्री दिलीप गोगोई लालुंग,	23.11.2024 तक
17. डॉ. (प्रोफेसर) आशुतोष पंत,	23.11.2024 तक
18. श्री सुदीप्त कुमार राय,	23.11.2024 तक
19. डॉ. (प्रोफेसर) राम नरेश सिंह,	07.04.2025 तक

प्रमुख प्रबंधन अधिकारी (केएमपी)

1. श्री कमल कुमार ग्वालानी, कंपनी सचिव

वरिष्ठ प्रबंधन टीम

अनंत कुमार सिंह (आईपीएस)	मुख्य सतर्कता अधिकारी
संदीप जैन	कार्यकारी निदेशक प्रभारी (गैस), व्यवसाय विकास
के. शैलेंद्र	कार्यकारी निदेशक (एलपीजी), विपणन
एम. अन्नादुरई	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (तमिलनाडु राज्य कार्यालय), विपणन
डॉ. मुकेश रंजन दास	कार्यकारी निदेशक प्रभारी (मानव संसाधन), विपणन
डी. पद्मा (सुश्री)	कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट योजना एवं आर्थिक अध्ययन), व्यवसाय विकास
वी. सी. अशोकन	कार्यकारी निदेशक (रिटेल सेल्स), विपणन
के. एस. राव	कार्यकारी निदेशक (संचालन), विपणन
संजय पाराशर	कार्यकारी निदेशक (आपूर्ति), विपणन
गुर प्रसाद	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (महाराष्ट्र राज्य कार्यालय), विपणन
सुबोध कुमार बाजपयी	कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण), विपणन
जीतेंद्र कुमार	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (पश्चिम बंगाल राज्य कार्यालय), विपणन
शुभजीत सरकार	कार्यकारी निदेशक (संचालन), रिफाइनरीज
राजीव कक्कड़	कार्यकारी निदेशक (सतर्कता), कॉर्पोरेट कार्यालय
एम.एल. डहरिया	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (पानीपत रिफाइनरी)
शैलेश तिवारी	कार्यकारी निदेशक प्रभारी पाइपलाइंस
सुब्रत कर	कार्यकारी निदेशक (योजना एवं आर्थिक अध्ययन), विपणन
संजीव कुमार चौधरी	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (बिहार राज्य कार्यालय), विपणन
अरविंद आचार्य	कार्यकारी निदेशक (परियोजना मूल्यांकन समूह), कॉर्पोरेट कार्यालय और मुख्य जोखिम अधिकारी
सौमित्र पी श्रीवास्तव	कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट रणनीति), कॉर्पोरेट कार्यालय
मनोज कुमार गुप्ता	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (राजस्थान राज्य कार्यालय), विपणन
हेमंत कुमार राठौर	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय II), विपणन
मैथ्यू वर्गीज	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (दिल्ली राज्य कार्यालय), विपणन
राजेश सिंह	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय I), विपणन
बिभूति रंजन प्रधान	कार्यकारी निदेशक (समन्वय एवं सीएसआर), कॉर्पोरेट कार्यालय
नयन कुमार बरुआ	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (बोंगाईगांव रिफाइनरी)
अजय कुमार तिवारी	कार्यकारी निदेशक (अन्वेषण एवं उत्पादन), व्यवसाय विकास
राहुल प्रशांत	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (एओडी रिफाइनरी)
मुकेश मोहन	कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण), रिफाइनरीज
सत्य प्रकाश	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (बरौनी रिफाइनरी)
जॉयदीप चौधुरी	कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं), रिफाइनरीज
कौशिक बसु	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (पारादीप रिफाइनरी)
आशुतोष कुमार मेहता	कार्यकारी निदेशक (निर्माण), पाइपलाइंस
अमित दासगुप्ता	कार्यकारी निदेशक (संचालन), पाइपलाइंस

मनीष बोटके	कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं), पाइपलाइंस
मनोज कुमार शर्मा	कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (पूर्वी क्षेत्र पाइपलाइंस), कोलकाता
डॉ. उमेश श्रीवास्तव	कार्यकारी निदेशक (प्रौद्योगिकी संवर्धन एवं पूर्वानुमान), अनुसंधान एवं विकास
हिमांशु रंजन	कार्यकारी निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण), विपणन
राजेश नांबियार	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (इंडियनऑयल एओडी राज्य कार्यालय), विपणन
ए. वी. रघुनाधन	कार्यकारी निदेशक (नया व्यवसाय), व्यवसाय विकास
सुरेश पी. नांबियार	कार्यकारी निदेशक (सूचना प्रणाली), विपणन
सुनीत जोशी	कार्यकारी निदेशक (मूल्य निर्धारण), विपणन
बंकिम बिहारी पात्रा	कार्यकारी निदेशक (ल्यूब्स), विपणन
एन.एम. निमजे	कार्यकारी निदेशक (संस्थागत व्यवसाय), विपणन
एम. सुधाकर	कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय सेवाएं), दक्षिणी क्षेत्र कार्यालय, विपणन
जगदीप कुमार राणा	कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय सेवाएं), उत्तरी क्षेत्र कार्यालय, विपणन
राजीव मोहन	कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट मामले और विधि), कॉर्पोरेट कार्यालय
सिद्धार्थ अग्रवाल	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (कर्नाटक राज्य कार्यालय), विपणन
संजीब कुमार बेहरा	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (गुजरात राज्य कार्यालय), विपणन
पंकज कुमार	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्रुप 'I', इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लि.
निखिल दीप माथुर	कार्यकारी निदेशक (गैर-ईंधन राजस्व), विपणन
प्रवीण डोंगरे	कार्यकारी निदेशक (सतत विकास), व्यवसाय विकास
जितेंद्र अगरवाला	कार्यकारी निदेशक (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण), कॉर्पोरेट कार्यालय
सुनील कांति	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (गुवाहाटी रिफाइनरी)
हितेश रमेश शाह	कार्यकारी निदेशक (ऑप्टिमाइजेशन), कॉर्पोरेट कार्यालय
सुब्रत चौधरी	कार्यकारी निदेशक (वित्त), रिफाइनरीज
बिप्लब बिस्वास	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (गुजरात रिफाइनरी)
अभिजीत चक्रवर्ती	कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं), रिफाइनरीज
अजय कैला	कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), पानीपत रिफाइनरी
डी. एस. राव	कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (दक्षिण पूर्वी क्षेत्रीय पाइपलाइंस), भुवनेश्वर
डॉ. अजीत कुमार ठाकुर	कार्यकारी निदेशक (वैकल्पिक ऊर्जा), व्यवसाय विकास
डॉ. एलेक्स सी. पुलिकोटिल	कार्यकारी निदेशक (पेट्रोकेमिकल्स और उत्प्रेरक), अनुसंधान एवं विकास
आर. के. कौशिक सिंघा	कार्यकारी निदेशक (रिफाइनिंग प्रौद्योगिकी), अनुसंधान एवं विकास
अतनु सान्याल	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (हल्दिया रिफाइनरी)
एस.एन. विजयकुमार	कार्यकारी निदेशक (क्रायोजेनिक्स), विपणन
के. जॉन प्रसाद	कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार और ब्रांडिंग), विपणन
पी. त्रिपाठी	कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय सेवाएं), पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय, विपणन
सौरभ दत्त	कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार और ब्रांडिंग), कॉर्पोरेट कार्यालय

अतनु मंडल	कार्यकारी निदेशक (रिटेल ट्रांसफोरमेशन), विपणन
गिरीश जैन	कार्यकारी निदेशक (विस्फोटक पदार्थ), व्यवसाय विकास
अजीत पी. धाक्रस	कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास), विपणन
जी.डी.एस. कोहली	कार्यकारी निदेशक (वित्त), व्यवसाय विकास
मनीष मलिक	कार्यकारी निदेशक (सूचना प्रणाली), कॉर्पोरेट व्यवसाय प्रौद्योगिकी केंद्र, आईआईपीएम गुड़गांव
उदित जैन	कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), कॉर्पोरेट कार्यालय
शैलेश धर	कार्यकारी निदेशक (विमानन), विपणन
अजय गर्ग	कार्यकारी निदेशक (गैस), व्यवसाय विकास
चक्रेश कुमार जैन	कार्यकारी निदेशक (वित्त), विपणन
पीयूष मित्तल	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्य कार्यालय), विपणन
आशुतोष गुप्ता	कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख (पंजाब राज्य कार्यालय), विपणन
शुभेंदु पाल	कार्यकारी निदेशक (इंजीनियरिंग और परियोजनाएं), विपणन
देबाशीष बनर्जी	कार्यकारी निदेशक (ऑटोमेशन), विपणन
जिस्टो नोंगब्री	कार्यकारी निदेशक (क्षेत्रीय सेवाएं), पूर्वी क्षेत्र कार्यालय, विपणन
देब कुमार सरकार	कार्यकारी निदेशक (सामग्री एवं अनुबंध), विपणन
दीपक दास	प्रबंध निदेशक ग्रेड 'I', लंका आईओसी पीएलसी, कोलंबो
संजय कुमार सिन्हा	कार्यकारी निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय व्यापार), कॉर्पोरेट कार्यालय
सुनील कुमार सिन्हा	कार्यकारी निदेशक (कोर ग्रुप), गुजरात रिफाइनरी
एसजी वेंकटेश	कार्यकारी निदेशक (पेट्रोकेमिकल्स), व्यवसाय विकास
पी.के. बासुमतारी	कार्यकारी निदेशक (रखरखाव एवं निरीक्षण), रिफाइनरीज
संजय रायजादा	कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं और कोर ग्रुप), बरौनी रिफाइनरी
एन.एम. भालेराव	कार्यकारी निदेशक (वित्त), पाइपलाइंस
पियाली चक्रवर्ती (सुश्री)	कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), रिफाइनरीज
महुआ एम. बसु (सुश्री)	कार्यकारी निदेशक (सामग्री एवं अनुबंध), पाइपलाइंस
अनुराग सचदेव	कार्यकारी निदेशक (सामग्री एवं अनुबंध और शिपिंग), रिफाइनरीज
मुकुल अग्रवाल	कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (मथुरा रिफाइनरी)
संजय कुमार पपनेजा	कार्यकारी निदेशक (प्रक्रिया–परियोजनाएं), रिफाइनरीज
प्रसून कुमार मिश्रा	कार्यकारी निदेशक (शहरी गैस वितरण), पाइपलाइंस
ललित कुमार झा	कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (दक्षिणी क्षेत्र पाइपलाइंस) चेन्नई मुख्यालय
जी. वेंकटरमणन	कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (पश्चिमी क्षेत्र पाइपलाइंस) राजकोट मुख्यालय
श्यामानंद झा	मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रेड 'I', आईएचबी लि.
राजीव रंजन	कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन), पाइपलाइंस
विपिन कुमार जैन	कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख (इंडियनऑयल पेट्रोलियम प्रबंधन संस्थान)
सुशांत कुमार दास	कार्यकारी निदेशक (तकनीकी), हल्दिया रिफाइनरी
संजय कुमार	कार्यकारी निदेशक (आंतरिक लेखा परीक्षा), कॉर्पोरेट कार्यालय

प्रमुख कार्यालय और प्रमुख इकाईयाँ

पंजीकृत कार्यालय
इंडियनऑयल भवन,
जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051,
महाराष्ट्र

कॉर्पोरेट कार्यालय
3079/3, जे बी टीटो मार्ग,
सादिक नगर,
नई दिल्ली - 110 049

रिफाइनरी प्रभाग

प्रधान कार्यालय
स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर-2,
7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड,
नई दिल्ली - 110 003

बरौनी रिफाइनरी
डाकघर - बरौनी रिफाइनरी,
जिला बेगूसराय – 851 114
बिहार

डिगबोई रिफाइनरी
एओडी,
डाकघर, डिगबोई – 786 171
असम

गुजरात रिफाइनरी
डाकघर - जवाहर नगर,
जिला वडोदरा – 391 320
गुजरात

गुवाहाटी रिफाइनरी
डाकघर - नूनमाटी,
गुवाहाटी - 781 020
असम

हल्दिया रिफाइनरी
डाकघर - हल्दिया रिफाइनरी,
जिला मिदनापुर - 721 606
पश्चिम बंगाल

मथुरा रिफाइनरी
डाकघर - मथुरा रिफाइनरी,
मथुरा - 281 005
उत्तर प्रदेश

पानीपत रिफाइनरी
डाकघर - पानीपत रिफाइनरी,
पानीपत - 132 140
हरियाणा

बोंगाईगांव रिफाइनरी
डाकघर - धालीगांव
जिला - चिरांग - 783 385
असम

पारादीप रिफाइनरी
डाकघर - झिमनी, वाया कुजंग,
जिला - जगतसिंहपुर - 754 141
ओडिशा

पाइपलाइंस प्रभाग

मुख्यालय
इंडियनऑयल भवन,
ए-1, उद्योग मार्ग,
सेक्टर-1, नोएडा - 201 301
उत्तर प्रदेश

उत्तरी क्षेत्र
डाकघर - पानीपत रिफाइनरी,
पानीपत - 132 140
हरियाणा

पूर्वी क्षेत्र
14, ली रोड,
कोलकाता - 700 020
पश्चिम बंगाल

पश्चिमी क्षेत्र
पीओ बॉक्स - 1007,
बेड़ीपारा, मोरवी रोड, गौरीदाद,
राजकोट - 360 003
गुजरात

दक्षिणी क्षेत्र
6/13, व्हीटक्राफ्ट्स रोड,
नुंगमबक्कम,
चेन्नई - 600 034
तमिलनाडु

दक्षिण पूर्वी क्षेत्र
ई/3, चौथा तल,
इन्फिनिया टावर, इन्फोसिटी एरिया, पटिया
भुवनेश्वर - 751 024
ओडिशा

विपणन प्रभाग

प्रधान कार्यालय
इंडियनऑयल भवन,
जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
महाराष्ट्र

उत्तरी क्षेत्र
इंडियनऑयल भवन,
1, श्री अरबिंदो मार्ग,
यूसुफ सराय,
नई दिल्ली - 110 016

पूर्वी क्षेत्र
इंडियनऑयल भवन,
2, गरियाहाट रोड (दक्षिण), ढाकुरिया,
कोलकाता - 700 068
पश्चिम बंगाल

पश्चिमी क्षेत्र
इंडियनऑयल भवन
प्लॉट नं. सी-33, 'जी' ब्लॉक
बांद्रा कुर्ला परिसर, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
महाराष्ट्र

दक्षिणी क्षेत्र
इंडियनऑयल भवन,
139, नुंगमबक्कम हाई रोड,
चेन्नई - 600 034
तमिलनाडु

व्यापार समूह क्रायोजेनिक्स
ए-4, एमआईडीसी अंबाड़
नासिक - 422 010
महाराष्ट्र

व्यवसाय विकास समूह

प्रधान कार्यालय
इंडियनऑयल भवन,
1, श्री अरबिंदो मार्ग, यूसुफ सराय,
नई दिल्ली - 110 016

व्यापार समूह विस्फोटक
आईबीपी हाउस,
34ए, निर्मल चंद्र स्ट्रीट
कोलकाता - 700 013
पश्चिम बंगाल

अनुसंधान एवं विकास केंद्र
सेक्टर 13,
फरीदाबाद - 121 007
हरियाणा

वर्ष 2024-25 के लिए सांविधिक/लागत/सचिवीय लेखा परीक्षक

सांविधिक लेखा परीक्षक

1. के. जी. सोमानी एंड कंपनी एलएलपी, नई दिल्ली
2. खंडेलवाल जैन एंड कंपनी, मुंबई
3. कोमांडूर एंड कंपनी एलएलपी, कोलकाता
4. एम. के. पी. एस. एंड एसोसिएट्स एलएलपी, कोलकाता

लागत लेखा परीक्षक

1. चंद्रा वाधवा एंड कंपनी, नई दिल्ली
2. बंद्योपाध्याय भौमिक एंड कंपनी, कोलकाता
3. आर. जे. गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली
4. मणि एंड कंपनी, कोलकाता
5. बलविंदर एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली
6. एबीके एंड एसोसिएट्स, मुंबई
7. विवेकानंदन उन्नी एंड एसोसिएट्स, चेन्नई

चन्द्रा वाधवा एंड कंपनी, नई दिल्ली केंद्रीय लागत लेखा परीक्षक है।

सचिवीय लेखा परीक्षक

ढोलकिया एंड एसोसिएट्स एलएलपी, कंपनी सचिव, मुंबई

बैंकर/स्टॉक एक्सचेंज/पंजीयक एंव अंतरण एजेंट/डिबेंचर ट्रस्टी

बैंकर

भारतीय स्टेट बैंक

एचडीएफसी बैंक लि.

स्टॉक एक्सचेंज

बीएसई लि.
25वां तल, पीजे टावर्स,
दलाल स्ट्रीट, फोर्ट,
मुंबई - 400 001
महाराष्ट्र

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.
एक्सचेंज प्लाजा,
5वां तल, प्लॉट सी/1, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला परिसर, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
महाराष्ट्र

पंजीयक एवं अंतरण एजेंट

केफिन टेक्नोलॉजीज लि.
सेलेनियम बिल्डिंग, टावर बी, प्लॉट 31-32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली,
हैदराबाद - 500 032
तेलंगाना
टोल फ्री नंबर: 1800 309 4001
ई-मेल एड्रेस: einward.ris@kfintech.com
वेबसाइट: www.kfintech.com

डिबेंचर ट्रस्टी

एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लि.
मिस्त्री भवन, चौथा तल,
122, दिनशॉ वाचा रोड, चर्चगेट,
मुंबई - 400 020
महाराष्ट्र
वेबसाइट: www.sbicaptrustee.com

बीकन ट्रस्टीशिप लि.
5W, 5वां तल, मेट्रोपॉलिटन बिल्डिंग,
ई-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला परिसर (बीकेसी), बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
महाराष्ट्र
वेबसाइट: www.beacontrustee.co.in

समूह की कंपनियां

सहायक कंपनियां

नाम	व्यवसाय
भारतीय सहायक कंपनियां	
चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.	पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग
आईओसी ग्लोबल कैपिटल मैनेजमेंट आईएफएससी लि.	वित्तीय सेवाएं
मर्केंटर पेट्रोलियम लि.	तेल और गैस की अन्वेषण और उत्पादन
टेरा क्लीन लि.	कम-कार्बन, नवीन, स्वच्छ और हरित ऊर्जा व्यवसाय शुरू करना
विदेशी सहायक कंपनियां	
इंडियनऑयल (मॉरीशस) लि., मॉरीशस	टर्मिनलिंग, रिटेलिंग, एविएशन रिफ्यूलिंग और बंकरिंग
इंडऑयल ग्लोबल बी.वी. नीदरलैंड्स	कनाडा और यूएई में ई एंड पी परिसंपत्तियों की निवेश कंपनी
आईओसीएल सिंगापुर पीटीई लि., सिंगापुर	कच्चे तेल का व्यापार, पेट्रोलियम उत्पादों का आयात/निर्यात और ई एंड पी परिसंपत्तियों की निवेश कंपनी और वैकल्पिक ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी
आईओसी मिडिल ईस्ट, एफजेडई, यूएई	ल्यूब ब्लेंडिंग और लुब्रिकेंट तथा बेस ऑयल का विपणन
आईओसी स्वीडन एबी, स्वीडन	वेनेजुएला में ई एंड पी परियोजना की निवेश कंपनी और इजराइल में बैटरी प्रौद्योगिकी कंपनी
आईओसीएल (यूएसए) इंक., यूएसए	शेल गैस परिसंपत्ति परियोजना में प्रतिभागिता
लंका आईओसी पीएलसी, श्रीलंका	रिटेलिंग, टर्मिनलिंग और बंकरिंग

संयुक्त उद्यम

नाम	व्यवसाय	साझेदार
एवी-ऑयल इंडिया प्रा. लि.	विशिष्टता वाले लुब्रिकेंट का निर्माण	नेडेन बी.वी., नीदरलैंड्स, बॉमर लॉरी एंड कंपनी लि.
कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि.	नागापट्टिनम, तमिलनाडु में 9 एमएम टीपीए रिफाइनरी की स्थापना	चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. एक्सिस बैंक लि. एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.. आईसीआईसीआई बैंक लि. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.
दिल्ली एविएशन फ्यूल फेसिलिटी प्रा. लि.	दिल्ली हवाईअड्डे पर विमानन ईंधन की सुविधा की स्थापना और प्रचालन	दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
जीएच4इंडिया प्राइवेट लि.	ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन परिसंपत्तियों और संबद्ध नवीकरणीय परिसंपत्तियों का विकास	लार्सन एंड टुब्रो लि. रिन्यू पावर प्राइवेट लि.
ग्रीन गैस लि.	शहरी गैस वितरण	गेल (इंडिया) लि.
जीएसपीएल इंडिया ट्रांसको लि.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइंस की स्थापना	गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लि. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लि.	प्राकृतिक गैस पाइपलाइंस की स्थापना	गुजरात स्टेट पेट्रोनेट लि. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लि.	सिंदरी, गोरखपुर और बरौनी में उर्वरक संयंत्र स्थापना करना और प्रचालित करना	कोल इंडिया लि. एनटीपीसी लि. फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. हिंदुस्तान फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लि.
आईएचबी लि.	कांडला (गुजरात) से गोरखपुर (उ.प्र.) तक एलपीजी पाइपलाइंस बिछाना, निर्मित करना, प्रचालन या विस्तारण करना	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.

नाम	व्यवसाय	साझेदार
आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लि.	जैविक कचरे को सीबीजी में परिवर्तित करने के लिए एडवांस बायोगैस टेक्नोलॉजी को एकीकृत करना	जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लि.
इंडियनऑयल अडानी वेंचर्स लि. (पूर्व नाम – इंडियनऑयल टैंकिंग लि.)	टर्मिनलिंग, ईपीसी सेवाओं और कंप्रैस्ड बायो-गैस का उत्पादन	अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि.
इंडियनऑयल अडानी गैस प्राइवेट लि.	शहरी गैस वितरण	अडानी टोटल गैस लि.
इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लि.	एलपीजी की टर्मिनलिंग सेवाएं और समानांतर विपणन	पेट्रोनास, मलेशिया.
इंडियनऑयल एलएनजी प्राइवेट लि.	एन्नोर में एलएनजी टर्मिनल	मैक्सिमस इन्वेस्टमेंट एडवाइजरी प्रा. लि. आईसीआईसीआई बैंक लि. तमिलनाडु औद्योगिक विकास कॉर्पोरेशन लि.
इंडियनऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्रा. लि.	नवीकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाओं का विकास	एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि.
इंडियनऑयल स्काईटैंकिंग प्राइवेट लि.	विमानन ईंधन सुविधा परियोजनाएं और इनटू-प्लेन सेवाएं	स्काईटैंकिंग जीएमबीएच, जर्मनी
इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लि.	पानीपत में स्टाइरीन ब्यूटाडाइन रबर का निर्माण	त्रिमूर्ति होल्डिंग कॉर्पोरेशन, ब्रिटिश वर्जिन आईलैंड्स
इंडोफास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लि. (15.07.2024 को निगमित)	भारत में छोटे प्रारूप वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी सेवा का व्यवसाय जारी रखना	सन मोबिलिटी प्राइवेट लि. (अपने पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के जरिए)
इंद्रधनुष गैस ग्रिड लि.	पूर्वोत्तर भारत में प्राकृतिक गैस पाइपलाइंस की स्थापना	तेल और प्राकृतिक गैस निगम लि. गेल (इंडिया) लि. ऑयल इंडिया लि. नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि.
इंडियनऑयल टोटल प्रा. लि.	बिटुमन व्यवसाय शुरू करना और संचालित करना, एलपीजी सुविधाओं के अनुरूप एलपीजी व्यवसाय करना	टोटल मार्केटिंग एंड सर्विसेज एस ए, फ्रांस
आईओसी फिनर्जी प्रा. लि.	भारत में AI-एयर बैटरी प्रौद्योगिकी का व्यावसायीकरण	फिनर्जी, इजराइल
कोच्चि सेलम पाइपलाइंस प्रा. लि.	कोच्चि से सेलम तक एलपीजी परिवहन के लिए पाइपलाइंस बिछाना	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
लुब्रिजोल इंडिया प्रा. लि.	ल्यूब एडिटिव का निर्माण	लुब्रिज़ोल कॉर्प., यूएसए
मुंबई एविएशन फ्यूल फार्म फैसिलिटी प्रा. लि.	मुंबई हवाईअड्डे पर सामान्य प्रयोक्ता एकीकृत विमानन ईंधन अवसंरचना की स्थापना	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि.
एनपीसीआईएल – इंडियनऑयल न्यूक्लियर एनर्जी कॉर्पोरेशन लि.	परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना	न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि.
पारादीप प्लास्टिक पार्क लि.	पारादीप, ओडिशा में प्लास्टिक पार्क परियोजना का विकास और कार्यान्वयन	ओडिशा इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
पेट्रोनेट एलएनजी लि.	एलएनजी आयात / वितरण और पुनर्गैसीकरण	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लि. गेल (इंडिया) लि.
पेट्रोनेट वीके लि.	वाडिनार से कांडला तक पीओएल उत्पादों के परिवहन के लिए पाइपलाइंस का निर्माण और प्रचालन	रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. नायरा एनर्जी लि. गुजरात इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लि. इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज, दीनदयाल पोर्ट ट्रस्ट, भारतीय स्टेट बैंक केनरा बैंक
रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि.	महाराष्ट्र में रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल परियोजना	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि.
सनटेरा नाइजीरिया 205 लि.	तेल अन्वेषण संबंधी कार्य	ऑयल इंडिया लि., सनटेरा रिसोर्सेज लि., साइप्रस

निष्पादन – एक नजर में

विवरण	(US$ मिलियन)		(₹ करोड़ में)				
	2024-25	2023-24	2024-25	2023-24	2022-23	2021-22	2020-21
वित्तीय							
प्रचालनों से राजस्व	99954	104631	845513	866345	934953	728445	514890
असाधारण मदों, वित्त लागत, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (एबिटा) से पहले का लाभ	4500	8959	38060	74182	28487	47568	42614
असाधारण मदों, वित्त लागत, कर से पहले लाभ (एबिट)	2693	7207	22776	59672	16628	36562	32810
असाधारण मदों और कर पूर्व लाभ	1660	6322	14044	52344	9698	31733	29716
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	1878	6322	15882	52344	9698	31733	29716
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	1532	4785	12962	39619	8242	24184	21836
अन्य व्यापक आय (निवल कर)	(161)	1613	(1359)	13356	(1464)	6260	4584
कुल व्यापक आय	1372	6398	11602	52975	6778	30444	26420
केंद्र और राज्य के राजकोष में अंशदान	27462	29182	232299	241629	240185	264436	238786
संचयी लाभांश (जारी शेयर पूंजी पर)			111293	107162	90636	86505	74937
उत्पादित मूल्य	11809	15950	99893	132068	87472	99105	88202
वितरित मूल्य							
प्रचालन लागत	5799	5601	49057	46377	49864	40223	34534
सामुदायिक निवेश – सीएसआर	69	55	583	458	264	298	460
कर्मचारी को लाभ	1225	1338	10363	11080	8770	10992	10712
पूंजी प्रदाता							
– वित्तीय लागत	1032	885	8732	7328	6930	4829	3094
– लाभांश	1140	1331	9640	11017	3305	9640	9640
आयकर	167	1403	1410	11615	443	6913	6761
प्रतिधारित अर्जन	2377	5337	20108	44193	17896	26210	23001
निगम के स्वामित्व में क्या है							
निवल अचल परिसंपत्तियां	21742	21685	185851	180867	165485	146889	143400
पूंजीगत चालू कार्य (सीडब्ल्यूआईपी)	8916	7081	76214	59066	48991	44446	33052
निवेश	8296	8523	70917	71088	57519	57787	48619
अन्य गैर चालू परिसंपत्तियां	1101	942	9409	7860	6472	6912	5437
अन्य चालू परिसंपत्तियां	15834	16372	135353	136561	139587	129557	101117
कुल	55889	**54603**	477744	**455442**	**418054**	**385591**	**331625**
निगम किसके लिए देनदार है							
इक्विटी							
– शेयर पूंजी	1611	1651	13772	13772	13772	9181	9181
– अन्य इक्विटी	19292	19535	164905	162943	120986	122105	101319
कुल	20903	**21186**	178677	**176715**	**134758**	**131286**	**110500**
उधारी	15730	13967	134466	116496	132495	110798	94413
कर देयता (निवल)	1871	1888	15996	15745	12766	11491	11334
अन्य गैर चालू देयताएं	1436	1406	12274	11728	11433	10838	10809
अन्य चालू देयताएं	15949	16156	136331	134758	126602	121178	104569
कुल	55889	**54603**	477744	**455442**	**418054**	**385591**	**331625**
निवल मूल्य (कंपनी अधिनियम के अनुसार)	17649	17680	150863	147473	118906	114031	100064
बाजार पूंजीकरण	21096	28400	180328	236884	110004	111981	86469
उद्यम मूल्य	36796	42311	314530	352915	242136	222070	180568

विवरण	(US$ मिलियन)		(₹ करोड़ में)				
	2024–25	2023–24	2024–25	2023–24	2022–23	2021–22	2020–21
प्रमुख वित्तीय सूचक							
रिपोर्ट किया गया जीआरएम ($/bbl में)			4.80		19.52	11.25	
सामान्यीकृत जीआरएम ($/bbl में)			4.53		20.14	7.61	
सिंगापुर जीआरएम ($/bbl में)#			3.80		10.77	4.99	
प्रति शेयर अर्जन* ($/₹ में)	0.11	0.35	9.41		5.98	17.56	
प्रति शेयर नगद अर्जन* ($/₹ में)	0.24	0.47	20.51		14.60	25.55	
प्रति शेयर बुक वैल्यू* ($/₹ में)	1.52	1.54	129.74		97.85	95.33	
प्रति शेयर बाजार मूल्य (एनएसई) (₹ में)			127.70		77.90	118.95	
मूल्य अर्जन अनुपात			13.57		13.02	6.77	
लाभांश भुगतान अनुपात			32%		50%	48%	
प्रतिधारण अनुपात			68%		50%	52%	
ऋण इक्विटी अनुपात							
– कुल ऋण से इक्विटी (गुणा)			0.75		0.98	0.84	
– दीर्घकालिक ऋण से इक्विटी (गुणा)			0.29		0.43	0.39	
चालू अनुपात (गुणा)			0.67		0.74	0.75	
औसत निवल मूल्य पर प्राप्ति (%)			8.69		7.08	22.59	
औसत नियोजित पूंजी पर प्राप्ति (%)			7.10		6.19	15.44	
कुल परिसंपत्तियों के टर्नओवर का अनुपात (गुणा)			1.81		2.33	2.03	
व्यापार प्राप्तियों के टर्नओवर का अनुपात (गुणा)			54.99		54.43	45.95	
वस्तुसूची टर्नओवर अनुपात (गुणा)			7.71		8.48	7.98	
ब्याज सेवा कवरेज अनुपात (गुणा)			4.02		3.39	8.25	
ऋण सेवा कवरेज अनुपात (गुणा)			1.07		1.30	5.10	
एबिटा मार्जिन (%)			4.50		3.05	6.53	
प्रचालनीय लाभ मार्जिन (%)			2.11		1.11	4.42	
निवल लाभ मार्जिन (%)			1.53		0.88	3.32	

नोट: प्रयुक्त मुद्रा-विनिमय दर:-

2024-25 के लिए, यथा 31.03.2025 को औसत दर 1 US$ = ₹ 84.59 और अंतिम दर 1 US$ = ₹ 85.48

2023-24 के लिए, यथा 31.03.2024 को औसत दर 1 US$ = ₹ 82.80 और अंतिम दर 1 US$ = ₹ 83.41

*US$ और ₹ के पूर्ण अंकों को बोनस शेयरों में समायोजित किया गया (1:2 जून 2022 में जारी)

स्रोत रॉयटर्स

1	प्रचालनों से राजस्व	बिक्री (निवल बट्टा) + सेवाओं की बिक्री + अन्य प्रचालनीय राजस्व + एसएससी के निवल दावे / (अभ्यर्पण) + केंद्र / राज्य सरकार से सब्सिडी + सरकार से अनुदान
2	वर्धित मूल्य	कर पूर्व लाभ + वित्त लागत + मूल्यह्रास एवं परिशोधन + कर्मचारी अनुलाभ व्यय
3	निवेश	गैर-चालू निवेश + चालू निवेश
4	अन्य चालू परिसंपत्तियां	चालू परिसंपत्तियां - चालू निवेश - चालू कर परिसंपत्तियां
5	उधार (कुल ऋण)	अल्पकालिक उधार + दीर्घकालिक उधार
6	कर देयता (निवल)	आस्थगित कर देयताएं + चालू कर देयताएं + आयकर देयताएं - (चालू कर परिसंपत्ति + आय कर परिसंपत्ति)
7	अन्य चालू देयताएं	चालू देयताएं - अल्पकालिक उधार - चालू कर देयताएं
8	उद्यम मूल्य	बाजार का पूंजीकरण + उधार - नगद और नगद समतुल्य
9	इक्विटी	इक्विटी शेयर पूंजी + अन्य इक्विटी
10	नियोजित पूंजी	इक्विटी + उधार + आस्थगित कर देयता
11	प्रति शेयर अर्जन	कर पश्चात लाभ / इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या
12	प्रति शेयर नकद अर्जन	(कर पश्चात लाभ + मूल्यह्रास) / इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या
13	प्रति इक्विटी शेयर बुक वैल्यू	इक्विटी / इक्विटी शेयरों की संख्या
14	मूल्य अर्जन अनुपात	प्रति शेयर बाजार मूल्य/प्रति शेयर अर्जन

15	लाभांश भुगतान अनुपात	कुल लाभांश (अंतिम लाभांश सहित) / कर पश्चात लाभ
16	प्रतिधारण अनुपात	(कर पश्चात लाभ - कुल लाभांश - कुल लाभांश वितरण कर) / कर पश्चात लाभ
17	कुल ऋण से इक्विटी	उधार / इक्विटी
18	दीर्घकालिक ऋण से इक्विटी	दीर्घकालिक उधार / इक्विटी
19	चालू अनुपात	चालू परिसंपत्तियां, चालू देयताएं
20	औसत निवल मूल्य पर प्राप्ति	कर पश्चात लाभ / औसत निवल मूल्य (कंपनी अधिनियम के अनुसार)
21	औसत नियोजित पूंजी पर प्राप्ति	एबिट / औसत नियोजित पूंजी
22	कुल परिसंपत्तियां टर्नओवर अनुपात	कुल आय / औसत कुल परिसंपत्ति
23	व्यापार प्राप्तियों के टर्नओवर का अनुपात	बिक्री (निवल बट्टा) / औसत व्यापार प्राप्य
24	वस्तुसूची टर्नओवर अनुपात	बिक्री (निवल बट्टा) / औसत वस्तुसूची
25	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात	(कर पूर्व लाभ + पी एंड एल में वित्त लागत + मूल्यह्रास) / [वित्त लागत (पी एंड एल + पूंजीकृत)]
26	ऋण सेवा कवरेज अनुपात	(कर पश्चात लाभ + पी एंड एल में वित्त लागत + मूल्यह्रास) / [वित्त लागत (पी एंड एल + पूंजीकृत) + पट्टा और मूलधन की चुकौती (दीर्घकालीन)]
27	एबिटा मार्जिन	एबिटा / प्रचालनीय राजस्व
28	प्रचालनीय लाभ मार्जिन	(असाधारण मद और कर पूर्व लाभ + वित्त लागत - अन्य गैर प्रचालनीय आय) / (प्रचालन से राजस्व)
29	निवल लाभ मार्जिन	कर पश्चात लाभ / प्रचालनीय राजस्व

II प्रचालन

मिलियन मीट्रिक टन

प्रचालनीय निष्पादन	2024-25	2023-24	2022-23	2021-22	2020-21
उत्पादों की बिक्री					
घरेलू					
- पेट्रोलियम उत्पाद	84.963	83.297	83.966	73.743	69.353
- गैस	6.938	5.714	4.145	3.592	3.279
- पेट्रोकैमिकल्स	3.155	2.980	2.202	2.871	2.675
- विस्फोटक पदार्थ	0.319	0.320	0.342	0.287	0.266
कुल घरेलू	95.375	**92.311**	**90.655**	**80.493**	**75.573**
निर्यात	4.917	5.240	5.059	5.914	5.454
कुल	100.292	**97.551**	**95.714**	**86.407**	**81.027**
रिफाइनरी थ्रूपुट	71.564	73.308	72.408	67.665	62.351
पाइपलाइंस थ्रूपुट	100.477	98.626	97.382	85.520	76.019

III जनशक्ति संख्या

	2024-25	2023-24	2022-23	2021-22	2020-21
31 मार्च को कर्मचारियों की संख्या	29941	30321	31095	31254	31648

पिछले वर्ष के आंकड़ों को, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

इंडियनऑयल
IndianOil

इंडियनऑयल

हर पल, हर कदम
जीवन और विकास के संग



- पूरे देश में इंडियनऑयल के 63,000 से ज़्यादा ग्राहक सेवा केंद्र हैं।
- सुबह की चाय से लेकर रात के भोजन तक – 15 करोड़ रसोई घर इंडेन गैस से चलते हैं।
- 'सर्वो' भारत का सबसे पसंदीदा लुब्रिकेंट है, जिस पर 45 देशों के लोग भरोसा करते हैं।
- 130 विमानन ईंधन स्टेशनों के साथ भारत में हवाई उड़ानों को ऊर्जा देने में इंडियनऑयल सबसे आगे है।
- Grease Miracle, STORM-X जैसे नवीन उत्पादों से व्यापारिक गतिवर्धन से इंडियनऑयल इस क्षेत्र को नई दिशा देता है।

हर रिफिल देखभाल, गुणवत्ता और प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित - एमएम नगर कोको, चेन्नई

निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यगण,

निदेशक मंडल की ओर से, मुझे 31 मार्च, 2025 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की 66वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। पूरे वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने मज़बूत परिचालन लचीलापन दिखाया और पाइपलाइन थ्रूपुट और बिक्री मात्रा सहित प्रमुख मानकों पर अपने भौतिक प्रदर्शन में सुधार किया। हालाँकि, वर्ष 2023-24 के असाधारण परिणामों की तुलना में वित्तीय प्रदर्शन में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण वैश्विक कच्चे तेल की गतिशीलता में बदलाव, उत्पाद की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मार्जिन पर दबाव था। इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, कंपनी ऊर्जा सुरक्षा, ग्राहक सेवा और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्ध रही, जिससे भारत की अग्रणी ऊर्जा कंपनी के रूप में उसकी स्थिति मज़बूत हुई।

कंपनी ने रिफाइनरी विस्तार, पेट्रोकेमिकल्स, पाइपलाइन अवसंरचना और जैव ईंधन तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विकास सहित हरित ऊर्जा में महत्वपूर्ण निवेश के साथ अपनी विकास रणनीति को जारी रखा। ये प्रयास सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करते हुए भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा प्रणाली बनाने के प्रति इसके समर्पण पर जोर देते हैं।

परिचालन उत्कृष्टता और भविष्य की तत्परता की ओर यात्रा को और तेज करने के लिए, कंपनी ने कंपनी-व्यापी परिवर्तनकारी पहल – स्प्रिंट (मूल व्यवसाय सशक्तिकरण, लागत अनुकूलन, ग्राहक सेवा मज़बूतीकरण, टेक्नोलॉजी व नवाचार एकीकरण, नेतृत्व व प्रतिभा पोषण और परिवर्तन तत्परता, परिवर्तन के लिए तैयार होना) शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य गहन संरचनात्मक दक्षताओं को बढ़ावा देना, डिजिटल परिवर्तन को अपनाना, नए राजस्व स्रोतों को खोलना और पूरे संगठन में शीघ्रता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। दीर्घकालिक प्रौद्योगिकी और नवाचार मूल्य सृजन पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए, स्प्रिंट का उद्देश्य कंपनी को अधिक सुव्यवस्थित, स्मार्ट और अधिक प्रतिस्पर्धी उद्यम के रूप में ढालना है, जो बदलते ऊर्जा परिदृश्य में बेहतर ढंग से काम करने के लिए सुसज्जित हो। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करते हुए, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर तथा अपने कार्यबल को सशक्त बनाकर, आपकी कंपनी स्वयं को अगली पीढ़ी के ऊर्जा अग्रणी के रूप में स्थापित कर रही है जो सतत और समावेशी विकास प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निष्पादन समीक्षा

वित्तीय

वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 के लिए संक्षिप्त स्टैंडअलोन निष्पादन और विनियोजन नीचे दिए गए हैं:

विवरण	2024-25		2023-24	
	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़
परिचालनों से राजस्व (उत्पाद शुल्क और सेवाओं की बिक्री सहित)	99,954	8,45,513	1,04,631	8,66,345
ईबीआईटीडीए (असाधारण वस्तुओं से पूर्व की आय, वित्त लागत, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन)	4,500	38,060	8,959	74,182
वित्तीय लागत		8,732	885	7,328
मूल्यह्रास और परिशोधन	1,807	15,284	1,752	14,510
असाधारण आय/(व्यय)	217	1,838	-	-

विवरण	2024–25		2023–24	
	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़
कर पूर्व लाभ	1,878	15,882	**6,322**	**52,344**
कर प्रावधान	346	2,920	1,537	12,725
कर पश्चात लाभ	1,532	12,962	**4,785**	**39,619**
पिछले वर्ष से जारी शेष राशि	3,868	32,719	594	4,916
घटाएं : विनियोजन				
अंतरिम लाभांश का भुगतान	0	0	832	6,886
अंतिम लाभांश भुगतान	1,140	9,640	499	4,132
बीमा रिज़र्व (निवल)	2	14	2	14
सामान्य रिजर्व	2,728	23,079	95	785
शेष राशि अगले वर्ष में ले जाई गई	1,531	12,947	3,952	32,719

शेयर मूल्य

विवरण	2024–25		2023–24	
	यूएस डॉलर	रु.	यूएस डॉलर	रु.
प्रति शेयर नकद आय	0.24	20.51	0.47	39.30
प्रति शेयर आय	0.11	9.41	0.35	28.77
प्रति शेयर बही मूल्य	1.52	129.74	1.54	128.32

नोटः प्रयुक्त विनिमय दर

वर्ष 2024–25 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹84.59; अंतिम दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹85.48; 31.03.2025 तक

वर्ष 2023–24 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 82.80; अंतिम दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 83.41; 31.03.2024 तक

बृहद आर्थिक, भू-राजनीतिक, वित्तीय और उद्योग-विशिष्ट जानकारी और बाजार जिसमें कंपनी संचालित होती है, इस एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण खंड में शामिल किया गया है।

प्रतिभूतियों का निर्गम/शेयर पूंजी में परिवर्तन

वर्ष के दौरान कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। कंपनी ने वर्ष के दौरान निजी प्लेसमेंट के माध्यम से कुल ₹ 5,000 करोड़ मूल्य के प्रतिभूति रहित, रेटेड, सूचीबद्ध, कर योग्य, प्रतिदेय, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी किए। इन एनसीडी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड के ऋण खंड में सूचीबद्ध किया गया था। धनराशि का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया जिसके लिए उसे जुटाया गया था, तथा उसके उपयोग में कोई विचलन या भिन्नता नहीं की गई। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने वर्ष के दौरान ₹ 5,495 करोड़ मूल्य के एनसीडी भुनाए।

लाभांश

कंपनी के बोर्ड ने एक लाभांश वितरण नीति स्थापित की है, और घोषित या अनुशंसित लाभांश इस नीति के अनुरूप हैं। यह नीति कंपनी की वेबसाइट: https://www.iocl.com/Download/Dividend-Distribution-Policy.pdf पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए ₹ 3/- प्रति शेयर लाभांश की सिफारिश की है, जिसका भुगतान ₹ 4,131.47 करोड़ होगा, जो कि पीएटी के 32% के बराबर है। यह लगातार 58वां वर्ष है जब आपकी कंपनी ने वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित लाभांश सहित ₹ 1,11,293 करोड़ के कुल भुगतान के साथ लाभांश की घोषणा की है।

राजकोष में योगदान

कंपनी शुल्कों, करों और लाभांशों के माध्यम से सरकारी खजाने में सबसे बड़ा योगदान देने वाली कंपनियों में से एक रही है। वर्ष के दौरान, सरकारी खजाने में ₹ 2,32,299 करोड़ का भुगतान किया गया, जबकि पिछले वर्ष ₹ 2,41,629 करोड़ का भुगतान किया गया था। केन्द्रीय राजकोष को ₹ 1,10,313 करोड़ तथा राज्य राजकोष को ₹ 1,21,986 करोड़ का भुगतान किया गया, जबकि पिछले वर्ष क्रमशः ₹ 1,21,171 करोड़ तथा 1,20,458 करोड़ का भुगतान किया गया था।

समेकित वित्तीय प्रदर्शन

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के प्रावधानों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों के अनुसार, कंपनी ने समूह के लिए समेकित वित्तीय विवरण तैयार किया है, जिसमें सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यम इकाइयां और सहयोगी शामिल हैं, जो एकीकृत रिपोर्ट का हिस्सा है। समेकित वित्तीय परिणामों के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:

विवरण	2024-25		2023-24	
	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़	यूएस डॉलर मिलियन	रु.करोड़
परिचालनों से राजस्व (उत्पाद शुल्क और सेवाओं की बिक्री सहित)	**1,01,592**	**8,59,363**	**1,06,429**	**8,81,235**
कर पूर्व लाभ	1,800	15,225	6,919	57,288
कर पाश्चात लाभ	1,630	13,789	5,213	43,161
घटाएं: अल्पसंख्यकों का हिस्सा	23	191	173	1,431
मूल कंपनी के इक्विटी धारकों के लिए लाभ	1,607	13,598	5,040	41,730

नोटः प्रयुक्त विनिमय दर
वर्ष 2024-25 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 84.59
वर्ष 2023-24 के लिए: औसत दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 82.80

परिचालन निष्पादन

वर्ष के दौरान कंपनी का परिचालन निष्पादन निम्नानुसार है:

(एमएमटी में)

विवरण	2024-25	2023-24
रिफाइनरियों का थ्रूपुट	71.564	73.308
पाइपलाइन थ्रूपुट (तरल और गैस पाइपलाइन)	100.477	98.626
उत्पाद बिक्री (गैस, पेट्रोकेमिकल्स और निर्यात सहित)	100.292	97.551

इंडियनऑयल पारादीप रिफाइनरी का अवलोकन

रिफाइनरियां

रिफाइनरी प्रभाग ने निरंतर समर्पण, उल्लेखनीय लचीलेपन और उत्कृष्टता के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ बाजार परिवर्तन और स्थिरता पर बढ़ते ध्यान से आकार लेने वाले गतिशील ऊर्जा परिदृश्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त की तथा चुनौतियों से भरे वर्ष को महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरे वर्ष में बदल दिया। रिफाइनरियों ने डिजाइन क्षमता के 102% की क्षमता उपयोग के साथ वर्ष भर में 71.56 एमएमटी कच्चे तेल का प्रोसेस किया। चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड सहित समूह की रिफ़ाइनरियों ने वर्ष के दौरान 82.02 एमएमटी का उत्पादन प्राप्त किया।

वर्ष 2018-19 में 80.4 प्रतिशत के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन से अधिक 80.6 प्रतिशत की रिकॉर्ड डिस्टिलेट यील्ड हासिल की गई और पिछले पांच वर्षों में 8.8 प्रतिशत की दर से ईंधन एवं हानि सबसे कम रही। रिफ़ाइनरियों ने वर्ष 2024-25 के दौरान 98.1% की परिचालन उपलब्धता हासिल की, जबकि पिछले वर्ष यह 97.3% थी। ऊर्जा संरक्षण के संबंध में, रिफाइनरियों ने वर्ष के दौरान 68.9 का एमबीएन और 96.4 का ऊर्जा तीव्रता सूचकांक (ईआईआई) प्राप्त किया।

विविधीकरण द्वारा क्रूड ऑयल बास्केट को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए और वर्ष के दौरान विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से 15 नए कच्चे तेल ग्रेड जोड़े गए। आपकी कंपनी के कच्चे तेल के क्षेत्र में अब अफ्रीका, मध्य पूर्व, अमेरिका, रूस आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 268 ग्रेड शामिल हैं।

पेट्रोकेमिकल इकाइयों ने 2023-24 में 3.09 एमएमटी के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में 3.23 एमएमटी के अब तक के उच्चतम उत्पादन के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जो ब्यूटाडाइन (121 टीएमटी), एचडीपीई (339 टीएमटी) और पॉलीप्रोपाइलीन (692 टीएमटी) का रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया गया।

पाइपलाइन

पाइपलाइनें आपकी कंपनी के परिचालन और रणनीतिक ढाँचे का मूल आधार बनी हुई हैं। कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस को कवर करने वाले एक विस्तृत और लचीले राष्ट्रव्यापी नेटवर्क के साथ, ये भूमिगत ऊर्जा मार्ग कंपनी की शांत लेकिन महत्वपूर्ण धमनियों के रूप में कार्य करते हैं, जो इसके विकास को समर्थन देने के लिए ऊर्जा की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं।

वर्ष 2024-25 में आपकी कंपनी ने अपने पहले से ही व्यापक नेटवर्क में अतिरिक्त 261 किलोमीटर के साथ पाइपलाइन अवसंरचना का विस्तार करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। 31 मार्च, 2025 तक पाइपलाइन की कुल लंबाई 20,005 किलोमीटर थी, जिसमें तरल पाइपलाइन (कच्चा और उत्पाद) के लिए 129.92 एमएमटीपीए और गैस पाइपलाइन के लिए 49.4 एमएमएससीएमडी की क्षमता शामिल थी।

वर्ष के दौरान, तरल (कच्चा और उत्पाद) पाइपलाइन नेटवर्क ने वर्ष 2023-24 में हासिल 95.80 एमएमटी के पिछले उच्च स्तर को पार करते हुए 96.92 एमएमटी का सबसे अधिक प्रवाह हासिल किया। यह उपलब्धि पेट्रोलियम उत्पादों की निरंतर मांग से प्रेरित है। जहाँ कच्चे तेल की पाइपलाइनों ने पिछले वर्ष की तुलना में 51.26 एमएमटी का थोड़ा कम प्रवाह दर्ज किया, वहीं उत्पाद पाइपलाइनों ने 45.66 एमएमटी का रिकॉर्ड-उच्च प्रवाह दर्ज किया, जो वर्ष 2023-24 में प्राप्त 43.99 एमएमटी के पिछले शिखर से भी अधिक है। गैस पाइपलाइन नेटवर्क ने भी प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की, जो रिकॉर्ड 4,668 एमएमएससीएम तक पहुँच गया, जो पिछले वर्ष के 3,717 एमएमएससीएम के उच्चतम स्तर से 25.6% अधिक है।

रिफ़ाइनरी के हृदय से राष्ट्र की आत्मा तक - इंडियनऑयल पाइपलाइनें ऊर्जा का प्रवाह बनाए रखती हैं

विपणन

आपकी कंपनी की सबसे स्पष्ट और ग्राहक-केंद्रित शाखा के रूप में, इंडियन ऑयल का विपणन प्रभाग इंडियन ऑयल के चेहरे के रूप में कार्य करता है, जो इसके ब्रांड वादे, अटूट विश्वास और सेवा उत्कृष्टता को मूर्त रूप देता है। देश भर में 63,000 से ज़्यादा ग्राहक संपर्क बिंदुओं के मज़बूत नेटवर्क के साथ, विपणन प्रभाग सबसे दूरदराज और चुनौतीपूर्ण इलाकों में भी पेट्रोलियम उत्पादों की अंतिम छोर तक सुचारू डिलीवरी की गारंटी देता है। यह प्रभावशाली पहुंच न केवल लाखों लोगों के दैनिक जीवन का समर्थन करती है, बल्कि 'भारत की ऊर्जा' के रूप में इंडियन ऑयल की स्थिति को भी सुदृढ़ करती है।

वर्ष 2024-25 में, आपकी कंपनी ने 41.52% की कुल बाजार हिस्सेदारी के साथ डाउनस्ट्रीम पेट्रोलियम क्षेत्र में बाजार में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी और 84.96 मिलियन मीट्रिक टन (एलएनजी को छोड़कर) की घरेलू बिक्री की मात्रा हासिल की, जो कंपनी के इतिहास में सबसे अधिक है। कंपनी की लचीलापन सक्रिय विपणन रणनीतियों, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, डिजिटल समाधानों के एकीकरण और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण द्वारा समर्थित था। ग्राहक भागीदारी में निरंतर नवाचार, सेवा पेशकशों के विविधीकरण और 'राष्ट्र-प्रथम' के अपने मूल मूल्य के प्रति दृढ़ अनुपालन के माध्यम से आपकी कंपनी ने, न केवल अपनी अग्रणी स्थिति को बनाए रखा है, बल्कि देश भर के ग्राहकों के साथ अपने संबंध को भी मजबूत किया है।

पूरे वर्ष, आपकी कंपनी ने 2,823 खुदरा आउटलेट (आरओ), 350 सीएनजी स्टेशन और 40 सीबीजी स्टेशनों को चालू किया है, जो 31 मार्च, 2025 तक 40,221 आरओ, 2,437 सीएनजी स्टेशन और 125 सीबीजी स्टेशनों के मजबूत बुनियादी ढांचे के नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रहे हैं। वर्ष 2024-25 में 72 निविदाएं प्राप्त करने और 28 डब्ल्यूएसए साइटों को चालू करने के साथ वे साइड सुविधाओं (डब्ल्यूएसए) को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई, जिससे चालू साइटों की कुल संख्या 68 हो गई।

स्थायी ऊर्जा समाधानों की दिशा में अपने रणनीतिक जोर के अनुरूप, आपकी कंपनी ने अपने खुदरा क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण को बढ़ाना जारी रखा। वर्ष के दौरान, 4,227 आरओ का सौरकरण किया गया, जिससे संचयी संख्या 35,874 हो गई, जो कुल खुदरा नेटवर्क का 89.2 प्रतिशत प्रभावी रहा। 175 मेगावाट से अधिक की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, ये सौर ऊर्जा संचालित आउटलेट कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण रूप से मदद करते हैं, जिससे डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में हरित ऊर्जा के उपयोग में कंपनी की अग्रणी स्थिति और मज़बूत होती है। कंपनी के निवल-शून्य लक्ष्य के साथ-साथ, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम में भी मज़बूत वृद्धि देखी गई। वर्ष के दौरान, 4,526 तीव्र इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) और 130 धीमे ईवीसीएस स्थापित किए गए, जिससे कुल संख्या बढ़कर 13,614 हो गई। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान 37 बैटरी स्वैपिंग स्टेशन जोड़े, जिससे कुल नेटवर्क बढ़कर 128 हो गया। ये प्रयास कम कार्बन उत्सर्जन वाले गतिशीलता समाधानों को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार, सस्टेनेबल ऊर्जा अवसंरचना के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

स्वच्छ, सटीक कटाई के लिए स्मार्ट ईंधन - इंडेन नैनोकट

एलपीजी व्यवसाय ने कुल 15.40 एमएमटी (निर्यात सहित) की बिक्री हासिल की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.60% की वृद्धि दर्शाती है, और घरेलू बाजार में हिस्सेदारी 45.23% रही। पीएमयूवाई योजना के तहत, आपकी कंपनी ने 37.5 लाख कनेक्शन जारी किए। इस वर्ष 594 टीएमटी की रिकॉर्ड तोड़ थोक एलपीजी बिक्री, 462 टीएमटी की अब तक की सर्वाधिक एक्स्ट्रातेज (वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग के लिए एक विशेष एलपीजी) बिक्री, 33.3 टीएमटी की रिकॉर्ड छोटू (एक छोटा 5 किलोग्राम गैस सिलेंडर) बिक्री, तथा 6.8 टीएमटी की सर्वाधिक नैनोकट बिक्री भी हुई। उत्पाद लाइनअप का विस्तार करते हुए, एक्स्ट्राबूस्ट (ऑटोगैस का एक नए युग का ऑटोमोटिव संस्करण जो इंजन के प्रदर्शन को बढ़ाता है), प्रोपेन प्लस (बेस प्रोपेन की तुलना में उच्च लौ तापमान प्रदान करता है, जिसके परिणामस्वरूप ईंधन की खपत कम होती है, स्वच्छ दहन होता है, और गर्मी उत्पादन में वृद्धि होती है), और छोटू मास्टर (कुकटॉप के साथ संयुक्त एक छोटू सिलेंडर) वर्ष के दौरान लॉन्च किए गए।

एलपीजी सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए, देश भर में 'सेंस ऑफ ड्यूटी' नामक एक अभियान शुरू किया गया। 25,656 सुरक्षा क्लीनिक और एलपीजी पंचायतों ने 7 लाख से अधिक ग्राहकों तक पहुंच बनाई, 4,475 स्कूल सुरक्षा क्लीनिकों में 3.6 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए, और 380 पाककला प्रतियोगिताओं में 40,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जन जागरूकता के लिए 3,175 सिनेमाघरों में एलपीजी सुरक्षा वीडियो दिखाए गए, 121 रेडियो चैनलों पर जिंगल्स प्रसारित किए गए, 55 चैनलों पर टीवी विज्ञापन दिखाए गए और खुदरा दुकानों तथा एलपीजी वितरकों पर 39,000 होर्डिंग/बैनर प्रदर्शित किए गए। सुरक्षा के प्रति केंद्रित दृष्टिकोण के कारण, ग्राहक परिसरों में घरेलू एलपीजी दुर्घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान 73% की कमी आई।

भारत का इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करते हुए और कार्बन उत्सर्जन में कटौती कर पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट (ईबीएमएस) कार्यक्रम के अंतर्गत, आपकी कंपनी ने वर्ष 2024-25 के दौरान 17.2% और नवंबर 2024 से मई 2025 तक इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के आधार पर 19.1% के रिकॉर्ड इथेनॉल मिश्रण स्तर को प्राप्त किया। इसके अलावा, कंपनी ने दिसंबर 2024 से देश भर में 20% इथेनॉल-मिश्रित मोटर स्पिरिट (ई20) की बिक्री शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त, कंपनी 0.52% के अपने उच्चतम बायोडीज़ल मिश्रण स्तर तक पहुँच गई है, जिससे स्वच्छ और हरित ईंधन विकल्पों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

आपकी कंपनी ने विमानन ईंधन बाजार में अपना नेतृत्व बनाए रखा, जिसमें वर्ष के दौरान घरेलू बाजार में 54.53% हिस्सेदारी रही और विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) के 5.07 एमएमटी (निर्यात सहित) की कुल बिक्री दर्ज की गई। यह प्रदर्शन भारत में विमानन क्षेत्र के लिए अग्रणी ईंधन आपूर्तिकर्ता के रूप में कंपनी की रणनीतिक स्थिति की पुष्टि करता है, जो बढ़ते यात्री यातायात और क्षेत्रीय संपर्क के विस्तार के बीच मजबूत दीर्घकालिक विकास के लिए तैयार है। इस अपेक्षित वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए, मार्च 2025 में, आपकी कंपनी ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर एक और मध्य प्रदेश के रीवा में एक विमानन ईंधन स्टेशन (एएफएस) चालू किया, जिससे कुल संख्या 130 हो गई। इसके अलावा, सभी एएफएसएस मौजूदा आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 प्रमाणन के माध्यम से गुणवत्ता, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर, आपकी कंपनी ने पर्टामिना (इंडोनेशिया) और पद्मा ऑयल (बांग्लादेश) को एवीजीएएस 100 एलएल के निर्यात के माध्यम से अपने वैश्विक विमानन उपस्थिति का विस्तार किया, जिससे इसकी वैश्विक पहुंच में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। अपने 'राष्ट्र-प्रथम' लोकाचार को बनाए रखते हुए, आपकी कंपनी ने राष्ट्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें वायनाड भूस्खलन के दौरान समय पर सहायता और उत्तराखंड में बाढ़ राहत के लिए महत्वपूर्ण ईंधन भरने के कार्य शामिल हैं।

सर्वो - लुब्रिकेंट्स का सुपरब्रांड, भारत के अग्रणी लुब्रिकेंट्स ब्रांडों में से एक है, जिसकी तैयार लुब्रिकेंट्स बाज़ार में लगभग 27% हिस्सेदारी है। यह ऑटोमोटिव, औद्योगिक, रेलवे, समुद्री और रक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करता है। इसका वितरण नेटवर्क और विश्वसनीय ब्रांड प्रतिष्ठा व्यापक है। सर्वो ने निर्यात सहित 780 टीएमटी की अपनी अब तक की सर्वाधिक बिक्री हासिल की। आपकी कंपनी मोटरसाइकिल और कार रेसिंग के लिए क्रमशः स्टॉर्म और स्टॉर्म-एक्स के रूप में शानदार ब्रांडिंग वाले एफआईएम (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी मोटोसाइक्लिज्म) श्रेणी 2 रेसिंग ईंधन विकसित और शुभारंभ करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बढ़ती लोकप्रियता के अनुरूप, ईवी लुब्रिकेंट्स की एक पूरी रेंज मार्च 2025 में लॉन्च की गई थी। इसमें सर्वो फ्यूचरा ईवी ट्रांस 75W 90 (ट्रांसमिशन ऑयल), सर्वो फ्यूचरा ईवी ट्रांस 75W (ट्रांसमिशन ऑयल), सर्वो फ्यूचरा ईवी ग्रीस (इलेक्ट्रिक मोटर बेयरिंग ग्रीस), और सर्वो कूल ईवी रेडी (बैटरी सिस्टम कूलिंग फ्लूइड) शामिल हैं। आपकी कंपनी ईंधन-कुशल स्नेहक विकसित करने के

लिए इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड के साथ भी कार्य कर रही है और टीआरईएम III/IV/V ट्रैक्टरों पर एक्सट्राग्रीन और वैकल्पिक ईंधन को मान्य किया है। वर्ष के दौरान, बजाज ऑटो, रॉयल एनफील्ड और मारुति से इंजन बिल्डर्स अप्रूवल (ईबीए) प्राप्त हुआ। सर्वो का वैश्विक विस्तार 45 देशों तक हो गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत हुई है।

हल्दिया रिफाइनरी और चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की मनाली रिफाइनरी में आगामी एलओबीएस उत्पादन क्षमता विस्तार के साथ-साथ गुजरात और पानीपत रिफाइनरियों में नई एलओबीएस उत्पादन सुविधाएं जो ग्रेड III बेस ऑयल का उत्पादन कर सकती हैं, के साथ, कंपनी 2029-30 तक सर्वो लुब्रिकेंट्स के बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने और दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य बना रही है।

31 मार्च, 2025 तक, आपकी कंपनी ने देश भर में 127 आपूर्ति स्थानों (डिपो/टर्मिनलों) का संचालन किया, तथा प्राकृतिक आपदाओं सहित चुनौतीपूर्ण समय में भी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की। वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के विपणन ढांचे को और अधिक मजबूत किया गया, जिसमें मलकापुर, तेलंगाना में नए जमीनी स्तर के पीओएल टीओपी और खोरदा, ओडिशा में एक नए एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र की स्थापना शामिल है। इसके अलावा, वर्ष के दौरान, कामराजर पोर्ट, एन्नोर, तमिलनाडु में कैप्टिव जेट्टी और अमुल्लावोयल, चेन्नई, तमिलनाडु में न्यू ल्यूब कॉम्प्लेक्स का यांत्रिक समापन भी हासिल किया गया और 2025-26 में इनके चालू होने की उम्मीद है।

वर्ष 2025 के लिए ब्रांड फाइनेंस ग्लोबल 500 सूची में, आपकी कंपनी 28 स्थान आगे बढ़ी (वर्ष 2024 में 474 से वर्ष 2025 में 446 तक) और सूची में शामिल होने वाली भारत की एकमात्र तेल और गैस कंपनी है, जो खुदरा, एलपीजी और स्नेहक में अपने विभिन्न ब्रांडों की मजबूत उपस्थिति को प्रदर्शित करती है।

कंपनी का क्रायोजेनिक्स समूह भारत में अग्रणी क्रायोजेनिक्स उपकरण निर्माताओं में से एक है, जिसके पास एलआईएन, लॉक्स, लार और एलएनजी अनुप्रयोगों के लिए अत्याधुनिक वैक्यूम सुपर-इंसुलेटेड क्रायोजेनिक स्टोरेज और ट्रांसपोर्ट वेसल्स के डिजाइन और उत्पादन में 44 वर्षों से अधिक का अनुभव है। क्रायोकैंस व्यवसाय में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखते हुए, क्रायोजेनिक समूह ने वर्ष के दौरान 25,000 से अधिक क्रायोकैंस बेचे। वर्ष के दौरान, नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) से क्रायोजेनिक उपकरणों के डिज़ाइन और निर्माण का एक बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ, जिससे रक्षा क्षेत्र में प्रवेश मिलेगा और अगले 5 वर्षों के लिए प्रमुख व्यावसायिक संभावनाओं का द्वार खुलेगा। क्रायोजेनिक खंड में, विशेष रूप से एलएनजी और लिक्विड ऑक्सीजन के संबंध में, उच्च विकास क्षमता की आशा करते हुए, कंपनी महाराष्ट्र के डिंडोरी में एक नई विनिर्माण सुविधा स्थापित कर रही है और वर्ष 2025-26 के दौरान नई सुविधा से चुनिंदा उत्पादों का विनिर्माण शुरू हो जाएगा।

अनुसंधान और विकास

सन् 1972 में फरीदाबाद में अपने अनुसंधान और विकास केंद्र की स्थापना के बाद से आपकी कंपनी ने अपने मूल मूल्यों में निहित नवाचार की संस्कृति को लगातार बढ़ावा दिया है। अनुसंधान और विकास के प्रयास तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाते हैं जो परिचालन दक्षता में सुधार करते हैं, ऊर्जा खपत को कम करते हैं, निरंतरता को बढ़ावा देते हैं और नवोन्मेषी समाधानों के साथ उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हैं। नवाचार के प्रति यह स्थायी प्रतिबद्धता देश को अधिक मूल्य प्रदान करते हुए भविष्य के लिए तैयार रहने के कंपनी के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और एकीकृत ऊर्जा कंपनी में परिवर्तन को सुविधाजनक बनाने के लिए, आपकी कंपनी फरीदाबाद में एक दूसरा नया ऊर्जा केंद्र स्थापित कर रही है जिसमें वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा, संक्षारण अनुसंधान, नैनो प्रौद्योगिकी और कृत्रिम जीव विज्ञान के लिए अनुसंधान सुविधाएं हैं। आपकी कंपनी विभिन्न भविष्य की वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा प्रदर्शन परियोजनाओं को भी वित्त पोषित कर रही है, प्रभागों में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रमों को लागू कर रही है, पेट्रोकेमिकल उद्योग से संबंधित उत्पाद अनुप्रयोग और विकास सुविधाओं का संचालन और विस्तार कर रही है, कैप्टिव उपयोग के लिए ड्राय-रिङ्यूसिंग एजेंटों के रूप में नवाचार आंतरिक विकसित समाधानों से लैस किया गया है, और रेसिंग ईंधन और संदर्भ ईंधन जैसे विशेष और अलग-अलग उत्पादों के उत्पादन के माध्यम से आयात प्रतिस्थापन पर कार्य कर रही है।

पूरे वर्ष के दौरान, कंपनी ने अनुसंधान एवं विकास और प्रमुख नवाचार पहलों पर ₹ 1,067 करोड़ खर्च किए। अनुसंधान प्रयासों के परिणामस्वरूप 73 पेटेंट दाखिल किए गए, जिससे 31 मार्च, 2025 तक दायर पेटेंटों की कुल संख्या 1809 हो गई। इसके अतिरिक्त, कंपनी को वर्ष के दौरान 129 पेटेंट प्रदान किए गए, जिससे कुल पेटेंट पोर्टफोलियो बढ़कर 1689 हो गया।

वर्ष 2024-25 के दौरान, अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने उत्प्रेरक प्रौद्योगिकी, स्नेहक, पेट्रोकेमिकल्स, नैनो प्रौद्योगिकी, वैकल्पिक ऊर्जा, स्वदेशी उत्प्रेरक परिनियोजन, उन्नत ईवी स्नेहक, पाइपलाइन निरीक्षण उपकरण, कार्बन कैप्चर प्रौद्योगिकी, नैनो-ईंधन नवाचारों आदि को परिष्कृत करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे स्थिरता और आत्मनिर्भरता बढ़ी है।

वर्ष 2024-25 के दौरान रिफाइनिंग और उत्प्रेरक प्रौद्योगिकी में प्रमुख विकासों में पारादीप रिफाइनरी में पाइपलाइन संगत केरोसिन (पीसीके) के लिए 300 केटीए जमीनी स्तर की इंडडीएसके इकाई को चालू करना, बोंगाईगांव रिफाइनरी में IV-IZOMaxCat® ISOM उत्प्रेरक का शुभारंभ करना और 3820 मीट्रिक टन इन-हाउस विकसित उत्प्रेरक की आपूर्ति करना शामिल है। 169 से अधिक स्नेहक सूत्रीकरणों के शुभारंभ और 58 ओईएम अनुमोदनों के साथ, अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने ईवी स्नेहक पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए ईवी के लिए कुछ विशिष्ट उत्पाद विकसित किए हैं। आपकी कंपनी इंडमैक्स उत्प्रेरक का उत्पादन करने और उत्प्रेरक निर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख उत्प्रेरक निर्माता के साथ सहयोग की भी तलाश कर रही है।

पाइपलाइन अनुसंधान ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल कीं, और अनुसंधान एवं विकास ने NDScan® iPIG आईपीआईजी उपकरण विकसित किए, जिनसे 2024-25 के दौरान 4,500 किलोमीटर से ज़्यादा पाइपलाइन निरीक्षण संभव हुआ। आंतरिक ज़रूरतों को पूरा करने के अलावा, आंतरिक रूप से विकसित XtraFlo® DRA अब एक लोकप्रिय उत्पाद बन गया है। i-ZN22® पीपी उत्प्रेरक का विकास और परीक्षण पारादीप रिफाइनरी में बेहतर प्रदर्शन की पुष्टि की गई। नैनो प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, दो विकसित नैनो-योगज उत्पाद, प्रोपेन प्लस ऊ - औद्योगिक उपयोग के लिए हरित ईंधन, और XtraBoost© - ऑटोगैस का एक उन्नत वर्ज़न लॉन्च किए गए।

इंडियनऑयल के जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम का एक मजबूत प्रमाण यह है कि स्टार्टअप फंडिंग योजना के तहत 42 आशाजनक स्टार्टअप्स का चयन और इनक्यूबेशन किया गया है, जिन्होंने सामूहिक रूप से प्रभावशाली 86 बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) हासिल किए हैं।

व्यवसाय विकास

कंपनी ने अपने पारंपरिक परिचालनों से आगे बढ़कर रणनीतिक रूप से विविधीकरण किया है और पेट्रोकेमिकल्स, प्राकृतिक गैस, वैकल्पिक ऊर्जा, अन्वेषण एवं उत्पादन, तथा विस्फोटकों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप, कंपनी भारत के ऊर्जा मिश्रण में

अपना योगदान बढ़ाने और 2046 तक निवल-शून्य परिचालन उत्सर्जन तक पहुँचने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है। कंपनी अपने सभी प्रभागों में केंद्रित प्रयासों के साथ, अपनी स्थिरता और विकास लक्ष्यों के प्रति समर्पित है।

पेट्रोकेमिकल व्यवसाय

अपने मुख्य हाइड्रोकार्बन पोर्टफोलियो में विविधता लाने और उसे मज़बूत बनाने की दीर्घकालिक योजना के तहत, आपकी कंपनी ने अपने पेट्रोकेमिकल्स व्यवसाय को एक उच्च-विकासशील, मूल्य-वर्धित क्षेत्र के रूप में मज़बूत करना जारी रखा है जो पारंपरिक जीवाश्म ईंधन क्षेत्र का पूरक है। कंपनी ने लागत दक्षता और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाने के लिए अपनी रिफ़ाइनरियों के साथ एकीकरण तालमेल का उपयोग करते हुए, भारतीय पेट्रोकेमिकल्स बाज़ार में दूसरी सबसे बड़ी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। वर्ष के दौरान, निर्यात सहित पेट्रोकेमिकल बिक्री बढ़कर 3.24 एमएमटी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जो इस क्षेत्र में कंपनी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्शाता है।

वर्ष 2024-25 में, कंपनी ने अपने उत्पाद लाइनअप का विस्तार दो नए विशिष्ट पॉलिमर ग्रेड के साथ किया, जिनमें पतली दीवार वाली पैकेजिंग के लिए पीपी होमोपॉलीमर और ऑटोमोटिव एवं सामान उपयोग के लिए पीपी इम्पैक्ट कोपॉलीमर शामिल हैं। बड़े ब्लो मोल्डिंग अनुप्रयोगों के लिए एचडीपीई ग्रेड को उन्नत ग्रेड विशेषताओं के साथ पुनः प्रस्तुत किया गया, जो आयात प्रतिस्थापन का समर्थन करता है। कंपनी ने क्रॉम्पटन, पीएंडजी और पैनासोनिक सहित प्रमुख कंपनियों से 16 ओईएम अनुमोदन प्राप्त किए। गुजरात रिफ़ाइनरी में 90 केटीए क्षमता वाला नॉर्मल ब्यूटाइल अल्कोहल (एनबीए) संयंत्र चालू किया गया, जिससे तीन महीनों के भीतर 1,170 मीट्रिक टन की बिक्री हुई। नेपाल को पॉलिमर निर्यात 53 टीएमटी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पुनर्चक्रित पॉलिमर ब्रांड 'साइक्लोप्लास्ट' ने 220 मीट्रिक टन की अपनी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री दर्ज की।

पेट्रोरसायन तीव्रता सूचकांक (पीआई) को वर्ष 2030 तक 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने के अपने रणनीतिक लक्ष्य के अनुरूप, आपकी कंपनी पेट्रोकेमिकल मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों में विकास अवसरों की सक्रिय रूप से तलाश रही है। इनमें थोक और विशिष्ट रसायन, औद्योगिक और मध्यवर्ती रसायन, बायोपॉलिमर्स और उपभोक्ताओं के बाद प्लास्टिक पुनर्चक्रण शामिल हैं। विस्तार योजना के तहत कंपनी ने ओडिशा के भद्रक में 300 केटीए यार्न विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इससे पॉलिएस्टर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत होने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, पारादीप पॉलीप्रोपाइलीन संयंत्र में उत्पादों की पेशकश में विविधता लाने के लिए कंपनी ने पॉलीप्रोपाइलीन के प्रभाव और यादृच्छिक कोपोलिमर ग्रेड के उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए अतिरिक्त इकाइयां स्थापित करने की योजना बनाई है।

प्रोपेल पॉलिमर्स - गुणवत्ता पर आधारित, प्रदर्शन के लिए अनुकूलित

प्राकृतिक गैस व्यवसाय

वर्ष 2024-25 प्राकृतिक गैस व्यवसाय के लिए एक रिकॉर्ड-तोड़ वर्ष रहा, जिसमें सोर्सिंग, बिक्री, बुनियादी ढाँचे और रणनीतिक साझेदारियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्राकृतिक गैस की बिक्री 9.45 एमएमटीपीए (आंतरिक खपत सहित) तक पहुँच गई, जो पिछले वर्ष के 7.85 एमएमटीपीए से 20% अधिक है। बिक्री में यह वृद्धि मज़बूत वृद्धि, दीर्घकालिक अनुबंधों पर हस्ताक्षर और हाजिर बिक्री में 69% की वृद्धि के कारण हुई। लघु एलएनजी (एसएसएलएनजी) की बिक्री भी 186 टीएमटी के नए उच्च स्तर पर पहुँच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23% अधिक है। परिणामस्वरूप, इस वर्ष कंपनी की बाज़ार हिस्सेदारी 13% से बढ़कर 14.2% हो गई।

भारतीय गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) के एक प्रमुख भागीदार के रूप में, आपकी कंपनी ने वर्ष 2024-25 में अपने व्यापार की मात्रा को तिगुना बढ़ाकर 296 एमएमएससीएम (0.2 एमएमटी) प्राकृतिक गैस का कारोबार किया। वर्ष के दौरान, लघु द्रवीकरण संयंत्र स्थापित करके और एलएनजी रोड टैंकरों के माध्यम से ग्राहकों को गैस की आपूर्ति करके छोटे और सीमांत क्षेत्रों में अप्रयुक्त प्राकृतिक गैस का पता लगाने और मुद्रीकरण करने के लिए ओएनजीसी के साथ पहली बार सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अतिरिक्त, नेपाल को एलएनजी के निर्यात के लिए पहले अंतरराष्ट्रीय समझौते पर योग्या होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, नेपाल के साथ हस्ताक्षरित किया गया।

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 0.8 एमएमटीपीए एलएनजी के स्रोत के लिए टोटल एनर्जीज गैस एंड पावर लिमिटेड के साथ 10-वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए और 1.2 एमएमटीपीए एलएनजी के लिए अबू धाबी गैस लिक्विफैक्शन कंपनी लिमिटेड के साथ 14-वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए, दोनों समझौते 2026 में शुरू होंगे। इसके अलावा, आगामी रुवाइस एलएनजी टर्मिनल से 15 वर्षों में 1 एमएमटीपीए एलएनजी की आपूर्ति के लिए जुलाई 2025 में अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी पीजेएससी के साथ एक बिक्री खरीद समझौते (एसपीए) पर हस्ताक्षर किए गए।

आपकी कंपनी को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप और दक्षिण अंडमान में एलएनजी अवसंरचना विकसित करने के लिए नामित एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

शहरी गैस वितरण (सीजीडी)

आपकी कंपनी, अपने 2 संयुक्त उद्यम कंपनियों (इंडियन ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड और ग्रीन गैस लिमिटेड) के साथ, अब 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के 115 जिलों को शामिल करते हुए 49 भौगोलिक क्षेत्रों में कार्य करती है, जिससे यह देश की सबसे बड़ी सीजीडी कंपनियों में से एक बन गई है। स्टैंडअलोन आधार पर, कंपनी के 26 भौगोलिक क्षेत्र के लिए अधिकृत है, जिसमें 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 78 जिले शामिल हैं। कंपनी को प्रदत्त सभी 26 भौगोलिक क्षेत्र चालू हैं। वर्ष 2024-25 के दौरान कुल बिक्री बढ़कर 112 टीएमटी हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी है।

अन्वेषण एवं उत्पादन (ईएंडपी) व्यवसाय

आपकी कंपनी घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों ही स्थानों पर अपस्ट्रीम परिसंपत्तियों का एक संतुलित पोर्टफोलियो रखती है। इस पोर्टफोलियो में 25 तेल और गैस परिसंपत्तियाँ शामिल हैं, जिनमें से 14 घरेलू और 11 विदेशी सक्रिय हैं। कुल परिसंपत्तियों में से, 9 परिसंपत्तियाँ (7 विदेशी और 2 घरेलू) वर्तमान में उत्पादन कर रही हैं, 6 विकासाधीन हैं, 3 खोज में हैं, 1 का मूल्यांकन किया जा रहा है, और 6 अन्वेषण के अधीन हैं।

वर्ष 2024-25 के दौरान, ईएंडपी परिसंपत्तियों से उत्पादन बढ़कर 4.45 मीट्रिक टन तेल समतुल्य (MMToe) हो गया, जो पिछले वर्ष 4.26 मीट्रिक टन तेल समतुल्य (MMToe) था। घरेलू स्तर पर, कंपनी ने मर्केटर

पेट्रोलियम लिमिटेड का अधिग्रहण किया और गुजरात के कैम्बे बेसिन में ब्लॉक सीबी-ओएनएन-2005/9 का पूर्ण नियंत्रण प्राप्त किया। झारखंड में, पहले ब्लॉक से सीबीएम गैस का उत्पादन शुरू हुआ, जिसकी बिक्री आईजीएक्स के माध्यम से की गई। झारखंड में दूसरे सीबीएम ब्लॉक में, कैस्केड के माध्यम से गैस उत्पादन और बिक्री शुरू करने के लिए सभी सांविधिक अनुमोदन प्राप्त कर लिए गए हैं। असम में, हाल ही में किए गए वर्कओवर ऑपरेशनों से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे 5 एमएमएससीएफडी गैस की वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, कंपनी और उसके कंसोर्टियम भागीदारों ने अबू धाबी के ऑनशोर ब्लॉक 1 में रुवाइस खोज के लिए एडीएनओसी के साथ उत्पादन रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे वर्ष 2026-27 तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इसी ब्लॉक के भीतर अपरंपरागत शिलाइफ़ फॉर्मेशन में हाइड्रोफ्रैकिंग के माध्यम से एक हाइड्रोकार्बन खोज की गई। लीबिया में अप्रत्याशित घटना की समाप्ति के बाद, मौजूदा खोजों वाली परिसंपत्तियों में अन्वेषण गतिविधियाँ फिर से शुरू की गई हैं। कंपनी को लोअर ज़ाकुम (यूएई) और रूसी परिसंपत्तियों, जैसे तास और वैंकोर, में अपनी हिस्सेदारी से भी लाभांश प्राप्त हुआ है।

आगे बढ़ते हुए, कंपनी की योजना मुख्य रूप से घरेलू परिसंपत्तियों में निवेश करके अपस्ट्रीम उत्पादन को बढ़ावा देने की है, साथ ही विशेष रूप से तेल और गैस ब्लॉकों में उपयुक्त विदेशी अवसरों की भी तलाश है।

वैकल्पिक ऊर्जा

167.6 मेगावाट पवन और 84.5 मेगावाट सौर सहित 252.1 मेगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के साथ, आपकी कंपनी ने 2024-25 के दौरान 365.72 गीगावाट घंटे नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न की, जिसके परिणामस्वरूप 276.85 टीएमटी CO_2 समतुल्य उत्सर्जन में कमी आई।इसके अलावा, उत्सर्जन कम करने में मूल्य श्रृंखला को सहयोग देने के लिए, कंपनी ने 35,874 खुदरा दुकानों पर सौर ऊर्जा इकाइयाँ स्थापित की हैं, जो खुदरा आउटलेट नेटवर्क का 90.5% है। इन इकाइयों की कुल क्षमता लगभग 175.7 मेगावाट है।

परिचालनगत निवल-शून्य लक्ष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) का उपयोग करना है। कंपनी ने अपने हरित ऊर्जा पोर्टफोलियो के विकास की देखरेख के लिए एक समर्पित हरित ऊर्जा सहायक, टेरा क्लीन लिमिटेड (टीसीएल) का गठन किया है। प्रारंभिक चरण में, टीसीएल ने 1 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की योजना बनाई है, जिसे आगे 5.3 गीगावॉट तक बढ़ाया जाएगा।आपकी कंपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए अग्रणी सौर कंपनियों और विद्युत पारेषण उपयोगिताओं के साथ सहयोग की संभावनाएँ तलाश रही है।

जैव ईंधन के मोर्चे पर, आपकी कंपनी भारत सरकार की किफायती परिवहन के लिए सतत विकल्प (एसएटीएटी) योजना को लागू करने में अग्रणी है, जिसके तहत कंपनी के आरओ और प्रत्यक्ष ग्राहकों को संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) की आपूर्ति करने वाले संयंत्रों की स्थापना की जा रही है। 31 मार्च, 2025 तक सीबीजी के उत्पादन और आपूर्ति के लिए कुल 714 आशय पत्र (एलओआई) थे। वर्ष के दौरान, एसएटीएटी के तहत 13 सीबीजी संयंत्र चालू किए गए, जिससे चालू सीबीजी संयंत्रों की संख्या बढ़कर 44 हो गई। पिछले वर्ष के प्रदर्शन से आगे बढ़कर कंपनी ने लगभग 125 आरओ और 4 औद्योगिक ग्राहकों के माध्यम से सीबीजी के 8.9 टीएमटी की बिक्री दर्ज की।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने ग्वालियर में 100 टीपीडी गोबर-से-सीबीजी संयंत्र चालू किया, जो 'शहरी अपशिष्ट से शहर परिवहन' मॉडल का समर्थन करता है। कंपनी ने गोरखपुर में अपने 200 टीपीडी सीबीजी संयंत्र से आपूर्ति भी शुरू की, जिसमें उत्पाद को 'इंडीग्रीन' ब्रांड के तहत कंपनी के आरओ पर बेचा जा रहा है। आपकी कंपनी अपनी संयुक्त उद्यम कंपनियों (जेवीसी) के माध्यम से 30 सीबीजी संयंत्र भी स्थापित कर रही है। जीपीएस रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड के साथ 'आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड' नामक एक जेवीसी का गठन किया गया है, जबकि अन्य जेवी गठन के विभिन्न चरणों में हैं। 30 प्रतिबद्ध सीबीजी संयंत्रों में से 4 संयंत्र पहले ही चालू हो चुके हैं, 9 संयंत्रों के लिए निर्माण चल रहा है, जबकि शेष चिन्हित स्थलों पर गतिविधियां विकास के विभिन्न चरणों में हैं।

आपकी कंपनी अपने पानीपत रिफाइनरी में इस्तेमाल होने वाले कुकिंग ऑयल (यूसीओ) आधारित सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) सह-प्रसंस्करण सुविधा की स्थापना कर रही है, जिसे 4 प्रतिशत एसएएफ मिश्रण के साथ एसएएफ-ब्लेंड एटीएफ के 735 केटीपीए का उत्पादन करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसके वर्ष 2025-26 में चालू होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कंपनी रणनीतिक गठजोड़ के माध्यम से एचईएफए और अल्कोहल-टू-जेट (एटीजे) आधारित एसएएफ के संयुक्त विकास की संभावनाएं तलाश रही है। कंपनी वर्ष 2027-28 तक फीडस्टॉक के रूप में इथेनॉल का उपयोग करते हुए भारत का पहला वाणिज्यि स्तर पर एटीजे-एसएएफ संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। इसके अलावा, आपकी कंपनी चीनी आधारित एसएएफ और ग्रीन आइसोप्रेन के उत्पादन के उद्देश्य से परियोजना पर कार्य कर रही है। एसएएफ विकास को आगे बढ़ाने के लिए, आपकी कंपनी ने आईएटीए के साथ साझेदारी की है ताकि सटीक उत्सर्जन में कमी की ट्रैकिंग के लिए एसएएफ रजिस्ट्री स्थापित की जा सके।

आपकी कंपनी भारत के ऊर्जा परिदृश्य को सतत और मापनीय हरित समाधानों के साथ बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

सस्टेनेबल विकास

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप, आपकी कंपनी अपनी व्यावसायिक रणनीतियों और परिचालन संबंधी निर्णयों में पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक कारकों को व्यवस्थित रूप से एकीकृत करते हुए अपने मूल मूल्यों में स्थिरता को शामिल करना जारी रखती है। इस दृष्टिकोण का उद्देश्य पर्यावरण और समाज पर नकारात्मक प्रभावों को कम करते हुए हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य उत्पन्न करना है।

आपकी कंपनी उपचारित अपशिष्ट जल का उपयोग और वर्षा जल संचयन जैसी जल प्रबंधन पहलों के माध्यम से जल की कमी को न्यून करने के लिए लगातार कार्य कर रही है, जो महत्वपूर्ण जल पुनः उपयोग और संरक्षण में योगदान दे रही है। इसके अलावा, स्थिरता को बढ़ावा देने की कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता के तहत, मथुरा और गुजरात रिफ़ाइनरियाँ क्रमशः लक्ष्मी नगर और राजीव नगर स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से उपचारित अपशिष्ट जल का पुन: उपयोग कर रही हैं, जिससे नदियों और नहरों से मीठे पानी की निकासी में कमी आई है। हल्दिया रिफ़ाइनरी में भी इसी तरह की पहल की जा रही है। रिफ़ाइनरी परिचालन के दौरान उत्पन्न होने वाले लगभग 89% अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण और पुन: उपयोग किया जाता है।

आपकी कंपनी पारिस्थितिक और पर्यावरण संरक्षण को अपने संरक्षण प्रयासों का एक केंद्रीय हिस्सा मानती है। प्रकृति को वापस देने के लिए, सभी सुविधाओं में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं। हरित ग्रह बनाने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत, आपकी कंपनी ने वर्ष 2024-25 के दौरान सात लाख से अधिक पौधारोपण किया हैं। आपकी कंपनी ने ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत चार राज्यों में 21 स्थलों पर वृक्षारोपण परियोजनाओं में लगभग 56 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मैंग्रोव 1.0 वृक्षारोपण पहल, जिसमें 20 लाख पेड़ लगाना शामिल था, को सफलतापूर्वक लागू करने के बाद, कंपनी ने मैंग्रोव 2.0 पहल के तहत पश्चिम बंगाल के तट पर 30 लाख पेड़ लगाने की प्रतिबद्धता जताई है। आपकी कंपनी की रिफ़ाइनरियों में इको-पार्क हैं जो वनस्पतियों, जीवों और प्रवासी पक्षियों के संरक्षण क्षेत्र के रूप में कार्य करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को हाइड्रोजन बस दिखाते हुए

स्थिरता और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के तहत, कंपनी ने अपने 370 से ज़्यादा स्थानों के लिए ग्रीनको और ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणन प्राप्त किए हैं। इसके अतिरिक्त, 5,000 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी पाइपलाइनों को ग्रीनको के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है। इसके अलावा, कंपनी ने एक बार फिर, डॉव जोन्स सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स (डीजेएसआई) 2024 में भारतीय तेल एवं गैस कंपनियों में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

कंपनी व्यापार जिम्मेदारी और स्थिरता रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) का प्रकाशन कर रही है, जिसका उद्देश्य ईएसजी निष्पादन के संबंध में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है। इसके अलावा, कंपनी प्रमुख वैश्विक और राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप वर्ष 2006-07 से अपनी वार्षिक स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित कर रही है।

निवल-शून्य पहल

आपकी कंपनी ने 2.5 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय के साथ, वर्ष 2046 तक निवल-शून्य परिचालन उत्सर्जन प्राप्त करने का एक साहसिक लक्ष्य निर्धारित किया है। एक पर्यावरण के प्रति जागरूक संगठन के रूप में, आपकी कंपनी व्यवस्थित रूप से अपने उत्सर्जन को मापती है, प्रबंधित करती है और रिपोर्ट करती है। वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का स्कोप 1 और 2 उत्सर्जन लगभग 22.53 मिमीटीसीओ2ई है। कंपनी अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए एक व्यापक रणनीति लागू कर रही है, जिसमें हरित हाइड्रोजन, सीबीजी, नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, वृक्ष रोपण और कार्बन कैप्चर उपयोग और भंडारण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

निवल-शून्य प्रतिबद्धता के अनुरूप, कंपनी ने वर्ष 2030 तक 31 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा, 4 एमएमटी जैव ईंधन और 1 एमएमटी बायोगैस सहित एक हरित ऊर्जा पोर्टफोलियो बनाने की योजना बनाई है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2050 तक 200 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा, 7 एमएमटी जैव ईंधन और 9 एमएमटी बायोगैस तक विस्तार करना है। यह सक्रिय दृष्टिकोण कम कार्बन भविष्य की दिशा में उद्योग-व्यापी प्रगति को चलाने और निवल-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

आपकी कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उसके उत्पाद सुरक्षित और टिकाऊ हों, और पर्यावरण तथा समाज में सकारात्मक योगदान दें। अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, आपकी कंपनी निरंतर प्रयासों के माध्यम से कुशल, कम कार्बन वाले उत्पादों का एक पोर्टफोलियो विकसित करते हुए, हरित उत्पाद विकल्पों में विस्तार कर रही है। कंपनी के उत्पाद प्रबंधन प्रयासों की विशेषता मिश्रित ईंधन, प्राकृतिक गैस और उच्च प्रदर्शन वाले स्नेहकों पर मजबूत ध्यान केंद्रित करना है।

नया व्यवसाय

आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान क्षेत्रीय और वैश्विक ऊर्जा कूटनीति में महत्वपूर्ण प्रगति की है। वर्ष 2023 में नेपाल सरकार के साथ जी2जी सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद, कंपनी ने अक्टूबर 2024 में नेपाल तेल निगम के साथ दो ऐतिहासिक बी2बी फ्रेमवर्क समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों से मोतीहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन का चितवन (नेपाल) तक विस्तार और नई सिलीगुड़ी-झापा (नेपाल) पाइपलाइन के निर्माण के साथ-साथ चितवन और झापा में तेल भंडारण टर्मिनलों के विकास सहित प्रमुख सीमा पार ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा।

वर्ष के दौरान, कंपनी की सहायक कंपनी इंडियन ऑयल (मॉरीशस) लिमिटेड और हंसराज हुलासचंद एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने काठमांडू में सर्वो ल्यूब ब्लेंडिंग सुविधाएं स्थापित करने के लिए एक संयुक्त उद्यम, आईओएमएल हुलास ल्यूब प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया, जो नेपाल में आपकी कंपनी का पहला विनिर्माण उद्यम होगा। इस कदम से आयात आधारित आपूर्ति की तुलना में उत्पाद नियोजन की लागत दक्षता में सुधार होगा, साथ ही कंपनी की ब्रांड उपस्थिति और क्षेत्रीय बाजार की ताकत में भी वृद्धि होगी।

कंपनी क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत और बांग्लादेश के बीच जी2जी समझौतों को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी ने जनवरी 2023 से जून 2025 तक बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) को 635 टीएमटी गैसोइल, गैसोलीन, जेट ए1 और ईंधन तेल की आपूर्ति की है, जिससे वितरण समयसीमा और मात्रा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित किया गया है। कंपनी ने जुलाई से दिसंबर 2025 तक 140 टीएमटी पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए बीपीसी से एक अनुबंध भी प्राप्त किया है।

वैश्विक मोर्चे पर, रसायन, टिकाऊ ईंधन, लॉजिस्टिक्स, बायोप्लास्टिक और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के लिए मित्सुबिशी कॉरपोरेशन जापान और मित्सुबिशी कॉरपोरेशन इंडिया के साथ एक त्रिपक्षीय सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नवीकरणीय ऊर्जा, सीजीडी, संबद्ध उद्योग, ईवी क्षेत्र,

पोत अधिग्रहण आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए अकार्बनिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित एमएंडए सेल की स्थापना की गई।

विस्फोटक व्यवसाय

आपकी कंपनी वर्ष 2024-25 में भारत के थोक विस्फोटकों और विस्फोट-आधारित सेवा क्षेत्र में अग्रणी बनी रही, जिसमें 13 संयंत्रों में परिचालन और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सहित एक मजबूत ग्राहक आधार शामिल है। मार्च 2025 में नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) में 13वां संयंत्र चालू किया गया। कंपनी ने पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करते हुए पिछले वर्ष के बराबर 319 टीएमटी की बिक्री दर्ज की।

भविष्य की बात करें तो दो नए संयंत्र, एक सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के अंतर्गत मंडमरी (तेलंगाना) में तथा दूसरा वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के माजरी क्षेत्र में विकासाधीन हैं। कंपनी कोयला खनन क्षेत्र में विभिन्न खनन डेवलपर्स सह ऑपरेटरों (एमडीओ) के साथ नए अवसर भी तलाश रही है।

परियोजनाएं

आपकी कंपनी ने वर्ष 2024-25 के दौरान परियोजनाओं पर 40,374 करोड़ व्यय किए, जिसमें स्टैंडअलोन आधार पर 39,195 करोड़ और संयुक्त उद्यमों (जेवी) और सहायक कंपनियों में इक्विटी निवेश के रूप में 1,179 करोड़ शामिल हैं। कंपनी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा किए गए कुल पूंजीगत व्यय में एक-चौथाई से अधिक का योगदान दिया।

वर्तमान में, कंपनी 2.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक के कुल परिव्यय के साथ 160 से अधिक परियोजनाओं (प्रत्येक की लागत 5 करोड़ रुपये से अधिक) को निष्पादित कर रही है, जो अकेले तथा अपने संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों के माध्यम से की जा रही है। इन प्रयासों का उद्देश्य बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति को मजबूत करना और बढ़ाना है।

कंपनी के निवेश को मोटे तौर पर दो प्रमुख क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है, अर्थात् अन्तर्भाग को मजबूत करना और ऊर्जा परिवर्तन को सशक्त बनाना।

- मुख्य व्यवसाय को मजबूत करना: कंपनी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रिफाइनिंग, पेट्रोकेमिकल्स, पाइपलाइन, मार्केटिंग और अपस्ट्रीम क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश कर रही है। पानीपत, गुजरात और बरौनी जैसी प्रमुख रिफाइनरियों में क्षमता विस्तार परियोजनाएँ चल रही हैं। पारादीप स्थित एक प्रमुख पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स, पीएक्स-पीटीए संयंत्र, भद्रक स्थित एक यार्न परियोजना और पानीपत स्थित एक पॉलीब्यूटाडाइन रबर परियोजना आदि के माध्यम से पेट्रोकेमिकल तीव्रता सूचकांक (पीआईआई) को वर्ष 2030 तक 15% तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, 2,000 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन विस्तार परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, जिसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के साथ-साथ पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के लिए सीमा पार पाइपलाइन शामिल हैं। खुदरा आउटलेट और भंडारण टर्मिनलों को अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे ग्राहक पहुंच में सुधार हो रहा है। एलपीजी बुनियादी ढांचे का विस्तार पूरे भारत में स्वच्छ रसोई ईंधन तक पहुंच बढ़ा रहा है। अनुसंधान और विकास के मोर्चे पर फरीदाबाद में आने वाला नया प्रौद्योगिकी केंद्र वैकल्पिक ऊर्जा और दीर्घकालिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- ऊर्जा परिवर्तन को सशक्त बनाना: कंपनी भारत के निवल-शून्य लक्ष्यों के अनुरूप स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ा रही है। ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य को समर्थन देने के लिए, कंपनी अपने 49 सीजीडी भौगोलिक क्षेत्रों में अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही है और रिफाइनरियों में प्राकृतिक गैस के उपयोग के लिए बुनियादी ढांचे को उन्नत कर रही है। जैव ईंधन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, 20% इथेनॉल मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करने से आगे बढ़कर, आपकी कंपनी एक वाणिज्यिक पैमाने पर एसएएफ संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य बना रही है और देश भर में 30 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। हरित हाइड्रोजन आंदोलन को गति प्रदान करते हुए, आपकी कंपनी पानीपत में 10 केटीपीए क्षमता वाला हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित कर रही है। 13,600 से ज़्यादा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों और बैटरी स्वैपिंग व विनिर्माण उद्यमों के साथ, कंपनी भविष्य की गतिशीलता में अग्रणी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, टेरा क्लीन लिमिटेड के माध्यम से वर्ष 2030 तक सुदृढ़ नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो बनाने की योजना बना रही है, जिसमें सौर, पवन, जल, हरित हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहन अवसंरचना और जैव ऊर्जा शामिल हैं।

रणनीतिक विविधीकरण और पारंपरिक तथा हरित दोनों क्षेत्रों में बड़े निवेश के माध्यम से, कंपनी स्वयं को भारत के दीर्घकालिक ऊर्जा और जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा अग्रणी के रूप में स्थापित कर रही है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसएंडई)

पेट्रोलियम उद्योग की स्वाभाविक रूप से खतरनाक प्रकृति को देखते हुए, आपकी कंपनी स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देती है। कंपनी इस सिद्धांत का समर्थन करती है कि ''सुरक्षा व्यावसायिक उद्देश्यों से ऊपर ह'' और व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसएंडई) के प्रबंधन में अग्रणी रहने के लिए समर्पित है। कंपनी में परिचालन की देख-रेख व्यापक और संगठित सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली द्वारा की जाती है, जो सुरक्षा प्रोटोकॉल, प्रक्रियाओं और प्रासंगिक पर्यावरण मानकों और विनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करती है। सभी स्तरों पर अनुपालन की निगरानी की जाती है, जिससे जवाबदेही और निरंतर सुधार की संस्कृति को बल मिलता है। निदेशक मंडल समय-समय पर कंपनी के एचएसएंडई प्रदर्शन और पहलों की समीक्षा करता है, जो लोगों, परिसंपत्तियों और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए रणनीतिक महत्व को दर्शाता है। वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी ने संगठन में सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ाने और व्यावसायिक स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए जागरूकता अभियानों, नीति अपडेट, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और क्षमता विकास प्रयासों सहित कई एचएसएंडई पहल की। वर्ष के दौरान आयोजित सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से परिचालन स्थलों पर कर्मचारियों का कौशल उन्नयन किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए सरकार के एमओयू पैरामीटर के तहत अधिदेशित 10,000 कार्य दिवसों के लक्ष्य की तुलना में सुरक्षा प्रशिक्षण के 28,867 कार्य दिवसों को सफलतापूर्वक प्रदान किया गया।

मानव संसाधन

31 मार्च, 2025 तक कर्मचारियों की कुल संख्या 29,941 थी, जिसमें 18,740 कार्यकारी और 11,201 गैर-कार्यकारी शामिल थे, जिनमें से 2,663 महिला कर्मचारी थीं। वर्ष के दौरान, कंपनी ने 704 कार्यकारियों और 376 गैर-कार्यकारियों को कार्य पर रखा गया। देश भर में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए, कंपनी ने विभिन्न श्रेणियों, जैसे ट्रेड, तकनीशियन, फ्रेशर और कौशल-प्रमाणपत्र धारक, में 1849 प्रशिक्षुओं को नियुक्त किया, जो कुल कार्यबल का 6.03% है। प्रशिक्षुओं को एक संरचित निगरानी और मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कंपनी समावेशी विकास को समर्थन देने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन (बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति), पूर्व सैनिकों/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएसएस) के लिए रोजगार में आरक्षण के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करती है। निर्देशों के अनुसार

इंडियनऑयल – लोगों द्वारा संचालित। प्रदर्शन द्वारा परिभाषित।

रोस्टर बनाए जाते हैं और उचित अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी संपर्क अधिकारी(यों) के साथ-साथ भारत सरकार के संपर्क अधिकारी द्वारा नियमित रूप से उनकी समीक्षा की जाती है। ओबीसी/एससी/एसटी कर्मचारियों की शिकायतों को दर्ज करने के लिए डिवीजन, क्षेत्र और इकाई स्तर पर शिकायत रजिस्टर भी बनाए जाते हैं और प्राप्त अभ्यावेदनों और शिकायतों का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जाता है। राष्ट्रपति के निर्देश के अनुरूप, निर्धारित प्रारूप में अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.वर्ग प्रतिनिधित्व का विवरण इस रिपोर्ट के साथ **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

कंपनी ने भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों के लिए 4% आरक्षण के प्रावधान को लागू किया। भर्ती के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को इस संबंध में नियमों का पालन करते हुए आवश्यक रियायतें और छूट दी गई। आपकी कंपनी मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के लागू प्रावधानों का भी अनुपालन करती है।

पूरे वर्ष के दौरान, कंपनी में सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंध बने रहे। कंपनी अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य, उत्पादकता, वित्तीय कल्याण आदि के लिए व्यापक कल्याणकारी सुविधाएँ प्रदान करती है, जिससे उन्हें कार्यस्थल पर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। कंपनी भागीदारी प्रबंधन संस्कृति को प्रोत्साहित करती है और समूहों के साथ एक परामर्श दृष्टिकोण अपनाती है, औद्योगिक शांति के लिए एक सौहार्दपूर्ण संबंध को बढ़ावा देती है, जिससे उत्पादकता में वृद्धि होती है।

पूरे वर्ष, कंपनी ने अपने प्रतिभा विकास कार्यक्रम-'नव-ऊर्जा निर्माणः नवीकरणीय ऊर्जा में एक भविष्य का निर्माण' को जारी रखा और बढ़ाया- और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों की जटिलताओं को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए कनिष्ठ और मध्यम स्तर के अधिकारियों के बीच आंतरिक विशेषज्ञता विकसित करने हेतु देश भर के अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी की। सीखने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कंपनी ने प्रशिक्षण मंच - एकलव्य का भी शुभारंभ किया, जिससे उसके कर्मचारियों को भविष्य के लिए तैयार कौशल विकसित करने हेतु डिज़ाइन किए गए पाठ्यक्रमों के एक विशेष संग्रह तक पहुँच प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवाओं को विभिन्न इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने भविष्य की तैयारी के लिए प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया। प्रौद्योगिकी के माध्यम से संचालन में सुधार के लिए, पूरे भारत में मानव संसाधन कार्यों को सुव्यवस्थित करने, अतिरेक को कम करने, दक्षता बढ़ाने और निरंतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए एक केंद्रीकृत मानव संसाधन साझा सेवा केंद्र (एचआर एसएससी) की स्थापना की गई है। कंपनी ने इंडियन ऑयल लिसनिंग एजेंट (आईओएलए) नामक एक एआई-संचालित कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर ताकत को पहचानना और विकास के क्षेत्रों की पहचान करना है, जिसका उद्देश्य समग्र कर्मचारी अनुभव में सुधार करना है।

कर्मचारियों का विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(ई) के प्रावधान किसी सरकारी कंपनी पर लागू नहीं होते हैं। इसलिए, अधिनियम की धारा 178(3) के तहत आवश्यक निदेशकों की नियुक्ति और अन्य मामलों पर कंपनी की नीति के बारे में विवरण शामिल नहीं हैं।

इसी तरह, अधिनियम की धारा 197 भी सरकारी कंपनी को छूट देती है। परिणामस्वरूप, औसत कर्मचारी के वेतन या अन्य विवरणों के लिए प्रत्येक निदेशक के मुआवजे के अनुपात का प्रकटन करने की कोई आवश्यकता नहीं है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी के नाम और अन्य विशिष्टताओं को सूचीबद्ध करने वाला एक विवरण शामिल है, जो यदि वित्तीय वर्ष के दौरान या उसके किसी भाग में कार्यरत होने पर नियमों में निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक पारिश्रमिक प्राप्त करता है। ये विवरण कंपनियों (प्रबंधकीय कर्मियों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 (1) / (2) के साथ पठित अधिनियम की धारा 197 (12) के अनुसार आवश्यक नहीं हैं।

हिंदी कार्यान्वयन

कंपनी ने वर्ष के दौरान राजभाषा अधिनियम, 1963 और उसके अंतर्गत अधिसूचित 1976 के नियमों के प्रावधानों का अनुपालन किया। राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार, विभिन्न कार्यालयों, स्थानों और इकाइयों में दैनिक कार्यों में राजभाषा का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। हिंदी में लिखित या हस्ताक्षरित किसी भी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन सहित सभी पत्रों का उत्तर हिंदी में ही दिया जाता है। प्रगति की निगरानी और राजभाषा में नई पहलों को बढ़ावा देने के लिए सभी कार्यालयों और इकाइयों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ (ओएलआईसी) स्थापित की गई हैं। संसदीय राजभाषा समिति ने वर्ष के दौरान 23 कार्यालयों, स्थानों

और इकाइयों का निरीक्षण किया और पूरे संगठन में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए किये गए प्रयासों की सराहना की।

एसडीआई भुवनेश्वर में छात्राओं के लिए कंप्यूटर डेटा एप्लीकेशन कोर्स

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

आपकी कंपनी समुदायों को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के अपने मूल दर्शन के प्रति समर्पित है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को न केवल एक कानूनी आवश्यकता के रूप में देखा जाता है, बल्कि इसे ज़िम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं का एक अनिवार्य हिस्सा भी माना जाता है। यह समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने, विशेष रूप से इसके परिचालन क्षेत्रों में और इसके आसपास के समुदायों के लिए, नैतिक रूप से व्यवसाय करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) केंद्रित क्षेत्रों में 'सुरक्षित पेयजल और जल संसाधनों का संरक्षण', 'स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता', 'शिक्षा और रोजगार बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल', 'ग्रामीण विकास', 'पर्यावरणीय स्थिरता', 'महिलाओं और सामाजिक/आर्थिक रूप से वंचित समूहों का सशक्तिकरण' आदि शामिल है। कंपनी की सीएसआर नीति को कंपनी की वेबसाइट https://www.iocl.com/download/IOC_S&CSR_Policy.pdf पर देखा जा सकता है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने सीएसआर के लिए ₹ 539.17 करोड़ का बजट आवंटित किया, जो पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ (₹ 574.46 करोड़) का 2% है, जिसमें से पिछले वर्ष का अतिरिक्त व्यय (₹ 35.29 करोड़) घटाया गया है। हालाँकि, इसने कई प्रमुख परियोजनाओं सहित चल रही सीएसआर गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए ₹ 583.04 करोड़ की अधिक राशि व्यय की, जिसके परिणामस्वरूप भविष्य के वर्षों में उपयोग किए जाने वाले 43.87 करोड़ का अतिरिक्त व्यय हुआ। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की सीएसआर गतिविधियों पर एक रिपोर्ट, वर्ष के लिए सीएसआर की मुख्य विशेषताओं के साथ, इस रिपोर्ट के **अनुबंध–II** के रूप में शामिल की गई है।

सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई)

कंपनी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानों का अनुपालन करती है तथा संबंधित मामलों को संभालने के लिए पूरे संगठन में एक व्यापक तंत्र स्थापित किया है। अधिनियम की आवश्यकताओं को पूरा करने और इसके विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, आपकी कंपनी के पास सभी प्रभागों में एक नामित नोडल अधिकारी, 31 प्रथम अपीलीय प्राधिकरण (एफ.ए.ए.), 41 केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) और 41 सहायक लोक सूचना अधिकारी (ए.पी.आई.ओ.) हैं।

आरटीआई अधिनियम की धारा 4(1)(बी) के तहत आवश्यक जानकारी कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.iocl.com पर पोस्ट की गई है और इसे नियमित रूप से अपडेट किया जाता है। आपकी कंपनी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के ऑनलाइन आरटीआई. पोर्टल के साथ गठबंधन किया है, और पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सभी आवेदनों और अपीलों का निपटान केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाता है।

वर्ष के दौरान, 4,347 अनुरोधों और 604 प्रथम अपीलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निपटारा किया गया। माननीय केंद्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली द्वारा 91 द्वितीय अपीलों का निपटारा किया गया, तथा कंपनी के विरुद्ध कोई दंड या अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का अनुपालन

कंपनी कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पालन करती है, जिसका प्राथमिक लक्ष्य कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और संबंधित शिकायतों की रोकथाम और समाधान सुनिश्चित करना है। यौन उत्पीड़न की किसी भी शिकायत से निपटने के लिए वरिष्ठ महिला कर्मचारियों के नेतृत्व में प्रत्येक इकाई, क्षेत्रीय और मुख्य कार्यालय स्तर पर आंतरिक समितियों का गठन किया गया है।

1 अप्रैल, 2024 तक, यौन उत्पीड़न की 5 शिकायतें लंबित थीं। वर्ष के दौरान, चार शिकायतें प्राप्त हुईं और छह शिकायतों का निपटारा किया गया। 31 मार्च, 2025 तक, 3 शिकायतें लंबित रहीं, जिनमें से एक 90 दिनों से अधिक समय से लंबित थी।

अधिनियम के प्रावधानों पर जोर देते हुए, विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के लिए उनके अधिकारों और कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। पुरुष कर्मचारियों के लिए लिंग संवेदीकरण कार्यक्रम भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। नए भर्ती कर्मचारियों को अधिनियम के प्रावधानों और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कंपनी द्वारा अपनाए गए उपायों के बारे में सूचित किया जाता है।

सतर्कता

सतर्कता कार्य का उद्देश्य पूरी कंपनी में उच्चतम स्तर की सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करना है। सतर्कता विभाग न केवल कंपनी और केंद्रीय सतर्कता आयोग के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है, बल्कि सतर्कता से संबंधित सभी मामलों पर कंपनी को सलाह भी देता है। सतर्कता विभाग ने रोकथाम, दंडात्मक और भागीदारी पर जोर देते हुए तीन सूत्री दृष्टिकोण अपनाया है। यह प्रणालीगत विफलताओं को कम करने के लिए प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और प्रक्रियाओं की स्थापना में भी मदद करता है। वर्ष के दौरान, 818 सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 24,000 हितधारकों ने भाग लिया।

कंपनी द्वारा अनियमितताओं/चूक के लिए लागू आचरण, अनुशासन एवं अपील नियम 1980 और प्रमाणित स्थायी आदेशों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है। वर्ष 2015 के दौरान, सतर्कता मामलों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों का निपटारा किया गया और वर्ष के अंत तक 44 मामले लंबित थे। इन मामलों में अनुशासनहीनता, बेईमानी, कर्तव्य में लापरवाही या काम की उपेक्षा जैसी अनियमितताएं शामिल हैं। कंपनी लगातार और नियमित रूप से केंद्रीय सतर्कता आयोग और आंतरिक सतर्कता विभाग के परामर्श से तकनीकी हस्तक्षेप और प्रणाली या प्रक्रिया समीक्षा के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी लेनदेन सुनिश्चित करने का प्रयास करती है।

जनता की जमाराशियां योजना

2024-25 के दौरान आयोजित नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की 1 (एक) बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	06.01.2025
1.	डॉ (प्रो.) राम नरेश सिंह	स्वतंत्र निदेशक	✓
2.	श्री अरविंदर सिंह साहनी	अध्यक्ष, इंडियनऑयल	✓
3.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	✓
4.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	✓

नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की बैठकों में कार्यात्मक निदेशक भी आमंत्रित सदस्य के रूप में भाग लेते हैं।

कंपनी सचिव नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति के सचिव के रूप में कार्य करता है।

निदेशकों का पारिश्रमिक –

2024-25 के दौरान पूर्णकालिक निदेशकों को भुगतान किया गया पारिश्रमिक निम्नानुसार है-

(रु.)

नाम	पदनाम	वेतन और भत्ते	कार्य-निष्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन	अन्य लाभ एवं सुविधाएं	कुल पारिश्रमिक
श्री अरविंदर सिंह साहनी	अध्यक्ष (13.11.2024 से)	24,51,691	–	98,501	25,50,192
श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	51,78,761	22,16,255	11,02,296	84,97,312
श्री एन सेंथिल कुमार	निदेशक (पाइपलाइन)	54,99,436	22,66,238	26,16,761	1,03,82,435
श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	50,69,542	17,95,608	22,56,582	91,21,732
डॉ आलोक शर्मा	निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)	61,18,983	18,58,908	4,09,146	83,87,037
सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	60,85,459	19,18,768	24,51,024	1,04,55,251
श्री अरविंद कुमार	निदेशक (रिफाइनरीज) (17.07.2024 से)	40,15,250	5,88,485	17,83,381	63,87,116
श्री सुमन कुमार	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) (26.02.2025 से)	5,96,895	–	38,490	6,35,385
सुश्री शुक्ला मिस्त्री	निदेशक (रिफाइनरीज) (30.04.2024 तक)	95,98,365	–	32,11,775	1,28,10,140
श्री श्रीकांत माधव वैद्य	अध्यक्ष (31.08.2024 तक)	23,48,371	–	36,96,158	60,44,529
श्री सुजय चौधुरी	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) (31.08.2024 तक)	1,07,89,959	–	34,43,437	1,42,33,396
	कुल	5,77,52,712	1,06,44,262	2,11,07,551	8,95,04,525

टिप्पणी-

1. कंपनी के सभी अधिकारियों पर लागू नीति के अनुसार, कंपनी के कर्मचारियों के रूप में पूर्णकालिक निदेशकों को कार्य-निष्पादन आधारित प्रोत्साहन देय है।
2. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई स्टॉक ऑप्शन जारी नहीं किया गया।
3. भारत सरकार द्वारा जारी पूर्णकालिक निदेशकों की नियुक्ति की शर्तों में सेवा समाप्ति के लिए तीन महीने की नोटिस अवधि या उसके बदले में वेतन का प्रावधान है।
4. पारिश्रमिक में सेवानिवृत्ति लाभों, दीर्घकालिक योजनाओं और सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों के लिए अवधि के दौरान किए गए प्रावधान के लिए बीमांकिक मूल्यांकन पर किए गए प्रावधान का प्रभाव शामिल नहीं है क्योंकि इन्हें अलग-अलग निदेशकों के लिए अलग से पता नहीं लगाया जा सकता।

सरकार द्वारा नामित निदेशक किसी भी पारिश्रमिक, बैठक शुल्क आदि के हकदार नहीं हैं।

स्वतंत्र निदेशकों को मंडल या उसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए प्रति बैठक 40,000 रु. के बैठक शुल्क के अलावा कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है।

2024-25 के दौरान अदा की गई बैठक शुल्क इस प्रकार है-

क्र. सं.	नाम	बैठक शुल्क (₹)
1.	श्री दिलीप गोगोई लालुंग	3,60,000
2.	डॉ. (प्रो.) आशुतोष पंत	5,20,000
3.	डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर	6,00,000
4.	श्री प्रसेनजीत बिस्वास	8,00,000
5.	श्री सुदीप्त कुमार रे	6,40,000
6.	श्री कृष्णन सदगोपन	5,20,000
7.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	7,20,000
	कुल	**41,60,000**

नोट- स्वतंत्र निदेशकों का कंपनी के साथ कोई अन्य तथ्यात्मक रूप से महत्वपूर्ण आर्थिक संबंध या लेनदेन नहीं था।

निदेशकों की शेयरधारिता

31.03.2025 को निदेशकों द्वारा धारित कंपनी के ईक्विटी शेयरों का विवरण नीचे दिया गया है-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	ईक्विटी शेयरों की संख्या
1.	श्री अरविंदर सिंह साहनी	अध्यक्ष	4,650
2.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	900
3.	श्री एन सेंथिल कुमार	निदेशक (पाइपलाइन्स)	11,000
4.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	450
5.	डॉ आलोक शर्मा	निदेशक (अनुसंधान एवं विकास)	-
6.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	4,633
7.	श्री अरविंद कुमार	निदेशक (रिफाइनरीज)	2,400
8.	श्री सुमन कुमार	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	16,458
9.	डॉ सुजाता शर्मा	सरकार द्वारा नामित निदेशक	-
10.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	स्वतंत्र निदेशक	-
11.	श्री प्रसेनजीत बिस्वास	स्वतंत्र निदेशक	-
12.	श्री कृष्णन सदगोपन	स्वतंत्र निदेशक	-
13.	डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर	स्वतंत्र निदेशक	-

(ग) हितधारक संबंध समिति

हितधारकों के बीच संबंध समिति का गठन सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 20 और अधिनियम की धारा 178 के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। समिति के विचारार्थ विषयों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं-

- सूचीबद्ध यूनिट के प्रतिभूति धारकों की शिकायतों का समाधान करना, जिसमें शेयरों के हस्तांतरण/प्रेषण, वार्षिक रिपोर्ट की प्राप्ति न होना, घोषित लाभांश की प्राप्ति न होना, नए/डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करना, आम बैठकें आदि से संबंधित शिकायतें शामिल हैं।
- शेयरधारकों द्वारा मताधिकार के प्रभावी प्रयोग के लिए उठाए गए उपायों की समीक्षा।
- रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं के संबंध में सूचीबद्ध यूनिट द्वारा अपनाए गए सेवा मानकों के पालन की समीक्षा।
- सूचीबद्ध यूनिट द्वारा दावा न किए गए लाभांश की मात्रा को कम करने और कंपनी के शेयरधारकों द्वारा लाभांश वारंट, वार्षिक रिपोर्ट और सांविधिक नोटिस की समय पर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए किए गए विभिन्न उपायों और पहलों की समीक्षा।

समिति शेयर प्रमाणपत्र/पुष्टिकरण पत्र जारी करने को भी मंजूरी देती है। कंपनी हितधारकों और निवेशकों की शिकायतों/शिकायतों/प्रश्नों को उचित समयावधि के भीतर हल करने का प्रयास करती है।

31.03.2025 को समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	समिति में पद
1.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	स्वतंत्र निदेशक	
2.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	
3.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	

अध्यक्ष
सदस्य

2024-25 के दौरान आयोजित हितधारक संबंध समिति की बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	23.11.2024
1.	श्री कृष्णन सदगोपन (23.11.2024 तक)	स्वतंत्र निदेशक	✓
2.	श्री दिलीप गोगोई लालुंग (23.11.2024 तक)	स्वतंत्र निदेशक	✓
3.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	✓
4.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	✓

श्री कमल कुमार ग्वालानी, कंपनी सचिव, हितधारक संबंध समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं और अनुपालन अधिकारी भी हैं।

2024-25 के दौरान प्राप्त और निपटाई गई शिकायतों का विवरण-

वर्ष के दौरान 6,131 शिकायतें प्राप्त हुईं और उनका समाधान किया गया। इसके अलावा, वर्ष के दौरान पते में बदलाव, नामांकन दर्ज करने, डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र/लाभांश वारंट जारी करने आदि के लिए 325 अनुरोध प्राप्त हुए, जिनमें से 31.03.2025 तक 8 अनुरोध लंबित थे और बाद में उनका समाधान कर दिया गया।

कंपनी ने निवेशकों के लिए विशेष रूप से एक ई-मेल आईडी investors@indianoil.in बनाई है, ताकि निवेशक अपनी शिकायतें, यदि कोई हों, तो उन्हें दर्ज करा सकें।

(घ) कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व और सतत विकास समिति

सीएसआर एवं एसडी समिति का गठन अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। समिति के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित बातें शामिल हैं-

ए) एक कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति तैयार करना और मंडल को उसकी सिफारिश करना, जिसमें अनुसूची VII में निर्दिष्ट क्षेत्रों या विषयों में कंपनी द्वारा की जाने वाली गतिविधियों का उल्लेख होगा।

बी) अपने ग्राहकों को कुशल, सुरक्षित और नैतिक तरीके से ऊर्जा समाधान प्रदान करने में अपनी गतिविधियों का संचालन करना, जिससे पर्यावरण पर प्रभाव अनुकूलतम हो और समुदाय के जीवन की गुणता बढ़े, साथ ही व्यवसाय और राष्ट्र का सतत विकास सुनिश्चित हो।

(सी) खंड (ए) में निर्दिष्ट गतिविधियों पर की जाने वाली व्यय राशि की सिफारिश करना।

(डी) समय-समय पर कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति की निगरानी करना।

(ई) सीएसआर परियोजनाओं या गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए एक पारदर्शी निगरानी तंत्र स्थापित करना।

31.03.2025 को समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	समिति में पद
1.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	स्वतंत्र निदेशक	
2.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	
3.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	
4.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	
5.	श्री सुमन कुमार	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	

अध्यक्ष
सदस्य

2024-25 के दौरान आयोजित सीएसआर और एसडी समिति की 7 (सात) बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार है-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	29.06.2024	09.07.2024	29.08.2024	26.10.2024	24.01.2025	05.03.2025	28.03.2025
1.	डॉ. (प्रो.) आशुतोष पंत (23.11.2024 तक)	स्वतंत्र निदेशक	✓	✓	✓	✓			
2.	श्री प्रसेनजीत विश्वास (23.11.2024 तक)	स्वतंत्र निदेशक	✓	✓	✓	✓			
3.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	-	✓	-	-	-	✓	✓
4.	श्री सुजय चौधुरी (31.08.2024 तक)	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	✓	✓	✓				
5.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
6.	सुश्री रश्मि गोविल	निदेशक (मानव संसाधन)	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
7	श्री नचिमुत्तु सेथिल कुमार	निदेशक (पाइपलाइन्स) निदेशक को (पी एंड बीडी) को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है				✓	✓		
8	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह (24.11.2024 से)	स्वतंत्र निदेशक					✓	✓	✓
9	श्री सुमन कुमार (26.02.2025 से)	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)						✓	✓

कंपनी सचिव सीएसआर एवं एसडी समिति के सचिव के रूप में कार्य करते हैं।

सीएसआर नीति कंपनी की वेबसाइट https://www.iocl.com/download/IOC_S&CSR_Policy.pdf लिंक पर उपलब्ध है। 31.03.2025 को समाप्त वर्ष के लिए अधिनियम के तहत अपेक्षित सीएसआर रिपोर्ट निदेशक की रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

(ङ) जोखिम प्रबंधन समिति

कंपनी ने जोखिम मूल्यांकन और न्यूनीकरण प्रक्रिया से संबंधित जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया की समीक्षा करने तथा 'मार्क टू मार्केट' आधार पर 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के डेरिवेटिव लेनदेन को मंजूरी देने के लिए एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है।

जोखिम प्रबंधन समिति का गठन सेबी (एलओडीआर) के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। 31.03.2025 को समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल थे-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	समिति में पद
1.	श्री अरविंदर सिंह साहनी	अध्यक्ष, इंडियनऑयल	
2.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	स्वतंत्र निदेशक	
3.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	
4.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	
5.	श्री अरविंद कुमार	निदेशक (रिफाइनरीज)	
6.	श्री सुमन कुमार	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	
7.	श्री अरविंद आचार्या	मुख्य जोखिम अधिकारी	

अध्यक्ष	
सदस्य	

2024-25 के दौरान आयोजित जोखिम प्रबंधन समिति की 2 (दो) बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार है-

क्र. सं.	नाम	पदनाम	29.07.2024	10.02.2025
1.	श्री श्रीकांत माधव वैद्य (31.08.2024 तक)	अध्यक्ष, इंडियनऑयल	✓	
2.	श्री अरविंदर सिंह साहनी (13.11.2024 से)	अध्यक्ष, इंडियनऑयल		✓
3.	डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह (24.11.2024 से)	स्वतंत्र निदेशक		✓
4.	डॉ. (प्रो.) आशुतोष पंत (23.11.2024 तक)	स्वतंत्र निदेशक	✓	
5.	श्री सतीश कुमार वडुगुरी	निदेशक (विपणन)	✓	–
6.	श्री अनुज जैन	निदेशक (वित्त)	✓	✓
7.	श्री अरविंद कुमार	निदेशक (रिफाइनरीज)	✓	✓
8.	श्री सुजय चौधुरी (31.08.2024 तक)	निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास)	✓	
9.	श्री नचिमुत्तु सेथिल कुमार	निदेशक (पाइपलाइन्स) निदेशक को (पी एंड बीडी) को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है		✓
10.	श्री टी.सी. शंकर (31.12.2024 तक)	मुख्य जोखिम अधिकारी	✓	
11.	श्री अरविंद आचार्या (01.01.2025 से)	मुख्य जोखिम अधिकारी		✓

(च) अन्य मंडल समितियां –

उपरोक्त समितियों के अतिरिक्त, मंडल ने विभिन्न मंडल समितियों को अलग-अलग भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियां देते हुए कुछ अधिकार सौंपे हैं जो इस प्रकार हैं –

क्र. सं.	समिति का नाम	भूमिका और जिम्मेदारियां	सदस्यगण
1.	परियोजना मूल्यांकन समिति	बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने से पहले 250 करोड़ रु. और उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं का मूल्यांकन करना।	– दो स्वतंत्र निदेशक – निदेशक (वित्त) – निदेशक (आर एंड डी) समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक करते हैं।
2.	विपणन रणनीति और सूचना प्रौद्योगिकी निरीक्षण समिति	डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पुनर्गठन सहित निगम की विपणन गतिविधियों से संबंधित सभी मामलों पर रणनीतियां, नीतियां, दिशानिर्देश विकसित करना तथा निर्णय लेना और निगम की आईटी रणनीतियों के कार्यान्वयन की देखरेख करना।	– एक स्वतंत्र निदेशक – निदेशक (विपणन) – निदेशक (वित्त) – निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक करते हैं।
3.	अचल संपत्तियों की पट्टा-विमुक्ति समिति	कंपनी द्वारा पट्टे पर दिए गए फ्लैटों/आवासों/ अचल संपत्तियों को पट्टे से विमुक्त करने पर विचार करना।	– अध्यक्ष, इंडियनऑयल – सरकार द्वारा नामित एक निदेशक – निदेशक (विपणन) – निदेशक (वित्त) – निदेशक (मानव संसाधन) समिति की अध्यक्षता कंपनी के अध्यक्ष करते हैं।
4.	अनुबंध समिति	निगम के प्राधिकार के प्रत्यायोजन में प्रदत्त कुछ सीमाओं से परे अनुबंधों को अनुमोदित करना।	– अध्यक्ष, इंडियनऑयल – सभी कार्यात्मक निदेशक समिति की अध्यक्षता कंपनी के अध्यक्ष करते हैं।
5.	योजना एवं परियोजना समिति	100 करोड़ रु. से अधिक और 250 करोड़ रु. तक के सभी परियोजना प्रस्तावों पर विचार करना और उन्हें अनुमोदित करना।	– अध्यक्ष, इंडियनऑयल – सभी कार्यात्मक निदेशक समिति की अध्यक्षता कंपनी के अध्यक्ष करते हैं।

क्र. सं.	समिति का नाम	भूमिका और जिम्मेदारियां	सदस्यगण
6.	एलएनजी सोर्सिंग समिति	एलएनजी बिक्री और खरीद समझौते की शर्तों की समीक्षा करना तथा दीर्घकालिक आधार पर एलएनजी की खरीद के अनुमोदन के लिए मंडल को सिफारिश करना।	– अध्यक्ष – निदेशक (वित्त) – निदेशक (रिफाइनरीज) – निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) समिति की अध्यक्षता कंपनी के अध्यक्ष करते हैं।
7.	विवाद निपटान समिति	कंपनी की सुलह नीति के अनुसार मंडल की मंजूरी के लिए 25 करोड़ रु. से अधिक के वित्तीय असर वाले निपटान प्रस्तावों की जांच करना और सिफारिश देना।	– दो स्वतंत्र निदेशक – निदेशक (वित्त) – संबंधित कार्यात्मक निदेशक – सहयोजित अतिरिक्त निदेशक, यदि कोई हों। समिति की अध्यक्षता स्वतंत्र निदेशक करते हैं।

कंपनी सचिव सभी मंडल समितियों का सचिव होता है।

बोर्ड की विभिन्न समितियों की संरचना भी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बोर्ड समिति की बैठकों के कार्यवृत्त समिति के सदस्यों को परिचालित किए जाते हैं। अनुमोदित कार्यवृत्त को आवश्यक कार्रवाई के लिए कंपनी के सभी संबंधित विभागों को परिचालित किया जाता है और सूचना के लिए मंडल को भी प्रस्तुत किया जाता है।

वर्ष 2024-25 के दौरान ऐसा कोई उदाहरण नहीं था जिसमें किसी मंडल समिति द्वारा की गई सिफारिश को कंपनी के मंडल द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हो।

4. सामान्य बैठकें

कंपनी की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) अधिनियम और सेबी (एलओडीआर) के प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आयोजित एजीएम का विवरण इस प्रकार है-

	2021-22	2022-23	2023-24
तिथि और समय	25.08.2022 सुबह 10.00 बजे	25.08.2023 सुबह 10.30 बजे	09.08.2024 सुबह 10.00 बजे
स्थल	कोविड महामारी को देखते हुए, वार्षिक सामान्य बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई।	वार्षिक सामान्य बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई।	वार्षिक सामान्य बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई।
पारित विशेष संकल्प (संख्या)	0	(1) अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि करना तथा इसके परिणामस्वरूप एमओए और एओए में संशोधन करना	(0)

नोट- ओएवीएम के माध्यम से आयोजित एजीएम के लिए, एजीएम की कार्रवाई कंपनी के मुंबई स्थित पंजीकृत कार्यालय में आयोजित मानी जाएगी। 2024-25 के दौरान सदस्यों की कोई असाधारण सामान्य बैठक आयोजित नहीं की गई।

5. डाक मतपत्र

वर्ष 2024-25 के दौरान डाक मतपत्र के माध्यम से सदस्यों का अनुमोदन नहीं मांगा गया।

डाक मतपत्र के माध्यम से कोई प्रस्ताव पारित करने का तत्काल कोई प्रस्ताव नहीं है।

6. प्रकटन

क. स्वतंत्र निदेशकों की बैठक

वर्ष के दौरान, स्वतंत्र निदेशकों की अलग बैठक आयोजित नहीं की गई।

ख. संबंधित पक्ष लेनदेन

कंपनी के पास 'संबंधित पक्ष लेनदेन की महत्ता और संबंधित पक्ष लेनदेन संव्यवहार' पर एक नीति है, जो कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है -

https://www.iocl.com/download/RPT_Policy.pdf

इस नीति के अनुसार, सभी संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं। लेखापरीक्षा समिति ने अधिनियम, सेबी (एलओडीआर) और के प्रावधानों और आरपीटी पर नीति के अनुरूप वर्ष 2024-25 के दौरान संबंधित पक्ष लेनदेन के लिए सर्वव्यापी स्वीकृति प्रदान की थी। इस तरह के लेन-देन पर एक रिपोर्ट तिमाही आधार पर लेखापरीक्षा समिति को प्रस्तुत की गई थी।

वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा दर्ज किए गए सभी संबंधित पक्ष लेन-देन इसके सामान्य व्यवसाय के क्रम में और स्वतंत्र संव्यवहार आधार पर थे। इसके अलावा, आवधिक आरपीटी का समेकित आधार पर निर्धारित प्रारूप में प्रकटन, अर्ध-वार्षिक आधार पर स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किया गया तथा कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला गया था।

सेबी (एलओडीआर) के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए सदस्यों से अनुमोदन प्राप्त कर लिया है।

ग. महत्वपूर्ण सहायक कंपनियां

कंपनी के पास 'महत्वपूर्ण सहायक कंपनियों के निर्धारण के लिए नीति' है और इसे कंपनी की वेबसाइट पर रखा गया है तथा इसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है-

https://www.iocl.com/download/Policies/Material_Subsidiary_Policy.pdf

2024-25 के दौरान कोई भी महत्वपूर्ण गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनी नहीं थी। गैर-सूचीबद्ध सहायक कंपनियों की मंडल बैठक के कार्यवृत्त समय-समय पर कंपनी के मंडल को प्रस्तुत किए जाते हैं।

घ. पिछले तीन वर्षों के दौरान गैर-अनुपालन/आक्षेप/दंड

पिछले तीन वर्षों के दौरान पूंजी बाजार से संबंधित किसी भी मामले पर स्टॉक एक्सचेंजों/सेबी या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा न तो कोई गैर-अनुपालन का मामला सामने आया, न ही कंपनी पर कोई जुर्माना/आक्षेप लगाया गया।

हालांकि, कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) और बीएसई लिमिटेड (बीएसई) से वर्ष 2024-25 के दौरान निदेशक मंडल की संरचना, लेखापरीक्षा और नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना और ऐसे गैर-अनुपालनों के लिए आर्थिक जुर्माना लगाने के संबंध में सेबी (एलओडीआर) के विनियम 17(1), विनियम 18(1) और विनियम 19 के प्रावधानों का पालन न करने संबंधी नोटिस प्राप्त हुए हैं। इस नोटिस के जवाब में, कंपनी ने एक्सचेंजों को स्पष्ट किया कि उक्त गैर-अनुपालन कंपनी की किसी लापरवाही/चूक के कारण नहीं हुआ है क्योंकि निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए, कंपनी ने एक्सचेंजों से जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है। एक्सचेंजों ने सूचित किया है कि कंपनी द्वारा अनुपालन किए जाने पर जुर्माना माफ करने के अनुरोध पर विचार किया जाएगा।

ङ. सार्वजनिक निर्गम, अधिकार निर्गम, अधिमान्य निर्गम आदि से प्राप्तियां

वर्ष के दौरान, कंपनी ने ईक्विटी शेयर पूंजी या बॉन्ड/डिबेंचर जारी करके कोई निधि नहीं जुटाई है। हालाकि, कंपनी ने निजी प्लेसमेंट के आधार पर 1,00,000/-रु. प्रत्येक के असुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध, कर योग्य, मोचनीय, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी किए थे, जिनकी कुल राशि 5,000 करोड़ रु. थी। निधियों का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया गया जिसके लिए उसे जुटाया गया था और निधियों के उपयोग में कोई विचलन या बदलाव नहीं हुआ है। इसके अलावा, कंपनी ने परिपक्वता पर 5,495 करोड़ रु. मूल्य के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर मोचन किए हैं।

च. सतर्कता तंत्र और सचेतक नीति

कंपनी अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में नैतिक व्यवहार को बढ़ावा देती है और अवैध या अनैतिक व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए एक तंत्र स्थापित किया है। कंपनी ने कर्मचारियों के लिए प्राधिकार का प्रत्यायोजन, मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), आचरण, अनुशासन और अपील नियम आदि जैसी प्रक्रियाएं और आंतरिक नियंत्रण निर्धारित किए हैं। सतर्कता विभाग, जो सतर्कता तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रभावी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और प्रणालीगत विफलताओं को कम करने के लिए प्रक्रियाओं की स्थापना के लिए भागीदारीपूर्ण, निवारक और दंडात्मक कार्रवाई करता है, जिसमें भागीदारीपूर्ण और निवारक पहलुओं पर अधिक जोर दिया जाता है। सरकारी लेखापरीक्षक, सांविधिक लेखापरीक्षक और आंतरिक लेखापरीक्षक भी कंपनी की गतिविधियों की समीक्षा करने और किसी भी कमी या अनियमितताओं पर टिप्पणियों की रिपोर्ट करने के लिए सतर्कता तंत्र के महत्वपूर्ण घटक हैं।

कंपनी ने एक व्हिसल-ब्लोअर नीति तैयार की है, जिसके तहत कर्मचारी किसी भी अनुचित गतिविधि की रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी या लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को, जैसा भी मामला हो, करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसके परिणामस्वरूप किसी भी कर्मचारी द्वारा कानून, नियम, विनियम या आचार संहिता का उल्लंघन होता हो, जिसमें इंडियनऑयल के भेदिया व्यापार कोड का उल्लंघन करते हुए अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी का लीक/दुरुपयोग शामिल है। प्राप्त किसी भी शिकायत की समीक्षा सक्षम प्राधिकारी या लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष द्वारा की जाती है। नीति में प्रावधान है कि उल्लंघन की रिपोर्ट करने वालों की गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और उनसे किसी भी तरह का भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं किया जाएगा। किसी भी कर्मचारी को लेखापरीक्षा समिति तक पहुंच से वंचित नहीं किया गया है।

सचेतक नीति कंपनी की वेबसाइट के लिंक https://www.iocl.com/InvestorCenter/pdf/Whistle_Blower_policy.pdf पर उपलब्ध है।

छ. इंडियनऑयल की प्रतिभूतियों में भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए संहिता तथा निष्पक्ष प्रकटन के लिए प्रथाएं और प्रक्रिया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय मंडल (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार, समय-समय पर संशोधित, कंपनी ने कंपनी की सूचीबद्ध या सूचीबद्ध होने के लिए प्रस्तावित प्रतिभूतियों में नामित व्यक्तियों द्वारा व्यापार को विनियमित करने, निगरानी करने और रिपोर्ट करने के लिए एक आचार संहिता ('संहिता') अपनाई है। इस संहिता का उद्देश्य अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के दुरुपयोग को संरक्षित करना और रोकना है। अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील जानकारी के निष्पक्ष प्रकटन के लिए आचरण संहिता और प्रक्रिया कंपनी की वेबसाइट पर रखी गई है।

ज. सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक (वित्त) ने मंडल को 'सीईओ/सीएफओ प्रमाणन' प्रदान कर दिया है।

झ. सत्यनिष्ठा समझौता

कंपनी ने अपनी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता, ईमानदारी, समानता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने पर केंद्रित सत्यनिष्ठा समझौता (आईपी)

कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए 2008 में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया (टीआईआई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

वर्तमान में, केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा कंपनी में 10 करोड़ रु. और उससे अधिक मूल्य की सभी निविदाओं में आईपी के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए तीन स्वतंत्र बाह्य मॉनिटर (आईईएम) नामित किए गए हैं।

वर्ष के दौरान, आईईएम के साथ 12 बैठकें आयोजित की गईं। उपरोक्त मूल्य सीमा के आधार पर, 2024-25 के दौरान 593 निविदाएं आईपी के दायरे में आईं, जिनके खिलाफ 4 शिकायतें प्राप्त हुईं जिन्हें आईईएम को भेजा गया और वर्ष के दौरान उन पर विचार-विमर्श किया गया।

ञ. निदेशकों के बीच संबंध

किसी भी निदेशक का कंपनी के अन्य निदेशक के साथ कोई आपसी संबंध नहीं है।

ट. स्वतंत्र निदेशकों के लिए परिचय कार्यक्रमों का विवरण

स्वतंत्र निदेशकों को प्रदान किए जाने वाले परिचय कार्यक्रमों का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसे https://iocl.com/download/IDFP2025.pdf लिंक पर देखा जा सकता है।

ठ. बकाया ग्लोबल डिपोजिटरी रसीदें (जीडीआर)/अमेरिकन डिपोजिटरी रसीदें (एडीआर)/वारंट या कोई परिवर्तनीय दस्तावेज:

कंपनी ने कोई जीडीआर/एडीआर/वारंट या कोई परिवर्तनीय दस्तावेज जारी नहीं किया है और इसलिए 31.03.2025 तक कोई भी जीडीआर/एडीआर/वारंट या कोई परिवर्तनीय दस्तावेज बकाया नहीं है।

ड. कमोडिटी मूल्य जोखिम और हेजिंग गतिविधियों के संबंध में प्रकटन

(i) कमोडिटी के संबंध में यूनिट की जोखिम प्रबंधन नीति और उसकी हेजिंग:

कंपनी को अनेक कमोडिटी मूल्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि रिफाइनिंग मार्जिन में भिन्नता, अर्थात, रिफाइंड उत्पाद मूल्य और कच्चे तेल की कीमत के बीच का अंतर, कीमतों के कारण इन्वेंट्री में मूल्य क्षरण का जोखिम, रिफाइनिंग प्रणाली में खपत किए गए कच्चे तेल पर उच्च कच्चे तेल की कीमतों का जोखिम, रिफाइनरी खपत पर एलएनजी की कीमतों में बदलाव का जोखिम, विपणन के लिए पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी के आयात पर मूल्य भिन्नता का जोखिम, आदि।

कंपनी इन जोखिमों का आकलन करती है और इन जोखिमों की संभावना के आधार पर, महत्वपूर्ण जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन के लिए भारत में कानूनों के तहत कारोबार करने की अनुमति वाले हेजिंग टूल्स का उपयोग करके उचित हेजिंग पोजीशन अपनाई जाती है।

कंपनी के पास जोखिम प्रबंधन के लिए मंडल द्वारा अनुमोदित नीति है, जिसमें कमोडिटीज, कमोडिटी जोखिम और हेज्ड एक्सपोजर को शामिल किया गया है।

(ii) वर्ष भर में कमोडिटी के प्रति जोखिम और कमोडिटी जोखिमों का सामना करना –

(क) कंपनी का कमोडिटीज में कुल अनुमानित जोखिम

31.03.2025 को कंपनी की कुल मालसूची का मूल्य 98,665 करोड़ रु. है, जिसमें कच्चा माल, तैयार स्टॉक, तैयार माल और व्यापारगत स्टॉक शामिल है।

(बी) कंपनी का महत्वपूर्ण कमोडिटीज के प्रति जोखिम

कमोडिटी का नाम	विशेष कमोडिटी के लिए भारतीय रूपए में जोखिम#	किसी विशेष कमोडिटी के लिए मात्रा के संदर्भ में जोखिम	कमोडिटी डेरिवेटिव के माध्यम से हेज किए गए ऐसे जोखिम का %				
			घरेलू बाजार		अंतरराष्ट्रीय बाजार		कुल
	रु.करोड़ में	एमएमटी में	ओटीसी	विनिमय	ओटीसी	विनिमय	
रिफाइनिंग मार्जिन	1,500	65.670	शून्य	शून्य	0.07%	शून्य	0.07%
31.03.2025 को मालसूची							
– कच्चा तेल	3,200	6.529	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
– तैयार माल (बिक्री के लिए स्टॉक सहित)	5,500	7.781	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

विशेष कमोडिटी के लिए जोखिम में प्रत्येक 10% भिन्नता का अनुमानित प्रभाव दिया गया है

(ग) वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा सामना किया गया कमोडिटी जोखिम और उसका प्रबंधन –

कंपनी द्वारा सामना किया जाने वाला प्राथमिक कमोडिटी जोखिम कच्चे तेल, रिफाइंड उत्पादों और एलएनजी में कीमत में उतार-चढ़ाव का जोखिम है। कमोडिटी की कीमतों में कोई भी प्रतिकूल बदलाव लाभ को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह, कीमतों में कोई भी अनुकूल बदलाव भी लाभ को बढ़ा सकता है। हेजिंग गतिविधियों का लक्ष्य भावी नकदी प्रवाह में अनिश्चितताओं/ अस्थिरताओं को कम करने के लिए मूल्य तय करना है।

ढ. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के संबंध में प्रकटन

01.04.2024 तक यौन उत्पीड़न की 5 (पांच) शिकायतें लंबित थीं। वर्ष के दौरान, 4 (चार) शिकायतें प्राप्त हुईं और 6 (छह) शिकायतों का निपटारा किया गया। 31.03.2025 को, 3 (तीन) शिकायतें लंबित थीं।

ण. कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा उन फर्मों/कंपनियों को ऋण की प्रकृति में 'ऋण और अग्रिम' का प्रकटन, जिनमें निदेशकों की रुचि है, नाम और राशि के अनुसार।

कंपनी ने उन फर्मों या कंपनियों को कोई ऋण या अग्रिम राशि प्रदान नहीं की है जिनमें निदेशकों की रुचि हो।

त. सांविधिक लेखापरीक्षकों को अदा किया गया शुल्क

वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों को कंपनी को उनके द्वारा प्रदान की गई विभिन्न सेवाओं के लिए 5.77 करोड़ रु. की राशि का भुगतान किया गया है/देय है। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कंपनी की सहायक कंपनियों को कोई सेवाएं प्रदान नहीं की।

थ. कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर अनुपालन रिपोर्ट

कंपनी ने निर्धारित समय अवधि के भीतर स्टॉक एक्सचेंज को निर्धारित प्रारूप में कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर तिमाही / अर्धवार्षिक / वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी रखा गया है।

द. लोक उद्यम विभाग द्वारा कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर जारी दिशा-निर्देश (डीपीई के दिशा-निर्देश)

कंपनी नीचे बताई गई आवश्यकताओं को छोड़कर, कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों की सभी आवश्यकताओं का अनुपालन करती आ रही है -

कंपनी समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन (बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति)/पूर्व सैनिकों/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए सेवाओं में आरक्षण के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों और दिशानिर्देशों का भी ईमानदारी से पालन करती है।

लेखा बहियों में ऐसे किसी भी व्यय को नामें नहीं किया गया है जो व्यवसाय के उद्देश्य से न हो। निदेशक मंडल और शीर्ष प्रबंधन के लिए कोई भी ऐसा व्यय नहीं किया गया जो व्यक्तिगत प्रकृति का हो।

2024-25 के दौरान नियमित प्रशासनिक और कार्यालय व्यय कुल व्यय का 1.16% था, जबकि पिछले वर्ष यह 0.97% था।

ध. सेबी (एलओडीआर) की गैर-अनिवार्य आवश्यकताओं और डीपीई के दिशा-निर्देशों का अनुपालन

कंपनी सेबी सहित विनियामक प्राधिकरणों के कानूनों और दिशा-निर्देशों के प्रावधानों और स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरी के साथ समझौतों में निहित नियमों का पालन करती है। कंपनी ने निम्नलिखित को छोड़कर, सेबी (एलओडीआर) के विनियम 17 से 27 और विनियम 46(2)(बी) से 46(2)(आई) में निर्दिष्ट सभी अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन किया है -

- 24.11.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 17(1)(ए) और डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 के अनुसार कार्यकारी और गैर-कार्यकारी निदेशकों का इष्टतम संयोजन;
- समीक्षाधीन अवधि यानी 01.04.2024 से 07.05.2024, 11.05.2024 से 31.08.2024 और 13.11.2024 से 31.03.2025 के लिए सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 17(1)(बी) और डीपीई दिशानिर्देशों के तहत आवश्यक बोर्ड में पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशक हैं;
- समीक्षाधीन अवधि में सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 17(1)(ए) के प्रावधान के अनुसार इसके मंडल में महिला स्वतंत्र निदेशक;
- अधिनियम की धारा 177 (2), सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 18 (1) (बी) और डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 4.1.1 के अनुसार 24.11.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि में लेखापरीक्षा समिति में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थी;
- अधिनियम की धारा 178 (1) के अनुसार 24.11.2024 से नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में स्वतंत्र निदेशकों की आधी संख्या नहीं थी और सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 19 (1) (बी) और (सी) और डीपीई के दिशानिर्देशों के खंड 5.1 के अनुसार 24.11.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि में अपेक्षित संख्या नहीं थी;
- समीक्षाधीन अवधि के दौरान अधिनियम की अनुसूची IV और सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 25 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

कंपनी एमओपी एंड एनजी के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्ति और उनके कार्य-निष्पादन मूल्यांकन का अधिकार भारत सरकार के पास निहित है।

कंपनी सेबी (एलओडीआर) के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति के लिए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ नियमित आधार पर संपर्क बनाए हुए है।

न. विवेकाधीन अपेक्षाएं

कंपनी के वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट अपरिवर्तित है।

प. वरिष्ठ प्रबंधन का विवरण जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद से उसमें हुए परिवर्तन शामिल हैं

वरिष्ठ प्रबंधन की सूची, उसमें हुए परिवर्तनों सहित, कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा स्टॉक एक्सचेंजों में भी दर्ज है जिसे इस लिंक पर देखा जा सकता है - https://iocl.com/download/Particulars18062025.pdf

फ. कंपनी को बाध्य करने वाले कुछ प्रकार के समझौतों का प्रकटन (सेबी (एलओडीआर) की अनुसूची III के खंड ए के पैराग्राफ ए के खंड 5ए)

कंपनी के प्रबंधन या नियंत्रण को प्रभावित करने वाला या कंपनी पर कोई प्रतिबंध लगाने वाला या कोई दायित्व उत्पन्न करने वाला कोई समझौता नहीं है।

डबल्यू.डीमैट उचंत खाता/अप्रत्याशित उचंत खाते के संबंध में प्रकटन

सेबी (एलओडीआर) के विनियमन 34(3) और अनुसूची V के भाग एफ की आवश्यकता के अनुसार, उचंत खाते में ईक्विटी शेयरों का विवरण निम्नानुसार है–

विवरण	सदस्यों की संख्या	ईक्विटी शेयरों की संख्या
01.04.2024 तक सदस्यों की कुल संख्या और उचंत खाते में बकाया शेयर	1	12
वे सदस्य जिनके शेयर वर्ष के दौरान उचंत खाते में हस्तांतरित किए गए थे	–	–
वर्ष के दौरान उचंत खाते से शेयरों के हस्तांतरण के लिए कंपनी से संपर्क करने वाले सदस्य	–	–
वर्ष के दौरान उचंत खाते से जिन सदस्यों को शेयर हस्तांतरित किए गए	–	–
31.03.2025 तक सदस्यों की कुल संख्या और उचंत खाते में बकाया शेयर	1	12

31.03.2025 तक उचंत खाते में बकाया शेयरों पर मतदान अधिकार तब तक स्थगित रहेंगे जब तक कि ऐसे शेयरों का वास्तविक स्वामी ऐसे शेयरों पर अपना दावा नहीं करता।

7. संचार के साधन

क. वित्तीय परिणाम

तिमाही लेखापरीक्षित/ लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम सेबी (एलओडीआर) के तहत निर्धारित समय के भीतर घोषित किए जाते हैं। परिणाम द इकोनॉमिक टाइम्स, बिजनेस स्टैंडर्ड, द हिंदू बिजनेस लाइन, द फाइनेंशियल एक्सप्रेस, मिंट और लोकसत्ता (मराठी समाचार पत्र), हिंदुस्तान हिंदी, दैनिक जागरण और अमर उजाला (हिंदी समाचार पत्र) जैसे प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित होते हैं। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.iocl.com पर रखे जाते हैं। वित्तीय परिणाम सदस्यों को ईमेल के ज़रिए भी भेजे जाते हैं। कंपनी महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट निर्णयों/गतिविधियों पर समाचार विज्ञप्ति जारी करती है और उन्हें अपनी वेबसाइट पर पोस्ट करती है और साथ ही जब भी आवश्यक हो स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित करती है।

ख. निवेशकों के साथ कॉन्फ्रेंस कॉल

कंपनी के वित्तीय कार्य-निष्पादन पर चर्चा करने के लिए यदि कोई कॉन्फ्रेंस कॉल होती है, तो इसकी पूर्व सूचना स्टॉक एक्सचेंजों को दी जाती है और सेबी (एलओडीआर) के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर भी इसकी जानकारी दी जाती है। वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा कोई कॉन्फ्रेंस कॉल आयोजित नहीं की गई।

ग. समाचार विज्ञप्ति

आधिकारिक प्रेस विज्ञप्तियां, मीडिया, विश्लेषकों, संस्थागत निवेशकों आदि के समक्ष प्रस्तुत विस्तृत प्रस्तुतियां कंपनी की वेबसाइट https://iocl.com/news-releases पर प्रदर्शित की जाती हैं।

घ. वेबसाइट

कंपनी की वेबसाइट www.iocl.com पर निवेशकों के लिए एक अलग खंड है, जहां संबंधित जानकारी उपलब्ध है। कंपनी की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट भी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ङ. एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट

एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों और इसके हकदार अन्य लोगों को वितरित की जाती है। प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण (एमडीए) रिपोर्ट और कॉर्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा होती है।

च. एजीएम में अध्यक्ष का भाषण

09.08.2024को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्ष ने अपना भाषण पढ़ा। इसे सदस्यों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट https://iocl.com/pages/Annual%20General%20Meeting पर भी डाला गया।

छ. एजीएम कार्रवाई का वेबकास्ट

वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक सामान्य बैठक 09.08.2024 को वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की गई। सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक की कार्रवाई का लाइव वेबकास्ट उपलब्ध कराया गया, साथ ही प्रश्न/शिकायतें पूछने और कंपनी के प्रबंधन से बातचीत करने का विकल्प भी दिया गया।

ज. निवेशक सेवा प्रकोष्ठ

निवेशक सेवा प्रकोष्ठ कंपनी के मुंबई स्थित पंजीकृत कार्यालय और नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय के साथ-साथ हैदराबाद स्थित केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) कार्यालय में सदस्यों/डिबेंचर धारकों की शिकायतों/प्रश्नों के समाधान के लिए मौजूद है।

निवेशकों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से प्रश्न/शिकायतें उठाने की सुविधा प्रदान करने के लिए अलग-अलग ई-मेल आईडी अर्थात investors@indianoil.in और einward.ris@kfintech.com प्रदान की गई है।

झ. स्कोर्स (सेबी शिकायत निवारण प्रणाली)

सेबी ने स्कोर्स नामक एक केंद्रीकृत वेब-आधारित शिकायत निवारण प्रणाली प्रदान की है, जिसके माध्यम से कोई निवेशक किसी कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकता है।

ञ. ग्रीन पहल – इलेक्ट्रॉनिक रूप में दस्तावेजों का वितरण

अधिनियम के प्रावधान सभी दस्तावेजों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में वितरण करने की अनुमति देकर कागज रहित संचार करने देते हैं। इसके अलावा, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के साथ-साथ सेबी ने भी अनुमति दी है कि सदस्यों को सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे जा सकते हैं। इसके अनुपालन में, कंपनी ने एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहित संचार को ईमेल के माध्यम से उन सदस्यों को भेजने की प्रथा अपनाई है जिनकी ईमेल आईडी पंजीकृत रिकॉर्ड के अनुसार उपलब्ध है और उन लोगों को भौतिक प्रति भेजी जाती है जो इसके लिए अनुरोध करते हैं।

8. सदस्यों को सामान्य जानकारी

(क) वार्षिक सामान्य बैठक–

वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि, समय और मोड	शनिवार, 30.08.2025 को सुबह 10:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से

(ख) वित्तीय वर्ष –

कंपनी का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक है। वर्ष 2025-26 के लिए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों को मंजूरी देने का वित्तीय कैलेंडर निम्नानुसार है-

30 जून 2025 को समाप्त तिमाही	14 अगस्त 2025 को या उससे पहले
30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही	14 नवंबर 2025 को या उससे पहले
31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही	14 फरवरी 2026 को या उससे पहले
31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाली तिमाही और वर्ष	30 मई 2026 को या उससे पहले

कंपनी की प्रतिभूतियों में लेनदेन के लिए ट्रेडिंग विंडो बंद होने की अवधि स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित की जाती है और कंपनी की वेबसाइट पर भी रखी जाती है। ट्रेडिंग विंडो आम तौर पर कंपनी के 'इनसाइडर' के लिए प्रत्येक तिमाही के अंत से लेकर तिमाही के वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल होने और आम तौर पर उपलब्ध होने के 48 घंटे बाद तक बंद रहती है, जब तक कि कंपनी सचिव द्वारा अन्यथा सूचित न किया जाए।

(ग) लाभांश–

वर्ष 2023-24 के लिए 7.00 रुपये प्रति ईक्विटी शेयर का अंतिम लाभांश पात्र शेयरधारकों को अगस्त 2024 के महीने में भुगतान किया गया।

इसके अलावा, मंडल ने वर्ष 2024-25 के लिए 3.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश की है, जो एजीएम में कंपनी के सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। कंपनी ने लाभांश प्राप्त करने के लिए सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने हेतु शुक्रवार, 08.08.2025 को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की है, यदि एजीएम में लाभांश घोषित किया जाता हो तो उसे पात्र सदस्यों को अधिनियम के तहत बताए गए अनुसार एजीएम के बाद, 30 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान किया जाएगा।

(घ) स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों की सूचीकरण–

- कंपनी के ईक्विटी शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हैं। बीएसई और एनएसई का पता एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।
- कंपनी द्वारा जारी ऋण प्रतिभूतियाँ बीएसई और एनएसई के ऋण खंड में सूचीबद्ध हैं। कंपनी ने ऋण प्रतिभूतियों के लिए एसबीआईकैप ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड को डिबेंचर ट्रस्टी नियुक्त किया है।
- कंपनी ने वर्ष 2024-25 के लिए दोनों स्टॉक एक्सचेंजों को अपनी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के संबंध में सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया है।

(ङ) 31.03.2025 को बकाया डिबेंचरों का विवरण

श्रृंखला	आईएसआईएन	जारी करने की तारीख	परिपक्वता	अवधि	ब्याज दर	इशू आकार (रु. करोड़ में)
XIV	INE242A08437	22.10.2019	22.10.2029	10 वर्ष	7.41%	3,000.00
XVIII	INE242A08478	03.08.2020	11.04.2025	4 वर्ष 8 माह 8 दिन	5.40%	1,625.00
XIX	INE242A08486	20.10.2020	20.10.2025	5 वर्ष	5.50%	2,000.00
XX	INE242A08494	25.01.2021	23.01.2026	4 वर्ष 11 माह 29 दिन	5.60%	1,290.20
XXI	INE242A08502	18.02.2022	18.02.2027	5 वर्ष	6.14%	1,500.00
XXIII	INE242A08528	17.06.2022	12.04.2032	9 वर्ष 9 माह 26 दिन	7.79%	2,500.00
XXIV	INE242A08536	06.09.2022	06.09.2027	5 वर्ष	7.14%	2,500.00
XXV	INE242A08544	25.11.2022	25.11.2027	5 वर्ष	7.44%	2,500.00
XXVI	INE242A08551	16.07.2024	16.07.2029	5 वर्ष	7.36%	2,500.00
XXVII	INE242A08569	06.01.2025	06.01.2030	5 वर्ष	7.25%	2,500.00

(च) रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)–

केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
सेलेनियम बिल्डिंग टॉवर बी, प्लॉट 31-32,
फाइनेंशियल जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली
हैदराबाद - 500 032, तेलंगाना
टोल फ्री नंबर - 1800 309 4001
ई-मेल एड्रेस - einward.ris@kfintech.com
वेबसाइट - www.kfintech.com

(छ) शेयर हस्तांतरण प्रणाली

कंपनी के ईक्विटी शेयरों का कारोबार अमूर्त रूप में किया जाता है। सेबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, शेयरों के फिजिकल हस्तांतरण की अनुमति नहीं है। सेबी के दिनांक 25.01.2022 के परिपत्र के अनुसार, कंपनी डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने, ट्रांसमिशन, ट्रांसपोज़िशन आदि के अनुरोधों को संसाधित करते समय केवल अमूर्त रूप में प्रतिभूतियाँ जारी कर रही है।

(ज) 31.03.2025 को शेयरधारिता का वितरण–

क्र. सं.	ईक्विटी शेयरों का नाममात्र मूल्य (रु.) ईक्विटी शेयरों की संख्या	सदस्यों की संख्या (फ़ोलियो)	सदस्यों का %	राशि (रु.)	राशि का %
1.	1 - 5000	29,49,298	89.72	2,37,40,53,330	1.68
2.	5001 - 10000	1,60,573	4.88	1,20,74,03,020	0.86
3.	10001 - 20000	85,676	2.61	1,23,82,79,430	0.88
4.	20001 - 30000	29,017	0.88	73,56,74,030	0.52
5.	30001 - 40000	14,660	0.45	51,57,26,520	0.37
6.	40001 - 50000	10,108	0.31	46,87,58,590	0.33
7.	50001 - 100000	18,436	0.56	1,32,56,33,710	0.94
8.	100001 - 200000	10,461	0.32	1,48,00,53,030	1.05
9	200001 और ऊपर	8,978	0.27	1,31,86,68,02,170	93.37
	कुल	32,87,207	100.00	1,41,21,23,83,830	100.00

(झ) 31.03.2025 को शेयरधारिता पैटर्न

क्र. सं.	श्रेणी	सदस्य (फ़ोलियो)		ईक्विटी शेयर	
		संख्या	%	संख्या	%
I	प्रमोटर शेयरहोल्डिंग				
1.	भारत के राष्ट्रपति	1	0.00	727,21,99,767	51.50
II	सार्वजनिक शेयरधारिता				
2.	गुजरात के राज्यपाल	1	0.00	1,62,00,000	0.11
3.	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (सरकारी कंपनी)	1	0.00	200,58,22,884	14.20
4.	ऑयल इंडिया लिमिटेड (सरकारी कंपनी)	1	0.00	72,83,85,744	5.16
5.	कॉर्पोरेट निकाय	3,629	0.11	6,17,54,911	0.44
6.	एफआईआई/एनआरआई/एफपीआई	23,877	0.73	1,07,70,81,843	7.63
7.	बैंक/भारतीय वित्तीय संस्थान	24	0.00	9,96,780	0.01
8.	म्यूचुअल फंड्स	135	0.00	38,47,32,072	2.72
9.	बीमा कंपनी	5	0.00	7,28,80,589	0.52
10.	जनता	3259305	99.15	1,17,65,97,874	8.33
11.	न्यास	132	0.00	35,24,00,589	2.50
12.	निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष	1	0.00	81,95,753	0.06
13	योग्य संस्थागत क्रेता	37	0.00	94,74,87,205	6.71
14	अन्य (एनबीएफसी क्लियरिंग सदस्य एआईएफ)	58	0.00	1,65,02,372	0.11
	कुल (I+II)	32,87,207	100.00	1412,12,38,383	100.00

(ञ) 31.03.2025 को शीर्ष 10 सदस्य

क्र. सं.	नाम	ईक्विटी शेयरों की संख्या	ईक्विटी शेयरों का %
1.	भारत के राष्ट्रपति	727,21,99,767	51.50%
2.	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड	200,58,22,884	14.20%
3.	भारतीय जीवन बीमा निगम	90,80,09,660	6.43%
4.	ऑयल इंडिया लिमिटेड	72,83,85,744	5.16%
5.	आईओसी शेयर ट्रस्ट	34,96,77,684	2.48%
6.	एसबीआई म्यूचुअल फंड	13,89,46,887	0.98%
7.	आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड	11,76,38,082	0.83%
8.	वेनगार्ड टोटल इंटरनेशनल स्टॉक इंडेक्स फंड	5,77,37,503	0.41%
9.	कोटक म्युच्युअल फंड	5,36,97,206	0.38%
10.	वैनगार्ड ईएम स्टॉक इंडेक्स फंड	5,25,47,195	0.37%

(ट) ईक्विटी शेयरों का डीमैटेरियलाइजेशन और चलनिधि–

कंपनी के ईक्विटी शेयरों का कारोबार डीमैटेरियलाइज्ड फॉर्म में किया जाता है। सदस्यों को ईक्विटी शेयरों को डीमैटेरियलाइज करने की सुविधा देने के लिए कंपनी ने एनएसडीएल और सीडीएसएल के साथ समझौता किया है। 31.03.2025 तक फिजिकल और डीमैट सेगमेंट में सदस्यों की संक्षिप्त स्थिति इस प्रकार है–

शेयरधारिता का प्रकार	सदस्य (फ़ोलियो)		शेयरधारिता	
	संख्या	%	संख्या	%
फिजिकल	2,508	0.08	1,29,83,599	0.09
एनएसडीएल	7,14,814	21.75	11,48,89,31,946	81.36
सीडीएसएल	25,69,885	78.17	2,61,93,22,838	18.55
कुल	32,87,207	100.00	1412,12,38,383	100.00

(ठ) कॉर्पोरेट कार्रवाई

i) लाभांश इतिहास–

कंपनी लगातार लाभांश घोषित करती रही है। पिछले 10 वित्तीय वर्षों के दौरान दिया गया लाभांश नीचे दिया गया है–

वित्तीय वर्ष	दर (%)	टिप्पणी
2014-15	66 %	–
2015-16	140 %	इसमें 55% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2016-17	190 %	इसमें 180% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2017-18	210%	इसमें 190% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2018-19	92.50%	इसमें 82.50% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2019-20	42.50%	42.50% का अंतरिम लाभांश। कोई अंतिम लाभांश घोषित नहीं किया गया
2020-21	120%	इसमें 105% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2021-22	114%	इसमें 90% का अंतरिम लाभांश शामिल है
2022-23	30%	–
2023-24	120%	इसमें 50% का अंतरिम लाभांश शामिल है

ii) ईक्विटी शेयरों की सूचीबद्धता के बाद से बोनस जारी–

वित्तीय वर्ष	अनुपात
1999-00	1:1
2003-04	1:2
2009-10	1:1
2016-17	1:1
2017-18	1:1
2022-23	1:2

(ड) निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) प्राधिकरण को हस्तांतरित अदावी लाभांश और ईक्विटी शेयर–

अधिनियम की धारा 124 में प्रावधान है कि यदि कोई लाभांश अदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तिथि से सात वर्ष की अवधि तक अदत्त/अदावी रह गया है तो उसे केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (आईईपीएफ) में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

कंपनी सदस्यों को अनुस्मारक पत्र भेजती है, जिसमें उन्हें ऐसे अदत्त लाभांश के लिए अपना दावा दर्ज करने की सलाह दी जाती है। इसके बाद अदत्त/अदावी लाभांश नियत तिथि पर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया जाता है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए 1,85,32,702/- रु. (2016-17 का दूसरे अंतरिम लाभांश), वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए 48,19,930/- रु. (अंतिम लाभांश 2016-17) और वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए 5,86,11,314/- रु. (अंतरिम लाभांश 2017-18) के अदावी को क्रमशः 06.05.2024, 14.10.2024 और 10.03.2025 को आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया गया।

31.03.2025 को कंपनी के पास अदत्त/अदावाकृत लाभांश का विवरण नीचे दिया गया है–

वर्ष	राशि (रु.)
2017-18 (अंतिम)	1,59,27,062.00
2018-19 (पहला अंतरिम)	3,95,39,508.75
2018-19 (दूसरा अंतरिम)	99,50,102.00
2018-19 (अंतिम)	64,78,624.00
2019-20 (अंतरिम)	2,87,43,638.25
2020-21 (पहला अंतरिम)	3,77,95,654.50
2020-21 (दूसरा अंतरिम)	1,79,88,053.00
2020-21 (अंतिम)	87,50,495.00
2021-22 (पहला अंतरिम)	2,36,76,758.00
2021-22 (दूसरा अंतरिम)	1,98,21,515.00
2021-22 (अंतिम)	1,90,31,928.40
2022-23 (अंतिम)	2,02,90,475.00
2023-24 (अंतरिम)	3,14,29,364.00
2023-24 (अंतिम)	8,33,39,406.00
कुल	36,27,62,583.90

एमसीए द्वारा अधिसूचित आईईपीएफ नियम आगे यह भी प्रावधान करते हैं कि वर्ष के अंत तक सभी अदत्त/अदावाकृत लाभांश का

विवरण एमसीए के पास दाखिल किया जाना चाहिए और एजीएम की तारीख से 60 दिनों के भीतर कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला जाना चाहिए। तदनुसार, कंपनी ने 31 मार्च, 2024 तक एमसीए के पास सूचना दाखिल की है और निर्धारित अवधि के भीतर इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी डाला है।

अधिनियम की धारा 124(6) में प्रावधान है कि जिन शेयरों के संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय तक लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, उन्हें कंपनी द्वारा आईईपीएफ के नाम पर हस्तांतरित किया जाएगा। धारा 125 में आगे प्रावधान है कि जिस सदस्य की लाभांश राशि/शेयर आईईपीएफ में हस्तांतरित कर दिए गए हैं, वे उससे धन वापसी का दावा करने के हकदार होंगे।

आईईपीएफ नियमों के अनुरूप, कंपनी ऐसे सभी सदस्यों को अनुस्मारक पत्र भेजती है, जिनका लाभांश लगातार सात वर्षों की अवधि तक अदत्त/अदावाकृत रहा है, तथा उनसे लाभांश का दावा करने का अनुरोध करती है, अन्यथा ईक्विटी शेयर नियत तिथि पर आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।

तदनुसार, दूसरे अंतरिम लाभांश 16-17, अंतिम लाभांश 2016-17 और अंतरिम लाभांश 2017-18 से संबंधित ईक्विटी शेयर, जो लगातार सात वर्षों की अवधि तक अदत्त/अदावी रहे थे, क्रमशः 18.05.2024, 23.10.2024 और 25.03.2025 को आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर दिए गए। ऐसे इक्विटी शेयरों का विवरण कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

31.03.2025 को आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में पड़े ईक्विटी शेयरों का सारांश नीचे दिया गया है-

विवरण	शेयरों की सं.
01.04.2024 तक आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में ईक्विटी शेयर	75,76,161
जोड़ें - लगातार सात वर्षों तक अदत्त लाभांश के कारण आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में हस्तांतरित ईक्विटी शेयर	6,57,806
घटाएं - आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा निवेशक को वापस किए गए ईक्विटी शेयर	38,214
31.03.2025 तक आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में ईक्विटी शेयर	81,95,753

आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित अदत्त लाभांश राशि और ईक्विटी शेयरों का दावा करने की प्रक्रिया इस लिंक - http://www.iepf.gov.in/IEPF/refund.html पर दी गई है।

(ढ) क्रेडिट रेटिंग

रेटिंग एजेंसियों द्वारा विभिन्न ऋण दस्तावेजों के लिए कंपनी को दी गई क्रेडिट रेटिंग निम्नानुसार है-

विलेख	रेटिंग एजेंसी	रेटिंग	आउटलुक
वरिष्ठ असुरक्षित ऋण - विदेशी मुद्रा	मूडीज	बीएए3	स्थिर
वरिष्ठ असुरक्षित ऋण - विदेशी मुद्रा	फिच	बीबीबी-	स्थिर
गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर	क्रिसिल	क्रिसिल एएए	स्थिर
गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर	इंडिया रेटिंग	इंड एएए	स्थिर
गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर	आईसीआरए	(आईसीआरए) एएए	स्थिर
बैंक सुविधाएं - दीर्घकालिक	क्रिसिल	क्रिसिल एएए	स्थिर
बैंक सुविधाएं - दीर्घकालिक	केयर	केयर एएए	स्थिर
बैंक सुविधाएं - अल्पकालिक	क्रिसिल	क्रिसिल ए1+	-
बैंक सुविधाएं - अल्पकालिक	केयर	केयर ए1+	-
वाणिज्यिक पत्र	आईसीआरए	(आईसीआरए) ए1+	-
वाणिज्यिक पत्र	इंडिया रेटिंग	इंड ए1+	-

(ण) संयंत्र स्थान-

प्रमुख संयंत्र स्थानों और कार्यालयों के पते एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए हैं।

(त) पत्राचार के लिए पता-

कंपनी सचिव

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

इंडियन ऑयल भवन

जी-9, अली यावर जंग मार्ग

बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051

दूरभाष - (022) 26447327/26447150

ई-मेल आईडी - investors@indianoil.in

सेबी (सूचीबद्धता के दायित्व और प्रकटन की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत कार्पोरेट गवर्नेंस पर अनुपालन प्रमाण-पत्र

प्रति,
सदस्य,
इंडियनऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड,

हमने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए **इंडियनऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (सीआईएन: L23201MH1959GOI011388)** ('कंपनी') द्वारा कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन, विनियम 17 से 27 में निर्धारित, विनियम 46 के उप-विनियम (2) के खंड (बी) से (i) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की अनुसूची V के पैरा सी, डी और ई (सूचीबद्धता के दायित्व और प्रकटन की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सेबी एलओडीआर) और लोक उद्यम विभाग ('डीपीई के दिशा-निर्देश') द्वारा जारी कार्पोरेट गवर्नेंस संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की जांच की है।

कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच कंपनी द्वारा कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई प्रक्रियाओं और उनके कार्यान्वयन तक सीमित थी। यह न तो कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा है और न ही राय की अभिव्यक्ति है।

हमारी राय में और जहां तक हमारी जानकारी है और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि निम्नलिखित के सिवाय, कंपनी ने सेबी एलओडीआर के उक्त प्रावधानों में और डीपीई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में बताए गए अनुसार कार्पोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया है -

ए) कंपनी में -

1. कंपनी के निदेशक मंडल में समीक्षाधीन अवधि में सेबी (एलओडीआर) के विनियम 17 (1) (ए) के प्रावधानों के अनुसार महिला स्वतंत्र निदेशक नहीं,
2. दिनांक 24.11.2024 से 31.03.2025 की अवधि के लिए सेबी (एलओडीआर) के विनियम 17 (1) (ए) और डीपीई के दिशा-निर्देशों के खंड 3.1.2 के अनुसार कार्यपालक और गैर-कार्यपालक निदेशकों का इष्टतम संयोजन नहीं था,
3. कंपनी के निदेशक मंडल में समीक्षाधीन अवधि यानी 01.04.2024 से 07.05.2024, 11.05.2024 से 31.08.2024 और 13.11.2024 से 31.03.2025 में सेबी (एलओडीआर) के विनियम 17 (1) (बी) और डीपीई दिशा-निर्देशों के तहत यथा आवश्यक स्वतंत्र निदेशकों की पर्याप्त संख्या नहीं थी,

बी) लेखापरीक्षा समिति में अधिनियम की धारा 177 (2), सेबी (एलओडीआर) के विनियम 18 (1) (बी) और डीपीई दिशा-निर्देशों के खंड 4.1.1 के अनुसार दिनांक 24.11.2024 से 31.03.2025 तक स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या नहीं थी,

सी) नामांकन और पारिश्रमिक समिति में दिनांक 24.11.2024 से अधिनियम की धारा 178 (1) और सेबी (एलओडीआर) के विनियम 19 (1) (बी) और (सी) और डीपीई दिशा-निर्देशों के खंड 5.1 के अनुसार दिनांक 24.11.2024 से 31.03.2025 तक स्वतंत्र निदेशकों की संरचना का आधा हिस्सा नहीं था।,

डी) समीक्षाधीन अवधि के दौरान अधिनियम की अनुसूची IV और सेबी (एलओडीआर) के विनियम 25 के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई।

हम यह भी सूचित करते हैं कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपीएंडएनजी) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत की सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्ति की शक्ति और ऐसी नियुक्ति के निबंधन व शर्तें, भारत सरकार के पास होती हैं। स्वतंत्र निदेशकों और महिला स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यक संख्या की नियुक्ति से संबंधित मामला समय-समय पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के समक्ष उठाया गया है।

इसके अलावा, हम सूचित करते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में आश्वासन है और न ही उस दक्षता या प्रभावशीलता के बारे में जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों को संचालित किया है।

कृते ढोलकिया एंड एसोसिएट्स एलएलपी
(कंपनी सचिव)

हस्त/-
सीएस नृपंग बी ढोलकिया
मैनेजिंग पार्टनर
एफसीएस-10032 सीपी नं. 12884

स्थान - मुंबई
दिनांक - 26 जून, 2025

यूडीआईएन - F010032G000667777
विद्वत समीक्षा प्रमाण-पत्र सं. 2404/2022
एफआरएन - P2014MH034700

इंडियनऑयल के अध्यक्ष और बोर्ड के सदस्य, कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में भारतीय ऑयल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1. आर्थिक निष्पादन और दृष्टिकोण

वर्ष 2024 में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता के संकेत दिखाई दिए, हालाँकि उसे लगातार गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। वैश्विक विकास दर 2023 के 3.5 प्रतिशत से थोड़ी धीमी होकर 3.3 प्रतिशत पर आ गई, जो उच्च ब्याज दरों, कमज़ोर वैश्विक व्यापार और भू-राजनीतिक तनावों से उत्पन्न अनिश्चितता के प्रभाव को दर्शाती है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में 1.7 प्रतिशत से 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई, जबकि उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में 4.7 प्रतिशत से 4.3 प्रतिशत की मंदी देखी गई।



*भारत के लिए जीडीपी वृद्धि दर राजकोषीय वर्ष को संदर्भित करती है। (एफ) पूर्वानुमान को संदर्भित करता है।
स्रोत- विश्व आर्थिक परिदृश्य, अप्रैल 2025, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष।

प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में, अमेरिकी विकास 2024 में 2.8 प्रतिशत पर स्थिर रहा, जो मजबूत घरेलू मांग से प्रेरित था, निजी खपत 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी, जो इसके ऐतिहासिक औसत 2.4 प्रतिशत को पार कर गया। यूरो क्षेत्र की जीडीपी वृद्धि 0.9 प्रतिशत थी, जो 2023 में 0.4 प्रतिशत थी। इसके विपरीत, चीन की वृद्धि वर्ष के दौरान 2023 की 5.4 प्रतिशत से धीमी होकर 5.0 प्रतिशत रह गई, जो कमजोर संपत्ति क्षेत्र, कम उपभोक्ता विश्वास और निर्यात में मंदी से प्रभावित थी। इसके अतिरिक्त, बढ़ते व्यापार तनाव और नए टैरिफ ने हाल के वर्षों में चीन की अर्थव्यवस्था को असमान रूप से प्रभावित किया है। भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी हुई है, हालांकि इसकी जीडीपी वृद्धि 2023-24 की 9.2 प्रतिशत की तुलना में 2024-25 में 6.5 प्रतिशत तक धीमी हो गई। यह नरमी उच्च आधार प्रभाव और कोविड के बाद आर्थिक विकास दर के स्थिरीकरण से प्रेरित है।

वैश्विक मुद्रास्फीति लगातार दूसरे वर्ष कम हुई है, जो 2023 के 6.6 प्रतिशत से घटकर 2024 में 5.7 प्रतिशत रह गई है। यह सब सख्त मौद्रिक नीतियों और कमोडिटी की कीमतों में नरमी के कारण हुआ है। मुद्रास्फीति में कमी के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड सहित कई केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों में कटौती करने में मदद मिली है। कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, श्रम बाजार महामारी-पूर्व स्तर पर पहुँच गए हैं, जिससे बेरोजगारी दर में कमी आई है।

कुछ स्थिरता के बावजूद, कई महत्वपूर्ण चुनौतियाँ बनी हुई हैं। वैश्विक भू-राजनीतिक जोखिम बढ़े हुए हैं, जिससे आर्थिक और वित्तीय स्थिरता दोनों पर उनके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएँ बढ़ रही हैं। व्यापार तनाव, विशेष रूप से अमेरिका और चीन के बीच, इन अनिश्चितताओं को और बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा, बढ़ता वैश्विक ऋण स्तर एक बढ़ती चिंता का विषय है। इन जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, आईएमएफ ने अप्रैल 2025 के लिए अपने वैश्विक विकास पूर्वानुमान को घटाकर 2025 के लिए 2.8 प्रतिशत और 2026 के लिए 3.0 प्रतिशत कर दिया है - जो जनवरी के अनुमानों से क्रमशः 0.5 और 0.3 प्रतिशत अंक कम है, और लगभग सभी देशों के लिए इसमें कमी की गई है। भारत का आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत बना हुआ है, और महामारी के बाद के उच्च स्तर से धीमी गति के बावजूद 2025-26 में विकास दर 6.2 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। प्रमुख चालकों में डिजिटलीकरण और बुनियादी ढाँचे के विकास से निवेश, उपभोग और उत्पादकता में वृद्धि शामिल है। निरंतर नीतिगत स्थिरता, सामान्य मानसून और जारी संरचनात्मक सुधार इस गति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

2. वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र

इंडियनऑयल, परियोजना स्प्रिंट को आज की वास्तविकताओं और भविष्य की संभावनाओं के बीच एक सेतु के रूप में देखता है। यह कंपनी को अपने मूल सिद्धांत "राष्ट्र-प्रथम" पर अडिग रहते हुए और सभी हितधारकों को मूल्य प्रदान करते हुए एक पारंपरिक तेल कंपनी से एक आधुनिक, एकीकृत ऊर्जा उद्यम के रूप में निर्णायक रूप से आगे बढ़ने में सक्षम बनाता है। इंडियनऑयल अपनी स्प्रिंट रणनीति को लागू करने के साथ-साथ, तेज़ी से विकसित हो रहे ऊर्जा परिदृश्य में निरंतर विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। प्रमुख परिचालन चुनौतियों में बड़े पैमाने की परियोजनाओं का प्रबंधन, पूंजी अनुशासन बनाए रखना, लागतों का अनुकूलन, ग्राहक जुड़ाव को मज़बूत करना और बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बाज़ार की अस्थिरता के बीच विकास और लाभप्रदता के बीच संतुलन बनाना शामिल है। पारंपरिक और संक्रमणकालीन ऊर्जा, दोनों क्षेत्रों में बाज़ार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना कंपनी के मध्यम और दीर्घकालिक दृष्टिकोण का केंद्रबिंदु बना हुआ है।

उभरती चुनौतियों का समाधान करने और स्प्रिंट रणनीति को क्रियान्वित करने के लिए, इंडियनऑयल ने वित्तीय, परिचालन, मानव पूंजी और तकनीकी क्षेत्रों में उपयुक्त प्रवर्तक स्थापित किए हैं। वित्तीय मोर्चे पर, कंपनी दूरदर्शी निवेश मूल्यांकन ढाँचों के माध्यम से बदलती व्यावसायिक प्राथमिकताओं के साथ पूंजी आवंटन को संयोजित कर रही है और उच्चतम रणनीतिक मूल्य प्रदान करने वाली परियोजनाओं की पहचान कर रही है। कम उपयोग की गई परिसंपत्तियों से मूल्य प्राप्त करने और उच्च-विकास वाले क्षेत्रों में पुनर्निवेश करने के लिए एक संरचित परिसंपत्ति मुद्रीकरण योजना को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। मानव पूंजी विकास मुख्य फोकस बना हुआ है, जिसमें भावी चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु कार्यदल को पुनः कौशल प्रदान करने और उन्नत बनाने और जटिल बदलावों को संभालने के लिए नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने पर ज़ोर दिया जा रहा है। इंडियनऑयल गतिशील व्यावसायिक वातावरण में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नए ज़माने की प्रक्रियाओं और कार्य पद्धतियों को अपनाते हुए स्फूर्ति, सशक्तिकरण और जवाबदेही की संस्कृति को भी बढ़ावा दे रहा है। एक एकीकृत रोडमैप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्षमताओं का विस्तार किया जा रहा है, जो परिचालन दक्षता बढ़ाने, विकास में तेजी लाने और ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम बनाने के लिए आईटी, एआई और स्वचालन को जोड़ता है। रणनीतिक डिजिटल हस्तक्षेप और मजबूत बुनियादी ढाँचे की तैनाती का उद्देश्य निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना, ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाना और मुख्य कार्यों को सुव्यवस्थित करना है। अनुसंधान एवं विकास में, इंडियनऑयल अनुसंधान एवं विकास को एक रणनीतिक विकास इंजन के रूप में पुनः स्थापित कर रहा है, जिसका ध्यान ठोस व्यावसायिक मूल्य प्रदान करने और अपने निम्न-कार्बन परिवर्तन उद्देश्यों को पूरा करने पर केंद्रित है। नवाचार और व्यापक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए, कंपनी उद्योगों और शिक्षा जगत में तालमेल और साझेदारी के माध्यम से सहयोग को भी मजबूत कर रही है। सुरक्षा प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं के सख्त पालन से इन प्रयासों को और बल मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सुरक्षा हर प्रक्रिया और निर्णय का अभिन्न अंग बनी रहे।

ये सभी कारक मिलकर इंडियनऑयल की परिवर्तन के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया, परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक मूल्य को उजागर करने की प्रतिबद्धताओं को सुदृढ़ कर रहे हैं। सशक्त नेतृत्व और सतत विकास के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ, कंपनी देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में अपनी हिस्सेदारी को वर्तमान 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 2050 तक 12.5 प्रतिशत करने की राह पर है, साथ ही 2046 तक नेट-ज़ीरो परिचालन उत्सर्जन प्राप्त करने की दिशा में भी काम कर रही है।

7. जोखिम और चिंताएँ

आज के अस्थिर वैश्विक परिवेश में, संगठन एक जटिल और परस्पर जुड़े हुए जोखिम परिदृश्य से जूझ रहे हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष, जो अब अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है, ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं और कमोडिटी बाजारों को बाधित कर रहा है। इन भू-राजनीतिक तनावों के साथ-साथ मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों और बढ़ती संरक्षणवादी व्यापार नीतियों ने व्यापक मुद्रास्फीति दबाव, उभरती अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी अस्थिरता और खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं को जन्म दिया है।

इसके साथ ही, जलवायु परिवर्तन से प्रेरित चरम मौसम की घटनाएं, कड़े पर्यावरणीय नियमन और नेट-ज़ीरो की ओर बढ़ता कदम वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कंपनियों के परिचालन संदर्भ को नया आकार दे रहे हैं।

इस पृष्ठभूमि में, ऊर्जा सुरक्षा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अनिवार्यता के रूप में फिर से उभरी है। भारत के अग्रणी ऊर्जा प्रदाता के रूप में, इंडियनऑयल निर्बाध और विविध ऊर्जा प्राप्ति सुनिश्चित करने में अपनी रणनीतिक ज़िम्मेदारी को समझता है। इसे सुदृढ़ करने के लिए, कंपनी अपने क्रूड बास्केट का विस्तार करके आपूर्ति निर्भरता को कम करते हुए, विभिन्न प्रकार के कच्चे तेलों को संसाधित करने के लिए अपनी रिफाइनिंग सक्षमता को बढ़ा रही है। विविधीकरण द्वारा कच्चे तेल की बास्केट का विस्तार करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए और वर्ष के दौरान विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों से 15 नए कच्चे तेल ग्रेड जोड़े गए। आपकी कंपनी की क्रूड बास्केट में अब अफ्रीका, मध्य पूर्व, अमेरिका, रूस आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 268 ग्रेड शामिल हैं।

इस जटिल परिदृश्य से निपटने के लिए, इंडियनऑयल ने उद्यम जोखिम प्रबंधन के लिए एक सक्रिय और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया है। यह समझते हुए कि जोखिम अब अलग-थलग नहीं हैं, बल्कि व्यवस्थित रूप से जुड़े हुए हैं, कंपनी आर्थिक, परिचालन, वित्तीय, पर्यावरणीय

और नियामक क्षेत्रों में गंभीर खतरों की निरंतर पहचान, मूल्यांकन और निवारण करती है। इसका जोखिम प्रबंधन ढाँचा शीर्ष-से-नीचे रणनीतिक निगरानी को निचले स्तर की व्यावसायिक यूनिट सहभागिता के साथ एकीकृत करता है, जो उद्यम-स्तरीय जोखिमों के साथ-साथ कार्यात्मक और परियोजना-विशिष्ट कमजोरियों को भी कवर करता है।

कंपनी के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं-

- कमोडिटी मूल्य अस्थिरता, वैश्विक मुद्रास्फीति और आपूर्ति श्रृंखला अस्थिरता से व्यापक आर्थिक जोखिम;
- विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव और ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से संबंधित वित्तीय जोखिम जो ऋण दायित्वों को प्रभावित करते हैं;
- स्वच्छ ऊर्जा और विद्युत गतिशीलता में मौजूदा और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों से प्रतिस्पर्धी खतरे;
- संयंत्र में व्यवधान, लॉजिस्टिक्स संबंधी अड़चनें, या श्रमिक अशांति से परिचालन जोखिम;
- साइबर और भौतिक सुरक्षा जोखिम, विशेष रूप से बढ़ते डिजिटलीकरण और भू-राजनीतिक साइबर खतरों के बीच;
- ब्रांड और प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम हितधारकों के विश्वास और सार्वजनिक धारणा से जुड़े हैं;
- सख्त उत्सर्जन मानदंडों, संसाधन बाधाओं और अनुपालन लागतों से पर्यावरणीय जोखिम;
- नीतिगत और विनियामक जोखिम, जिनमें कराधान, ईएसजी अधिदेश और निवेश मानदंडों में बदलाव शामिल हैं; और
- ऊर्जा संक्रमण जोखिम, विशेष रूप से अव्यवस्थित बदलावों की संभावना जो आपूर्ति-मांग संतुलन को अस्थिर कर सकती है या कंपनी को फंसी हुए परिसंपत्ति के जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

भारत में संशोधित व्यावसायिक उत्तरदायित्व और टिकाऊपन रिपोर्टिंग (बीआरएसआर) ढाँचे जैसी पहलों में परिलक्षित टिकाऊपन पर बढ़ते वैश्विक और घरेलू नियामकीय ज़ोर के बीच, इंडियनऑयल ने पर्यावरणीय, सामाजिक और प्रशासनिक (ईएसजी) पहलुओं को एकीकृत करने के लिए अपने जोखिम प्रबंधन ढाँचे का सक्रिय रूप से विस्तार किया है। इसमें स्कोप 1 और स्कोप 2 ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का परिमाणीकरण, जल उपयोग के पदचिह्नों का आकलन और अधिक कठोर ईएसजी प्रकटन के लिए तत्परता शामिल है। ये प्रयास उभरते वैश्विक परिदृश्य में सक्षम, टिकाऊ और ज़िम्मेदार विकास को बढ़ावा देने के लिए इंडियनऑयल की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

8. वित्तीय समीक्षा

कंपनी और विभिन्न खंडों का स्टैंडअलोन वित्तीय निष्पादन नीचे संक्षेप में दिया गया है-

रुपये करोड़ में

विवरण	2024-25	2023-24	उतार-चढ़ाव
परिचालन से राजस्व	8,45,513	8,66,345	-20,832
ईबीआईटीडीए	39,898	74,182	-34,284
कर पूर्व लाभ	15,882	52,344	-36,462
कर पश्चात लाभ	12,962	39,619	-26,657
प्रचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह	33,170	68,097	-34,927
उधारी	1,34,466	1,16,496	17,970
परिचालन से राजस्व (खंडवार)			
पेट्रोलियम	7,73,632	8,03,127	-29,495
पेट्रोकेमिकल्स	27,982	26,187	1,795
गैस	42,211	35,215	6,996
अन्य व्यवसाय*	1,688	1,816	-128
ब्याज और कर पूर्व आय (ईबीआईटी) (खंडवार)			
पेट्रोलियम	17,960	55,177	-37,217
पेट्रोकेमिकल्स	-440	-344	-96
गैस	1,427	526	901
अन्य व्यवसाय*	-160	263	-423
अन्य अविनिधानीय (व्यय)/आय-शुद्ध^	5,827	4,050	1,777

*अन्य व्यवसायों में तेल एवं गैस अन्वेषण गतिविधियां, विस्फोटक एवं क्रायोजेनिक व्यवसाय तथा पवन चक्की एवं सौर ऊर्जा उत्पादन शामिल हैं।
^असाधारण वस्तु भी शामिल है।

स्टैंडअलोन वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष 2024-25 की शुरुआत में, बेंचमार्क भारतीय बास्केट कच्चे तेल की कीमतें ऊँची बनी रहीं, जो 88 से 91 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के दायरे में कारोबार कर रही थीं। हालाँकि, वर्ष के दौरान कीमतों में नरमी आई और वर्ष के अंत तक यह 76 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास बंद हो गईं। वर्ष के दौरान कच्चे तेल की औसत कीमत 79 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रही, जबकि पिछले वर्ष यह 83 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी।

वर्ष के दौरान, वैश्विक बाजार की गतिशीलता में उतार-चढ़ाव के कारण, उत्पाद क्रैक स्प्रेड में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। उल्लेखनीय रूप से, मोटर स्पिरिट (एमएस) और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) क्रैक स्प्रेड में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया, जो 2024-25 में क्रमशः 3 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और 11 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि 2023-24 में यह क्रमशः 7 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल और 19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था।

कंपनी का औसत सामान्यीकृत सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) 2024-25 के लिए 4.53 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि

पिछले वर्ष यह 11.44 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था। रिपोर्ट किया गया औसत जीआरएम 4.80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जबकि 2023-24 में यह 12.05 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था। कंपनी के अंतर्देशीय रिफाइनरियों के स्थानों और संबंधित इन्वेंट्री (माल-सामान) स्तरों को देखते हुए, अस्थिर मूल्य निर्धारण परिवेश में इन्वेंट्री लाभ या हानि का प्रभाव अधिक स्पष्ट हो जाता है और इसने वर्ष के दौरान रिपोर्ट किए गए मार्जिन में देखी गई भिन्नता में योगदान दिया।

वर्ष 2024-25 में परिचालन से राजस्व 8,45,513 करोड़ रु. रहा, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 8,66,345 रु. करोड़ था। राजस्व में कमी मुख्य रूप से मार्च 2024 में पेट्रोल, डीज़ल और रसोई गैस की खुदरा बिक्री कीमतों में कमी के कारण हुई है। इसके परिणामस्वरूप, चालू वर्ष के दौरान परिचालन से राजस्व में कमी के कारण परिसंपत्ति कारोबार अनुपात भी 1.99 गुना से घटकर 1.81 गुना रह गया।

वर्ष 2024-25 के लिए शुद्ध लाभ 12,962 करोड़ रु. रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 39,619 करोड़ रु. था। चालू वर्ष के दौरान लाभप्रदता में कमी मुख्य रूप से रिफाइनिंग मार्जिन में कमी, एलपीजी की बिक्री पर अंडर-रिकवरी और पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में अधिक विनिमय घाटे के कारण हुई। परिणामस्वरूप, कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन (4.50%), परिचालन लाभ मार्जिन (2.11%) और शुद्ध लाभ मार्जिन (1.53%) पिछले वर्ष के क्रमशः 8.56%, 6.34% और 4.57% की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम हो गया।

कंपनी का चालू अनुपात 2024-25 के दौरान मोटे तौर पर स्थिर रहा, जो चालू परिसंपत्तियों और चालू देनदारियों के बीच एक सुसंगत और संतुलित स्थिति को दर्शाता है। वर्ष के दौरान औसत इन्वेंट्री होल्डिंग अवधि लगभग 47 दिन रही, जबकि औसत संग्रहण अवधि लगभग 7 दिन रही, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह क्रमशः 48 दिन और 6 दिन थी। ये आँकड़े कंपनी के कार्यशील पूँजी चक्र में किसी महत्वपूर्ण विचलन का संकेत नहीं देते हैं और परिचालन तरलता के प्रभावी प्रबंधन को दर्शाते हैं।

उच्च पूंजीगत व्यय प्रतिबद्धताओं और कम आंतरिक उपार्जनों के कारण उधारी में वृद्धि के कारण कंपनी का ऋण-से-इक्विटी अनुपात पिछले वित्तीय वर्ष के अंत में 0.66 गुना से बढ़कर चालू वित्तीय वर्ष के अंत में 0.75 गुना हो गया। इसके अलावा, ब्याज कवरेज अनुपात और ऋण सेवा कवरेज अनुपात भी 9.08 और 2.17 गुना से घटकर 4.02 और 1.07 गुना हो गया। कंपनी का औसत नियोजित पूंजी पर प्रतिफल और औसत निवल संपत्ति पर प्रतिफल भी क्रमशः 20.17% और 29.75% से घटकर 7.10% और 8.69% हो गया।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने 2023-24 के लिए 9,640.08 करोड़ रु. का अंतिम लाभांश दिया। वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी की प्रति शेयर आय (ईपीएस) पिछले वर्ष के 28.77 रु. की तुलना में 9.41 रु. रही। निदेशक मंडल ने 2024-25 के लिए 3.00 रु. प्रति इक्विटी शेयर (4,131.47 करोड़ रु. के भुगतान के बराबर) के लाभांश की सिफारिश की है, जो वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के अधीन है।

पिछले पांच वर्षों के विस्तृत वित्तीय संकेतक और अनुपात एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के भाग 'निष्पादन पर एक नजर' में दिए गए हैं।

समूह वित्तीय निष्पादन

वर्ष के लिए समूह का परिचालन राजस्व 8,59,363 करोड़ रु. रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 8,81,235 करोड़ रु. था। चालू वर्ष में समूह का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष के 43,161 करोड़ रु. से बढ़कर 13,789 करोड़ रु. हो गया, जो उन्हीं कारकों के कारण है जिनके कारण एकल आधार पर लाभप्रदता में कमी आई। समूह की प्रत्येक कंपनी के योगदान की जानकारी समेकित वित्तीय विवरणों के नोट 46 में दी गई है।

महत्वपूर्ण सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों का विस्तृत वित्तीय निष्पादन समेकित वित्तीय विवरणों के नोट 33ए और 33बी में दिया गया है। वर्ष के दौरान, सहायक कंपनियों चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 214 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ और 205 करोड़ रु. की कुल व्यापक आय की सूचना दी; और लंका आईओसी पीएलसी ने 1,115 करोड़ श्रीलंकाई रुपए का शुद्ध लाभ और 1,188 करोड़ श्रीलंकाई रुपए की कुल व्यापक आय की सूचना दी, जो कि इंड एएस के अनुसार समायोजन के बाद 354 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ और 420 करोड़ रु. की कुल व्यापक आय में तब्दील हो गई। संयुक्त उद्यम, इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड ने 376 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ और 376 करोड़ रु. की कुल समग्र आय हासिल की; इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड ने 328 करोड़ रु. का शुद्ध लाभ और 328 करोड़ रु.की कुल समग्र आय हासिल की।

9. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली – प्रक्रिया उत्कृष्टता

कंपनी ने आंतरिक नियंत्रण प्रणालियाँ स्थापित की हैं जिनमें नियम, नीतियाँ और प्रक्रियाएँ शामिल हैं जो न केवल दिशा प्रदान करती हैं और दक्षता बढ़ाती हैं, बल्कि नीतियों के पालन को भी सुदृढ़ बनाती हैं, साथ ही सुचारू और कुशल व्यावसायिक प्रक्रियाएँ सुनिश्चित करती हैं। कंपनी ने विभिन्न नीतियों के साथ-साथ विस्तृत नियमावली भी तैयार की है, जो व्यवसाय के लगभग सभी पहलुओं को कवर करती है। आंतरिक प्रक्रियाओं और नीतियों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है ताकि उन्हें बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। संगठनात्मक-स्तरीय नियंत्रण, परिचालन-स्तरीय नियंत्रण, धोखाधड़ी-रोधी नियंत्रण और सामान्य आईटी नियंत्रण स्थापित किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यावसायिक संचालन कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से किया जाए और त्रुटियों/धोखाधड़ी की संभावना कम से कम हो। आंतरिक नियंत्रण प्रणालियाँ कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप हैं। कंपनी का एक स्वतंत्र आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग है, जिसका नेतृत्व एक कार्यकारी निदेशक करते हैं, जो अध्यक्ष को रिपोर्ट करते हैं। इस विभाग में वित्त और अन्य तकनीकी कार्यों के अधिकारी भी हैं। लेखापरीक्षा कार्य अध्यक्ष और लेखापरीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित वार्षिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम के अनुसार किए जाते हैं। आंतरिक लेखापरीक्षा पूरे वर्ष व्यापक लेखापरीक्षा करती है जिसमें प्रत्येक व्यावसायिक प्रक्रिया शामिल होती है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत, सांविधिक लेखापरीक्षकों को कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक

वित्तीय नियंत्रणों पर स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट भी जारी करनी होती है। इसके बाद जारी की गई रिपोर्ट क्रमशः एकल और समेकित वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न होती है। लेखा परीक्षासमिति वित्तीय विवरणों की विस्तृत समीक्षा करती है और अनुमोदन हेतु बोर्ड को अनुशंसित करने से पहले आंतरिक लेखापरीक्षकों और सांविधिक लेखापरीक्षकों के साथ विचार-विमर्श करती है।

10. मानव संसाधन

कंपनी हमेशा समग्र और सार्थक कर्मचारी जुड़ाव और अपने मानव संसाधनों के विकास में विश्वास करती है। कंपनी अपने व्यवसाय के विकास के लिए कर्मचारियों की क्षमता का दोहन करने हेतु उनके साथ जुड़ती है। वर्तमान प्रतिस्पर्धी और गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य से जुड़ी चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान एक ऐसे कार्यदल द्वारा किया जा सकता है जो प्रेरित, परिवर्तन के अनुकूल, नवोन्मेषी और सीखने में तेज़ हो। सीखना कार्यदल के विकास और संवर्धन का एक अभिन्न अंग है। संकेंद्रित भर्ती, करियर पथ और सीखने और विकास के माध्यम से एकीकृत मानव संसाधन प्रथाओं ने कार्यदल की भावी तैयारी में योगदान दिया है। कंपनी सभी स्तरों पर अपनी प्रतिभाओं के कौशल विकास और क्षमता निर्माण में निरंतर केंद्रित निवेश कर रही है। प्रबंधन के कनिष्ठ, मध्य और वरिष्ठ स्तरों पर कर्मचारियों के लिए प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा में भावी तैयारी सुनिश्चित करने हेतु क्यूरेटेड कार्यक्रम विकसित किए जाते हैं। कंपनी के पास नेतृत्व पाइपलाइन के लिए प्रतिभा की पहचान और विकास हेतु एक संरचित और मजबूत उत्तराधिकार नियोजन ढांचा है। कंपनी ने न केवल कई दूरदर्शी नेताओं को तैयार किया है जिन्होंने वर्षों से कंपनी का नेतृत्व और रूपांतरण किया है, बल्कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए भी नेताओं को तैयार किया है।

11. आईआर माहौल – सहयोगात्मक मूल्य

कंपनी में औद्योगिक संबंध (आईआर) का माहौल पारंपरिक रूप से सौहार्दपूर्ण रहा है। वर्षों से कंपनी में एक सहयोगात्मक आईआर माहौल कायम रहा है। कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उसके व्यावसायिक वातावरण, रणनीति और व्यावसायिक मॉडल में बदलाव, वर्तमान व्यवसाय और लोगों पर पड़ने वाले परिणामी प्रभाव, और भावी योजनाओं को नियमित रूप से सामूहिकों के साथ साझा किया जाए और उनके विचारों और सुझावों पर विचार किया जाए। उत्पादकता, कल्याण और एक उत्तरदायी एवं जिम्मेदार संगठन के निर्माण की आवश्यकता जैसे मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श के लिए प्रबंधन और सामूहिकों के बीच नियमित रूप से व्यवस्थित बैठकें आयोजित की जाती हैं। सामूहिकों ने कंपनी के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में प्रबंधन का हमेशा दृढ़तापूर्वक समर्थन किया है।

31 मार्च, 2025 तक कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 29,941 थी, जिसमें 18,740 कार्यपालक और 11,201 गैर-कार्यपालक शामिल थे, जिनमें 2,663 महिला कर्मचारी भी शामिल थीं।

12. अन्य जानकारी

कंपनी की सीएसआर गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण और संरक्षण पहलों, प्रौद्योगिकी आमेलन और अपनाने के प्रयासों, नवीकरणीय ऊर्जा पहलों, विदेशी मुद्रा आय और व्यय, ऊर्जा संरक्षण आदि के बारे में विवरण निदेशकों की रिपोर्ट और उसके अनुलग्नकों में प्रदान किए गए हैं।

13. चेतावनी कथन

उद्देश्यों, अपेक्षाओं या पूर्वानुमानों के संबंध में प्रबंधन की चर्चा एवं विश्लेषण में दी गई जानकारी और विवरण लागू प्रतिभूतियों, कानूनों और विनियमों के अर्थ में भविष्योन्मुखी हो सकते हैं। वास्तविक परिणाम अपेक्षाओं से काफी भिन्न हो सकते हैं। कंपनी के संचालन को प्रभावित करने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण कारकों में उत्पादों के विक्रय मूल्य को प्रभावित करने वाली वैश्विक और घरेलू मांग और आपूर्ति की स्थितियाँ, इनपुट की उपलब्धता और कीमतें, भारत सरकार के विनियमों/कर कानूनों में परिवर्तन, देश के भीतर आर्थिक विकास और मुकदमेबाजी एवं औद्योगिक संबंध जैसे कारक शामिल हैं।

इंडियनऑयल

IndianOil

अणुओं से चमत्कारों तक

हम संभावनाओं को शक्ति प्रदान करते हैं



पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में प्रगति

इंडियनऑयल के पेट्रोकेमिकल समाधान आधुनिक जीवन के ताने–बाने में अदृश्य धागे की तरह हैं, जो उद्योगों को सशक्त व जीवन को समृद्ध बना रहे हैं।

PROPEL उच्च गुणवत्ता वाले पेट्रोकेमिकल उत्पादों के लिए इंडियनऑयल का प्रमुख ब्रांड है।

इसमें औद्योगिक उपयोग हेतु पॉलीमर, इलास्टोमर्स, डिटर्जेंट इंटरमीडिएट और सॉल्वैंट्स जैसे विविध उत्पाद शामिल हैं।

'साइक्लोप्लास्ट' ब्रांड के तहत इस्तेमाल हो चुके प्लास्टिक को उच्च–गुणवत्ता वाले रिसाइकल पॉलीमर में दोबारा प्रोसेस करना।

'Unbottled' के माध्यम से सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देना, जहां बेकार पड़ी PET बोतलों को उच्च–गुणवत्ता वाली यूनिफॉर्म और परिधानों में बदला जाता है।

सस्टेनेबल, उच्च–निष्पादन सामग्री के लिए नवाचार पर केंद्रित।

भारत की प्रगति में सहायक

खंडेलवाल जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
6-बी, जनहित याचिका न्यायालय, छठी मंजिल, 111, महर्षि कर्वे रोड,
मुंबई – 400020

के जी सोमानी एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
3/15, आसफ अली मार्ग, चौथा तल, डिलाइट सिनेमा के पास
नई दिल्ली – 110002

एम के पी एस एंड एसोसिएट्स एलएलपी
सनदी लेखाकार
12, राधा नाथ मलिक लेन,
कोलकाता – 700 012

कोमनडूर एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
फ़ोर्टुना टावर, कमरा नंबर 40, एन.एस. रोड,
कोलकाता – 700012

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यगण

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा पर रिपोर्ट

राय

हमने इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("कंपनी") के संलग्न स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च, 2025 को बैलेंस शीट, इस वर्ष और उसके बाद समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण (अन्य समग्र आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन और कैश फ्लो (नकदी प्रवाह) का विवरण शामिल है और स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के नोट जिसमें महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और अन्य व्याख्यात्मक जानकारी के सार शामिल हैं, जिसमें उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरण शामिल होते हैं, जिसे यहां इसके बाद "स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण" कहा गया है।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") द्वारा वांछित तरीके से आवश्यक जानकारी देते हैं और कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम 2015, यथा संशोधित के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों और 31 मार्च, 2025 को, तथा उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन और उसके नकदी प्रवाह सहित लाभ। इक्विटी और उसके नकदी प्रवाह में परिवर्तन का सही और उचित विवरण प्रदान करते हैं।

राय का आधार

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों (एस ए एस) के अनुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण खंड के "लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियों" में वर्णित किया गया है। हम भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान ("आईसीएआई") द्वारा जारी आचार संहिता, साथ ही वे नैतिक आवश्यकताएं जो अधिनियम के प्रावधानों के तहत स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के हमारे ऑडिट के लिए प्रासंगिक हैं और उसके तहत नियमों के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्यकताओं और आई सी ए आई की आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को पूरा किया है। हमारा मानना है कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

प्रमुख लेखापरीक्षा विषय

प्रमुख लेखापरीक्षा विषय वे विषय हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों को समग्र रूप से स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा और उस पर अपनी राय बनाने के संदर्भ में देखा गया था, और हम इन मामलों पर कोई अलग राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने नीचे वर्णित मामलों को अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों के रूप में निर्धारित किया है:

प्रमुख लेखापरीक्षा विषय	प्रमुख लेखापरीक्षा विषयों पर लेखापरीक्षकों के जवाब
संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति ये वे क्षेत्र हैं जहां प्रबंधन निर्णय संपत्ति, संयंत्र और उपकरण, अमूर्त संपत्ति की मूल कीमत और उनके संबंधित मूल्यह्रास / परिशोधन दरों को प्रभावित करता है। इनमें पूंजीकरण या व्यय लागत; वार्षिक परिसंपत्ति अवधि समीक्षा; परिसंपत्तियों के पूंजीकरण की समयबद्धता और सक्रिय उपयोग से निवृत्त परिसंपत्तियों के लिए निर्धारण या माप और मान्यता मानदंड के लिए प्रबंधन मान्यताओं और अनुमानों का उपयोग का निर्णय शामिल है। कंपनी की बैलेंस शीट के संदर्भ में महत्वपूर्ण और आवश्यक निर्णय तथा अनुमान के स्तर के कारण, हम इसे महत्वपूर्ण क्षेत्र मानते हैं। *(स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए नोट संख्या 2 और 3 देखें)*	हमने अचल परिसंपत्ति चक्र पर मौजूद नियंत्रणों का आकलन किया, पूंजीकरण प्रक्रिया की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया, पूंजीकृत लागतों के विवरण, परिसंपत्तियों के पूंजीकरण की समयबद्धता और सक्रिय उपयोग से सेवानिवृत्त परिसंपत्तियों के लिए गैर-मान्यता मानदंड का परीक्षण किया। इन प्रक्रियाओं को करने में, हमने प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जिसमें पूंजीकृत अंतर्निहित लागतों की प्रकृति; सक्रिय उपयोग से निवृत्त परिसंपत्तियों के वसूली योग्य मूल्य का निर्धारण; मूल्यह्रास की गणना में लागू संपत्ति अवधि की उपयुक्तता; अधिनियम की अनुसूची II में निर्धारित संपत्ति की उपयोगी अवधि और प्रबंधन के तकनीकी मूल्यांकन के अनुसार कुछ संपत्तियों की उपयोगी अवधि शामिल है। हमने देखा कि प्रबंधन ने उपरोक्त निर्णयों की नियमित रूप से समीक्षा की है और कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

प्रमुख लेखापरीक्षा विषय	प्रमुख लेखापरीक्षा विषयों पर लेखापरीक्षकों के जवाब
प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान कंपनी की प्रत्यक्ष कर स्थिति अनिश्चित है जिसमें विवादाधीन मामले भी शामिल हैं जिसमें आयकर के प्रावधान के आकलन में इन विवादों के संभावित परिणाम से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। निर्णय की आवश्यकता के कारण, यह क्षेत्र एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामला है। *(स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए नोट संख्या 7 देखें)*	हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में कर प्रावधान का आकलन करने में प्रबंधन की अंतर्निहित धारणाओं का आकलन (जैसा कि कंपनी के कर सलाहकारों द्वारा पुष्टि की गई है) और इन अनिश्चित प्रत्यक्ष कर स्थितियों पर प्रबंधन की स्थिति का मूल्यांकन करने में कानूनी प्राथमिकता, न्यायशास्त्र और अन्य निर्णयों को ध्यान में रखते हुए विवादों के संभावित परिणाम शामिल हैं। हमने इस संबंध में कंपनी द्वारा किए गए खुलासे का भी आकलन किया है।
प्रावधान और आकस्मिक देयताएं कंपनी विभिन्न करों और अन्य विवादों में शामिल है जिसके लिए अंतिम परिणाम का आसानी से अनुमान नहीं किया जा सकता है और जिसके परिणामस्वरूप संभावित देनदारियां हो सकती हैं। मुकदमों से जुड़े जोखिमों का आकलन जटिल धारणाओं पर आधारित होता है, जिसके लिए निर्णय के उपयोग की आवश्यकता होती है और इस तरह का निर्णय मुख्य रूप से कार्यवाही के परिणाम की भविष्यवाणी से जुड़ी अनिश्चितताओं के आकलन और स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण की पर्याप्तता से संबंधित होता है। निर्णय की आवश्यकता के कारण, इस तरह के मुकदमों का महत्व और मूल्यांकन प्रक्रिया की जटिलता हमारे ऑडिट के लिए एक महत्वपूर्ण मामला है। *(स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए नोट संख्या 18, 36बी और 49.5 देखें)*	इस प्रमुख लेखापरीक्षा मामले के जवाब में हमारी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं में अन्य के साथ-साथ शामिल हैं, • कानूनी और कर मुकदमों और लंबित प्रशासनिक कार्यवाही का निर्धारण करने के लिए लागू प्रक्रिया और प्रासंगिक नियंत्रण का आकलन। • इसी तरह के मामलों में कानूनी मिसाल और अन्य निर्णयों पर विचार करते हुए कंपनी के कानूनी और कर विभाग द्वारा निष्पादित संभावित कानूनी और कर जोखिमों के मूल्यांकन में प्रयुक्त मान्यताओं का आकलन। • सबसे महत्वपूर्ण विवादों की स्थिति के संबंध में कानूनी और कर विभागों के साथ पूछताछ और प्रमुख प्रासंगिक दस्तावेज़ का निरीक्षण। • जहां उपलब्ध हो वहां विशेषज्ञों से प्राप्त राय का विश्लेषण। • स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणियों में प्रकटीकरण की पर्याप्तता की समीक्षा।
सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों में निवेश सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों में निवेश का मूल्यांकन क्षति हानियों के लिए समायोजित लागत पर किया जाता है। इंड ए एस 36 परिसम्पत्तियों की क्षति के अनुरूप, यदि संभावित हानि का संकेत मिलता है, तो कंपनी उपयोग विधि में मूल्य और उनकी मूल राशि के अनुसार निर्धारित निवेश की वसूली योग्य राशि की तुलना करके हानि परीक्षण करती है। प्रबंधन द्वारा अपनाई गई मूल्यांकन प्रक्रिया जटिल है और यह अनुमानों की श्रृंखला पर आधारित है, जैसे पूर्वानुमान नकदी प्रवाह, उचित छूट दर और विकास दर। ये धारणाएं, स्वभाव से, बाहरी बाजार के विकास के संबंध में भविष्य की अपेक्षाओं से प्रभावित होती हैं। चूंकि प्रबंधन का निर्णय यह निर्धारित करने के लिए आवश्यक है कि क्या संभावित हानि का संकेत है और नकदी प्रवाह के निर्धारण से संबंधित अनुमानों की व्यक्तिपरकता और हानि परीक्षण की प्रमुख मान्यताओं पर विचार करते हुए, यह क्षेत्र एक प्रमुख लेखापरीक्षा मामला माना जाता है। *(स्टैंडअलोन फाइनेंसियल अकाउंट्स के लिए नोट संख्या 4 देखें)*	इस महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा मामले के संदर्भ में, हमने निम्नलिखित पर विचार किया: • निवेशित कंपनियों के वित्तीय विवरणों के साथ निवेश की वहन राशि की तुलना करना ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या उनकी शुद्ध परिसंपत्तियों का मूल्य, जो उनकी न्यूनतम वसूली योग्य राशि का अनुमान है, उनकी वहन राशि से अधिक था। • सूचीबद्ध संस्थाओं के मामले में बाजार पूंजीकरण जिसमें निवेश किया गया है। • कुछ संस्थाएं जहां निवेश का वहन मूल्य निवल परिसंपत्ति मूल्य से कम है, क्योंकि वे निर्माण चरण में हैं तथा उन्होंने वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किया है। उपर्युक्त प्राप्त जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, हमने निष्कर्ष निकाला कि वर्ष के दौरान कुछ निवेशों में हानि के संकेत के संबंध में प्रबंधन का निर्णय उचित है। जहां हानि का संकेत है, हमने निवेश के मूल्य को निर्धारित करने के लिए प्रबंधन द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण की जांच की, हानि परीक्षण करने के लिए प्रबंधन द्वारा लागू विधियों और धारणाओं और मूल्यांकन में विशेषज्ञों से प्राप्त रिपोर्ट का विश्लेषण किया। निम्नलिखित लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को अपनाया गया था: • हानि परीक्षण प्रक्रिया पर कंपनी द्वारा कार्यान्वित महत्वपूर्ण नियंत्रणों की पहचान और समझ; उनके नकदी प्रवाह का अनुमान लगाने के लिए की गई प्रमुख धारणाओं की तर्कसंगतता का विश्लेषण, और प्रबंधन से अन्य जानकारी प्राप्त करना जिसे हमने महत्वपूर्ण समझा; • विभिन्नताओं की प्रकृति और नियोजन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आकलन करने के लिए मूल योजना की तुलना में वर्ष और पिछले वर्षों के वास्तविक आंकड़ों का विश्लेषण; • छूट दर और विकास दर के औचित्य का आकलन; • निवेश के उपयोग में मूल्य का निर्धारण करने के लिए प्रयुक्त मॉडल की गणितीय सटीकता का सत्यापन। हमने हानि परीक्षण के बारे में कंपनी द्वारा प्रदान की गई जानकारी की पर्याप्तता और इंड ए एस 36 की आवश्यकताओं के साथ इसकी संगतता की भी जांच की।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के अलावा अन्य जानकारी और उन पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए ज़िम्मेदार है। अन्य जानकारी में प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, बोर्ड की रिपोर्ट (बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित), व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्ट, कॉर्पोरेट प्रशासन में शामिल जानकारी शामिल है, लेकिन इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट शामिल नहीं हैं।

उपर्युक्त जानकारी इस ऑडिट रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें उपलब्ध कराए जाने की उम्मीद है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी शामिल नहीं है और हम उस पर किसी भी प्रकार के आश्वासन निष्कर्ष को व्यक्त नहीं करेंगे।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अन्य जानकारी को पढ़ें और जब यह उपलब्ध हो जाए तो उपर्युक्त की पहचान की जाए, और ऐसा करते समय, विचार करना कि क्या अन्य जानकारी स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों या लेखा परीक्षा में प्राप्त हमारे ज्ञान के साथ असंगत है या अन्यथा तथ्यात्मक रूप से गलत बतायी गयी प्रतीत होती है।

जब हम अन्य जानकारी पढ़ते हैं, जो हम लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की तारीख के बाद प्राप्त करेंगे और यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें तथ्यात्मक गलत विवरण है, तो हमें इस मामले को गवर्नेन्स के प्रभारी लोगों को बताना होगा।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और गवर्नेन्स के प्रभारी लोगों की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल अधिनियम की धारा 134(5) में बताए गए मामलों के लिए जिम्मेदार है, जो इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में है जो कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन, कुल समग्र आय, इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह का सही और उचित दृष्टिकोण देते हैं जो अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानक (इंड ए एस) सहित भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों लेखा के अनुसार हैं। इस जिम्मेदारी में कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और उनका पता लगाने के लिए; उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; ऐसे निर्णय और अनुमान लगाना जो उचित और विवेकपूर्ण हों; और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, जो लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक जो सही और निष्पक्ष राय देते हैं और तथ्यात्मक गलत विवरण से मुक्त हैं, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, इसके लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड का रखरखाव भी शामिल है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने में, निदेशक मंडल कंपनी को एक चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रखने की क्षमता का आकलन करने, जहां लागू हो वहां चालू प्रतिष्ठान से संबंधित मामलों का खुलासा करने, और चालू प्रतिष्ठान के लेखांकन आधार का उपयोग करने के लिए तब तक जिम्मेदार है जब तक प्रबंधन का इरादा कंपनी का परिसमापन करने या परिचालन बंद करने का न हो, या ऐसा करने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प नहीं हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या समग्र रूप से स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तथ्यात्मक गलत विवरण से मुक्त हैं, भले ही वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, और एक लेखा परीक्षक रिपोर्ट जारी करना जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एस ए एस के अनुसार की गई लेखापरीक्षा हमेशा तथ्यात्मक गलत विवरण का पता लगाएगी जब वह मौजूद हो। गलत विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और उन्हें तथ्यात्मक माना जाता है, बशर्ते व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद की जा सकती हो।

एस ए के अनुसार लेखापरीक्षा के हिस्से के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे ऑडिट में पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के तथ्यात्मक गलत विवरण के जोखिमों को पहचानते हैं और उनका आकलन करते हैं, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के प्रति उत्तरदायी ऑडिट प्रक्रियाओं को डिजाइन और निष्पादित करते हैं, और ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करें जो हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप होने वाले तथ्यात्मक गलत विवरण का पता नहीं लगाने का जोखिम त्रुटि के परिणामस्वरूप होने वाले से अधिक है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।
- इन परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करना। अधिनियम की धारा 143(3)(i) के तहत, हम इस पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता है।
- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- लेखांकन के चालू प्रतिष्ठान के आधार पर प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर और प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य के आधार पर निष्कर्ष निकालना कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित कोई सामग्री अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी के चालू प्रतिष्ठान रहने की क्षमता पर महत्वपूर्ण संदेह पैदा कर सकती है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि तथ्यात्मक अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें अपने लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटीकरण पर ध्यान आकर्षित करना होगा या, यदि क्या ऐसे प्रकटीकरण अपनी हमारी राय को संशोधित करने के लिए अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्यों पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाओं या स्थितियों के कारण कंपनी चालू प्रतिष्ठान के रूप में काम करना बंद कर सकती है।

- प्रकटीकरण सहित स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करना, और क्या स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं का इस तरह से प्रतिनिधित्व करते हैं जिससे निष्पक्ष प्रस्तुति प्राप्त होती हो।

हम अन्य मामलों के अलावा, ऑडिट के नियोजित दायरे और समय और महत्वपूर्ण ऑडिट निष्कर्षों के बारे में संचालन के प्रभारी लोगों के साथ संवाद करते हैं, जिसमें आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमियां शामिल हैं जिन्हें हम अपने ऑडिट के दौरान पहचानते हैं।

हम गवर्नेन्स के प्रभारी लोगों को एक वक्तव्य भी प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का पालन किया है, और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों को जिनके बारे में ऐसा सोचा जा सकता है कि वे हमारी स्वतंत्रता पर असर डाल सकते हैं, और जहां लागू हो, संबंधित सुरक्षा उपायों के बारे में बताते हैं।

गवर्नेन्स के प्रभारी लोगों को बताए गए मामलों से, हम वे मामले निर्धारित करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपने लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले को संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणामों की उचित रूप से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों पर भारी पड़ने की अपेक्षा की जाएगी।

अन्य विषय

क. स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में 31 मार्च, 2025 तक कंपनी की आनुपातिक हिस्सेदारी (ईएंडपी गतिविधियों के संयुक्त रूप से नियंत्रित संचालन से संबंधित, जिसमें कंपनी संचालक नहीं है) **₹ 1,023.46** करोड़ की परिसंपत्तियों और **₹ 298.28** करोड़ की देनदारियों में, उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए **₹ 262.94** करोड़ का कुल राजस्व, **₹ 234.90** करोड़ का व्यय और **₹ 28.04** करोड़ का कर-पूर्व लाभ और संलग्न स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में निहित नकदी प्रवाह विवरण और संबंधित प्रकटीकरण की मदें शामिल हैं। इस पर हमारी टिप्पणियाँ भारत और विदेशों में 24 ब्लॉकों (जिनमें से 7 ब्लॉक त्याग दिए गए हैं) के संबंध में कंपनी के पास उपलब्ध सीमा तक संचालकों के अलेखापरीक्षित विवरणों पर आधारित हैं और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित हैं। इस संबंध में हमारी राय पूरी तरह से प्रबंधन द्वारा प्रमाणित जानकारी पर आधारित है। कंपनी के प्रबंधन द्वारा हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, ये कंपनी के लिए महत्वपूर्ण नहीं हैं।

हमने कुओं को अन्वेषणात्मक, विकास और सूखे कुओं के रूप में वर्गीकृत करने, उन पर खर्च की गई लागत के आवंटन, नई अन्वेषण लाइसेंसिंग नीति (एनईएलपी) के तहत दायित्व और सहमत न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के सामने कम निष्पादन के लिए नामित ब्लॉकों के संबंध में प्रबंधन द्वारा तकनीकी/वाणिज्यिक मूल्यांकन पर भी भरोसा किया है।

ख. 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की मेसर्स खंडेलवाल जैन एंड कंपनी, मेसर्स के जी सोमानी एंड कंपनी एलएलपी, मेसर्स कोमांडूर एंड कंपनी एलएलपी और मेसर्स एस आर बी एंड एसोसिएट्स द्वारा संयुक्त रूप से ऑडिट की गई थी, और उन्होंने 30 अप्रैल, 2024 की अपनी रिपोर्ट के माध्यम से स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर एक अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में भारत की केंद्र सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") द्वारा अपेक्षित है, हम "अनुलग्नक क" में उक्त आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर उपलब्ध सीमा तक वर्णन करते हैं।

2. हम अपनी रिपोर्ट को अधिनियम की धारा 143(5) के अनुसार कंपनी के बही-खातों और अभिलेखों की ऐसी जांच के आधार पर, जैसा कि हमने उचित समझा और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर "अनुलग्नक ख" संलग्न कर रहे हैं।

3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143(3) द्वारा अपेक्षित है, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

   क. हमने सभी जानकारी और स्पष्टीकरण मांगे हैं और प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के लिए हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे।

   ख. हमारी राय में, कंपनी द्वारा बहीखाते कानून अपेक्षित उचित रूप से रखे गए हैं, जैसा उन बहीखातों की हमारी जांच से प्रतीत होता है।

   ग. इस रिपोर्ट में प्रस्तुत बैलेंस शीट, अन्य व्यापक आय सहित लाभ और हानि का विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और नकदी प्रवाह का विवरण, लेखा पुस्तकों के अनुरूप हैं।

   घ. हमारी राय में, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

   ङ. चूंकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार, अधिनियम की धारा 164 की उप-धारा (2) कंपनी पर लागू नहीं होती है।

   च. कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में, '**अनुबंध ग**' में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

छ. चूंकि कंपनी एक सरकारी कंपनी है, इसलिए कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार, अधिनियम की धारा 197 की उप-धारा (16) कंपनी पर लागू नहीं होती है।

ज. कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में अन्य मामलों को शामिल करने के संबंध में, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार:

i. कंपनी ने अपने स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का खुलासा किया है - स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए नोट 36बी और 49.5 देखें।

ii. कंपनी ने व्युत्पन्न अनुबंधों सहित लंबी अवधि के अनुबंधों पर, लागू कानून या भारतीय लेखांकन मानकों के तहत, सामग्री के लिए आवश्यक नुकसान, यदि कोई हो, उसके लिए प्रावधान किया है - स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए नोट 18 देखें।

iii. कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में हस्तांतरित करने वाली राशि को हस्तांतरित करने में कोई देरी नहीं हुई है।

iv. क) प्रबंधन ने अपनी सर्वोत्तम जानकारी और मत के अनुसार स्पष्ट किया है कि कंपनी द्वारा कोई भी निधि (जो एकल रूप से या समग्र रूप से महत्वपूर्ण हों) किसी भी व्यक्ति या संस्था को, विदेशी संस्था ("मध्यवर्ती कंपनियां") सहित, व्यक्ति में अथवा संस्था में, अग्रिम या ऋण के रूप में प्रदान नहीं की गई हैं या निवेशित नहीं की गई हैं (न तो उधार ली गई निधियों से और न ही शेयर प्रीमियम से अथवा न ही किसी अन्य स्रोत या किसी अन्य प्रकार की निधियों से)। प्रबंधन द्वारा यह इस सहमति के साथ स्पष्ट किया गया है कि लिखित में या अन्य प्रकार से दर्ज है कि दूसरे व्यक्तियों या कंपनी द्वारा या कंपनी ("अंतिम लाभार्थी") की ओर से किसी भी रूप में चिह्नित की गई संस्थाओं को किसी भी स्वरूप में, ऋण या उनमें निवेश या गारंटी, प्रतिभूति, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मध्यवर्ती कंपनी प्रदान करेगी या अंतिम लाभार्थियों की ओर से इस प्रकार की कोई लिखत प्रदान करेगी।

ख) प्रबंधन ने अपनी सर्वोत्तम जानकारी और मत के अनुसार स्पष्ट किया है कि कंपनी द्वारा कोई भी निधि (जो एकल रूप से या समग्र रूप से महत्वपूर्ण हों) किसी व्यक्ति अथवा संस्था से, विदेशी संस्था ("फंडिंग पार्टियों") सहित नहीं ली गई हैं। प्रबंधन द्वारा यह इस सहमति के साथ स्पष्ट किया गया कि लिखित में या अन्य प्रकार से दर्ज है कि दूसरे व्यक्तियों या कंपनी द्वारा या कंपनी ("अंतिम लाभार्थी") की ओर से किसी भी रूप में चिह्नित की गई संस्थाओं में किसी भी स्वरूप में, ऋण या उनमें निवेश या गारंटी, प्रतिभूति, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कंपनी प्रदान करेगी या अंतिम लाभार्थियों की ओर से इस प्रकार की कोई लिखत प्रदान करेगी।

ग) परिस्थितियों के अनुसार न्यायसंगत और समुचित मानी गई लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमारे ध्यान में ऐसा कुछ नहीं आया है कि जिससे हम यह मानने को बाध्य हों कि नियम (11)(ङ) के उप-खंड (i) और (i) के अंतर्गत उपर्युक्त (क) और (ख) के तहत वर्णित अनुसार दिए गए विवरणों में कोई भी गलतबयानी है।

v. टिप्पणी 31 में स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में उल्लिखित अनुसार:

क) वर्ष के दौरान और इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट की तारीख तक, अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, कंपनी द्वारा अंतिम लाभांश घोषित किया गया और इसका भुगतान किया गया।

ख) कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के लिए अंतिम लाभांश का प्रस्ताव दिया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है। घोषित लाभांश अधिनियम की धारा 123 के अनुसार है, यह लाभांश की घोषणा पर लागू होता है।

vi. हमारी जाँच के आधार पर, जिसमें नमूना जाँच भी शामिल है, कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने लेखा-बही के रखरखाव हेतु एक लेखांकन सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल (एडिट लॉग) रिकॉर्ड करने की सुविधा है और यह सॉफ़्टवेयर में दर्ज सभी प्रासंगिक लेनदेन के लिए पूरे वर्ष संचालित रहा है। इसके अलावा, हमारे ऑडिट के दौरान हमें ऑडिट ट्रेल सुविधा के साथ छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, कंपनी द्वारा वैधानिक नियमों के अनुसार ऑडिट ट्रेल को संरक्षित किया गया है।

कृते खंडेलवाल जैन एंड कंपनी	**कृते के जी सोमानी एंड कंपनी एलएलपी**	**एम के पी एस एंड एसोसिएट्स एलएलपी**	**कृते कोमंदूर एंड कंपनी एलएलपी**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स	चार्टर्ड एकाउंटेंट्स	चार्टर्ड एकाउंटेंट्स	चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म रजि. नं. 105049W	फर्म रजि. नं. 006591N/ N500377	फर्म रजि. नं. 02014E/W101061	फर्म रजि. नं. 001420S/ S200034
हस्ता/-	हस्ता/-	हस्ता/-	हस्ता/-
नवीन जैन	**अम्बर जैस्वाल**	**नरेंद्र खंडाल**	**नागेंद्रनाथ ताड़ीकोंडा**
पार्टनर	पार्टनर	पार्टनर	पार्टनर
स.सं. 511596	स.सं. 550715	स.सं. 065025	स.सं. 226246
UDIN: 25511596BMIVZN7875	UDIN: 5550715BMJBVR7606	UDIN: 25065025BMNQPV4428	UDIN: 25226246BMIGKB6533

स्थान - नई दिल्ली
दिनांक - 30 अप्रैल 2025

खंडेलवाल जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार
6-बी, जनहित याचिका न्यायालय, छठी मंजिल, 111, महर्षि कर्वे रोड,
मुंबई – 400020

के जी सोमानी एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
3/15, आसफ अली मार्ग, चौथा तल, डिलाइट सिनेमा के पास
नई दिल्ली – 110002

एम के पी एस एंड एसोसिएट्स एलएलपी
सनदी लेखाकार
12, राधा नाथ मलिक लेन,
कोलकाता – 700 012

कोमनडूर एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार
फ़ोर्टुना टावर, कमरा नंबर 40, एन.एस. रोड,
कोलकाता – 700012

स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट का अनुबंध क

31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सदस्यों को स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में संदर्भित अनुबंध

(i) (क) (अ) कंपनी ने संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मात्रात्मक विवरण एवं स्थिति सहित पूर्ण ब्यौरे दर्शाते हुए सामान्यतया समुचित रिकॉर्ड रखे हैं।

(आ) कंपनी ने अमूर्त परिसंपत्तियों का पूर्ण ब्यौरे दर्शाते हुए समुचित रिकॉर्ड रखे हैं।

(ख) ग्राहकों के पास एलपीजी सिलिंडरों और प्रेशर रेगुलेटरों को छोड़कर सभी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण का हर तीन वर्ष की अवधि में भौतिक सत्यापन का एक नियमित कार्यक्रम है, जो हमारी राय में कंपनी के आकार और इसकी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत है। हमारी राय में और प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पाई गई विसंगतियां महत्वपूर्ण नहीं थीं और बहियों में उन्हें समुचित रूप से हिसाब में लिया गया है।

(ग) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार तथा कंपनी के अभिलेखों की अपनी जांच के आधार पर, वित्तीय विवरणों में प्रकट सभी अचल संपत्तियों (उन संपत्तियों को छोड़कर जहां कंपनी पट्टेदार है, और पट्टा करारों को पट्टेदार के पक्ष में विधिवत निष्पादित किया गया है) के हक / पट्टा विलेख कंपनी के नाम पर रखे गए हैं। अपवादों का विवरण इस रिपोर्ट के "परिशिष्ट क" में दिया गया है।

(घ) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी किसी भी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (उपयोग के अधिकार सहित) या अमूर्त परिसंपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

(ङ) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार बेनामी लेन-देन (प्रतिषेध) अधिनियम, 1988 (1988 का 45) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत, कोई भी बेनामी संपत्ति रखने के लिए कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है या कोई कार्यवाही लंबित नहीं है।

(ii) (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान इन्वेंट्री (तृतीय पक्ष के पास पड़ी इन्वेंट्री, संयुक्त संचालन के तहत इन्वेंट्री और पारगमन में सामग्री को छोड़कर) को प्रबंधन द्वारा भौतिक रूप से सत्यापित किया गया है और हमारी राय में सत्यापन की आवृत्ति उचित है। हमें स्पष्ट किए गए अनुसार, इन्वेंटरियों का भौतिक सत्यापन करने पर इन्वेंटरी के प्रत्येक वर्ग के लिए बही अभिलेखों की तुलना में कुल मिलाकर 10% या उससे अधिक की कोई विसंगति नहीं पाई गई।

(ख) हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी की मंजूर कार्यशील पूंजी सीमा, चालू परिसंपत्तियों की प्रतिभूति के आधार पर बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक की है। इसके अलावा, कंपनी द्वारा इन बैंकों और वित्तीय संस्थाओं में दायर किए जाने वाले तिमाही रिटर्न/विवरण, कंपनी की लेखा बहियों के अनुरूप हैं।

(iii) (क) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित संस्थाओं को ऋण प्रदान किए हैं या ऋण के रूप में अग्रिम राशि प्रदान की है, या गारंटी दी है। हालाँकि, कंपनी ने वर्ष के दौरान सहायक कंपनी, संयुक्त उद्यम, सहयोगी कंपनियों और अन्य को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	गारंटियां	ऋण	ऋण की प्रकृति वाले अग्रिम
वर्ष के दौरान अनुदान / प्रदान की गई समग्र राशि			
– सहायक	4,067.45	151.92	–
– संयुक्त उद्यम	224.00	–	–
– अन्य	–	828.38	108.24
उपर्युक्त मामलों के संबंध में तुलन पत्र (बैलेंस शीट) की तिथि के अनुसार बकाया शेष:			
– सहायक	4,037.09	151.92	–
– संयुक्त उद्यम	224.00	–	–
– अन्य	–	778.85	47.94

ख) हमारी राय में और हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, किए गए निवेश, प्रदान की गई गारंटियां, दी गई प्रतिभूति और अनुदान दिए गए सभी ऋणों तथा ऋणों की प्रकृति वाले अग्रिमों एवं प्रदान की गई गारंटियों के नियम और शर्तें कंपनी के हित के लिए पूर्वाग्रहपूर्ण नहीं हैं।

(ग) हमारी राय में और हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, ऋणों तथा ऋण की प्रकृति वाले अग्रिमों के संबंध में मूलधन की चुकौती और ब्याज के भुगतान का शेड्यूल निर्धारित किया गया है और चुकौती या प्राप्तियां नियमित हैं।

(घ) हमारी राय में और हमें प्रदान की गई सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, 90 दिनों से अधिक समय से अतिदेय कुल राशि शून्य है।

(ङ) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, निम्नलिखित दो कंपनियों के संबंध में, जहां ऋण या अग्रिम राशि, जो वर्ष के दौरान देय हो गई थी, को नवीकृत या विस्तारित किया गया है या उन्हीं पक्षों को दिए गए मौजूदा ऋणों के अतिदेय को निपटाने के लिए नए ऋण दिए गए हैं,

पक्षों का नाम	कंपनी से संबंध	वर्ष के दौरान दिए गए ऋणों या अग्रिमों की कुल राशि	नवीनीकरण या विस्तार या उन्हीं पक्षों को दिए गए नए ऋणों द्वारा चुकाई गई कुल अतिदेय राशि (रु. 1 करोड़ में)	वर्ष के दौरान दिए गए ऋणों या अग्रिमों की कुल राशि का प्रतिशत
इंडियन ऑयल अदानी वेंचर्स लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	शून्य	10.00	वर्ष के दौरान कोई नया ऋण प्रदान नहीं किया गया
पेट्रोनेट वाडिनार कांडला लिमिटेड	सहयोगी	शून्य	110.90	वर्ष के दौरान कोई नया ऋण प्रदान नहीं किया गया

(च) हमारी राय में और हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, ऐसा कोई मामला नहीं पाया गया, जिसमें कंपनी ने मांग पर चुकौती योग्य या चुकौती की कोई शर्तें अथवा अवधि निर्धारित किए बिना ऋण या ऋण की प्रकृति वाले अग्रिम अनुदान दिए हों।

(iv) हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी को अधिनियम की धारा 186 (अधिनियम की धारा 186(1) को छोड़कर) के प्रावधानों से छूट प्राप्त है क्योंकि यह अधिनियम की अनुसूची-VI के अंतर्गत प्रदत्त बुनियादी ढाँचा सुविधाएँ प्रदान करने के व्यवसाय में संलग्न है। कंपनी ने अधिनियम की धारा 185 और 186(1) के प्रावधानों का, जहाँ भी लागू हो, अनुपालन किया है।

(v) हमारी राय में और हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, वर्ष के दौरान, कंपनी ने यथासंशोधित कंपनी (जमा की स्वीकृति) नियम, 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 73 से 76 तथा अधिनियम के अन्य संबंधित प्रावधानों के अनुसार या भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत, जनता से जमाराशियों को स्वीकार नहीं किया है और वर्ष के अंत में, कुल ₹ 0.01 करोड़ के केवल विवाद के अधीन पुराने मामलों को छोड़कर कोई जमा राशि बकाया नहीं है, जिसके संबंध में हमें सूचित किया गया है कि कंपनी ने आवश्यक निर्देशों का अनुपालन किया है। हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी कानून बोर्ड या राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी न्यायालय या किसी अन्य न्यायाधिकरण द्वारा कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।

(vi) हमने यथासंशोधित कंपनी (लागत अभिलेख और लेखा परीक्षा) नियम, 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 148 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लागत अभिलेखों के रखरखाव के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसरण में, कंपनी द्वारा रखे गए लेखों और अभिलेखों की व्यापक रूप से समीक्षा की है और हमारी राय है कि प्रथमदृष्टया निर्धारित लेखे और अभिलेख तैयार किए गए हैं और रखे गए हैं। तथापि, हमने इस दृष्टि से अभिलेखों की विस्तृत जांच नहीं की है कि यह निर्धारित किया जाए कि वे सटीक और पूर्ण हैं या नहीं।

(vii)(क) हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, मूल्य वर्धित कर, वस्तु और सेवा कर, उत्पाद शुल्क, उपकर (सेस) और खुद पर लागू अन्य सांविधिक देय राशियों सहित सभी निर्विवाद सांविधिक देय राशियां उपयुक्त प्राधिकारियों को नियमित रूप से जमा की हैं। इसके अलावा, यथा 31 मार्च, 2025 को भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, मूल्य वर्धित कर, वस्तु और सेवा कर, उपकर तथा किसी भी अन्य सांविधिक बकाया के संबंध में देय कोई भी निर्विवाद राशि, देय तिथि से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए बकाया नहीं रही।

(ख) समुचित प्राधिकारियों के समक्ष लंबित मामलों के चलते जमा न की गई विवादित सांविधिक देय राशियों का विवरण इस रिपोर्ट के "परिशिष्ट ख" में संलग्न किया गया है।

(viii) हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, ऐसा कोई लेन-देन नहीं है जो लेखा बहियों में दर्ज नहीं किया गया हो और आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के अंतर्गत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में दर्शाया या प्रकट न किया गया हो।

(ix) (क) हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने किसी भी ऋणदाता द्वारा दिए गए ऋणों या अन्य उधारियों की चुकौती या उस पर ब्याज के भुगतान में चूक नहीं की है।

(ख) हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी को किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था या सरकार या किसी भी सरकारी प्राधिकरण द्वारा इरादतन चूककर्ता घोषित नहीं किया गया है।

(ग) हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरणों के अनुसार, कंपनी ने जिस प्रयोजन के लिए मियादी ऋण लिए थे, उन्हें उसी प्रयोजन के लिए उपयोग में लिया गया है।

2.3.2 अनुसंधान चरण में और विकास चरण में किए गए व्यय को आय के लिए प्रभारित किया जाता है, जब तक कि यह पूंजीगत प्रकृति का न हो, आय के लिए भी प्रभारित किया जाता है।

2.3.3 खरीदे गए/विकसित किए गए कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर/लाइसेंस पर होने वाली लागत, जिसके परिणामस्वरूप संबंधित हार्डवेयर के अभिन्न

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

अंग विशिष्ट सॉफ़्टवेयर के अलावा, भावी आर्थिक लाभों को अमूर्त परिसंपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और तिमाही से शुरू होने वाले तीन वर्षों की अवधि में परिशोधित किया जाता है जिसमें ऐसे सॉफ्टवेयर/लाइसेंस पूंजीकृत हैं। हालांकि, जहां ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर/लाइसेंस का विकास किया जा रहा है या अभी तक उपयोग के लिए तैयार नहीं है, ऐसी वस्तुओं पर खर्च की गई संचित लागत को 'विकासशील अमूर्त परिसंपत्ति' के रूप में गिना जाता है।

2.3.4 पेट्रोलियम एवं खनिज पाइपलाइन अधिनियम, 1962 के अनुसार, अनिश्चित उपयोगी जीवन वाले मार्गों का परिशोधन नहीं किया जाता, बल्कि नकदी–उत्पादक इकाई स्तर पर प्रतिवर्ष उनकी क्षति के लिए जाँच की जाती है। अनिश्चित जीवन के मूल्यांकन की प्रतिवर्ष समीक्षा की जाती है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या अनिश्चित जीवन अभी भी सहनीय है। यदि नहीं, तो अनिश्चित से परिमित उपयोगी जीवन में परिवर्तन भावी आधार पर किया जाता है।

2.3.5 अर्जित की गई अमूर्त परिसम्पत्ति को लागत पर प्रारंभिक मान्यता पर मापा जाता है। एक व्यावसायिक संयोजन में अर्जित अमूर्त परिसंपत्तियों की लागत अधिग्रहण की तिथि पर इसके उचित मूल्य पर आधारित होती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद, अमूर्त परिसम्पत्ति को किसी भी संचित परिशोधन और संचित विच्छेदन हानि को घटाकर लागत पर ले जाया जाता है। आंतरिक रूप से उत्पन्न अमूर्त के मामले में, विकास लागत को परिसम्पत्ति के रूप में मान्यता तब दी जाती है जब सभी मान्यता मानदंड पूरे हो जाते हैं।

2.3.6 अमूर्त परिसंपत्ति को सीधी कटौती के आधार पर उपयोगी कालावधि पर परिशोधित किया जाता है और जब भी कोई संकेत मिलता है कि अमूर्त परिसंपत्ति खराब हो सकती है तो हानि के लिए मूल्यांकन किया जाता है। परिशोधन अवधि और परिमित उपयोगी कालावधि के साथ अमूर्त संपत्ति के लिए परिशोधन पद्धति की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन में परिवर्तन या परिसंपत्ति की खपत के अपेक्षित पैटर्न को परिशोधन अवधि या पद्धति को उपयुक्त रूप में संशोधित करने के लिए माना जाता है, और इसे लेखांकन अनुमानों में परिवर्तन के रूप में माना जाता है। अमूर्त संपत्ति पर परिशोधन व्यय को लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है जब तक कि ऐसा व्यय किसी अन्य संपत्ति के लागत मूल्य का हिस्सा न हो।

2.3.7 भारतीय एएस अपनाने पर, कंपनी ने 1 अप्रैल, 2015 को रिकॉर्ड की गई अपनी सभी अमूर्त परिसंपत्तियों के लागत मूल्य को जारी रखना चुना है, जिसे पिछले जीएएपी के अनुसार मापा गया है और उस लागत मूल्य को अमूर्त परिसंपत्तियों की मानी गई लागत के रूप में उपयोग किया है।

2.3.8 पूंजीकरण/बिक्री, निपटान/या निपटान के लिए निर्धारित तिमाही से/तक की परिसंपत्तियों के आधार पर परिशोधन पर यथानुपात प्रभारित किया जाता है।

2.4 मूल्यह्रास

2.4.1 पूर्णस्वामित्व की भूमि को छोड़कर पीपीई की लागत (अवशिष्ट मूल्य का निवल) अधिनियम की अनुसूची II में निर्धारित उपयोगी कालावधि के अनुसार सीधी कटौती पद्धति पर मूल्यह्रास किया जाता है, सिवाय निम्नलिखित परिसंपत्तियों के मामले में–

क. तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर उपयोगी बने रहने की अवधि

- रिटेल आउटलेट्स (भंडारण टैंक और संबंधित उपकरणों के अलावा), एलपीजी सिलिंडर और प्रेशर रेगुलेटरों से संबंधित संयंत्र और उपकरण के लिए 15 वर्ष।
- डिस्पेंसिंग यूनिट के लिए 10 वर्ष
- सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए 25 वर्ष
- अनुसंधान एवं विकास केंद्र की कतिपय परिसंपत्तियां (15–25 वर्ष)
- सीजीडी व्यवसाय की कतिपय परिसंपत्तियां, (कंप्रेसर / बूस्टर कंप्रेसर और डिस्पेंसर – 10 वर्ष, कैस्केड – 20 वर्ष)
- ल्यूब्रकैंट्स के लिए पैकेजिंग सामग्री के विनिर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले मोल्ड – 5 वर्ष
- अन्य मामलों में, जैसे स्पेयर पार्ट्स आदि (2–30 वर्ष)

ख) विशिष्ट समझौता उदाहरण के लिए सक्षम परिसंपत्ति आदि के मामले में, समझौते या अधिनियम की अनुसूची II के अनुसार उपयोगी कालावधि, जो भी कम हो,

ग) पट्टाधारित भूमि पर निर्मित अचल संपत्ति के मामले में, अधिनियम की अनुसूची–II के अनुसार उपयोगी कालावधि या भूमि की पट्टा अवधि (पट्टों के लिए विचार की गई संविदा पट्टा अवधि के अलावा नवीकरण/संभावित नवीकरण अवधि पर विचार करते हुए), जो भी कम हो।

घ) ऐसे मामले में जहां उपयोगी जीवन अन्य प्रासंगिक क़ानून या किसी विनियम के अनुसार अनिवार्य है।

कंपनी मुख्य परिसंपत्ति के घटकों का मूल्यह्रास करती है जो काफी मूल्यवान हैं और मुख्य परिसंपत्ति की तुलना में अलग–अलग उपयोगी कालावधि हैं। कंपनी उपयोग के लिए उपलब्ध होने की तारीख से पुर्जों (स्पेयर्स) की कालावधि पर मूल्यह्रास करती है।

2.4.2 मूल्यह्रास, पूंजीकरण/ बिक्री, निपटान / या निपटान के लिए रखी परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकरण के माह से /तक की परिसंपत्तियों पर यथानुपाती मासिक आधार पर प्रभारित किया जाता है।

2.4.3 मूल्यह्रास पिछले अनुभव को देखते हुए लगाया जाता है और आम तौर पर यह परिसंपत्तियों की लागत को छोड़कर 0% से 5% के बीच होता है, सिवाय

क. स्टील एल पी जी सिलेंडर और प्रेशर रेगुलेटर के मामले में, अवशिष्ट मूल्य को 25% माना जाता है और फाइबर कम्पोजिट एल पी जी सिलेंडर के मामले में, अनुमानित वसूली योग्य मूल्य के आधार पर अवशिष्ट मूल्य 10% माना जाता है।

ख. उत्कृष्ट धातु सामग्री वाले उत्प्रेरक के मामले में, धातु सामग्री की लागत के आधार पर अवशिष्ट मूल्य पर विचार किया जाता है और

ग. कुछ मामलों में संबंधित समझौते में सहमत अंतरण मूल्य के आधार पर अवशिष्ट मूल्य पर विचार किया जाता है।

2.4.4 एल पी जी सिलेंडरों और प्रेशर रेगुलेटरों के अलावा अन्य पी पी ई का पूंजीकरण वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है, जिसकी कीमत 5,000 रुपये प्रति मद तक हो। इसके अलावा, उत्कृष्ट धातु सामग्री और प्रमुख ओवरहाल / निरीक्षण को छोड़कर उत्प्रेरक जैसे पुर्जों, घटकों का भी उनके संबंधित उपयोगी कालावधि पर पूरी तरह से मूल्यह्रास किया जाता है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी-1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

2.4.5 प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी कालावधि और पी पी ई के मूल्यह्रास के तरीकों की समीक्षा की जाती है और यदि उपयुक्त हो तो भविष्यलक्षी प्रभाव से समायोजित किया जाता है।

3. पट्टे

कंपनी अनुबंध की शुरुआत में मूल्यांकन करती है कि क्या अनुबंध पट्टा है या इसमें पट्टा शामिल है। अर्थात्, क्या अनुबंध प्रतिफल के बदले में एक निश्चित अवधि के लिए किसी तय संपत्ति के उपयोग को नियंत्रित करने का अधिकार देता है।

3.1 पट्टेदार के रूप में पट्टे (किराये पर ली गई परिसंपत्तियां)

कंपनी अल्पकालिक पट्टों और कम मूल्य की संपत्ति के पट्टों को छोड़कर, सभी पट्टों के लिए एकल मान्यता और माप दृष्टिकोण लागू करती है। कंपनी पट्टा भुगतान करने के लिए पट्टा देयताओं और अंतर्निहित परिसंपत्तियों के उपयोग के अधिकार का प्रतिनिधित्व करने वाले उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्ति को मान्यता देती है।

3.1.1 पट्टे की देयताएं

पट्टे की शुरुआत की तारीख में, कंपनी पट्टा अवधि में किए जाने वाले पट्टे के भुगतान के मौजूदा मूल्य पर मापी गई संविदात्मक पट्टे की देनदारियों को मानती है, जिसके लिए प्रवर्तनीय अधिकार उपलब्ध हैं। पट्टे के भुगतान के मौजूदा मूल्य की गणना में, कंपनी पट्टे की प्रारंभ तिथि पर वृद्धिशील उधार दर का उपयोग करती है बशर्ते पट्टे में निहित ब्याज दर आसानी से निर्धारित नहीं हो। प्रारंभ तिथि के बाद, पट्टे की देनदारियों की राशि ब्याज की वृद्धि को दर्शाने के लिए बढ़ा दी जाती है और पट्टे के भुगतान के लिए कम कर दी जाती है।

3.1.2 उपयोग अधिकार वाली परिसंपत्तियां

कंपनी उपयोग के अधिकार राइट-ऑफ-यूज (आरओयू) वाली परिसंपत्तियों को पट्टे की प्रारंभ तिथि (अर्थात, परिसंपत्ति जिस तारीख से उपयोग के लिए उपलब्ध हो) से गणना में लाती है। राइट-ऑफ-यूज परिसंपत्तियों को लागत पर मापा जाता है, जमा की गई मूल्यह्रास और ह्रास हानियों को घटाकर, और किसी भी पट्टे की देनदारियों के पुनर्माप के लिए समायोजित किया जाता है। भूमि से संबंधित बेमियादी उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास नहीं होता है, लेकिन क्षति हानि, यदि कोई हो, के लिए उनका परीक्षण किया जाता है।

3.1.3 अल्पकालिक पट्टे और कम मूल्य की परिसंपत्तियों के पट्टे

कंपनी संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के अपने अल्पकालिक पट्टों के लिए अल्पकालिक पट्टा मान्यता छूट लागू करती है (अर्थात, वे पट्टे जिनकी पट्टे की अवधि शुरू होने की तारीख से 12 महीने या उससे कम है और जिसमें खरीद विकल्प शामिल नहीं है)। यह उन पट्टों पर कम मूल्य की संपत्ति मान्यता छूट के पट्टे को भी लागू करता है जिन्हें कम मूल्य का माना जाता है और जो उप-ठेके के लिए अभिप्रेत नहीं है। अल्पकालिक पट्टों और कम-मूल्य की परिसंपत्तियों के पट्टों पर पट्टे के भुगतान को पट्टे की अवधि या किसी अन्य व्यवस्थित आधार पर सीधी कटौती के आधार पर व्यय के रूप में माना जाता है यदि वह आधार पट्टेदार के लाभ के पैटर्न का अधिक निरूपक है।

3.2 पट्टेदार के रुप में लीज़

3.2.1 जब कंपनी पट्टेदार के रूप में कार्य करती है, तो यह पट्टे के प्रारंभ में यह निर्धारित करती है कि यह वित्तीय पट्टा है या परिचालन पट्टा। परिचालन पट्टे से किराये की आय को संबंधित पट्टे की अवधि में सीधी कटौती के आधार पर माना जाता है, सिवाय इसके कि जहां एक और व्यवस्थित आधार पट्टे पर दी गई संपत्ति से प्राप्त लाभ के समय पैटर्न का अधिक निरूपक हो।

वित्त पट्टे पर दी गई सभी परिसंपत्तियों को पट्टे में निवल निवेश के बराबर राशि पर प्राप्य के रूप में दिखाया गया है। पट्टा प्राप्तियों के प्रमुख घटक को बकाया प्राप्तियों के सामने समायोजित किया जाता है और ब्याज आय का लेखा निवल निवेश के लिए पट्टे में निहित ब्याज दर को लागू कर किया जाता है।

3.2.2 जब कंपनी मध्यवर्ती पट्टेदार होती है तो वह शीर्ष पट्टे और उप-पट्टे में अपने हितों का अलग-अलग हिसाब रखती है। यह मुख्य पट्टे से उत्पन्न होने वाली आर ओ यूपरिसंपत्ति के संदर्भ में उप-पट्टे के पट्टा वर्गीकरण का आकलन करता है, न कि अंतर्निहित परिसंपत्ति के संदर्भ में, यदि कोई शीर्ष पट्टा अल्पकालिक पट्टा है जिस पर कंपनी उपरोक्त अल्पकालिक पट्टा छूट लागू करती है, तो यह उप-पट्टे को परिचालन पट्टे के रूप में वर्गीकृत करती है।

4. गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति (ई एंड पी परिसंपत्तियों की क्षति के लिए अनुच्छेद 14 भी देखें)

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर मूल्यांकन करती है कि क्या ऐसा कोई संकेत है कि कोई परिसंपत्ति खराब हो सकती है। यदि कोई संकेत मौजूद है, या जब किसी परिसंपत्ति के लिए वार्षिक हानि परीक्षण की आवश्यकता होती है, तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का अनुमान लगाती है। किसी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि परिसंपत्ति या नकदी पैदा करने वाली यूनिट (सी जी यू) की उचित मूल्य कम निपटान की लागत और उपयोग में इसके मूल्य से अधिक है। क्षति हानि की पहचान तब की जाती है जब किसी परिसंपत्ति की लागत राशि वसूली योग्य राशि से अधिक हो जाए।

उपयोग में मूल्य का आकलन करने में, अनुमानित भावी नकदी प्रवाह को पूर्व-कर छूट दर का उपयोग कर उनके मौजूदा मूल्य पर छूट दी जाती है जो पैसे के समय मूल्य और परिसंपत्ति के लिए विशिष्ट जोखिमों के मौजूदा बाजार आकलन को दर्शाता है। निपटान की लागत घटाकर उचित मूल्य निर्धारित करने में, हाल के बाजार लेनदेन को ध्यान में रखा जाता है। यदि ऐसे किसी भी लेन-देन की पहचान नहीं की जा सकती है, तो एक उपयुक्त मूल्यांकन मॉडल का उपयोग किया जाता है। इन गणनाओं को मूल्यांकन गुणकों, सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनियों के लिए उद्धृत शेयर की कीमतों या अन्य उपलब्ध उचित मूल्य संकेतकों द्वारा पुष्टि की जाती है।

कंपनी विस्तृत बजट और पूर्वानुमान गणनाओं पर अपनी क्षति गणना को आधार बनाती है, जो कंपनी के प्रत्येक सी जी यू के क्षति अलग से तैयार की जाती है, जिसमें अलग परिसंपत्ति आवंटित की जाती है। ये बजट और पूर्वानुमान गणना आम तौर पर 15 वर्षों की अवधि को कवर करते हैं। लंबी अवधि के लिए, दीर्घकालिक विकास दर की गणना की जाती है और पंद्रहवें वर्ष के बाद भावी नकदी प्रवाह को दर्शाने के लिए लागू किया जाता है। नकदी प्रवाह परियोजना का अनुमान लगाने के लिए हाल के बजटों/पूर्वानुमानों द्वारा कवर की गई अवधियों से परे, कंपनी बाद के वर्षों के लिए स्थिर या घटती विकास दर का उपयोग कर बजट में नकदी प्रवाह अनुमानों की गणना तब तक करती है, जब तक कि बढ़ती दर को उचित नहीं ठहराया जा सके।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

5. उधार लेने की लागत

उधार लेने की लागत जो अर्हक परिसंपत्ति के अधिग्रहण या निर्माण के कारण उधार लेने की लागत को ऐसी परिसंपत्ति की लागत के हिस्से के रूप में पूंजीकृत किया जाता है। उधार लेने की लागत का पूंजीकरण निलंबित कर दिया जाता है जब अर्हक संपत्ति पर सक्रिय विकास गतिविधि अस्थायी आधार के अलावा अन्य बाधित होती है और ऐसी विस्तारित अवधि के दौरान लाभ और हानि के विवरण पर प्रभारित किया जाता है। अन्य सभी उधार लागतों को उस अवधि में लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है जिसमें वह खर्च किया जाता है।

6. विदेशी मुद्रा लेनदेन

6.1 विदेशी मुद्रा में लेनदेन शुरू में लेनदेन की तारीख पर प्रचलित विद्यमान विनिमय दरों पर दर्ज किए जाते हैं।

6.2 रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं (जैसे नकद, प्राप्य, देय आदि) में मूल्यवर्ग की मौद्रिक मदों का उस तारीख को प्रचलित विनिमय दरों पर रूपांतरित किया जाता है।

6.3 विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्गित गैर–मौद्रिक मदें (जैसे पीपीई, अमूर्त परिसंपत्तियां, इक्विटी निवेश, पूंजी/राजस्व अग्रिम, जिनका नकद में निपटान अपेक्षित नहीं है, आदि) उचित मूल्य पर मापी गई मदों को छोड़कर, लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर पर दर्ज की जाती हैं।

विदेशी मुद्रा में उचित मूल्य पर मापित गैर–मौद्रिक वस्तुओं का विनिमय दरों का उपयोग उस तिथि पर किया जाता है जब उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है। उचित मूल्य पर मापित गैर–मौद्रिक वस्तुओं के रूपांतरण पर होने वाले लाभ या हानि को वस्तु के उचित मूल्य में परिवर्तन पर लाभ या हानि की मान्यता के अनुरूप माना जाता है (अर्थात, उन वस्तुओं पर रूपांतरण अंतर जिनके उचित मूल्य लाभ या हानि अन्य समग्र आय (ओ सी आई) में मान्यता प्राप्त है या लाभ और हानि के विवरण को ओ सी आई या क्रमशः लाभ और हानि के विवरण में भी अभिलेखित किया जाता है)।

6.4 रूपांतरण या निपटान के समय विनिमय दरों में अंतर के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी लाभ या हानि को लाभ और हानि के विवरण में या तो शीर्ष विदेशी मुद्रा में उतार–चढ़ाव या ब्याज लागत के तहत उधार लेने की लागत, जैसा भी हो,नीचे उल्लिखित ऋणों से संबंधित को छोड़कर, उसके समायोजन के रूप में माना जाता है।

मूल्यह्रास योग्य परिसंपत्तियों के अधिग्रहण से संबंधित 31 मार्च 2016 को या उससे पहले प्राप्त या पुनर्वित्त किए गए दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा ऋण पर विनिमय अंतर को परिसंपत्तियों की लागत मूल्य में समायोजित किया जाता है और परिसंपत्तियों के शेष जीवन पर मूल्यह्रास किया जाता है।

7. वस्तुसूची

7.1 कच्चा माल और प्रक्रियाधीन स्टॉक

7.1.1 कच्चे तेल सहित कच्चे माल का मूल्यांकन भारित औसत आधार या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निर्धारित लागत पर किया जाता है। प्रक्रियाधीन स्टॉक का मूल्यांकन कच्चे माल की लागत और लागू होने वाली प्रसंस्करण लागत या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। ट्रांज़िट में कच्चे तेल का मूल्य या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

7.1.2माल की प्रारंभिक लागत में कच्चे माल की खरीद के संबंध में ओ सी आई में मान्यता प्राप्त योग्य नकदी प्रवाह बचाव पर लाभ और हानि का अंतरण शामिल है।

7.2 तैयार उत्पाद और व्यापार स्टॉक

7.2.1लुब्रिकेंट्स के अलावा तैयार उत्पाद और व्यापार में स्टॉक का मूल्य 'फर्स्ट इन फर्स्ट आउट' के आधार पर या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निर्धारित किया जाता है। तैयार उत्पादों की लागत कच्चे माल की लागत और प्रसंस्करण लागत के आधार पर निर्धारित की जाती है।

7.2.2 लुब्रिकेंट का मूल्यांकन भारित औसत आधार पर या निवल वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर किया जाता है। आंतरिक रूप से उत्पादित लुब्रिकेंट्स की लागत इनपुट और प्रसंस्करण लागत के आधार पर निर्धारित की जाती है।

7.2.3 पारगमन में आयातित उत्पादों का मूल्यांकन लागत या शुद्ध वसूली योग्य मूल्य जो भी कम हो, पर किया जाता है।

7.3 स्टोर्स और स्पेयर्स

7.3.1 स्टोर्स और स्पेयर्स (केमिकल पैकिंग कंटेनर यानी खाली बैरल, टिन आदि सहित) का मूल्यांकन भारित औसत लागत पर किया जाता है। मूल्य में संभावित कमी के लिए निर्धारित अप्रचलित स्टोर्स और पुर्जों और रसायनों के संबंध में विशिष्ट प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, मूल्य में संभावित कमी की दिशा में बैलेंस स्टोर्स और स्पेयर्स (बैरल, टिन, ट्रांजिट में स्टोर, रसायन/उत्प्रेरक, कच्चा तेल, और स्वयं के उत्पादों को छोड़कर) पर लागत की 5% की दर से प्रावधान किया गया है।

7.3.2 ट्रांजिट में स्टोर्स और स्पेयर्स का मूल्य लागत पर किया जाता है।

8. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

8.1 प्रावधान

प्रावधानों को तब माना जाता है जब कंपनी के पास पिछली घटना के परिणामस्वरूप मौजूदा दायित्व (कानूनी या रचनात्मक) होता है, तो यह संभव है कि दायित्व को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ वाले संसाधनों का बहिर्गमन होगा और दायित्व की राशि का विश्वसनीय अनुमान हो सकता।

8.2 डिकमीशनिंग का दायित्व

अनुमानित नकदी प्रवाह का उपयोग कर दायित्व को निपटाने के लिए अपेक्षित लागत के मौजूदा मूल्य पर विमुक्ति लागत प्रदान की जाती है और विशेष संपत्ति की लागत के हिस्से के रूप में माना जाता है। नकदी प्रवाह को मौजूदा कर–पूर्व दर पर छूट दी जाती है जो कि डिकमीशनिंग देयता के लिए विशिष्ट जोखिमों को दर्शाता है। छूट की समाप्ति को व्यय के रूप में खर्च किया जाता है और वित्तीय लागत के रूप में लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है। डिकमीशनिंग की अनुमानित भावी लागत की सालाना समीक्षा की जाती है और यथा उपयुक्त समायोजित किया जाता है। अनुमानित भावी लागत या लागू छूट दर में परिवर्तन को परिसंपत्ति की लागत में समायोजित किया जाता है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी-1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

8.3 आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक परिसंपत्तियां

8.3.1 विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को आम तौर पर दायित्व के रूप में नहीं माना जाता है। जब इस तरह के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ मांग नोटिस दिए जाते हैं और कंपनी द्वारा विवादित होते हैं, तो इन्हें विवादित दायित्वों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

8.3.2 विवादित दायित्वों के संबंध में व्यवहार निम्नानुसार है -

क) वर्तमान दायित्वों के संबंध में एक प्रावधान माना जाता है जहां ऊपर 8.1 के अनुसार संसाधनों का बहिर्गमन संभावित है;

ख) अन्य सभी मामलों को आकस्मिक देनदारियों के रूप में प्रकट किया जाता है जब तक कि संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना बहुत कम हो।

8.3.3 एक आकस्मिक संपत्ति का खुलासा किया जाता है जहां आर्थिक लाभ की आमद संभावित होती है।

8.3.4 आकस्मिक देयताओं/परिसंपत्तियों को प्रबंधन/स्वतंत्र विशेषज्ञों के निर्णय के आधार पर प्रकट किया जाता है और वर्तमान प्रबंधन के अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए प्रत्येक तुलन-पत्र की तारीख को इसकी समीक्षा की जाती है।

9. राजस्व

ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व

9.1. आय तब मानी जाती है जब वस्तुओं या सेवाओं का नियंत्रण ग्राहक को उस राशि पर अंतरित किया जाता है जो उस प्रतिफल को दर्शाता है जिसके लिए कंपनी उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले हकदार होने की अपेक्षा करती है।

कंपनी ने आम तौर पर यह निष्कर्ष निकाला है कि कुछ एजेंसी सेवाओं को छोड़कर, यह अपनी आय व्यवस्था में प्रमुख है, क्योंकि यह आम तौर पर ग्राहकों को हस्तांतरित करने से पहले वस्तुओं या सेवाओं को नियंत्रित करती है।

कंपनी इस बात पर विचार करती है कि क्या अनुबंध में अन्य वादे हैं जो अलग-अलग निष्पादन दायित्व हैं जिनके लिए लेनदेन मूल्य के एक हिस्से को आवंटित करना है (उदाहरण के लिए, ग्राहक लॉयल्टी पॉइंट)। उत्पादों की बिक्री के लिए लेन-देन मूल्य का निर्धारण करने में, कंपनी परिवर्तनीय प्रतिफल के प्रभावों, महत्वपूर्ण वित्तीय घटकों के अस्तित्व, गैर-नकद प्रतिफल और ग्राहक को देय प्रतिफल पर विचार करती है (यदि कोई हो)।

9.2 पेट्रोलियम उत्पादों, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कच्चे तेल और गैस की बिक्री से होने वाली आय को एक समय पर, आमतौर पर उत्पादों की डिलीवरी पर अभिलेखित किया जाता है। डीलरों और सेवा अनुबंधों से गैर-वापसी योग्य जमा के मामले में कंपनी इनपुट पद्धति (व्यतीत समय के आधार पर) का उपयोग कर समय के साथ आय को मानती है। निर्माण अनुबंधों के मामले में, लागत और कुल अनुबंध लागत की तुलना कर इनपुट पद्धति का उपयोग कर अनुबंध की प्रगति को मापकर आय और लागत को पहचाना जाता है।

9.3 कंपनी ने यह मान लिया है कि उत्पाद शुल्क की वसूली कंपनी को उसके अपने खाते में आती है। यह इस कारण से है कि यह निर्माता का दायित्व है जो उत्पादन की लागत का हिस्सा बनता है, भले ही माल बेचा गया हो या नहीं। चूंकि उत्पाद शुल्क की वसूली कंपनी के अपने खाते में आती है, अतः आय में उत्पाद शुल्क शामिल है।

हालांकि, बिक्री कर/माल और सेवा कर (जी एस टी) और मूल्य वर्धित कर (वी ए टी) कंपनी को अपने खाते में प्राप्त नहीं होता है। बल्कि, यह सरकार की ओर से विक्रेता द्वारा उत्पाद में जोड़े गए मूल्य पर कर एकत्र किया जाता है। तदनुसार, इसे आय से बाहर रखा गया है।

9.4 परिवर्तनीय प्रतिफल

इस अवधि के दौरान खरीदे गए उत्पादों की मात्रा अनुबंध में निर्दिष्ट सीमा से अधिक हो जाने पर कंपनी कुछ ग्राहकों को वॉल्यूम छूट प्रदान करती है। ग्राहक द्वारा देय राशियों के सामने छूट की भरपाई की जाती है। वॉल्यूम छूट/नकद छूट परिवर्तनीय प्रतिफल को जन्म देती है। अपेक्षित भावी छूट/नकद छूट के लिए परिवर्तनशील प्रतिफल का अनुमान लगाने के लिए, कंपनी एकल-वॉल्यूम सीमा वाले अनुबंधों के लिए सबसे संभावित राशि पद्धति और एक से अधिक वॉल्यूम सीमा वाले अनुबंधों के लिए अपेक्षित मूल्य पद्धति को लागू करती है। परिवर्तनीय प्रतिफल की राशि का सबसे अच्छा अनुमान लगाने वाली चयनित विधि मुख्य रूप से अनुबंध में निहित मात्रा सीमा की संख्या द्वारा संचालित होती है और तदनुसार, प्रचालनों से राजस्व में उचित समायोजन के साथ कंपनी अपेक्षित भावी छूट के लिए धन वापसी देयता को पहचानती है।

9.5 लॉयल्टी पॉइंट

कंपनी निष्ठा अंकों की विभिन्न योजनाएं संचालित करती है। ग्राहक के निष्ठा अंकों को आवंटित लेनदेन मूल्य उनके सापेक्ष अनुमानित स्टैंडअलोन बिक्री मूल्य पर आधारित होता है और इसे माल की बिक्री से आय से घटा दिया जाता है। ग्राहक निष्ठा अंकों के स्टैंडअलोन बिक्री मूल्य का अनुमान लगाते समय, विकल्प का प्रयोग करने की संभावना को समायोजित किया जाता है। जहां कहीं भी कंपनी इस व्यवस्था में एजेंट के रूप में कार्य कर रही है, वहां कंपनी आय को शुद्ध आधार पर मानती है

10. उत्पाद शुल्क

उत्पाद शुल्क का लेखा-जोखा दोनों के आधार पर किया जाता है, माल की निकासी के संबंध में किए गए भुगतान और स्टॉक में पड़े माल के लिए किए गए प्रावधान। स्टॉक के मूल्य में जहां भी लागू हो, तैयार माल पर देय / भुगतान किया गया उत्पाद शुल्क शामिल है।

11. आय पर कर

11.1 मौजूदा आयकर

मौजूदा कर का प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। राशि की गणना करने के लिए उपयोग की जाने वाली कर दरें और कर कानून वे हैं जो रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित होते हैं।

लाभ या हानि के बाहर मान्यता प्राप्त वस्तुओं से संबंधित मौजूदा आयकर को लाभ या हानि के बाहर (या तो अन्य समग्र आय या इक्विटी में) माना जाता है। प्रबंधन समय-समय पर कर रिटर्न में ली गई स्थितियों का मूल्यांकन के संबंध में करता है जिनमें लागू कर नियम व्याख्या के अधीन हैं और जहां उपयुक्त हो वहां प्रावधान स्थापित करते हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

11.2 आस्थगित कर

11.2.1 आस्थगित कर रिपोर्टिंग तिथि पर वित्तीय रिपोर्टिंग उद्देश्यों के लिए परिसंपत्तियों और देनदारियों के कर आधारों और उनकी वहन राशियों के बीच अस्थायी अंतर पर तुलन–पत्र पद्धति का उपयोग कर प्रदान किया जाता है। आस्थगित कर परिसंपत्तियों और देनदारियों को कर दरों (और कर कानूनों) के आधार पर मापा जाता है जिन्हें रिपोर्टिंग तिथि पर अधिनियमित या वास्तविक रूप से अधिनियमित किया गया है।

11.2.2 लाभ या हानि के बाहर मान्यता प्राप्त मदों से संबंधित आस्थगित कर को लाभ या हानि (या तो अन्य समग्र आय या इक्विटी में) के बाहर माना जाता है।

12. कर्मचारी हितलाभ

12.1 अल्पावधि लाभ :

अल्पकालिक कर्मचारी लाभों का हिसाब उस अवधि के लिए लाभ व हानि के विवरण में लगाया जाता है, जिसके दौरान सेवाएं प्रदान की गई हैं।

12.2 रोज़गार के बाद के हितलाभ और अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी हितलाभ:

क) भविष्य निधि में कंपनी का योगदान पात्र कर्मचारी के वेतन के एक निश्चित प्रतिशत के आधार पर इस उद्देश्य के लिए स्थापित अलग–अलग ट्रस्टों को प्रेषित किया जाता है और लाभ और हानि / सी डब्ल्यू आई पी के विवरण के लिए प्रभारित किया जाता है। सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम प्रतिलाभ दर के आधार पर निधि परिसंपत्तियों में कमी होने पर उसे कंपनी द्वारा पूरा किया जाता है और लाभ और हानि के विवरण/सी डब्ल्यू आई पी पर प्रभारित किया जाता है।

ख) कंपनी ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ, पुनर्वास, सम्मान योजना, अनुग्रह राशि के लिए परिभाषित लाभ योजनाओं का संचालन करती है। इस तरह के परिभाषित लाभ प्रदान करने की लागत वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन की अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग कर निर्धारित की जाती है। इन योजनाओं में से, ग्रेच्युटी, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ संबंधित ट्रस्टों के माध्यम से संचालित किया जाता है।

ग) वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन की अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग कर अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों जैसे छुट्टी नकदीकरण और लंबी सेवा पुरस्कारों पर दायित्व प्रदान किए जाते हैं। इन दायित्वों में से, छुट्टी नकदीकरण दायित्वों को बीमा कंपनियों के साथ बनाई गई योग्य बीमा पॉलिसियों के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है।

घ) कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए पेंशन लाभ के लिए एक परिभाषित योगदान योजना भी संचालित करती है और योगदान एक अलग ट्रस्ट/कॉर्पोरेट एनपीएस को प्रेषित किया जाता है।

12.3 पुनर्मापन–

बीमांकिक लब्धियों और हानियों तथा योजित परिसंपत्तियों पर प्राप्ति (निवल निर्धारित अनुलाभ दायित्व पर निवल ब्याज में शामिल राशियों को छोड़कर) को शामिल करते हुए किए गए पुनर्मापन को जिस अवधि में ऐसा हुआ है उस अवधि में अन्य समग्र आय (ओसीआई) के माध्यम से प्रतिधारित आय के संबंधित नामे या जमा के साथ तुलन–पत्र में तुरंत निर्धारित किया जाता है। पुनर्मापनों को बाद की अवधि में लाभ या हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाता है। अन्य दीर्घकालिक अनुलाभों से संबंधित पुनर्मापनों को लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

13. अनुदान

13.1 परिसंपत्तियों से संबंधित अनुदान (पूंजीगत अनुदान)

मूल्यह्रास योग्य संपत्ति से संबंधित अनुदान के मामले में, परिसंपत्ति की लागत को सकल मूल्य पर दिखाया जाता है और उस पर अनुदान को आस्थगित आय के रूप में माना जाता है जिसे "अन्य परिचालन आय" के रूप में माना जाता है, आमतौर पर अवधि के दौरान लाभ और हानि के विवरण में और जिस अनुपात में मूल्यह्रास लगाया जाता है।

13.2 आय से संबंधित अनुदान (राजस्व अनुदान)

आय अनुदान को लाभ और हानि के विवरण में व्यवस्थित आधार पर उस अवधि के दौरान माना जाता है जिसमें यूनिट संबंधित लागत के रूप में अभिलेखित करती है जिसके लिए अनुदान की प्रतिपूर्ति करने का आशय हो।

सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित योजनाओं के अनुसार, जहां भी लागू हो, अंतिम समायोजन के अधीन, कम वसूली के लिए सब्सिडी और बजटीय सहायता को "परिचालन से आय" में दर्ज किया जाता है।

आय अनुदान आम तौर पर "अन्य परिचालन आय" के तहत दर्ज किया जाता है, कुछ अनुदानों को छोड़कर जिसमें मुख्य रूप से उत्तर पूर्व उत्पाद शुल्क और प्रवेश कर छूट शामिल होती है, जो संबंधित व्यय के साथ निवल राशि हो जाती है।

13.3 जब ऋण या इसी तरह की सहायता सरकारों या संबंधित संस्थानों द्वारा मौजूदा लागू बाजार दर या शून्य ब्याज दर से कम ब्याज दर के साथ प्रदान की जाती है, तो इस अनुकूल ब्याज के प्रभाव को सरकारी अनुदान माना जाता है। ऋण या सहायता को शुरू में उचित मूल्य पर माना और मापा जाता है और सरकारी अनुदान को ऋण के प्रारंभिक लागत मूल्य और प्राप्त आय के बीच के अंतर के रूप में मापा जाता है। ऋण को बाद में वित्तीय देनदारियों पर लागू लेखांकन नीति के अनुसार मापा जाता है। अनुदान का वर्गीकरण अनुदान के नियमों और शर्तों को ध्यान में रखते हुए किया जाता है अर्थात चाहे अनुदान संपत्ति से संबंधित हो या अन्यथा।

14. तेल और गैस अन्वेषण गतिविधियां

14.1 अधिग्रहण–पूर्व लागत :

तेल और गैस का पता लगाने, विकसित करने और उत्पादन करने के अधिकार (अधिकारों) को प्राप्त करने से पहले किए गए व्यय को खर्च होने समायोजन किया जाता है।

14.2 अन्वेषण चरण :

अन्वेषण के तहत परियोजनाओं से संबंधित अधिग्रहण लागत को शुरू में "विकास के तहत अमूर्त संपत्ति" के रूप में गिना जाता है। अमूर्त

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी-1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

के रूप में वर्गीकृत तेल और गैस संपत्तियों पर खर्च में अन्वेषण और खोजपूर्ण ड्रिलिंग लागत के अर्जित अधिकार शामिल हैं।

तेल और गैस की खोज में किए गए सर्वेक्षण और पूर्वेक्षण गतिविधियों की लागत को उस वर्ष में अन्वेषण लागत के रूप में खर्च किया जाता है जिसमें ये खर्च किए जाते हैं।

यदि परियोजना तकनीकी व्यवहार्यता और वाणिज्यिक व्यवहार्यता अध्ययन के आधार पर व्यवहार्य नहीं है, तो अन्वेषणीय कुओं से संबंधित सभी लागतों को उस वर्ष में खर्च किया जाता है जब सूखा होना निर्धारित हो। यदि परियोजना व्यवहार्य साबित होती है, तो अन्वेषणीय कुओं की ड्रिलिंग से संबंधित सभी लागतों को "विकास के तहत अमूर्त संपत्ति" के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखा जाएगा।

14.3 विकास चरण:

विकास चरण के तहत परियोजनाओं से संबंधित अधिग्रहण लागत को "जारी पूंजीगत कार्य" के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

जब कोई कुआं वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के लिए तैयार होता है, तो प्रमाणित विकसित तेल और गैस भंडार के अनुरूप पूंजीकृत लागत को "पूरे हुए कुओं/उत्पादन वाले कुओं" के रूप में "पूंजीगत कार्य-प्रगति/विकास के तहत अमूर्त संपत्ति" से सकल ब्लॉक संपत्तियां में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। तेल और गैस संपत्तियों के उदाहरण जिन्हें मूर्त संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, उनमें विकास ड्रिलिंग लागत, पाइपिंग और पंप और उत्पादित कुएं शामिल हैं।

14.4 उत्पादन चरण

उत्पादन लागत में मूल्यह्रास सहित प्री-वेल हेड और पोस्ट-वेल हेड खर्च शामिल हैं और सहायक उपकरण और सुविधाओं की लागू परिचालन लागत को हटा दिया गया है।

प्रमाणित और विकसित भंडारों के आधार पर उत्पादन पद्धति की यूनिट का उपयोग कर कमी की गणना की जाती है।

14.5 परित्याग चरण

विकास/उत्पादन चरण के मामले में, परित्याग/डिकमिशनिंग राशि को अनुमानित भावी व्यय के मौजूदा मूल्य पर माना जाता है। छूट को समाप्त करने के अलावा अनुमानित डिकमीशनिंग व्यय के मौजूदा मूल्य में कोई भी परिवर्तन डिकमिशनिंग प्रावधान और संबंधित परिसंपत्ति के लागत मूल्य में समायोजित किया जाता है। प्रावधान पर छूट को समाप्त करना लाभ और हानि के विवरण में वित्त लागत के रूप में लगाया जाता है।

14.6 ई एंड पी परिसम्पत्तियों की क्षति

14.6.1 विकास और उत्पादन परिसंपत्तियों के मामले में क्षति परीक्षण

ई एंड पी से संबंधित विकास और उत्पादन परिसंपत्तियों के मामले में, तेल और प्राकृतिक गैस की भावी कीमतों, उत्पादन की मात्रा, साबित और संभावित आरक्षित मात्रा और छूट दर के प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमान का उपयोग कर अपेक्षित भविष्य के नकदी प्रवाह का अनुमान लगाया जाता है। उपयोग की अवधारणा में मूल्य के आधार पर अपेक्षित भावी नकदी प्रवाह का अनुमान लगाया जाता है। उपयोग में मूल्य अनुमानित तेल या गैस उत्पादन प्रोफाइल द्वारा उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह पर आधारित है, जो प्रत्येक उत्पादक क्षेत्र के उत्पादन की समाप्ति की अपेक्षित तारीखों तक है, प्रमाणित और संभावित भंडार के मौजूदा अनुमानों और उचित और समर्थन योग्य वित्तीय अनुमानों के आधार पर है जो मौजूदा आर्थिक स्थितियों की सीमा के प्रबंधन के सर्वोत्तम अनुमान दर्शाते हैं जो परिसंपत्ति के शेष उपयोगी कालावधि तक रहेंगे। प्रबंधन परिसंपत्ति की शेष उपयोगी कालावधि पर आर्थिक स्थितियों की सीमा का दीर्घकालिक दृष्टिकोण लेता है और आर्थिक स्थितियों में अपेक्षाकृत अल्पकालिक परिवर्तनों पर आधारित नहीं होता है। तथापि, अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों की क्षति पैरा 14.6.2 के अनुसार की जानी है

14.6.2 अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों के मामले में क्षति

अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों का परीक्षण क्षति के लिए किया जाता है जहां क्षति के लिए एक संकेतक मौजूद होता है। ऐसे मामलों में, वसूली योग्य राशि की गणना करते समय, 14.6.1 में उल्लिखित कारकों के अलावा, संबंधित निहित जोखिमों को उचित रूप से समायोजित करने के बाद प्रबंधन के कुल मौजूदा भंडार और संसाधनों के सर्वोत्तम अनुमान (संभावित और आकस्मिक आरक्षित सहित) पर विचार किया जाता है। क्षति हानि को बाद में उलट दिया जाता है, इस हद तक कि क्षति की स्थितियां अब मौजूद नहीं हैं।

14.6.3 नकद अर्जित करने वाली यूनिट

ई एंड पी परिसंपत्तियों के मामले में, कंपनी आम तौर पर एक परियोजना को नकदी अर्जन करने वाली यूनिट के रूप में मानती है। हालांकि, ऐसे मामले में जहां कई क्षेत्र सामान्य उत्पादन/परिवहन सुविधाओं का उपयोग कर रहे हैं और पर्याप्त रूप से आर्थिक रूप से अन्योन्याश्रित हैं, वहां उन्हें एकल नकद उत्पादन यूनिट का गठन माना जाता है।

14.7 कंपनी संयुक्त रूप से स्वामित्व वाली तेल और गैस परिसंपत्तियों का लेखा-जोखा रखती है, जिसमें वह गैर-प्रचालक है और केवल भागीदारी हित रखती है, जो परिसंपत्तियों के संचालक द्वारा अपनाए गए लेखांकन अनुमानों और निर्णयों पर आधारित है।

15. मौजूदा बनाम गैर-मौजूदा वर्गीकरण

कंपनी बैलेंस शीट में परिसंपत्तियों और देनदारियों के वर्तमान और गैर-वर्तमान वर्गीकरण को निर्धारित करने के लिए बारह महीने की अवधि का उपयोग करती है।

16. वित्तीय लिखतें

16.1 वित्तीय परिसंपत्तियां

प्रारंभिक मान्यता और माप

सभी वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है, साथ ही, लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर दर्ज नहीं की गई वित्तीय परिसंपत्तियों के मामले में, लेनदेन लागत जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के कारण होती है। हालाँकि, व्यापार प्राप्य जिनमें कोई महत्वपूर्ण वित्तपोषण घटक नहीं होता है, उन्हें लेनदेन मूल्य पर मापा जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए सीधे जिम्मेदार लेनदेन लागत को लाभ और हानि के विवरण में तुरंत मान्यता दी जाती है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

बाद के माप

बाद के माप के उद्देश्य से, वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है–

- परिशोधन लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां
- अन्य समग्र आय के माध्यम से उचित मूल्य पर ऋण दस्तावेज़ (एफवीटीओसीआई)
- अन्य समग्र आय के माध्यम से उचित मूल्य पर इक्विटी दस्तावेज़ (एफवीटीओसीआई)
- लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां और डेरिवेटिव्ज़ (एफवीटीपीएल)

16.1.1 परिशोधित लागत पर वित्तीय परिसंपत्तियां

वित्तीय परिसंपत्तियों को परिशोधन लागत पर मापा जाता है बशर्ते निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती हों–

क) परिसंपत्ति एक व्यावसायिक मॉडल के भीतर रखी जाती है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र करने के लिए परिसंपत्ति रखना है, और

ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह के लिए निर्दिष्ट तिथियों को जन्म देती हैं जो केवल मूलधन और ब्याज (एसपीपीआई) का भुगतान बकाया मूलधन पर होता है।

वित्तीय परिसंपत्तियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग कर परिशोधन लागत पर मापा जाता है। परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है और शुल्क या लागत जो ई आई आर का एक अभिन्न अंग है। ईआईआर परिशोधन को लाभ या हानि में वित्तीय आय में शामिल किया जाता है। क्षति से होने वाली हानियों को लाभ या हानि में पहचाना जाता है। इसके अलावा, भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार परिशोधित लागत पर मापी गई वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्माप से उत्पन्न होने वाली किसी भी आय या व्यय को लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है। यह श्रेणी आम तौर पर व्यापार और अन्य प्राप्तियों पर लागू होती है।

16.1.2 एफवीटीओसीआई पर ऋण दस्तावेज़

'ऋण दस्तावेज़' को एफ वी टीओ सी आई के रूप में वर्गीकृत किया जाता है बशर्ते निम्नलिखित दोनों मानदंडों को पूरा किया जाए:

क) व्यापार मॉडल का उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एकत्र कर और वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचकर प्राप्त किया जाता है, और

ख) परिसंपत्ति का संविदात्मक नकदी प्रवाह केवल मूलधन और ब्याज (एसपीपीआई) के भुगतान का निरूपण करता है।

एफवीटीओसीआई श्रेणी में शामिल ऋण दस्तावेज़ों को शुरू में और साथ ही प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य पर मापा जाता है। उचित मूल्य बदलावों को अन्य समग्र आय (ओसीआई) में अभिलेखित किया जाता है। हालांकि, कंपनी लाभ और हानि के विवरण में ब्याज आय, विच्छेदन हानि और रिवर्सल और विदेशी मुद्रा लाभ या हानि को मानती है। परिसंपत्ति की मान्यता समाप्त होने पर, ओसीआई में पहले से रिकार्ड संचयी लाभ या हानि को इक्विटी से लाभ और हानि के विवरण में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। एफवीटीओसीआई ऋण दस्तावेज़ों को धारण करते हुए अर्जित ब्याज को ईआईआर पद्धति का उपयोग कर ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट किया जाता है।

16.1.3 इक्विटी दस्तावेज़

क. सहायक कंपनियों, संयुक्त उपक्रमों और एसोसिएट्स में इक्विटी निवेश

सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स में निवेश का वित्तीय विवरणों में लागत पर हिसाब लगाया जाता है और क्षति के किसी भी संकेत के मामले में क्षति के लिए इसका परीक्षण किया जाता है।

ख. एफवीटीओसीआई में संयुक्त उद्यमों में शेयर वारंट

संयुक्त उद्यमों के शेयर वारंट में निवेश को उचित मूल्य पर मापा जाता है और कंपनी ने अन्य समग्र आय में उचित मूल्य में बाद के परिवर्तनों को प्रस्तुत करने का अप्रतिसंहरणीय चुनाव किया है।

ग. एफवीटीओसीआई में सहायक, संयुक्त उद्यम और सहयोगी कंपनियों के अलावा अन्य संस्थाओं में इक्विटी निवेश।

ऐसे सभी इक्विटी निवेशों को उचित मूल्य पर मापा जाता है और कंपनी ने अन्य समग्र आय के उचित मूल्य में अनुवर्ती परिवर्तन प्रस्तुत करने के लिए अप्रतिसंहरणीय चुनाव किया है। निवेश की बिक्री पर भी ओसीआई से लाभ–हानि के विवरण तक की राशि में कोई रिसाइकल नहीं है।

घ. जब कंपनी का लाभांश प्राप्त करने का अधिकार स्थापित हो जाता है तो लाभांश आय को लाभ–हानि के विवरण में निर्धारित किया जाता है।

16.1.4 एफवीटीपीएल पर ऋण दस्तावेज़ और डेरिवेटिव

एफवीटीपीएल ऋण दस्तावेज़ों के लिए एक अवशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण दस्तावेज़, जो परिशोधन लागत पर या एफ वी टीओ सी आई के रूप में वर्गीकरण के मानदंडों को पूरा नहीं करता है, उसे एफ वी टी पी एल के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज किए गए डेरिवेटिव वित्तीय दस्तावेज़ भी शामिल हैं जिन्हें भारतीय ए एस 109 द्वारा परिभाषित हेज संबंधों में हेजिंग दस्तावेज़ों के रूप में नामित नहीं किया गया है। एफ वी टी पी एल श्रेणी में शामिल ऋण दस्तावेज़ों को लाभ और हानि के विवरण में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ उचित मूल्य पर मापा जाता है। ऐसे दस्तावेज़ों पर ब्याज की आय को ब्याज की आय के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।

16.1.5 वित्तीय परिसंपत्तियों की अनर्जकता

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों की अनर्जक हानि का मापन करने और निर्धारित करने के लिए अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) मॉडल लागू करती है जिसे ऋण, ऋण प्रतिभूतियां, जमा राशियां, व्यापार प्राप्तियां और बैंक शेष जैसी मापी गई लागत पर मापा जाता है।

इस अवधि के दौरान निर्धारित ईसीएल अनर्जक हानि स्वीकृति (या वापसी) को लाभ–हानि के विवरण में व्यय/आय/के रूप में निर्धारित किया जाता है। तुलन–पत्र में, ईसीएल को स्वीकृति के रूप में प्रस्तुत किया गया है यानी, तुलन–पत्र में उन परिसंपत्तियों के मापन के अभिन्न अंग के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह स्वीकृति निवल रखाव राशि को कम कर देती है। जब तक परिसंपत्ति को बट्टे खाते

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

डालने के मानदंड पूरे नहीं होते, कंपनी सकल रखाव राशि से अनर्जक स्वीकृति को कम नहीं करती है।

सरलीकृत दृष्टिकोण

कंपनी व्यापार प्राप्तियों पर क्षति हानि भत्ता को मानने के लिए 'सरलीकृत दृष्टिकोण' का पालन करती है। सरलीकृत दृष्टिकोण लागू करने के लिए कंपनी को क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन को ट्रैक करने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, यह प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर, इसकी प्रारंभिक मान्यता से ही, आजीवन ई सी एल के आधार पर क्षति हानि भत्ता को मान्यता देता है।

कंपनी, व्यावहारिक उपाय के रूप में, अपनी व्यापार प्राप्य राशियों के पोर्टफोलियो पर क्षति हानि भत्ता निर्धारित करने के लिए एक प्रावधान मैट्रिक्स का इस्तेमाल करती है। यह प्रावधान मैट्रिक्स, व्यापार प्राप्य राशियों के संभावित समय पर अपनी पुरानी देखी गई डिफॉल्ट दरों (ऑब्ज़र्व्ड डिफॉल्ट रेट) पर आधारित है और आगामी आकलनों के लिए समायोजित किया गया है। प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को, पूर्ववृत ऑब्ज़र्व्ड डिफॉल्ट रेट अद्यतित की जाती हैं और इससे आगामी आकलनों में होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण किया जाता है। इस आधार पर, कंपनी रिपोर्टिंग तिथि को व्यापार प्राप्य राशियों पर प्रावधान का आकलन करती है।

सामान्य दृष्टिकोण

अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों पर क्षति हानि की पहचान के लिए, कंपनी यह निर्धारित करती है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है या नहीं। यदि क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, तो 12–महीने के ई सी एल का उपयोग क्षति हानि के लिए किया जाता है। हालांकि, अगर क्रेडिट जोखिम काफी बढ़ गया हो, तो आजीवन ई सी एल का उपयोग किया जाता है। यदि, बाद की अवधि में, दस्तावेज़ की क्रेडिट गुणवत्ता में इस तरह सुधार होता है कि प्रारंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो, तो यूनिट 12–महीने के ई सी एल के आधार पर क्षति हानि भत्ता को मान्यता देने के लिए वापस आ जाती है।

आजीवन ई सी एल एक वित्तीय दस्तावेज़ की अपेक्षित कालावधि पर सभी संभावित डिफ़ॉल्ट (चूक) घटनाओं के परिणामस्वरूप होने वाली अपेक्षित क्रेडिट हानि है। 12–महीने का ई सी एल, आजीवन ई सी एल का एक हिस्सा है, जो डिफ़ॉल्ट घटनाओं के परिणामस्वरूप होता है जो रिपोर्टिंग तिथि के बाद 12 महीनों के भीतर संभव है।

16.2वित्तीय देयताएं

16.2.1 प्रारंभिक पहचान और मापन

सभी वित्तीय देनदारियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और बाद में परिशोधित लागत पर मापी गई देनदारियों के मामले में, उन्हें सीधे जिम्मेदार लेनदेन लागत का शुद्ध मापा जाता है। लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी गई वित्तीय देनदारियों के मामले में, लेनदेन लागत सीधे वित्त के अधिग्रहण के कारण होती है और लाभ और हानि के विवरण में सामाजिक देनदारियों को तुरंत मान्यता दी जाती है।

कंपनी की वित्तीय देनदारियों में डेरिवेटिव वित्तीय दस्तावेज़ों सहित व्यापार और अन्य देय, ऋण और उधार शामिल हैं।

16.2.2 बाद के मापन

वित्तीय देनदारियों की माप उनके वर्गीकरण पर निर्भर करती है, जैसा कि नीचे वर्णित है:

क. लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं

लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देनदारियों में व्यापार के लिए धारित वित्तीय देनदारियां और लाभ और हानि के विवरण के माध्यम से उचित मूल्य के रूप में प्रारंभिक मान्यता पर नामित वित्तीय देनदारियां शामिल हैं। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज किए गए डेरिवेटिव वित्तीय दस्तावेज़ भी शामिल हैं जिन्हें भारतीय ए एस 109 द्वारा परिभाषित हेज संबंधों में हेजिंग दस्तावेज़ों के रूप में नामित नहीं किया गया है।

व्यापार के लिए धारित देनदारियों पर लाभ या हानि को लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है।

ख. परिशोधन लागत पर वित्तीय देयताएं

वित्तीय देयताएं जो व्यापार के लिए धारित नहीं हैं और जिन्हें एफ वी टीपीएल के रूप में नामित नहीं किया गया है, को बाद की लेखा अवधि के अंत में परिशोधन लागत पर मापा जाता है। वित्तीय देनदारियों की वहन मात्रा जिसे बाद में परिशोधन लागत पर मापा जाता है, प्रभावी ब्याज पद्धति के आधार पर निर्धारित की जाती है। लाभ और हानि को देनदारियों को अमान्य कर और ई आई आर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से लाभ और हानि के विवरण में अभिलेखित किया जाता है।

परिशोधन लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम को ध्यान में रखकर की जाती है और शुल्क या लागत जो ई आई आर का एक अभिन्न अंग है। ई आई आर परिशोधन को लाभ और हानि के विवरण में वित्तीय लागत के रूप में शामिल किया गया है।

ग. वित्तीय गारंटी अनुबंध

कंपनी द्वारा जारी वित्तीय गारंटी अनुबंध वे अनुबंध हैं जिनके लिए धारक को होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति के लिए भुगतान करना होता है क्योंकि निर्दिष्ट देनदार ऋण दस्तावेज़ की शर्तों के अनुसार भुगतान करने में विफल रहता है। वित्तीय गारंटी अनुबंधों को शुरू में उचित मूल्य पर एक देयता के रूप में माना जाता है, लेनदेन लागत के लिए समायोजित किया जाता है जो सीधे गारंटी जारी करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके बाद, देयता को भारतीय लेखा मानक 109 की क्षति आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित हानि भत्ते की राशि के उच्चतर पर मापा जाता है और शुरुआत में भारतीय लेखा मानक 115 के सिद्धांतों के अनुसार मान्यता प्राप्त कम संचयी आय की राशि को मापा जाता है।

16.3 डेरिवेटिव साधन – प्रारंभिक मान्यता / अनुवर्ती मापन

डेरिवेटिव वित्तीय दस्तावेज़ों को शुरू में उचित मूल्य पर माना जाता है, जिस तारीख को डेरिवेटिव अनुबंध दर्ज किया जाता है और बाद में उचित मूल्य पर फिर से मापा जाता है। डेरिवेटिव के उचित मूल्य में बाद के परिवर्तनों की गणना हेजिंग दस्तावेज़ों के रूप में डेरिवेटिव के नामांकन या गैर–नामांकन पर निर्भर करती है। डेरिवेटिव्स को वित्तीय परिसंपत्तियों के रूप में तब ले जाया जाता है जब उचित मूल्य सकारात्मक होता है और वित्तीय देनदारियों के रूप में जब उचित मूल्य नकारात्मक होता है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–1क महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (जारी)

16.3.1 हेज लिखतों के रूप में निर्धारित डेरिवेटिव

कंपनी समान्यतया संपूर्ण वायदा अनुबंध को हेजिंग लिखत के रूप में निर्धारित करती है। इन्हें नकदी प्रवाह हेज के रूप में हिसाब में लिया जाता है। हेज संबंध की शुरुआत में, कंपनी औपचारिक रूप से हेज संबंध को निर्धारित करती है और उस हेज संबंध को प्रलेखित करती है जिसमें कंपनी हेज लेखांकन और हेज करने के लिए जोखिम प्रबंधन उद्देश्य तथा रणनीति को लागू करना चाहती है। प्रलेखन में हेजिंग करने के लिए कंपनी का जोखिम प्रबंधन उद्देश्य और रणनीति, हेजिंग / आर्थिक संबंध, हेज की गई मदें या ट्रांजैक्शन, हेज किए जा रहे जोखिम की प्रकृति, हेज अनुपात के साथ–साथ यह भी शामिल होता है कि हेज किए गए जोखिम के कारण हेज की गई मद के उचित मूल्य या नकदी प्रवाह में परिवर्तन के एक्सपोजर को ऑफसेट करने के लिए हेजिंग लिखत के उचित मूल्य में परिवर्तन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कंपनी कैसे करेगी।

इन डेरिवेटिव्स के उचित मूल्य में परिवर्तन के प्रभावी हिस्से को अन्य समग्र आय में निर्धारित किया जाता है और इक्विटी के भीतर नकदी प्राप्ति बचाव व्यवस्था शीर्ष के तहत संचित किया गया है। अप्रभावी हिस्से से संबंधित उचित मूल्य परिवर्तन को लाभ–हानि के विवरण में तुरंत निर्धारित किया जाता है। ओसीआई में पहले से निर्धारित और प्रभावी हिस्से से संबंधित इक्विटी में संचित राशियों को उन अवधियों में जब बचाव व्यवस्था मद लाभ या हानि को प्रभावित करती है, लाभ–हानि के विवरण के लिए उसी लाइन मद में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है, जो निर्धारित बचाव–व्यवस्था मद में होती है या यदि बचाव–व्यवस्था पूर्वानुमान लेनदेन के परिणामस्वरूप गैर–वित्तीय परिसंपत्ति या गैर–वित्तीय देयता निर्धारित होती है तो उसे आधार के रूप में माना जाता है। जब कोई पूर्वानुमानित लेनदेन होने की उम्मीद नहीं होती है, तो इक्विटी में संचित संचयी लाभ या हानि को लाभ–हानि के विवरण में स्थानांतरित कर दिया जाता है।

16.3.2 हेज लिखत के रूप में निर्धारित नहीं किए गए डेरिवेटिव

कंपनी जोखिमों को हेज करने के लिए कतिपय डेरिवेटिव अनुबंध करती है, जिन्हें हेज के रूप में निर्धारित नहीं किया जाता है। ऐसे अनुबंधों को 'लाभ और हानि विवरण' के माध्यम से उचित मूल्य पर हिसाब में लिया जाता है और डेरिवेटिव्स पर लाभ या डेरिवेटिव्स पर हानि के रूप में क्रमशः अन्य आय या अन्य व्यय में शामिल किया जाता है।

17. नकद और नकदी समतुल्य

तुलन–पत्र में नकद और नकद समतुल्य में बैंकों में नकद और हाथ में और तीन महीने या उससे कम की मूल परिपक्वता के साथ अल्पकालिक जमा शामिल हैं, जो मूल्य में परिवर्तन के मामूली जोखिम के अधीन हैं। बैंक ओवरड्राफ्ट (खाते में ऋणात्मक शेष) को वित्तीय देनदारियों के तहत अल्पकालिक उधार के तहत दिखाया गया है और उस खाते में सकारात्मक शेष राशि नकद और नकद समतुल्य में दिखाया गया है।

18. ट्रेजरी शेयर

समामेलन की योजना के अनुसार, आईओसीएल द्वारा आई बी जी और बी आर जी एल विलय के संबंध में ट्रेजरी शेयर रखने के लिए आईओसी शेयर ट्रस्ट की स्थापना की गई है। आईओसी शेयर ट्रस्ट द्वारा रखे गए शेयरों को ट्रेजरी शेयरों के रूप में माना जाता है।

स्वयं के इक्विटी दस्तावेज़ जिन्हें पुनः प्राप्त किया जाता है (ट्रेज़री शेयर) लागत पर रेकार्ड किए जाते हैं और इक्विटी से घटाए जाते हैं। कंपनी के स्वयं के इक्विटी दस्तावेज़ों की खरीद, बिक्री, निर्गम या रद्दीकरण पर लाभ और हानि के विवरण में किसी लाभ या हानि को रेकार्ड नहीं किया गया है।

III. 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद प्रभावी नए मानक/संशोधन और अन्य परिवर्तन

कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय अपनी अधिसूचना के माध्यम से नए मानकों को अधिसूचित करने या मौजूदा मानकों में संशोधन करने के लिए कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 में संशोधन करता है और वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान ऐसी अधिसूचनाएं इस प्रकार हैं:

- 12 अगस्त 2024 की अधिसूचना जी.एस.आर. 492 (ई) के अनुसार, बीमा अनुबंधों पर भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 104 को हटा दिया गया था और बीमा अनुबंधों पर नए भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 117 को अधिसूचित किया गया है। इंड एएस 117 द्वारा बीमा अनुबंध को इस प्रकार परिभाषित किया गया है, ''एक अनुबंध जिसके अंतर्गत एक पक्ष (जारीकर्ता) किसी निर्दिष्ट अनिश्चित भविष्य की घटना (बीमित घटना) से पॉलिसीधारक पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने पर पॉलिसीधारक को क्षतिपूर्ति देने के लिए सहमत होकर दूसरे पक्ष (पॉलिसीधारक) से महत्वपूर्ण बीमा जोखिम स्वीकार करता है।'' कंपनी के पास बीमा अनुबंध की परिभाषा के अंतर्गत आने वाला कोई अनुबंध नहीं है और इसलिए नए इंड एएस का प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है।
- 9 सितंबर 2024 की अधिसूचना जी.एस.आर. 554(ई) के तहत, बिक्री और लीज़–बैक लेनदेन के संदर्भ में लीज़ पर भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) 116 में संशोधन किए गए हैं। ये लेनदेन ऐसे होते हैं जहाँ एक संस्था (विक्रेता–पट्टेदार) किसी परिसंपत्ति को किसी अन्य संस्था (क्रेता–पट्टादाता) को हस्तांतरित करती है और उस परिसंपत्ति को क्रेता–पट्टादाता से वापस लीज़ पर लेती है। कंपनी के पास बिक्री और लीज़–बैक लेनदेन की श्रेणी में आने वाला कोई अनुबंध नहीं है, इसलिए संशोधन का प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है।
- दिनांक 28 सितंबर 2024 की अधिसूचना जी.एस.आर. 602(ई) के तहत, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा भारतीय लेखा मानक 117 को अधिसूचित किए जाने तक, बीमाकर्ता या बीमा कंपनी को अपने मूल कंपनी या निवेशक या उद्यमकर्ता द्वारा समेकित वित्तीय विवरणों के प्रयोजनार्थ भारतीय लेखा मानक 104 के अनुसार वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने में सक्षम बनाने और इस प्रयोजनार्थ भारतीय लेखा मानक 104 को पुनर्जीवित करने हेतु संशोधन किए गए हैं।

  चूँकि कंपनी एक बीमाकर्ता या बीमा कंपनी नहीं है, इसलिए संशोधन का कोई भौतिक प्रभाव नहीं होगा।

IV. नए मानक/संशोधन जो जारी किए गए हैं लेकिन प्रभावी नहीं हैं

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय अपनी अधिसूचना के माध्यम से कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 में संशोधन करता है ताकि नए मानक अधिसूचित किए जा सकें या मौजूदा मानकों में संशोधन किया जा सके। वर्ष के दौरान, कोई भी नया मानक या मौजूदा मानक में संशोधन अधिसूचित नहीं किया गया है जो 1 अप्रैल, 2025 या उसके बाद से लागू होगा।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

नोट –1ख: महत्वपूर्ण लेखांकन अनुमान और निर्णय

कंपनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को निर्णय, अनुमान और अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो आय, व्यय, संपत्ति और देनदारियों की रिपोर्ट की गई मात्रा और साथ के खुलासे और आकस्मिक देनदारियों के प्रकटीकरण को प्रभावित करते हैं। इनमें वित्तीय दस्तावेज़ों की मान्यता और माप, उपयोगी जीवन का अनुमान और संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त परिसंपत्ति के अवशिष्ट मूल्य, आविष्कारों का मूल्यांकन, नकदी पैदा करने वाली इकाइयों की वसूली योग्य मात्रा का माप, कर्मचारी लाभ का माप, बीमांकिक धारणाएं, प्रावधान आदि शामिल हैं।

इन अनुमानों और पूर्वानुमानों के बारे में अनिश्चितता के परिणामस्वरूप ऐसे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं जिनके लिए भावी अवधियों में प्रभावित परिसंपत्तियों या देनदारियों की लागत राशि के लिए एक भौतिक समायोजन करना होता है। कंपनी हाल ही में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इन अनुमानों और पूर्वानुमानों का लगातार मूल्यांकन करती है। लेखांकन अनुमानों में संशोधन को संभावित रूप से लाभ और हानि के विवरण में उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिसमें अनुमानों को संशोधित किया जाता है और भविष्य की किसी भी अवधि में प्रभावित होता है।

क. निर्णय

कंपनी की लेखांकन नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में, प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय किए हैं, जिनका वित्तीय विवरणों में दर्शायी राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है:-

तथ्यपरकता

भारतीय ए एस को वित्तीय विवरणों में विभिन्न लेनदेन के लेखांकन और प्रकटीकरण के लिए कंपनी द्वारा तथ्यपरकता के आकलन की आवश्यकता होती है। तदनुसार, कंपनी लेखांकन और प्रकटीकरण के लिए विभिन्न मदों के लिए तथ्यपरकता सीमाओं का आकलन करती है और लगातार आधार पर अनुसरण करती है। समग्र तथ्यपरकता का आकलन विभिन्न वित्तीय मापदंडों जैसे कि परिसंपत्तियों का सकल ब्लॉक, परिसंपत्तियों का शुद्ध ब्लॉक, कुल संपत्ति, आय और कर पूर्व लाभ के आधार पर भी किया जाता है। तथ्यपरकता सीमाओं की समीक्षा की जाती है और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

विकास के तहत अमूर्त परिसंपत्ति

अधिग्रहण लागत और अन्वेषणात्मक कुएं की लागत को विकास के तहत अमूर्त संपत्ति के रूप में पूंजीकृत किया जाता है और प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर यह पुष्टि करने के लिए समीक्षा की जाती है कि अन्वेषण ड्रिलिंग अभी भी चल रही है या यह निर्धारित करने के लिए काम निर्धारित किया गया है कि अन्वेषण आर्थिक रूप से व्यवहार्य है एक के आधार पर तकनीकी और वाणिज्यिक विचारों की श्रृंखला और विकास योजनाओं और समय की स्थापना के लिए पर्याप्त/उचित प्रगति की जा रही है। यदि उचित आधारों / समय-सीमाओं पर कोई भावी गतिविधि नियोजित नहीं की जाती है, तो विकास के तहत अमूर्त संपत्ति और संपत्ति अधिग्रहण की लागत को बट्टे खाते में डाल दिया जाता है। क्षेत्र से उत्पादन शुरू होने और प्रमाणित भंडार की मान्यता पर, विकास के तहत अमूर्त संपत्ति के रूप में लागत मूल्य को उत्पादक संपत्तियों में हस्तांतरित कर दिया जाता है। संबंधित खुलासे के लिए नोट-34 भी देखें।

आकस्मिकताएं

कानूनी, ठेकेदार, भूमि पहुंच और अन्य दावों सहित कंपनी के खिलाफ दावों के संबंध में व्यवसाय के सामान्य क्रम से आकस्मिक देनदारियां उत्पन्न हो सकती हैं। उनकी प्रकृति से, आकस्मिकताओं का समाधान तभी होगा जब एक या अधिक अनिश्चित भावी घटनाएँ घटित होंगी या घटित होने में विफल होंगी। आकस्मिकताओं के अस्तित्व और संभावित मात्रा के आकलन में स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण निर्णय का प्रयोग और भावी घटनाओं के परिणाम के बारे में अनुमानों का उपयोग शामिल है।

ख. अनुमान और पूर्वानुमान

रिपोर्टिंग तिथि पर भविष्य और अनुमान के अन्य प्रमुख स्रोतों से संबंधित प्रमुख धारणाएं, जिनमें अगले वित्तीय वर्ष के भीतर परिसंपत्तियों और देनदारियों की वहन मात्रा में महत्वपूर्ण समायोजन करने का अत्यधिक जोखिम है, जो नीचे वर्णित हैं।

मौजूदा परिस्थितियों और भविष्य के विकास के बारे में धारणाएं, हालांकि, बाजार में बदलाव या कंपनी के नियंत्रण से बाहर होने वाली परिस्थितियों के कारण बदल सकती हैं। इस तरह के परिवर्तन होने पर मान्यताओं में परिलक्षित होते हैं।

निर्धारित लाभ योजनाएं / अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

	7.21%	*7.21%*	*7.24%*	*7.21%*	*7.21%*	*7.24%*
वेतन वृद्धि	**–**	**8.00%**	**–**	**–**	**–**	**–**
	–	*8.00%*	–	–	–	–
मुद्रास्फीति	**–**	**–**	**8.00%**	**6.00%**	**–**	**–**
	–	–	8.00%	6.00%	–	–

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 36: कर्मचारी हितलाभ (जारी..)

विवरण	भविष्य निधि वित्त–पोषित	उपदान वित्त–पोषित	पीआरएमएस वित्त–पोषित	पुनर्व्यवस्थापन भत्ता वित्त–पोषित नहीं	अनुग्रह राशि वित्त–पोषित नहीं	सम्मान वित्त–पोषित नहीं
औसत अपेक्षित भावी सेवा/दायित्व (वर्ष)	–	17	30	17	8	30
	–	17	30	17	9	30
रोज़गार के दौरान मृत्यु दर			भारत में सुनिश्चित जीवन मृत्यु दर (2012–14) शहरी			
			भारत में सुनिश्चित जीवन मृत्यु दर (2012–14) शहरी			

उपरोक्त वित्तपोषित योजनाओं के मामले में, योजना परिसंपत्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल संबंधित छूट दर के समान ही है।

बीमांकिक मूल्यांकन में भविष्य में वेतन वृद्धि के अनुमान में मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और रोजगार बाजार में आपूर्ति और मांग जैसे अन्य प्रासंगिक कारकों को ध्यान में रखा जाता है।

* मूल कंपनी के परिभाषित लाभ दायित्वों के बीमांकिक मूल्यांकन में विचार की गई धारणाएँ।

(vii) बीमांकित मान्यताओं की संवेदनशीलता:

(₹ करोड़ में)

निम्न के लिए हानि / (लाभ)	भविष्य निधि वित्त–पोषित	उपदान वित्त–पोषित	पीआरएमएस वित्त–पोषित	पुनर्व्यवस्थापन भत्ता वित्त–पोषित नहीं	अनुग्रह राशि वित्त–पोषित नहीं	सम्मान वित्त–पोषित नहीं
छूट दर में परिवर्तन						
1% की वृद्धि	–	(221.92)	(1,312.12)	(16.59)	(8.81)	(50.00)
	–	(207.84)	(409.68)	(15.39)	(9.17)	(71.82)
1% की वृद्धि	–	263.35	1,772.61	21.00	9.58	54.90
	–	245.61	495.86	19.43	9.99	25.48
वेतन वृद्धि में परिवर्तन						
1% की वृद्धि	–	55.55	–	–	–	–
	–	52.64	–	–	–	–
1% की वृद्धि	–	(64.22)	–	–	–	–
	–	(59.78)	–	–	–	–
मुद्रास्फीति दर में परिवर्तन						
1% की वृद्धि	–	–	1,185.93	–	–	–
	–	–	1,049.31	–	–	–
1% की वृद्धि	–	–	(951.33)	–	–	–
	–	–	(860.10)	–	–	–

(viii) निवेश के विवरण –

विवरण	भविष्य निधि वित्त–पोषित	उपदान वित्त–पोषित	पीआरएमएस वित्त–पोषित
बीमाकर्ता के साथ निवेश	–	99.66%	89.55%
	–	*99.62%*	*89.54%*
स्व–प्रबंधित निवेश	100.00%	0.34%	10.45%
	100.00%	*0.38%*	*10.46%*

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 36: कर्मचारी हितलाभ (जारी..)

उपर्युक्त वित्त पोषित दायित्वों के लिए निवेश पैटर्न का विवरण इस प्रकार है–

विवरण	भविष्य निधि वित्त–पोषित	उपदान* वित्त–पोषित	पीआरएमएस वित्त–पोषित
सरकारी प्रतिभूतियाँ (केंद्रीय एवं राज्य)	**52.98%**	**95.79%**	**16.92%**
	52.37%	*87.92%*	*18.07%*
इक्विटी/म्यूचुअल फंड में निवेश	**10.60%**	**1.07%**	**46.85%**
	9.22%	*0.97%*	*37.97%*
डिबेंचर/प्रतिभूतियों में निवेश	**32.34%**	**1.05%**	**36.03%**
	35.50%	10.86%	43.74%
अन्य स्वीकृत निवेश (नकदी सहित)	**4.08%**	**2.09%**	**0.21%**
	2.91%	0.24%	0.23%

* मूल कंपनी के मामले में, एलआईसी से निवेश पैटर्न की प्राप्ति लंबित रहने तक, उपरोक्त पैटर्न स्व-प्रबंधित निधियों और अन्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रबंधित निधियों से संबंधित है और एलआईसी से प्राप्त विवरण पर विचार करने के बाद वास्तविक निवेश पैटर्न भिन्न होगा।

(ix) निम्नलिखित भुगतान भावी वर्षों में निर्धारित हितलाभ योजना के अपेक्षित प्राक्कलन हैं:

(₹ करोड़ में)

निधि/नियोजक से नकदी प्रवाह अनुमान	उपदान वित्त–पोषित	पीआरएमएस वित्त–पोषित	पुनर्स्थापना भत्ता गैर वित्त पोषित	अनुग्रह राशि गैर वित्त पोषित	सम्मान गैर वित्त पोषित
अगले 12 महीनों के भीतर	**273.06**	**358.01**	**6.40**	**48.80**	**29.56**
	299.75	*335.46*	*7.10*	*50.26*	*27.94*
1 से 5 वर्षों के बीच	**941.00**	**1,561.18**	**19.96**	**143.09**	**125.02**
	985.71	*1,461.03*	*21.27*	*150.48*	*120.61*
6 से 10 वर्षों के बीच	**964.41**	**2,230.87**	**26.81**	**92.39**	**179.65**
	1,030.27	*2,082.67*	*28.94*	*100.44*	*176.17*

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं

क. पट्टे

(क) पट्टेदार के रूप में

ग्रुप ने विभिन्न सामग्री पट्टा व्यवस्था (सार पट्टे की व्यवस्था सहित) की है जैसे अपने संयंत्रों, सुविधाओं, कार्यालयों, रिटेल आउटलेट आदि के प्रयोजनार्थ भूमि और भवन, पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण के लिए भंडारण टैंकेज सुविधा, कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के तटीय परिवहन के लिए समय चार्टर व्यवस्था, पेट्रोलियम उत्पादों के सड़क मार्ग द्वारा परिवहन के लिए विशेष टैंक ट्रकों की व्यवस्था, भंडारण सुविधा प्रदान करने और ल्यूब की हैंडलिंग, उपयोगिताओं की आपूर्ति जैसे हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन और पानी तथा पत्तन सुविधाओं के लिए सीएफए के साथ हैंडलिंग व्यवस्था।

ऐसी कोई महत्वपूर्ण बिक्री और पट्टा वापसी के लेनदेन और ग्रुप द्वारा किए गए पट्टा समझौते नहीं हैं जिनमें चालू रिपोर्टिंग अवधि तक पट्टाकर्ता द्वारा लगाए गए कोई महत्वपूर्ण प्रतिबंध या अनुबंध शामिल नहीं हैं।

ग्रुप द्वारा किए गए महत्वपूर्ण पट्टों का विवरण (सार पट्टों सहित) निम्नानुसार है;

1. टैंकेज सुविधा, जल सेवन सुविधा, गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला, रिफाइनरियों में उपयोगिता गैसों की आपूर्ति के लिए संयंत्रों के लिए 10-25 वर्षों की अवधि के लिए बीओओ/बीओओटी आधार पर विभिन्न व्यवस्थाएं। बीओओटी संविदाओं के मामले में, पट्टादाता संविदा अवधि के अंत में शून्य/नाममात्र मूल्य पर आईओसीएल को स्वामित्व हस्तांतरित करेगा।
2. 30 से 90 वर्ष की अवधि के लिए संयंत्रों, सुविधाओं और कार्यालयों के प्रयोजन के लिए सरकार से ली गई पट्टाधारित भूमि।
3. कंपनी के कच्चे और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए समर्पित समय वाले चार्टर जहाजों को किराए पर लेने के लिए पोत मालिकों के साथ करार, इन्हें परिवहन उपकरणों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
4. कंपनी के पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन के लिए समर्पित टैंक ट्रक उपलब्ध कराने हेतु टैंक ट्रक ऑपरेटरों के साथ समझौता।
5. पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री के संबंध में खुदरा दुकानों के संचालन के लिए भूमि पट्टे/समर्पित भंडारण टैंक की व्यवस्था, पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण के लिए टर्मिनल/बॉटलिंग संयंत्र/ल्यूब ब्लेंडिंग संयंत्र की स्थापना/एलपीजी की बॉटलिंग/ल्यूब विनिर्माण।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं (जारी..)

6. ल्यूब संबंधी कार्य करने के लिए विशेष भंडारण सुविधा देने के लिए सीएफए के साथ सीएफए हैंडलिंग व्यवस्था

7. सीपीसीएल (सहायक कंपनी) की कावेरी बेसिन रिफाइनरी में कर्मचारी टाउनशिप का निर्माण एक ट्रस्ट से पांच वर्ष के नवीकरणीय आधार पर पट्टे पर ली गई चौंतीस एकड़ और उनतालीस सेंट भूमि पर किया गया।

लाभ व हानि के विवरण में निर्धारित राशि या किसी दूसरी परिसंपत्ति की वहनीय राशि

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024–25		2023–24	
मूल्यह्रास स्वीकृत		3,249.07		2,932.10
पट्टा देयताओं पर ब्याज		952.76		878.60
अल्पकालिक पट्टों से संबंधित व्यय (30 दिनों से अधिक लेकिन 12 महीने से कम अवधि के पट्टे)*		843.01		953.41
कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के पट्टों से संबंधित व्यय, कम मूल्य वाली परिसंपत्तियों के अल्पकालिक पट्टों को छोड़कर		37.20		32.40
पट्टा देयताओं के मापन में शामिल नहीं किए गए परिवर्तनीय पट्टा भुगतान		10,461.42		10,140.92
उपयोग के अधिकार वाली परिसंपत्तियों के उप-पट्टे से आय				
– परिचालन पट्टे से किराये की आय के रूप में	18.10		19.04	
– आरओयू परिसंपत्ति के वित्तीय पट्टे से वित्तीय आय के रूप में	0.24	18.34	0.25	19.29
पट्टों के लिए कुल नकद बहिर्वाह		4,040.94		4,914.46
वर्ष के दौरान आरओयू में वृद्धि		3,623.72		3,294.03
बिक्री और लीज़बैक लेनदेन से होने वाला लाभ या हानि		–		–
वर्ष के अंत में आरओयू की शुद्ध वहन राशि		10,472.64		10,096.71
विवादित, लीव एंड लाइसेंस, पिछले वर्ष की अतिरिक्त देनदारियों का प्रत्यावर्तन, पट्टा देनदारियों पर विनिमय दर में उतार-चढ़ाव आदि सहित अन्य।		349.43		324.99

*इसमें वे पट्टे भी शामिल हैं जिनके लिए अभी समझौता होना बाकी है या जिनका नवीकरण होना है।

अंतर्निहित परिसंपत्ति के वर्ग द्वारा पट्टाकर्ता के रूप में धारित पीपीई (टिप्पणी 2) में शामिल आरओयू परिसंपत्ति के विवरण नीचे दिए गए हैं –

2024–2025

(₹ करोड़ में)

परिसंपत्ति का वर्ग	01 अप्रैल, 2024 को निवल वहनीय मूल्य	वर्ष के दौरान आरओयू परिसंपत्ति में परिवर्धन**	वर्ष के दौरान निर्धारित मूल्यह्रास**	31 मार्च, 2025 को निवल वहनीय मूल्य
पट्टाधारित भूमि	4,341.91	881.26	395.96	4,827.21
भवन, सड़कें आदि	312.23	58.03	39.87	330.39
संयंत्र व उपकरण	3,211.82	157.09	324.09	3,044.82
परिवहन उपकरण	2,230.75	2,528.93	2,489.46	2,270.22
रेलवे साइडिंग	–	–	–	–
कुल	10,096.71	3,625.31	3,249.38	10,472.64

2023–24

(₹ करोड़ में)

परिसंपत्ति का वर्ग	01 अप्रैल, 2023 को निवल वहनीय मूल्य	वर्ष के दौरान आरओयू परिसंपत्ति में परिवर्धन**	वर्ष के दौरान निर्धारित मूल्यह्रास**	31 मार्च, 2024 को निवल वहनीय मूल्य
पट्टाधारित भूमि	4,225.25	461.98	345.31	4,341.91
भवन, सड़कें आदि	326.58	42.03	56.38	312.23
संयंत्र व उपकरण	3,420.54	95.35	304.07	3,211.82
परिवहन उपकरण	1,762.37	2,695.07	2,226.69	2,230.75
रेलवे साइडिंग	0.01	–	0.01	–
कुल	**9,734.75**	**3,294.43**	**2,932.46**	**10,096.71**

** वर्ष के दौरान आरओयू परिसंपत्ति में वृद्धि, उप-पट्टे पर दी गई आरओयू परिसंपत्तियों या वर्ष के दौरान किए गए संशोधनों और निरस्तीकरणों, यदि कोई हो, को घटाकर घटाई गई है।
** इसमें वृद्धि में एफसीटीआर अंतर के कारण ₹ 1.59 करोड़ (2024: ₹ 0.40 करोड़) और मूल्यह्रास के तहत ₹ 0.31 करोड़ (2024: ₹ 0.36 करोड़) शामिल हैं।

मानक की आवश्यकता के अनुसार, लीज देनदारियों का परिपक्वता विश्लेषण तरलता जोखिम-नोट 41: वित्तीय उपकरण और जोखिम कारक के अंतर्गत अन्य वित्तीय देनदारियों के परिपक्वता विश्लेषण से अलग दिखाया गया है।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं (जारी..)

भावी नकदी बहिर्वाह की मदों का विवरण, जिन्हें ग्रुप ने पट्टेदार के रूप में उजागर किया है, लेकिन पट्टे की देयताओं के मापन में परिलक्षित नहीं होती है, इस प्रकार है;

(i) परिवर्ती पट्टा भुगतान

परिवर्ती पट्टा भुगतान जो किसी सूचकांक या दर पर निर्भर करते हैं,को पट्टे की देयता के मापन में शामिल किया जाना है,फिर चाहे प्रारंभिक तिथि पर भुगतान क्यों न किया हो। उद्योग की सामान्य प्रथा के अनुसार,ग्रुप ऐसे विभिन्न परिवर्ती पट्टा भुगतान करता है जो किसी सूचकांक या दर पर आधारित नहीं होते हैं (पूरे किए गए कि.मी. या बिक्री आदि के % के आधार पर परिवर्ती) और लाभ या हानि में निर्धारित किए जाते हैं और पट्टे की देयता माप में शामिल नहीं होते हैं। ग्रुप द्वारा की गई कुछ व्यवस्थाओं का विवरण जिसमें परिवर्तनीय पट्टा भुगतान शामिल हैं,इस प्रकार हैं;

1. पेट्रोलियम, पेट्रोकेमिकल और गैस उत्पादों सड़क मार्ग द्वारा परिवहन के लिए विभिन्न ऑपरेटरों के साथ विशेष टैंक ट्रकों के लिए किलोमीटर की संख्या के आधार पर परिवहन व्यवस्था।
2. बिक्री की मात्रा के आधार पर खुदरा आउटलेट की भूमि का पट्टा।
3. दैनिक आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों के लिए स्टोरेज टैंकों का किराया।
4. उपकरण के कार्य-निष्पादन के आधार पर वीटीएस साफ्टवेयर और वीसैट उपकरण का भुगतान।
5. उपकरणों के निष्पादन के आधार पर एसडी वैन उपकरण और सॉफ्टवेयर का भुगतान

(ii) विस्तार व टर्मिनेशन विकल्प

कंपनी की लीज़ व्यवस्था में केवल परिचालन लचीलापन प्रदान करने के लिए विस्तार विकल्प शामिल हैं। कंपनी प्रत्येक लीज़ प्रारंभ पर यह आकलन करती है कि क्या विस्तार विकल्पों का प्रयोग करना उचित रूप से निश्चित है और आगे यह पुनः आकलन करती है कि क्या उसके नियंत्रण में कोई महत्वपूर्ण घटना या परिस्थितियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन होने पर विकल्पों का प्रयोग करना उचित रूप से निश्चित है। हालांकि, जहां कंपनी के पास संविदा को बढ़ाने करने का एकमात्र विवेक है, वहां पट्टे की ऐसी अवधि को पट्टे की देयताओं की गणना के उद्देश्य से शामिल किया जाता है।

रिटेल आउटलेट के लिए लीज़ समझौते के मामले में कंपनी के पास लीज़ को समाप्त करने का एकमात्र विवेकाधिकार है। हालांकि, कंपनी संस्था के संचालन में रिटेल के महत्वपूर्ण सुधार और प्रमुख महत्व को देखते हुए इस विकल्प का प्रयोग न करने के लिए यथोचित रूप से आश्वस्त है। तदनुसार, समाप्ति के किसी भी प्रभाव के बिना ऐसी लीज़ अवधि को लीज़ देनदारियों की गणना के उद्देश्य से माना जाता है।

(iii) अवशिष्ट मूल्य की गारंटी

ग्रुप ने ऐसे विभिन्न बूट करार किया है जिसमें लीज़ अवधि के अंत में पट्टे की परिसंपत्तियां ग्रुप को नाममात्र मूल्य पर हस्तांतरित की जाएंगी, जिसका पट्टे की देयताओं के मापन पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ता है।

(iv) प्रतिबद्ध पट्टे जो अभी शुरू होने बाकी हैं

1. समूह ने विभिन्न रिफाइनरियों में टैंकेज सुविधा और उपयोगिताओं की आपूर्ति के लिए 15-20 वर्षों की अवधि के लिए BOO/BOOT आधार पर 4 पट्टा समझौते किए हैं। आईओसीएल ने संयंत्र के निर्माण के लिए भूमि को उप-पट्टे पर दिया है। संयंत्र के चालू होने के बाद पट्टा प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

2. समूह ने औरंगाबाद और मुंबई में रिटेल आउटलेट्स के लिए 30 वर्षों की अवधि हेतु भूमि हेतु एमएसआरडीसी को ₹19.70 करोड़ रुपये का अग्रिम प्रीमियम भुगतान किया है। भूमि अभी समूह को सौंपी जानी है, इसलिए यह राशि पूंजीगत अग्रिम के रूप में पड़ी है और पट्टा शुरू होने के बाद आरओयू परिसंपत्तियों का हिस्सा बन जाएगी।

3. समूह ने विभिन्न विक्रेताओं से तीन वर्षों की अवधि के लिए (आईओसीएल की इच्छा पर विस्तार का विकल्प सहित) ₹1,200-1,650/माह की दर से और एक विक्रेता के लिए ₹ 2,450/माह की दर से ई-लॉक प्राप्त करने के लिए पट्टा समझौता किया है। 31 मार्च, 2025 तक, 4,111 ई-लॉक की आपूर्ति अभी बाकी है। हालाँकि, ये कम मूल्य की वस्तुएँ हैं।

4. समूह ने आंध्र प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के साथ विशाखापत्तनम में एक रिटेल आउटलेट के लिए 20 वर्षों की अवधि के लिए ₹ 20,000 रुपये मासिक किराये पर, हर तीन वर्षों में 10% की वृद्धि के साथ, भूमि का पट्टा समझौता किया है। भूमि का कब्ज़ा अभी तक नहीं दिया गया है और मामला न्यायालय में लंबित है।

5. समूह ने आईओसीएल की आवश्यकताओं के अनुरूप पीओएल ट्रकों हेतु वीटीएस सॉफ्टवेयर हेतु ₹ 373 रुपये प्रति माह के किराए के भुगतान हेतु मेसर्स ट्रिम्बल के साथ 5 वर्षों की अवधि के लिए केंद्रीकृत पट्टा समझौता किया है। 31 मार्च, 2025 तक, ₹ 19,039 वीटीएस सॉफ्टवेयर अभी स्थापित किए जाने हैं। हालाँकि, भुगतान परिवर्तनशील पट्टा भुगतान के रूप में है।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं (जारी..)

6. समूह ने एलपीजी ट्रकों के वीटीएस सॉफ्टवेयर के लिए विभिन्न विक्रेताओं के साथ 5 वर्षों की अवधि के लिए ₹ 108-256 रुपये प्रति माह के किराए पर पट्टा समझौता किया है। 31 मार्च, 2025 तक, 14,020 वीटीएस स्थापित किए जाने बाकी हैं। हालाँकि, भुगतान परिवर्तनशील पट्टा भुगतान के रूप में है।

7. समूह ने मेसर्स सेवन आइलैंड्स शिपिंग लिमिटेड के साथ 2 वर्ष की अवधि के लिए टाइम चार्टर जहाजों को किराए पर लेने के लिए पट्टा समझौता किया है, जिसकी शुरुआत अप्रैल 2025 से होगी।

8. समूह ने प्रबंधित सेवाओं सहित दोहरे नेटवर्क कनेक्टिविटी समाधान (एसडी-डब्ल्यूएएन समाधान) की आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव के लिए ओपेक्स मॉडल पर 5 वर्षों की अवधि के लिए किराये के आधार पर पट्टा समझौता किया है, जिसका मासिक किराया ₹ 2,113/- रुपये है। चयनित आरओ में से 1103 आरओ का कमीशनिंग कार्य लंबित है। हालाँकि, भुगतान परिवर्तनशील पट्टा भुगतान के रूप में है।

(ख) पट्टाकर्ता के रूप में

(i) प्रचालनीय पट्टा

संबंधित करार में बताए गए किराये के अनुसार इन विवरणों में आय के रूप में निर्धारित पट्टे का किराया:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25	2023-24
वर्ष के दौरान आय के रूप में निर्धारित पट्टे का किराया	151.31	284.75
- परिवर्ती पट्टा	58.07	166.29
- अन्य	93.24	118.46

ये गैर-ईंधन व्यवसाय, पेट्रोलियम उत्पादों के लिए भंडारण टैंकेज सुविधाएं, छुट्टी और लाइसेंस मॉडल के लिए उप-पट्टे पर दी गई भूमि /भवन, पट्टे पर दिए गए मशीनरी और कार्यालयीन उपकरणों से संबंधित हैं। परिसंपत्ति के वर्गवार विवरण टिप्पणी 2- संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के तहत दिए गए हैं।

रिपोर्टिंग की तारीख के बाद प्राप्त होने वाले डिस्काउंट रहित पट्टा भुगतानों का परिपक्वता विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
एक वर्ष से कम	33.88	26.87
एक से दो वर्ष	14.64	15.74
दो से तीन वर्ष	11.67	3.33
तीन से चार वर्ष	9.71	1.79
चार से पांच वर्ष	4.47	0.75
पांच वर्षों से अधिक	16.68	1.49
कुल	91.05	49.97

(ii) वित्तीय पट्टा

समूह ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण वित्तीय पट्टा व्यवस्थाएँ की हैं:

(i) मूल कंपनी ने इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक पट्टा समझौता किया है जिसके तहत मूल कंपनी ने ₹ 16.65 करोड़ रुपये के एकमुश्त अग्रिम भुगतान पर भूमि पट्टे पर दी है।

जिन पट्टा अनुबंधों में समूह पट्टादाता के रूप में कार्य करता है, उनसे प्राप्त पट्टा आय निम्नलिखित है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25	2023-24
विक्रय लाभ/(हानि)	-	-
पट्टे में शुद्ध निवेश पर वित्तीय आय	0.24	0.25

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
वित्तीय पट्टे में सकल निवेश	16.65	20.89
घटाएँ: अनर्जित वित्तीय आय	-	-
घटाएँ: प्राप्त वित्तीय आय	-	0.29
घटाएँ: प्राप्त न्यूनतम पट्टा भुगतान	16.65	20.35
घटाएँ: वर्ष के दौरान समायोजन	-	0.25
आज तक वित्तीय पट्टे में शुद्ध निवेश	-	-

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं (जारी..)

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
वित्तीय पट्टे में आरंभिक शुद्ध निवेश	–	**0.74**
जोड़ें: वर्ष के दौरान जोड़े गए नए पट्टे	–	–
घटाएँ: वर्ष के दौरान प्राप्त न्यूनतम पट्टा भुगतान का मूल्य (PV)	–	0.49
घटाएँ: वर्ष के दौरान समायोजन	–	0.25
वित्तीय पट्टे में समापन शुद्ध निवेश	–	–

रिपोर्टिंग तिथि के बाद प्राप्त होने वाले बिना छूट वाले पट्टा भुगतानों का परिपक्वता विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
एक वर्ष से कम	–	–
एक से दो वर्ष	–	–
दो से तीन वर्ष	–	–
तीन से चार वर्ष	–	–
चार से पाँच वर्ष	–	–
पाँच वर्ष से अधिक	–	–
बिना छूट वाला पट्टा भुगतान	–	–
घटाएँ: अनर्जित वित्तीय आय	–	–
आज की तिथि तक वित्तीय पट्टे में शुद्ध निवेश	–	–

ख. आकस्मिक देयताएं

ख. 1 ग्रुप के विरुद्ध किए गए दावे जिन्हें ऋण नहीं माना गया

समूह के विरुद्ध ₹12,056.60 करोड़ (2024: ₹ 9,098.38 करोड़) के ऋण के रूप में स्वीकार न किए गए दावे इस प्रकार हैं:

ख.1.1 ₹ 1,375.20 करोड़ (2024: ₹ 702.08 करोड़) केंद्रीय उत्पाद शुल्क/सीमा शुल्क/सेवा कर/ प्राधिकारियों द्वारा की गई माँगें हैं, जिनमें 767.72 करोड़ (2024: ₹ 262 करोड़) का ब्याज शामिल है।

ख.1.2 ₹ 39.84 करोड़ (2024: ₹ 39.84 करोड़) राज्य सरकारों से प्रवेश कर की माँगों के संबंध में हैं, जिनमें ₹ 9.44 करोड़ (2024: ₹ 9.44 करोड़) का ब्याज शामिल है।

ख.1.3 वैट/बिक्री कर प्राधिकारियों द्वारा उठाई गई माँगें: ₹ 767.16 करोड़ (2024: ₹ 821.24 करोड़), जिनमें 265.89 करोड़ (2024: ₹ 268.93 करोड़) का ब्याज शामिल है।

ख.1.4 आयकर माँगों के संबंध में: ₹ 1,146.96 करोड़ (2024: ₹ 2,595.55 करोड़), जिनमें ₹ 125.23 करोड़ (2024: ₹ 228.00 करोड़) का ब्याज शामिल है।

ख.1.5 परियोजनाओं के लिए ₹ 8,431.78 करोड़ (2024: ₹ 4,771.12 करोड़), जिनमें ₹ 4,118.17 करोड़ (2024: ₹ 4,033.35 करोड़) शामिल हैं, जिनके लिए न्यायालयों में मुकदमे दायर किए गए हैं या मध्यस्थ के पास मामले लंबित हैं। इसमें ₹ 1,054.37 करोड़ (2024: ₹ 197.95 करोड़) का ब्याज शामिल है।

ख.1.6 ₹ 44.99 करोड़ (2024: ₹ 75.11 करोड़) के ब्याज सहित अन्य दावों के संबंध में ₹ 295.66 करोड़ (2024: ₹ 168.55 करोड़)।

समूह ने उन विवादित मांगों/दावों को आकस्मिक देनदारियों के रूप में नहीं माना है, जिनके लिए संसाधनों के बहिर्वाह को दूरस्थ माना गया है। समूह को इन कार्यवाहियों के परिणाम से अपनी वित्तीय स्थिति पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका नहीं है। संयुक्त संचालन से संबंधित आकस्मिक देनदारियों का खुलासा नोट 34 में किया गया है।

ख.2 वित्तीय गारंटी को छोड़कर गारंटी

*ख.2.1 समूह ने इंडियनऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड (आईओएजीपीएल) की ओर से, भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, इंडसइंड बैंक, जम्मू और कश्मीर बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक द्वारा आईओएजीपीएल को प्रदान की गई प्रदर्शन बैंक गारंटी सुविधा के अंतर्गत, बाद की कंपनी के दायित्वों की सीमा तक, कॉर्पोरेट गारंटी जारी की है। 31 मार्च, 2025 को, इस दायित्व में समूह का हिस्सा ₹ 3,472.15 करोड़ रुपये (2024: ₹ 3,472.15 करोड़ रुपये) अनुमानित है।

*ख.2.2 समूह ने ऊर्जा भारत प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर (मूल कंपनी की सहायक कंपनी, आईओसीएल सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी) की ओर से अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के पक्ष में मूल कंपनी गारंटी जारी की है ताकि संयुक्त उद्यम कंपनी के भुगतान और न्यूनतम कार्य योजना के निष्पादन संबंधी भविष्य के दायित्वों को पूरा किया जा सके। निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत कुल राशि 149.94 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। इस दायित्व की अनुमानित राशि (भुगतान की गई राशि को घटाकर) ₹ 564.08 करोड़ अमेरिकी डॉलर – 65.99 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2024: ₹ 144.30 करोड़ अमेरिकी डॉलर – ₹ 17.30 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी–37: प्रतिबद्धताएं एवं आकस्मिकताएं (जारी..)

ख.2.3 समूह ने वेनेजुएला गणराज्य के साथ सिग्रेचर बोनस समझौता किया है, जो विभिन्न परियोजनाओं की समय-सीमा पूरी होने पर देय होगा। इस दायित्व की अनुमानित राशि ₹ 483.81 करोड़ (2024: ₹ 472.37 करोड़) है।

* समूह ने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान की विशेषज्ञ सलाहकार समिति (ईएसी) से इन्हें वित्तीय गारंटी मानने के संबंध में राय मांगी है। ईएसी की राय मिलने पर, यदि आवश्यक हो, तो लेखा पुस्तकों में उचित प्रभाव डाला जाएगा।

ख.3 अन्य धन जिसके लिए समूह आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है

ख.3.1 सरकार का निर्णय लंबित होने तक, अधिग्रहित की गई कुछ भूमि के लिए भूमि मालिकों और सरकार को देय अतिरिक्त मुआवजे, यदि कोई हो, के संबंध में कोई देयता निर्धारित और प्रावधानित नहीं की जा सकती।

ख.3.2 31.03.2025 तक, मूल कंपनी के पास वेयरहाउस विनियमन (एमओओडब्ल्यूआर) योजना में विनिर्माण और अन्य संचालन के तहत आयातित पूंजीगत वस्तुओं के लिए सीमा शुल्क के प्रति ₹ 1,452.03 करोड़ (2024: ₹ 967.81 करोड़) की आकस्मिक देयता है, जिसके खिलाफ मूल कंपनी ने ₹ 4,356.09 करोड़ (2024: ₹ 2,903.43 करोड़) की राशि के बांड निष्पादित और उपयोग किए हैं, जो सीमा शुल्क का तीन गुना है। इस तरह के सीमा शुल्क के लिए फर्म देयता निपटान के समय प्रवेश के एक्स-बॉन्ड बिल दाखिल करने के समय शर्तों (सीमा शुल्क की दर / निर्यात करने के लिए कंपनी का निर्णय, आदि) पर आकस्मिक होगी। यदि मूल कंपनी ऐसे पूंजीगत सामानों का निर्यात करने का फैसला करती है, तो संबंधित लागत महत्वपूर्ण नहीं होगी।

ग. प्रतिबद्धताएं

ग.1 पूँजीगत प्रतिबद्धताएँ

पूँजी खाते में निष्पादित किए जाने वाले शेष अनुबंधों की अनुमानित राशि, जिसके लिए करों सहित ₹ 41,946.62 करोड़ (2024: ₹ 61,201.75 करोड़) का प्रावधान नहीं किया गया है।

ग.2 अन्य प्रतिबद्धताएँ

पूंजीगत वस्तुओं की खरीद पर ईपीसीजी लाइसेंस योजना के अंतर्गत प्राप्त रियायती शुल्क दर के कारण समूह पर ₹ 219.05 करोड़ (2024: ₹ 219.05 करोड़) की निर्यात बाध्यता है और निर्यात के माध्यम से इसकी पूर्ति की उम्मीद है।

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण

इंड ए.एस.-24 "संबंधित पक्ष के प्रकटन" द्वारा यथा अपेक्षित प्रकटन नीचे किए गए हैं:

1. क) संस्थानों के साथ संबंध आईओसीएल और उसकी सहायक कंपनियों के संयुक्त उद्यमों (जेवी) / एसोसिएट कंपनियों के विवरण

आईओसीएल के संयुक्त उद्यम और सहयोगी	
1) इंडियनऑयल अदानी वेंचर्स लिमिटेड	19) इंडियनऑयल - अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड
2) लुब्रीज़ोल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	20) मुंबई एविएशन फ्यूल फ़ार्म फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड
3) पेट्रोनेट वीके लिमिटेड	21) कोच्चि सेलम पाइपलाइन प्राइवेट लिमिटेड
4) इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड	22) हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड$
5) एवीआई-ऑयल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	23) रत्नागिरी रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
6) पेट्रोनेट इंडिया लिमिटेड*	24) इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड
7) पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड	25) उज्ज्वला प्लस फ़ाउंडेशन^^
8) ग्रीन गैस लिमिटेड	26) आईएचबी लिमिटेड
9) पेट्रोनेट सीआई लिमिटेड@	27) इंडियनऑयल एचडब्ल्यूबी प्राइवेट लिमिटेड
10) इंडियनऑयल एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड	28) आईओसी फ़िनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
11) इंडियनऑयल स्काईटैंकिंग प्राइवेट लिमिटेड	29) पारादीप प्लास्टिक पार्क लिमिटेड
12) सनटेरा नाइजीरिया 205 लिमिटेड	30) कावेरी बेसिन रिफ़ाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड@@
13) दिल्ली एविएशन फ्यूल फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड	31) इंडियनऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
14) इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड	32) जीएच4इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
15) इंडियनऑयल रुचि बायोफ्यूल्स एलएलपी#	33) आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड (21.06.2024 को निगमित)
16) एनपीसीआईएल- इंडियनऑयल न्यूक्लियर एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड	34) इंडोफ़ास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (15.07.2024 को निगमित)
17) जीएसपीएल इंडिया ट्रांसको लिमिटेड	35) एलपीजी उपकरण अनुसंधान केंद्र
18) जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड	36) इंडियन ऑयल फाउंडेशन

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

आईओसीएल की सहायक कंपनियों के संयुक्त उद्यम और सहयोगी	
37) इंडियन एडिटिव्स लिमिटेड	45) इंडोइल नीदरलैंड बी.वी.
38) नेशनल एरोमैटिक्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड	46) भारत एनर्जी ऑफिस एलएलसी
39) तास इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	47) ट्रिंको पेट्रोलियम टर्मिनल (प्राइवेट) लिमिटेड
40) वैंकोर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	48) मेर रूज ऑयल स्टोरेज टर्मिनल लिमिटेड
41) सीलोन पेट्रोलियम स्टोरेज टर्मिनल्स लिमिटेड	49) कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड@@
42) फाल्कन ऑयल एंड गैस बी.वी.	50) आई.ओ.एम.एल. हुलास ल्यूब प्राइवेट लिमिटेड
43) ऊर्जा भारत प्राइवेट लिमिटेड	51) सन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर (27.06.2024 से कार्यरत)
44) बेक्सिमको आईओसी पेट्रोलियम एंड एनर्जी लिमिटेड	52) सीपीसीएल एजुकेशनल ट्रस्ट

ख) आईओसीएल की सहायक कंपनियों से लेकर संयुक्त उद्यमों का विवरण:

1) आईएवी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन सर्विसेज लिमिटेड	9) आईएवी बायोगैस प्राइवेट लिमिटेड
2) आईएवी इंफ्रास्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड	10) पेट्रोनेट एलएनजी फाउंडेशन (गारंटी द्वारा सीमित)
3) आईओटी उत्कल एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड	11) पेट्रोनेट एनर्जी लिमिटेड
4) आईएवी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स लिमिटेड	12) कज़ाकिस्तान कैस्पीशेल्फ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
5) जेएससी कजाकिस्तान कैस्पीशेल्फ	13) पेट्रोनेट एलएनजी सिंगापुर प्राइवेट लिमिटेड
6) इंडियन ऑयलटैंकिंग इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन सर्विसेज एलएलसी ओमान	14) आईओएसएल नोएडा प्राइवेट लिमिटेड
7) आईओटी विटो मुहेंदिसलिक इंसात वे ताहुत ए.एस.	15) आईएवी उत्कर्ष लिमिटेड
8) इंडियन ऑयल स्काईटैंकिंग दिल्ली प्राइवेट लिमिटेड	16) आईएवी ऊर्जा सर्विसेज लिमिटेड
	17) आईएवी उड़ान लिमिटेड (19.04.2024 को निगमित)

*पेट्रोनेट इंडिया लिमिटेड, इंडियनऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, आरआईएल, एनईएल, आईएलएंडएफएस, एसबीआई और आईसीआईसीआई का एक संयुक्त उद्यम है। कंपनी का समापन हो रहा है और मामला 2018 से आधिकारिक परिसमापक के पास लंबित है।

@पेट्रोनेट सीआई लिमिटेड, इंडियनऑयल, पीआईएल, आरआईएल, एनईएल और बीपीसीएल का एक संयुक्त उद्यम है। कंपनी का समापन हो रहा है और मामला 2006 से आधिकारिक परिसमापक के पास लंबित है।

#इंडियनऑयल ने संयुक्त उद्यम, इंडियनऑयल रुचि बायोफ्यूल्स एलएलपी (मेसर्स आईओआरबी) से 26 दिसंबर, 2018 को अन्य संयुक्त उद्यम भागीदार अर्थात रुचि सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (मेसर्स रुचि) के साथ-साथ एलएलपी को भी एलएलपी से बाहर निकलने की सूचना देकर यह कहा है कि वह 15 दिसंबर, 2018 से एलएलपी से बाहर हो जाएगा। 25 जनवरी, 2019। मेसर्स रुचि द्वारा कंपनी रजिस्ट्रार के पास आवश्यक प्रपत्र दाखिल करके निकास संबंधी औपचारिकताएँ पूरी करने की समय-सीमा नोटिस की समाप्ति अवधि के 30 दिनों के भीतर (अर्थात 24 फ़रवरी, 2019 तक) थी, हालाँकि यह अभी भी लंबित है और इंडियनऑयल का नाम कंपनी रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर उक्त एलएलपी में भागीदार के रूप में दिखाई दे रहा है। यह सूचित किया गया है कि मेसर्स रुचि कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के अधीन थी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने उसका अधिग्रहण कर लिया है। आईओआरबी एलएलपी से इंडियनऑयल के बाहर निकलने से संबंधित औपचारिकताएँ पूरी करने के लिए मेसर्स रुचि को सभी आवश्यक दस्तावेज़ उपलब्ध करा दिए गए हैं।

$इंडियनऑयल के बोर्ड ने 23.11.2022 को आयोजित अपनी बैठक में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के विनिवेश को सैद्धांतिक रूप से मंज़ूरी दे दी है।

^^इंडियनऑयल के बोर्ड ने 14.03.2023 को आयोजित अपनी बैठक में उज्ज्वला प्लस फाउंडेशन को बंद करने के लिए सैद्धांतिक मंज़ूरी दे दी है।

@@इंडियनऑयल के बोर्ड ने 28.03.2024 को आयोजित अपनी बैठक में इंडियनऑयल की 75% इक्विटी और सीपीसीएल की 25% इक्विटी के साथ सीबीआरपीएल की पूंजी संरचना में संशोधन के लिए सैद्धांतिक मंज़ूरी दे दी है। इंडियनऑयल द्वारा शेष 50% इक्विटी शेयर प्राप्त करने पर, सीबीआरपीएल इंडियनऑयल की एक सहायक कंपनी बन जाएगी।

ग) संयुक्त उद्यम (जेवी)/आईओसीएल की सहयोगी कंपनियों और उनकी सहायक कंपनियों, आईओसीएल की सहायक कंपनियों की जेवी और आईओसीएल की सहायक कंपनियों और उनके संबंधित पक्षकारों के साथ व्यवसाय के सामान्य क्रम के दौरान निम्नलिखित लेनदेन किए गए:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024–25	2023–24
1 उत्पादों/सेवाओं की बिक्री इसमें इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड को ₹ 2,849.78 करोड़ (2024: ₹ 2,615.22 करोड़), हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड को ₹1,024.13 करोड़ (2024: ₹1,514.26 करोड़) और इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड को ₹768.64 करोड़ (2024: ₹609.31 करोड़) की बिक्री शामिल है	5,440.23	5,201.00
2 प्राप्त ब्याज इसमें इंडियनऑयल अदानी वेंचर्स लिमिटेड से ₹1.22 करोड़ (2024: ₹1.23 करोड़) और इंडियनऑयल एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त ब्याज शामिल है – शून्य (2024: ₹219.18 करोड़)	1.24	221.89
3 अन्य परिचालन राजस्व/लाभांश/अन्य आय इसमें अन्य परिचालन शामिल हैं इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लिमिटेड से राजस्व/लाभांश/अन्य आय ₹137.52 करोड़ (2024: ₹121.03 करोड़), फाल्कन ऑयल एंड गैस बी वी ₹47.55 करोड़ (2024: ₹115.16 करोड़), वेंकोर इंडिया पीटीई लिमिटेड शून्य (2024: ₹125.74 करोड़) और तास इंडिया पीटीई लिमिटेड शून्य (2024: ₹55.48 करोड़)	247.19	496.00

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

(₹ करोड़ में)

	विवरण	2024-25	2023-24
4	**उत्पादों की खरीद** इसमें पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड से ₹10,944.61 करोड़ (2024: ₹10,685.34 करोड़) उत्पादों की खरीद शामिल है	12,964.39	12,185.90
5	**कच्चे माल/अन्य की खरीद** इसमें पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड से कच्चे माल/अन्य की खरीद ₹4,391.12 करोड़ (2024: ₹4,417.16 करोड़) और फाल्कन ऑयल एंड गैस बी.वी. से ₹2,658.63 करोड़ (2024: ₹2,717.76 करोड़) शामिल है	7,755.55	7,818.71
6	**ब्याज का भुगतान** आईओटी उत्कल एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड को ₹153.67 करोड़ (2024: ₹181.75 करोड़) का ब्याज शामिल है	153.67	181.75
7	**भुगतान किए गए/(वसूली की गई) व्यय (शुद्ध)** इसमें इंडियनऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड को ₹294.30 करोड़ (2024: ₹329.51 करोड़) और इंडियनऑयल स्काई टैंकिंग प्राइवेट लिमिटेड को ₹201.04 करोड़ का ब्याज शामिल है (2024: ₹196.33 करोड़), इंडियन ऑयल अदानी वेंचर्स लिमिटेड ₹139.68 करोड़ (2024: ₹120.05 करोड़) और आईओटी उत्कल एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड ₹95.46 करोड़ (2024: ₹91.41 करोड़)	929.23	932.01
8	**वर्ष के दौरान किए गए/(बेचे गए) निवेश (निवेश के लिए अग्रिम सहित)** इंडोफास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में किए गए निवेश शामिल हैं ₹185.01 करोड़ (2024: शून्य), कोच्चि सेलम पाइपलाइन्स प्राइवेट लिमिटेड ₹112.50 करोड़ (2024: ₹76.99 करोड़), आईओसी जीपीएस रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड ₹54.15 करोड़ (2024: शून्य)	1,248.63	701.12
9	**वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान/(वापस लिखें)** जीएसपीएल इंडिया ट्रांसको लिमिटेड में किए गए प्रावधान/(वापस लिखित) ₹ 95.24 करोड़ (2024: शून्य) शामिल हैं	95.24	–

(₹ करोड़ में)

	विवरण	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
1	**बकाया प्राप्य/ऋण** इसमें इंडियनऑयल एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड से बकाया प्राप्य/ऋण ₹ 1,055.99 करोड़ (2024: ₹ 1,056.21 करोड़) और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड से बकाया प्राप्य/ऋण ₹195.92 करोड़ (2024: ₹226.63 करोड़) शामिल हैं	2,497.74	2,237.10
2	**बकाया देय राशि (पट्टा दायित्व सहित)** आईओटी उत्कल एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड को देय बकाया राशि ₹1,388.45 करोड़ (2024: ₹1,683.84 करोड़) और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड को देय बकाया राशि ₹1,166.98 करोड़ (2024: ₹1,009.93 करोड़) शामिल है	2,812.30	2,975.16
3	**आज की तारीख तक संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनियों में निवेश**	21,549.16	19,373.87
4	**गारंटियाँ**		
	वित्तीय गारंटी इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड को दी गई वित्तीय गारंटी शामिल है ₹224.00 करोड़ (2024: ₹132.00 करोड़)	224.00	132.00

नोट:

1) प्रत्येक प्रकार के कुल संबंधित पक्ष लेन-देन के 10% से अधिक के लेन-देन का खुलासा ऊपर किया गया है।

2) इस अवधि के दौरान गठित/अधिग्रहित संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों के मामले में, गठन/अधिग्रहण की तिथि से लेन-देन का खुलासा किया गया है।

3) इस अवधि के दौरान बंद/विनिवेशित संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों के मामले में, केवल बंद/विनिवेश की तिथि तक के लेन-देन का खुलासा किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

2. सरकार से संबंधित संस्थाएँ जहाँ महत्वपूर्ण लेनदेन हुए

ऊपर बताए गए लेनदेन के अलावा, समूह ने अन्य सरकारी संस्थाओं के साथ भी लेनदेन किया है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

सरकार का नाम:	भारत सरकार (केंद्र और राज्य सरकार)
लेनदेन की प्रकृति:	↗ उत्पादों और सेवाओं की बिक्री
	↗ उत्पादों की खरीद
	↗ कच्चे माल की खरीद
	↗ हैंडलिंग और माल ढुलाई शुल्क, आदि

ये लेन-देन समूह के व्यवसाय के सामान्य क्रम में उन शर्तों पर किए जाते हैं जो अन्य संस्थाओं के साथ किए जाने वाले लेन-देन के समान हैं जो सरकार से संबंधित नहीं हैं।

3) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

क. पूर्णकालिक निदेशक/कंपनी सचिव	ख. स्वतंत्र निदेशक	ग. सरकार द्वारा नामित निदेशक
1) श्री अरविंदर सिंह साहनी (13.11.2024 से)	1) डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	1) डॉ. सुजाता शर्मा (11.05.2024 से प्रभावी)
2) श्री वी.सतीश कुमार	2) डॉ. (प्रो.) आशुतोष पंत (23.11.2024 तक)	2) श्री सुनील कुमार (07.05.2024 तक)
3) श्री एन. सेंथिल कुमार	3) डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर (23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनः नियुक्त)	
4) श्री अनुज जैन	4) श्री प्रसेनजीत विश्वास (23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनः नियुक्त)	
5) डॉ. आलोक शर्मा	5) श्री सुदीप्त कुमार रे (23.11.2024 तक)	
6) सुश्री रश्मि गोविल	6) श्री कृष्णन सदगोपन (23.11.2024 तक और 28.03.2025 से पुनः नियुक्त)	
7) श्री अरविंद कुमार (17.07.2024 से)	7) श्री दिलीप गोगोई लालुंग (23.11.2024 तक)	
8) श्री सुमन कुमार (26.02.2025 से)		
9) श्री एस.एम. वैद्य (31.08.2024 तक)		
10) श्री सुजय चौधुरी (31.08.2024 तक)		
11) सुश्री शुक्ला मिस्त्री (30.04.2024 तक)		
12) श्री रंजन कुमार महापात्र (02.05.2023 तक)		
13) डॉ. एस.एस. रामकुमार (31.07.2023 तक)		
14) श्री डी.एस. नानावरे (30.06.2023 तक)		
15) श्री संजय कौशल (09.10.2023 तक)		
16) श्री कमल कुमार ग्वालानी		

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

घ) उपर्युक्त मद संख्या 4कऔर 4ख में संदर्भित कर्मियों से संबंधित विवरण– 31 मार्च, 2025

(₹ करोड़ में)

मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक	अल्पकालिक कर्मचारी हितलाभ	सेवानिवृत्ति के बाद के हितलाभ	अन्य दीर्घकालिक हितलाभ	कुल पारिश्रमिक	सिटिंग शुल्क	बकाया ऋण (सकल)/ अग्रिम प्राप्तियाँ
क. पूर्णकालिक निदेशक/कंपनी सचिव						
1) श्री अरविन्दर सिंह साहनी	0.23	0.03	–	0.26	–	0.07
2) श्री वी.सतीश कुमार	0.76	0.09	–	0.85	–	–
3) श्री एन. सेंथिल कुमार	0.73	0.09	0.22	1.04	–	0.02
4) श्री अनुज जैन	0.73	0.08	0.10	0.91	–	0.17
5) डॉ. आलोक शर्मा	0.75	0.09	–	0.84	–	–
6) सुश्री रश्मि गोविल	0.85	0.09	0.11	1.05	–	–
7) श्री अरविन्द कुमार	0.46	0.07	0.11	0.64	–	0.04
8) श्री सुमन कुमार	0.05	0.01	–	0.06	–	0.12
9) श्री एस.एम.वैद्य	0.34	0.05	0.21	0.60	–	–
10) श्री सुजय चौधुरी	0.39	0.91	0.12	1.42	–	–
11) सुश्री शुक्ला मिस्त्री	0.14	0.92	0.22	1.28	–	–
12) श्री कमल कुमार ग्वालानी	0.79	0.09	0.10	0.98	–	0.20
ख. स्वतंत्र निदेशक						
1) डॉ.(प्रो.) राम नरेश सिंह	–	–	–	–	0.07	–
2) डॉ.(प्रो.) आशुतोष पंत	–	–	–	–	0.05	–
3) डॉ.दत्तात्रेय राव सिरपुरकर	–	–	–	–	0.06	–
4) श्री प्रसेनजीत विश्वास	–	–	–	–	0.08	–
5) श्री सुदीप्त कुमार रे	–	–	–	–	0.06	–
6) श्री कृष्णन सदगोपन	–	–	–	–	0.05	–
7) श्री दिलीप गोगोई लालुंग	–	–	–	–	0.04	–
कुल	6.22	2.52	1.19	9.93	0.41	0.62

2023-24

(₹ करोड़ में)

मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक	अल्पकालिक कर्मचारी हितलाभ	सेवानिवृत्ति के बाद के हितलाभ	अन्य दीर्घकालिक हितलाभ	कुल पारिश्रमिक	सिटिंग शुल्क	बकाया ऋण (सकल) / अग्रिम प्राप्तियाँ
क. पूर्णकालिक निदेशक/कंपनी सचिव						
1) श्री वी.सतीश कुमार	0.71	0.08	0.11	0.90	–	–
2) श्री एन. सेंथिल कुमार	0.39	0.05	0.17	0.61	–	0.03
3) श्री अनुज जैन	0.22	0.04	–	0.26	–	0.19
4) डॉ. आलोक शर्मा	0.13	0.02	0.11	0.26	–	–
5) सुश्री रश्मि गोविल	0.03	0.01	–	0.04	–	0.08
6) श्री एस.एम.वैद्य	0.74	0.90	0.01	1.65	–	–
7) श्री सुजय चौधुरी	0.73	0.08	0.10	0.91	–	–
8) सुश्री शुक्ला मिस्त्री	0.67	0.08	–	0.75	–	–
9) श्री रंजन कुमार महापात्र	0.14	–	–	0.14	–	–
10) डॉ. एस.एस.वी. रामकुमार	0.29	0.72	0.11	1.12	–	–
11) श्री डी. एस. नानावरे	0.50	0.80	0.11	1.41	–	–
12) श्री संजय कौशल	0.41	0.04	0.01	0.46		
13) श्री कमल कुमार ग्वालानी	0.67	0.08	–	0.75	–	0.23

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

(₹ करोड़ में)

मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक	अल्पकालिक कर्मचारी हितलाभ	सेवानिवृत्ति के बाद के हितलाभ	अन्य दीर्घकालिक हितलाभ	कुल पारिश्रमिक	सिटिंग शुल्क	बकाया ऋण (सकल) / अग्रिम प्राप्तियाँ
ख. स्वतंत्र निदेशक						
1) डॉ. (प्रो.) राम नरेश सिंह	–	–	–	–	0.06	–
2) डॉ.(प्रो.)आशुतोष पंत	–	–	–	–	0.11	–
3) डॉ.दत्तात्रेय राव सिरपुरकर	–	–	–	–	0.11	–
4) श्री प्रसेनजीत विश्वास	–	–	–	–	0.14	–
5) श्री सुदीप्त कुमार रे	–	–	–	–	0.11	–
6) श्री कृष्णन सदगोपन	–	–	–	–	0.10	–
7) श्री दिलीप गोगोई लालुंग	–	–	–	–	0.08	–
कुल	**5.63**	**2.90**	**0.73**	**9.26**	**0.71**	**0.53**

टिप्पणियां –

1) इसमें सेवानिवृत्ति लाभ/दीर्घकालिक योजनाओं के बीमांकिक मूल्यांकन पर किए गए प्रावधान और सेवानिवृत्ति–पश्चात लाभों के लिए इस अवधि के दौरान किए गए प्रावधान का प्रभाव शामिल नहीं है, क्योंकि इन्हें व्यक्तिगत निदेशकों के लिए अलग से निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

2) इस अवधि के दौरान केएमपी को कोई शेयर आधारित कर्मचारी लाभ नहीं दिया गया।

3) इसके अतिरिक्त, पूर्णकालिक निदेशकों को ₹ 2,000/– रुपये प्रति माह के भुगतान पर निगम की कार का निजी उद्देश्यों के लिए प्रति वर्ष 12,000 किलोमीटर तक उपयोग करने की अनुमति भी है।

4) केएमपी के लिए पारिश्रमिक और ऋण शेष को कार्यकाल की अवधि के लिए केएमपी के रूप में रिपोर्ट किया जाता है।

4) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के रिश्तेदार और उनके साथ वर्ष के दौरान किए गए लेन–देन का प्रकार:

1) श्री सिद्धार्थ श्रीकांत वैद्य (सहायक प्रबंधक (उत्पादन), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड): श्री एस.एम. वैद्य के पुत्र, जो 31.08.2024 तक प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक थे।

2) श्री विनायक श्रीकांत वैद्य (उत्पादन इंजीनियर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड): श्री एस.एम. वैद्य के पुत्र, जो 31.08.2024 तक प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक थे।

उपर्युक्त पक्षों से संबंधित विवरण:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024–25	2023–24
1 पारिश्रमिक^		
श्री सिद्धार्थ श्रीकांत वैद्य	0.10	0.23
श्री विनायक श्रीकांत वैद्य	0.07	0.16
2 बकाया प्राप्य/ऋण^		
श्री सिद्धार्थ श्रीकांत वैद्य	0.10	0.12
श्री विनायक श्रीकांत वैद्य	–	–

^केएमपी के रिश्तेदार के लिए पारिश्रमिक और ऋण शेष केएमपी की कार्यकाल अवधि के लिए रिपोर्ट किया जाता है।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 38: संबंधित पक्षों का प्रकटीकरण (जारी..)

5) कर्मचारी लाभ ट्रस्ट

एक अलग ट्रस्ट के माध्यम से प्रबंधित रोजगारोत्तर लाभ योजनाओं के साथ लेनदेन:

(₹ करोड़ में)

	ट्रस्ट का नाम	नियोजन के बाद की हितलाभ योजना	नियोक्ता का अंशदान 2024-25	बकाया प्राप्य/ (देय) 31 मार्च, 2025	नियोक्ता का अंशदान 2023-24	बकाया प्राप्य/ (देय) 31 मार्च, 2024
1	आईओसीएल (रिफाइनरी प्रभाग) कर्मचारी भविष्य निधि	भविष्य निधि	274.99	(39.85)	264.97	8.64
2	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (असम ऑयल प्रभाग) कर्मचारी भविष्य निधि	भविष्य निधि	16.24	0.41	17.42	(0.23)
3	इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (विपणन प्रभाग) के कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि	भविष्य निधि	244.13	(49.46)	244.48	(1.43)
4	आईओसीएल कर्मचारी सेवानिवृत्ति लाभ निधि	पेंशन योजना	87.72	12.37	108.75	2.25
5	आईओसीएल कर्मचारी सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ निधि	सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा योजना	368.37	64.74	546.37	70.45
6	आईओसीएल कर्मचारी समूह ग्रेच्युटी ट्रस्ट	ग्रेच्युटी	59.74	49.41	–	39.96
7	सीपीसीएल कर्मचारी भविष्य निधि	भविष्य निधि	25.26	2.11	25.00	2.07
8	सीपीसीएल कर्मचारी सेवानिवृत्ति लाभ निधि	पेंशन योजना	9.12	–	10.25	–

टिप्पणी – 39– खंडवार (सेगमेंट) सूचना

31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए इंड-एएस 108 के अनुसार प्रचालनीय खंडवार रिपोर्टिंग निम्नानुसार है–

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25						2023-24					
	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रो-रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	उन्मूलन	कुल	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रो-रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	उन्मूलन	कुल
राजस्व												
बाह्य राजस्व	7,84,078.82	27,981.71	42,210.70	5,091.50	–	8,59,362.73	8,14,954.18	26,186.80	35,215.42	4,879.05	–	8,81,235.45
अंतर-खंड राजस्व	19,738.20	48.79	130.74	59.37	(19,977.10)	–	18,515.49	46.89	7.78	61.11	(18,631.27)	–
कुल राजस्व	8,03,817.02	28,030.50	42,341.44	5,150.87	(19,977.10)	8,59,362.73	**8,33,469.67**	**26,233.69**	**35,223.20**	**4,940.16**	**(18,631.27)**	**8,81,235.45**
परिणाम												
विनिमय लाभ/(हानि) को छोड़कर खंड परिणाम	20,476.22	(445.96)	1,405.12	293.19	–	21,728.57	60,441.93	(351.49)	500.72	731.74	–	61,322.90
खंडीय विनिमय लाभ/ (हानि)	(1,531.59)	5.67	21.63	0.62	–	(1,503.67)	(893.44)	7.35	25.29	2.32	–	(858.48)
खंड परिणाम	18,944.63	(440.29)	1,426.75	293.81	–	20,224.90	**59,548.49**	**(344.14)**	**526.01**	**734.06**	**–**	**60,464.42**
घटाएँ: अविभाज्य व्यय												
– वित्तीय लागत						9,261.93						7,825.65
– वित्तीय परिसंपत्तियों पर हानि हानि – निवेश से संबंधित						46.14						2.38
– विनिमय हानि – (शुद्ध)						809.64						396.48
– अन्य गैर-परिचालन व्यय						48.68						–
जोड़ें: अविभाज्य आय												
– ब्याज और लाभांश आय						3,268.11						3,244.25

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 39– खंडवार (सेगमेंट) सूचना (जारी..)

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024–25						2023–24					
	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रो–रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	उन्मूलन	कुल	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रो–रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	उन्मूलन	कुल
– डेरिवेटिव पर लाभ						61.96						84.09
– एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत वित्तीय साधनों पर उचित मूल्य लाभ						0.70						92.37
– अन्य गैर–परिचालन आय						75.72						81.24
– संयुक्त उद्यम और सहयोगियों में लाभ का हिस्सा						1,760.43						1,545.93
असाधारण मदों और कर से पहले लाभ/ (हानि)						15,225.43						**57,287.79**
असाधारण मदें (नोट 48, क्रम संख्या 2 देखें)						1,838.02						–
कर से पहले लाभ/ (हानि)						17,063.45						**57,287.79**
घटाएँ: आयकर (आस्थगित कर सहित)						3,274.62						14,126.64
कर के बाद लाभ/ (हानि)						13,788.83						**43,161.15**

1. समूह निम्नलिखित व्यावसायिक खंडों में कार्यरत है:

   क) पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री

   ख) पेट्रोकेमिकल्स की बिक्री

   ग) गैस की बिक्री

   घ) निगम के अन्य परिचालन खंडों में शामिल हैं: तेल एवं गैस अन्वेषण गतिविधियाँ, विस्फोटक एवं क्रायोजेनिक व्यवसाय, तथा पवन चक्की एवं सौर ऊर्जा उत्पादन। उत्पादों एवं सेवाओं की प्रकृति तथा विभिन्न जोखिमों एवं प्रतिफलों को ध्यान में रखते हुए खंडों की पहचान की गई है और उनकी रिपोर्ट तैयार की गई है।

2. खंड राजस्व में निम्नलिखित शामिल हैं:

   क) कारोबार (उत्पाद शुल्क सहित)

   ख) एसएससी का शुद्ध दावा/(समर्पण)

   ग) सरकारों से प्राप्त सब्सिडी/अनुदान

   घ) अन्य परिचालन राजस्व

3. अंतर–खंड मूल्य निर्धारण आर्म्स लेंथ आधार पर हैं।

4. कोई रिपोर्ट योग्य भौगोलिक खंड नहीं हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 39– खंडवार (सेगमेंट) सूचना (जारी..)

अन्य सूचना

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2025					31 मार्च, 2024				
	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रोलियम रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	कुल	पेट्रोलियम उत्पाद	पेट्रोलियम रसायन	गैस	अन्य व्यवसाय	कुल
खंड परिसंपत्तियाँ	3,63,006.64	39,172.38	15,079.10	14,662.16	4,31,920.28	3,46,448.69	35,187.89	13,866.19	14,799.92	4,10,302.69
कॉर्पोरेट परिसंपत्तियाँ										
समेकन पर सद्भावना					1.04					1.04
निवेश (चालू और गैर-चालू)					67,218.50					65,541.90
निवेश के लिए अग्रिम					1,558.43					1,604.67
आयकर / चालू कर परिसंपत्तियाँ					2,314.78					1,828.80
निवेश / बैंक जमा पर अर्जित ब्याज					0.50					–
ऋण					3,852.20					3,079.92
डेरिवेटिव परिसंपत्तियाँ					1.32					2.98
कुल परिसंपत्तियाँ					5,06,867.05					**4,82,362.00**
खंड देयताएँ	1,35,635.46	1,998.61	3,344.88	1,665.48	1,42,644.43	1,34,714.99	1,750.00	3,372.41	1,429.54	1,41,266.94
कॉर्पोरेट देनदारियाँ										
आयकर / वर्तमान कर देनदारियाँ					39.97					954.37
उधार (अल्पकालिक और दीर्घकालिक)					1,42,559.90					1,23,453.57
पट्टा दायित्व (अल्पकालिक और दीर्घकालिक)					9,710.66					9,173.99
आस्थगित कर देनदारी					20,664.96					18,960.70
उधार पर अर्जित लेकिन देय नहीं ब्याज					–					28.37
डेरिवेटिव देनदारियाँ					222.47					361.08
कुल देनदारियाँ					3,15,842.39					**2,94,199.02**
नियोजित पूंजी										
खंडवार	2,27,371.18	37,173.77	11,734.22	12,996.68	2,89,275.85	2,11,733.70	33,437.89	10,493.78	13,370.38	2,69,035.75
कॉर्पोरेट					(98,252.23)					(80,873.81)
कुल नियोजित पूंजी					1,91,023.62					**1,88,161.94**
पूंजीगत व्यय	32,911.93	3,489.60	901.32	1,357.07	38,659.92	33,137.92	5,708.93	1,487.03	1,541.62	41,875.50
मूल्यह्रास और परिशोधन	13,906.87	1,394.79	426.55	1,049.13	16,777.34	13,220.66	1,258.03	587.75	799.67	15,866.11

भौगोलिक जानकारी

(₹ करोड़ में)

	बाहरी ग्राहकों से राजस्व		गैर तात्कालिक परिसंपत्ति	
	2024-25	2023-24	31 मार्च, 2025	31 मार्च, 2024
भारत	8,14,976.16	8,34,350.03	2,89,569.09	2,64,275.08
भारत के बाहर	44,386.57	46,885.42	17,047.23	15,803.50
कुल	**8,59,362.73**	**8,81,235.45**	**3,06,616.32**	**2,80,078.58**

प्रमुख उत्पादों और सेवाओं से राजस्व

(₹ करोड़ में)

विवरण	2024-25	2023-24
मोटर स्पिरिट (एमएस)	1,98,519.62	1,96,193.13
हाई स्पीड डीज़ल (एचएसडी)	3,82,278.61	4,06,028.48
द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी)	91,080.60	1,02,693.67
विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ)	42,098.13	44,576.67
अन्य	1,45,385.77	1,31,743.50
कुल बाह्य राजस्व	**8,59,362.73**	**8,81,235.45**

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 40: उचित मूल्य का मापन

I. उचित मूल्य मापन के अनुक्रम के साथ–साथ कंपनी के वित्तीय लिखतों की वहन राशियों और उचित मूल्य के वर्ग की तुलना नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	वहनीय मूल्य		उचित मूल्य		उचित मूल्य का मापन, अनुक्रम स्तर
	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक	
वित्तीय पूंजी					
क. अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई):					
उद्धृत इक्विटी शेयर	30,464.01	32,966.25	30,464.01	32,966.25	स्तर 1
अउद्धृत इक्विटी उपकरण	5,497.42	4,688.41	5,497.42	4,688.41	स्तर 3
उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियाँ	9,516.68	9,530.90	9,516.68	9,530.90	स्तर 1
डेरिवेटिव हेजिंग					
कमोडिटी फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट्स – मार्जिन हेजिंग	0.62	2.98	0.62	2.98	स्तर 2
ख. लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल):					
लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर व्युत्पन्न उपकरण	0.70	–	0.70	–	स्तर 2
यूनिट ट्रस्ट निवेश	229.26	412.17	229.26	412.17	स्तर 1
पीएमएस के माध्यम से निवेश	622.97	436.79	622.97	436.79	स्तर 1
ग. परिशोधित लागत:					
कर्मचारियों को ऋण	2,544.33	2,199.72	2,572.19	2,092.71	स्तर 2
पीएमयूवाई ऋण (अधिक जानकारी के लिए नोट–48 का बिंदु 1 देखें)	305.45	356.45	317.40	359.87	स्तर 3
वित्तीय देनदारियाँ					
क. परिशोधित लागत:					
गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर	16,996.93	17,723.38	17,598.45	18,246.54	स्तर 2
तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) से सावधि ऋण	–	24.70	–	25.38	स्तर 2
तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम लिमिटेड (एसआईपीसीओटी) से सावधि ऋण	158.12	–	162.66	–	स्तर 2
ओडिशा सरकार से ऋण	2,780.19	2,351.95	3,027.71	2,456.80	स्तर 2
ख. लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीपीएल):					
लाभ या हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर डेरिवेटिव उपकरण	180.65	360.83	180.65	360.83	स्तर 2
ग. अन्य व्यापक आय के माध्यम से उचित मूल्य (एफवीटीओसीआई):					
डेरिवेटिव हेजिंग					
विदेशी मुद्रा वायदा अनुबंध– ऋण	33.07	0.25	33.07	0.25	स्तर 2
विदेशी मुद्रा विनिमय	8.29	–	8.29	–	स्तर 2
कमोडिटी वायदा अनुबंध– मार्जिन हेजिंग	0.46	–	0.46	–	स्तर 2

टिप्पणी:

1. प्रबंधन ने यह आकलन किया है कि व्यापार प्राप्य, व्यापार देयताएं, नकदी और नकदी समकक्ष, बैंक शेष और बैंक जमा, ऊपर उल्लिखित के अलावा ऋण (सुरक्षा जमा सहित), अल्पावधि उधार (दीर्घावधि उधार की वर्तमान परिपक्वता सहित), फ्लोटिंग दर उधार, पट्टा देयताएं, अन्य गैर व्युत्पन्न चालू/गैर–चालू वित्तीय परिसंपत्तियां और अन्य गैर डेरिवेटिव चालू/गैर–चालू वित्तीय देयताएं उनके वहन राशि के अनुमानित उचित मूल्य हैं।

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 40: उचित मूल्य का मापन (जारी..)

विधियाँ और मान्यताएँ

रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्यों का अनुमान लगाने के लिए निम्नलिखित विधियों और मान्यताओं का उपयोग किया गया:

क. स्तर 1 पदानुक्रम:

(i) **उद्धृत इक्विटी शेयर:** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, तेल अवीव स्टॉक एक्सचेंज, इज़राइल और, नैस्डैक न्यूयॉर्क में उद्धृत समापन मूल्य (असमायोजित)

(ii) **उद्धृत सरकारी प्रतिभूतियाँ**: क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में प्रकाशित समापन मूल्य (असमायोजित)

(iii) **यूनिट ट्रस्ट निवेश/पीएमएस:** ट्रस्ट बुलेटिन/समाचार पत्र/पीएमएस में उपलब्ध विशिष्ट निवेश के लिए समापन एनएवी

ख. स्तर 2 पदानुक्रम:

(i) **एफवीटीपीएल पर डेरिवेटिव उपकरण:** बाज़ार अवलोकनीय इनपुट का उपयोग करके समान उपकरणों के लिए संस्थानों द्वारा उद्धृत प्रतिस्थापन लागत।

(ii) **एफवीटीओसीआई पर हेजिंग डेरिवेटिव उपकरण:** बाज़ार अवलोकनीय इनपुट का उपयोग करके समान उपकरणों के लिए संस्थानों द्वारा उद्धृत प्रतिस्थापन लागत।

(iii) **कर्मचारियों को ऋण:** समान शर्तों, ऋण जोखिम और शेष परिपक्वताओं पर वस्तुओं के लिए वर्तमान में उपलब्ध दरों का उपयोग करके भविष्य के नकदी प्रवाह को भुनाना, ऐसे ऋण से संबंधित विशिष्ट महत्वहीन अप्राप्य इनपुट जैसे मूलधन और ब्याज चुकौती के लिए समायोजित किया जाता है ताकि कर्मचारी को संबंधित ऋण योजनाओं के अनुसार पुनर्भुगतान में अधिक लचीलापन मिल सके।

(iv) **गैर–परिवर्तनीय डिबेंचर, ओडिशा सरकार से ऋण:** समान शर्तों, ऋण जोखिम और शेष परिपक्वताओं पर वस्तुओं के लिए वर्तमान में उपलब्ध दरों का उपयोग करके भविष्य के नकदी प्रवाह को भुनाना (फ्लोटिंग रेट उधार को छोड़कर)।

(v) **तेल उद्योग विकास बोर्ड (ओआईडीबी) और तमिलनाडु राज्य उद्योग संवर्धन निगम लिमिटेड (एसआईपीसीओटी) से सावधि ऋण:** भारतीय लेखा मानक 113 के अनुसार निकास मॉडल का उपयोग करते हुए समान प्रकार के उधारों (ओआईडीबी उधार दर) के लिए वर्तमान में उपलब्ध दरों का उपयोग करके भविष्य के नकदी प्रवाह को भुनाना।

ग. स्तर 3 पदानुक्रम:

(i) **अनकोटेड इक्विटी उपकरण:** अनकोटेड इक्विटी उपकरणों के उचित मूल्यों का आकलन बाहरी मूल्यांकनकर्ता की सहायता से मूल्यांकन तकनीकों के बाज़ार दृष्टिकोण या आय दृष्टिकोण का उपयोग करके किया गया है। बाज़ार दृष्टिकोण तकनीक के अनुसार मूल्यांकन कंपनी के लेखांकन अनुपातों की तुलना उसी प्रकृति और आकार की अन्य कंपनियों के लेखांकन अनुपातों से करके निर्धारित किया जाता है, जिन्हें मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, जैसे कि आय, नकदी प्रवाह, बही मूल्य, या समान प्रकृति के विभिन्न व्यवसायों की बिक्री। आय दृष्टिकोण तकनीक के अनुसार मूल्यांकन भविष्य के नकदी प्रवाह को छूट दर का उपयोग करके वर्तमान मूल्य पर छूट देकर निर्धारित किया जाता है। इन मूल्यांकनों के लिए प्रबंधन को मॉडल में अप्रमाणित इनपुट का उपयोग करने की आवश्यकता होती है, जिनमें से महत्वपूर्ण अप्रमाणित इनपुट नीचे दी गई तालिकाओं में प्रकट किए गए हैं।

(ii) **पीएमयूवाई ऋण:** पीएमयूवाई ऋणों का उचित मूल्य बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों पर लागू अनुमानित ब्याज दरों का उपयोग करके भविष्य के नकदी प्रवाह को छूट देकर अनुमानित किया जाता है, जिसमें उपभोग पैटर्न, सब्सिडी दर की धारणा आदि जैसे विशिष्ट गुणात्मक और मात्रात्मक कारकों को शामिल करते हुए नकदी प्रवाह का अनुमान लगाने में अप्राप्य इनपुट के महत्वपूर्ण उपयोग के लिए विधिवत समायोजित किया जाता है।

31 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2024 तक मात्रात्मक संवेदनशीलता विश्लेषण के साथ उचित मूल्य पदानुक्रम के स्तर 3 के भीतर वर्गीकृत उचित मूल्य मूल्यांकन में उपयोग किए गए महत्वपूर्ण अप्रमाणित इनपुट नीचे दिखाए गए हैं:

विवरण	मूल्यांकन तकनीक	महत्वपूर्ण अप्राप्य इनपुट	रेंज (भारित औसत)	उचित मूल्य के प्रति इनपुट की संवेदनशीलता
I **अनकोटेड इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स –** हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयर (वहन मूल्य के लिए नोट–4 देखें)	बाजार दृष्टिकोण –ईबीआईटीडीए मल्टीपल	राजस्व गुणक	31.03.25: 0.18x – 0.58x (0.38x)	राजस्व गुणक में 0.1x वृद्धि/(कमी) के परिणामस्वरूप उचित मूल्य में वृद्धि/ (कमी) होगी: 31.03.25: ₹96.9 करोड़/ ₹(96.9) करोड़
		ईबीआईटीडीए गुणक	31.03.24: 7.6x – 8.0x (7.8x)	ईबीआईटीडीए गुणक में 0.1x वृद्धि/(कमी) के परिणामस्वरूप उचित मूल्य में वृद्धि/ (कमी) होगी: 31.03.24: ₹ 5.4 करोड़/ ₹ (5.5) करोड़

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 40: उचित मूल्य का मापन (जारी..)

विवरण	मूल्यांकन तकनीक	महत्वपूर्ण अप्राप्य इनपुट	रेंज (भारित औसत)	उचित मूल्य के प्रति इनपुट की संवेदनशीलता
II **अनकोटेड इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स** – इंडियनऑयल एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड के शेयर वारंट (वहन मूल्य के लिए नोट–4 देखें)	आय दृष्टिकोण – वर्तमान मूल्य मापन	छूट दर	31.03.25:14.3% – 18.3% (16.3%) 31.03.24: 14.6% – 18.6% (16.6%)	छूट दर में 1% की वृद्धि/(कमी) के परिणाम स्वरूप उचित मूल्य में (कमी)/वृद्धि होगी: 31.03.25: ₹ (205.2) करोड़/ ₹ 219.9 करोड़ 31.03.24: ₹ (216.2) करोड़/ ₹ 234.6 करोड़
III **अनकोटेड इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स** सीलोन पेट्रोलियम स्टोरेज टर्मिनल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयर (वहन मूल्य के लिए नोट–4 देखें)	बाज़ार दृष्टिकोण – राजस्व गुणक	राजस्व गुणक	31.03.25: 0.8x – 1.0x (0.9x) 31.03.24: 1.1x – 1.3x (1.2x)	राजस्व गुणक में 0.1x वृद्धि/(कमी) के परिणामस्वरूप उचित मूल्य में वृद्धि/(कमी) होगी: 31.03.25: ₹ 15.8 करोड़/ ₹ (15.8) करोड़ 31.03.24: ₹ 12.9 करोड़/ ₹ (13.0) करोड़
IV **अनकोटेड इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स** पेट्रोकाराबाबो एस.ए. और कैराबोबो इंजीनिएरिया वाई कॉन्स्ट्रुक्शंस एस.ए. (वहन मूल्य के लिए नोट–4 देखें)	आय दृष्टिकोण – वर्तमान मूल्य मापन	छूट दर	31.03.25: 27.8% – 31.8% (29.8%) 31.03.24: 30.5% – 34.5% (32.5%)	छूट दर में 1% की वृद्धि/(कमी) के परिणाम स्वरूप उचित मूल्य में (कमी)/वृद्धि होगी: 31.03.25: ₹ (2.1) करोड़/ ₹ 2.1 करोड़ 31.03.24: ₹ (0.7) करोड़/ ₹ 0.7 करोड़

एफवीटीओसीआई में रखे गए अनकोटेड इक्विटी इंस्ट्रूमेंट्स में निम्नलिखित निवेश शामिल हैं जिनके लिए संवेदनशीलता प्रकटीकरण का खुलासा नहीं किया गया है:

विवरण	वहन मूल्य (₹ करोड़ में)	
	31 मार्च, 2025 तक	31 मार्च, 2024 तक
इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड	15.48	13.36
ट्रिंको पेट्रोलियम टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड	3.96	2.72
बसीटर्स प्राइवेट लिमिटेड	0.77	0.77
बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड	0.10	0.10
इंटरनेशनल कोऑपरेटिव पेट्रोलियम एसोसिएशन, न्यूयॉर्क	0.02	0.02
एमआरएल इंडस्ट्रियल कोऑपरेटिव सर्विस सोसाइटी	0.01	0.01

उचित मूल्य माप के स्तर 3 पदानुक्रम के अंतर्गत परिसंपत्तियों और देनदारियों के उचित मूल्य माप का समाधान:

(₹ करोड़ में)

विवरण	एफवीटीओसीआई संपत्तियां
	अनकोटेड इक्विटी शेयर
प्राप्तियाँ तक शेष राशि	**4,688.41**
अतिरिक्त	1.24
उचित मूल्य परिवर्तन	800.86
विनिमय अंतर	6.91
31 मार्च 2025 तक शेष राशि	5,497.42

समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां

टिप्पणी – 40: उचित मूल्य का मापन (जारी..)

जन–केंद्रित नेतृत्व में दृढ़ विश्वास रखने वाले, श्री साहनी ने विकास और स्थिरता के प्रेरक के रूप में नवाचार और डिजिटल परिवर्तन में महारथ हासिल की है। उनकी रणनीतिक दृष्टि और परिचालन उत्कृष्टता ने इंडियनऑयल को वैश्विक ऊर्जा की अग्रणी कंपनी बनाया है, जो देश की उभरती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है।

वर्ष 2024–2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	04
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	03
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	4,650
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे श्री साहनी ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया	कोई नहीं
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने श्री अरविंदर सिंह साहनी से अपेक्षित सहमति प्राप्त कर ली है। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के लिए एक उम्मीदवार के रूप में श्री साहनी के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

श्री साहनी को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित सामान्य संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 6 श्री सुमन कुमार (डीआईएन – 09724749) को कंपनी का निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) नियुक्त करना

57 वर्षीय श्री सुमन कुमार एमआईटी मुजफ्फरपुर से मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उन्होंने अग्रणी भारतीय विश्वविद्यालय से एमबीए, एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम और व्यवसाय विकास में विभिन्न विशिष्ट पाठ्यक्रम भी पूरे किए हैं। उनके पास इंडियनऑयल में एलपीजी संचालन, बिक्री, ऊर्जा संरक्षण, कार्बन उत्सर्जन और शमन आदि जैसे विभिन्न कार्यों में 3 दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव है, जिसमें से 14 वर्ष से अधिक का समय व्यवसाय विकास और रणनीतिक योजना में रहा है।

निदेशक (योजना और व्यवसाय विकास) के पद पर अपनी पदोन्नति से पहले, श्री सुमन कुमार अन्वेषण और उत्पादन (ई एंड पी) खंड का नेतृत्व कर रहे थे, जिसकी भारत के अलावा 9 देशों में भी परिसंपत्तियां हैं। उन्होंने गैस व्यवसाय के प्रमुख के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं जिसमें उन्होंने एलएनजी की सोर्सिंग, नई परियोजनाओं की कल्पना आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने इंडियनऑयल में पेट्रोकेमिकल व्यवसाय, नगर गैस वितरण व्यवसाय तथा अक्षय ऊर्जा व्यवसाय को आगे बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वर्ष 2024–2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	01
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	कोई नहीं
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	16,458
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे श्री सुमन कुमार ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया	कोई नहीं
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने श्री सुमन कुमार से अपेक्षित सहमति प्राप्त कर ली है। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के अभ्यर्थी के रूप में श्री सुमन कुमार के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

श्री सुमन कुमार को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित सामान्य संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 7 श्री प्रसेनजीत बिस्वास (डीआईएन – 09398565) को कंपनी का स्वतंत्र निदेशक (योजना एवं व्यवसाय विकास) पुन:नियुक्त करना

श्री प्रसेनजीत बिस्वास (डीआईएन - 09398565) को 28 मार्च 2025 से इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त किया गया। श्री बिस्वास इससे पहले 24 नवंबर 2021 से 23 नवंबर 2024 तक 3 वर्षों की अवधि के लिए इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक थे।

एक सरकारी कंपनी होने के नाते इंडियनऑयल में निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 28.03.2025 के माध्यम से श्री प्रसेनजीत बिस्वास को एक वर्ष की अवधि के लिए या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अगले आदेश तक गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के पद पर पुन:नियुक्त किया।

67 वर्षीय श्री बिस्वास जो एफआरआई डीम्ड विश्वविद्यालय, देहरादून से एम.एससी. (वानिकी) उपाधि प्राप्त हैं, वर्ष 1993 बैच के भारतीय वन सेवा अधिकारी हैं। वे वर्ष 2018 में भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त हुए। वर्तमान में वे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के रबर बोर्ड के सदस्य हैं।

उन्हें प्राकृतिक एवं वन्यजीव संसाधनों के प्रबंधन में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, जिसमें समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों का उत्थान और उनका सशक्तीकरण एवं कौशल विकास, राज्य सरकार की नीतियों का मसौदा तैयार करना, वन्य जीवन संसाधनों का प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दे, आईटी एवं जीआईएस आधारित प्रौद्योगिकियां आदि शामिल हैं।

वर्ष 2024-2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	08
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	कोई नहीं
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	कोई नहीं
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे श्री बिस्वास ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया	कोई नहीं
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने श्री बिस्वास से अपेक्षित सहमति और घोषणा प्राप्त की है जिसमें यह पुष्टि भी शामिल है कि वे उनके अधिनियम की धारा 149(6) और सूचीबद्धता के विनियमों के विनियम 16(1)(बी) के तहत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के लिए एक उम्मीदवार के रूप में श्री प्रसेनजीत बिस्वास के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

श्री प्रसेनजीत बिस्वास को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित विशेष संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 8 श्री कृष्णन सदगोपन (डीआईएन – 09397902) को कंपनी का स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त करना

श्री कृष्णन सदगोपन (डीआईएन - 09397902) को 28 मार्च 2025 से इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त किया गया। श्री सदगोपन इससे पहले 24 नवंबर 2021 से 23 नवंबर 2024 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक थे।

एक सरकारी कंपनी होने के नाते इंडियनऑयल में निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 28.03.2025 के माध्यम से श्री कृष्णन सदगोपन को एक वर्ष की अवधि के लिए या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अगले आदेश तक गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में पुनर्नियुक्त किया था।

58 वर्षीय श्री सदगोपन ने मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), अन्ना विश्वविद्यालय से बी.टेक और सरदार पटेल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मुंबई से एम.ई. किया है। आईसी इंजन में अपने तीव्र रुचि को आगे बढ़ाते हुए, उन्होंने विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों जैसे बजाज ऑटो लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड और टाटा मोटर्स लिमिटेड में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है। वर्तमान में, वे अशोक लीलैंड लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंजन विकास) के पद पर कार्यरत हैं, जहां वे तकनीकी संघों सहित व्यावसायिक नेतृत्व कार्यक्रमों और परिषदों के माध्यम से रणनीतिक पहल करते हैं। श्री कृष्णन को परियोजना प्रबंधन, उत्पाद विकास, जोखिम प्रशमन और मार्गदर्शन में विशेषज्ञता प्राप्त है। श्री कृष्णन ने व्यापक यात्राएं की हैं और विभिन्न व्यावसायिक मंचों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए हैं।

वर्ष 2024-2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	08
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	कोई नहीं
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	कोई नहीं
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे श्री कृष्णन ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया	कोई नहीं
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने श्री कृष्णन सदगोपन से अपेक्षित सहमति और घोषणा प्राप्त की है जिसमें यह पुष्टि भी शामिल है कि वे उनके अधिनियम की धारा 149(6) और सूचीबद्धता के विनियमों के विनियम 16(1)(बी) के तहत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के लिए एक उम्मीदवार के रूप में श्री कृष्णन सदगोपन के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

श्री कृष्णन सदगोपन को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित विशेष संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 9 डॉ दत्तात्रेय राव सिरपुरकर (डीआईएन – 09400251) को कंपनी का स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त करना

डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर (डीआईएन – 09400251) को 28 मार्च 2025 से इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त किया गया। डॉ. सिरपुरकर इससे पहले 24 नवंबर 2021 से 23 नवंबर 2024 तक तीन वर्षों की अवधि के लिए इंडियनऑयल के मंडल में स्वतंत्र निदेशक थे।

एक सरकारी कंपनी होने के नाते इंडियनऑयल में निदेशकों (स्वतंत्र निदेशकों सहित) की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अपने पत्र दिनांक 28.03.2025 के माध्यम से डॉ. दत्तात्रेय राव सिरपुरकर को एक वर्ष की अवधि के लिए या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अगले आदेश तक गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशक पुन:नियुक्त किया था।

67 वर्षीय डॉ. सिरपुरकर ने उस्मानिया विश्वविद्यालय से आयुर्वेदिक चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में स्नातक (बी.ए.एम.एस) और आयुर्वेद शल्य में एम.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने मनोविज्ञान में एम.एससी. और पुणे विश्वविद्यालय से चिकित्सा में डॉक्टरेट की उपाधि भी प्राप्त की है।

डॉ. सिरपुरकर एस.वी. मेडिकल कॉलेज (यूएचएस), तिरुपति से शल्य (आयुर्वेद) के प्रोफेसर पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हें शल्य विभाग में दो दशकों से अधिक का शिक्षण अनुभव है और वे क्षारसूत्र के गहन अभ्यासी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शल्य पर कई लेख प्रकाशित किए हैं। उन्हें क्षारसूत्र तकनीक के अखिल भारतीय विशेषज्ञ के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्हें श्रीलंका मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा डी.एससी. की उपाधि भी प्रदान की गई है। डॉ. सिरपुरकर के नाम कई शोध पत्र हैं।

वर्ष 2024-2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	08
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	कोई नहीं
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	कोई नहीं
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे डॉ सिरपुरकर ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया है	कोई नहीं
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने डॉ सिरपुरकर से अपेक्षित सहमति और घोषणा प्राप्त की है जिसमें यह पुष्टि भी शामिल है कि वे उनके अधिनियम की धारा 149(6) और सूचीबद्धता के विनियमों के विनियम 16(1)(बी) के तहत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते हैं। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के लिए एक उम्मीदवार के रूप में डॉ सिरपुरकर के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

डॉ सिरपुरकर को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित विशेष संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 10 सुश्री ईशा श्रीवास्तव (डीआईएन – 08504560) को कंपनी में सरकार द्वारा नामित निदेशक नियुक्त करना

सुश्री ईशा श्रीवास्तव (डीआईएन – 08504560) 2004 बैच की भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं और वर्तमान में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एंड एनजी) में संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) के पद पर कार्यरत हैं। सुश्री श्रीवास्तव लेडी श्रीराम कॉलेज, नई दिल्ली की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एम.फिल की डिग्री भी प्राप्त की है। वे दिल्ली विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक विजेता भी रही हैं।

एमओपी एंड एनजी में नियुक्ति से पहले, उन्होंने नवंबर 2016 से जनवरी 2019 तक थिम्पू स्थित भारतीय दूतावास में मिशन उप प्रमुख के रूप में कार्य किया है। इससे पहले, वे विदेश मंत्रालय में तैनात थीं। उन्होंने कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग, पेरिस स्थित भारतीय दूतावास और यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधिमंडल में भी कार्य किया है।

वर्तमान में वे ओएनजीसी विदेश लिमिटेड और इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड के मंडल में नामित निदेशक हैं। वे गेल (इंडिया) लिमिटेड, मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और भारत पेट्रो रिसोर्सेज लिमिटेड के मंडल में नामित निदेशक थीं।

वर्ष 2024-2025 के दौरान बोर्ड की बैठकों में भाग लेने की संख्या	लागू नहीं
सूचीबद्ध कंपनियों सहित और विदेशी कंपनियों को छोड़कर अन्य कंपनियों में निदेशक पद का विवरण	02
अन्य कंपनियों की समितियों में सदस्यता/अध्यक्षता	कोई नहीं
कंपनी में धारित शेयरों की संख्या	कोई नहीं
सूचीबद्ध संस्थाएं जिनसे सुश्री ईशा ने पिछले 3 वर्षों से इस्तीफा दिया है	01
निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कर्मियों के बीच पारस्परिक संबंधों का प्रकटन	कोई नहीं

कंपनी ने सुश्री ईशा श्रीवास्तव से अपेक्षित सहमति प्राप्त कर ली है। वे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य नहीं हैं और न ही सेबी या किसी अन्य प्राधिकारी के किसी आदेश के कारण निदेशक के पद पर नियुक्त होने से विवर्जित हैं।

अधिनियम की धारा 160 के अनुसार, कंपनी को एक सदस्य से लिखित सूचना प्राप्त हुई है जिसमें निदेशक पद के लिए एक उम्मीदवार के रूप में सुश्री ईशा के नाम का प्रस्ताव करने के उनके आशय को दर्शाया गया है।

सुश्री ईशा श्रीवास्तव को छोड़कर कंपनी के कोई भी निदेशक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित सामान्य संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 11 मे. ढोलकिया एंड एसोसिएट्स एलएलपी,पेशेवर कंपनी सचिव, मुंबई को कंपनी का सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त करना

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (''सेबी सूचीबद्धता विनियम'') के विनियमन 24ए और अन्य लागू प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के साथ पठित धारा 204 के प्रावधानों और कंपनी अधिनियम, 2013, (''अधिनियम'') के अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के अनुसार, निदेशक मंडल ने 30 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर सदस्यों के अनुमोदन के अधीन, मेसर्स ढोलकिया एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवों की समकक्ष समीक्षित फर्म (फर्म पंजीकरण संख्या - P2014MH034700) की 1 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2030 तक लगातार 5 (पांच) वर्षों की अवधि के लिए सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दी है।

मंडल ने उद्योग के अनुभव, लेखापरीक्षा टीम की सक्षमता, लेखापरीक्षा संचालन में दक्षता, स्वतंत्रता आदि जैसे विभिन्न कारकों का मूल्यांकन और विचार करने के बाद मेसर्स ढोलकिया एंड एसोसिएट्स, एलएलपी को सचिवीय लेखापरीक्षक नियुक्त करने को मंजूरी दी है।

ढोलकिया एंड एसोसिएट्स ने पुष्टि की है कि फर्म अयोग्य नहीं है और सेबी सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 24ए के अनुसार सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र है। ढोलकिया एंड एसोसिएट्स, एलएलपी द्वारा सचिवीय लेखापरीक्षक के रूप में प्रदान की जाने वाली सेवाएं, सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/CIR/P/2024/185 दिनांक 31 दिसंबर, 2024 के साथ पठित उक्त विनियम की परिधि में हैं।

वर्ष 2025-26 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षा से संबंधित शुल्क 1,00,000/- रु. (मात्र एक लाख रुपये) तथा लागू कर होगा। उनके कार्यकाल के बाद के वर्षों के लिए, शुल्क कंपनी और मेसर्स ढोलकिया एंड एसोसिएट्स के बीच पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के अनुसार होगा।

कंपनी के कोई भी निदेशक तथा / या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस सूचना में निर्धारित संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए इस नोटिस में निर्धारित सामान्य संकल्प की सिफारिश करता है।

मद सं. 12 से 19 वर्ष 2026-27 के लिए इंडियनऑयल की समूह कंपनियों के साथ इंडियनऑयल के महत्वपूर्ण पक्षकार लेनदेनों का अनुमोदन

अधिनियम की धारा 188 के अनुसार, संबंधित पक्षकार लेनदेन (आरपीटी) जैसे माल या सेवाओं की बिक्री / खरीद, किसी भी प्रकार की संपत्ति का निपटान या पट्टा, किसी भी माल, सामग्री, सेवाओं या संपत्ति की खरीद अथवा बिक्री के लिए किसी एजेंट की नियुक्ति, लाभ के पद पर नियुक्ति और कंपनी की प्रतिभूतियों / व्युत्पन्नी की सदस्यता की हामीदारी के लिए सदस्यों की पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होगी, यदि लेनदेन निर्धारित राशि से अधिक हो जाता है। इसके अलावा, ऐसे लेनदेन को सदस्यों की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने की आवश्यकता से छूट दी जाती है, यदि वे व्यवसाय के सामान्य क्रम में और स्वतंत्र लेनदेन के आधार पर हैं।

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण की आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (''सूचीबद्धता विनियम'') अन्य बातों के साथ-साथ, जो आरपीटी को एक ओर सूचीबद्ध स्वत्व या उसकी किसी सहायक कंपनी और दूसरी ओर सूचीबद्ध इकाई या उसकी किसी सहायक कंपनी के किसी संबंधित पक्ष के बीच लेनदेन के रूप में परिभाषित करता है। सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 23 में प्रावधान है कि सभी आरपीटी के लिए लेखापरीक्षा समिति की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी। विनियम 23 में महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए सदस्यों की पूर्व स्वीकृति से संबंधित प्रावधान भी शामिल है, भले ही ऐसा लेनदेन व्यवसाय के सामान्य कामकाज में और स्वतंत्र संव्यवहार के अंतर्गत किया गया हो।

सूचीबद्धता के विनियमों के अनुसार, आरपी के साथ एक आरपीटी को महत्वपूर्ण माना जाएगा, यदि व्यक्तिगत रूप से किया जाने वाला लेनदेन या किसी वित्तीय वर्ष के दौरान पिछले लेनदेनों को मिलाकर, 1,000 करोड़ रु. या कंपनी के अंतिम लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के अनुसार वार्षिक समेकित कारोबार के 10% से अधिक हो, इनमें से जो भी कम हो। सेबी ने आगे स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए सदस्यों की पूर्व स्वीकृति वार्षिक आधार पर लेनी होगी।

तदनुसार, इंडियनऑयल की किसी भी समूह कंपनी के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए तथा इंडियनऑयल की किसी भी समूह कंपनी के साथ सहायक कंपनियों के आरपीटी के लिए, जहां इंडियनऑयल आरपीटी का पक्षकार नहीं है, सदस्यों की पूर्व स्वीकृति वार्षिक आधार पर आवश्यक है।

2026-27 के दौरान आरपी के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

चूंकि वर्ष 2026-27 के दौरान मद संख्या12 से 19 में उल्लिखित आरपी के साथ लेनदेन का अपेक्षित मूल्य 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है, महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए सदस्यों का अनुमोदन लिया जा रहा है। लेखापरीक्षा समिति और कंपनी के बोर्ड ने महत्वपूर्ण आरपीटी की समीक्षा की है और इसके लिए सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करने की सिफारिश की है।

आरपीटी के संबंध में सूचीबद्ध विनियमों के अंतर्गत आवश्यक जानकारी का सारांश, जिसके वर्ष 2026-27 के दौरान रु. 1,000 करोड़ से अधिक होने की संभावना है और जिसके लिए सदस्यों के अनुमोदन की आवश्यकता है, इस प्रकार है:

मद सं. 12 लंका आईओसी पीएलसी, श्रीलंका के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	लंका आईओसी पीएलसी, श्रीलंका (एलआईओसी)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की सहायक कंपनी
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	खुदरा व्यापार, टर्मिनलिंग और बंकरिंग
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ माल व सेवाओं की बिक्री व खरीद ↗ प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ एलआईओसी द्वारा जारी निविदा के निबंधन व शर्तों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पाद जैसे गैसआइल, गैसोलीन, बेस ऑयल, मैरीन गैसआइल आदि की बिक्री। ↗ उत्पादों की खरीद प्रचलित बाजार दरों पर होगी ↗ लागत-दर-लागत आधार पर प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	1,300 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.15%
x.	वर्ष 2024-25 के लिए एलआईओसी के 7,854.49 करोड़ रु. के कारोबार के प्रतिशत के रूप में आरपीटी का मूल्य	16.55%
xi.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 13 कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (सीबीआरपीएल)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	नागापट्टिनम, तमिलनाडु में 9 एमएमटीपीए की रिफाइनरी की स्थापना
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ शेयर वारंट का अभिदान ↗ आईएस (सैप) सेवाएं प्रदान करना
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ शेयर वारंट का अभिदान जारी दस्तावेजों के अनुरूप निबंधन व शर्तों के अनुसार होगा ↗ लागत-दर-लागत आधार पर सैप सेवाएं प्रदान करना
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	1,600 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.19 %
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 14 हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	सिंदरी, गोरखपुर और बरौनी में उर्वरक संयंत्र स्थापित करना
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ माल व सेवाओं की बिक्री व खरीद ↗ प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ आपूर्ति की तिथि पर प्रचलित बाजार मूल्यों पर समझौते/स्पॉट आधार पर दीर्घकालिक आधार पर आरएलएनजी की बिक्री ↗ आपूर्ति की तिथि पर प्रचलित बाजार मूल्य के आधार पर पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री ↗ लागत-दर-लागत आधार पर प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	2,000 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.23%
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 15 आईएचबी लि. के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	आईएचबी लि.
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	कांडला (गुजरात) से गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) तक एलपीजी पाइपलाइन बिछाना, निर्माण, संचालन या विस्तार करना
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ माल व सेवाओं यानी ईपीएमसी सेवाएं की बिक्री ↗ आरपी में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति ↗ वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री, अर्थात् आरओयू साझाकरण ↗ वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, अर्थात् एलपीजी का परिवहन ↗ सेवाएँ प्रदान करना और अन्य (एएमसी सहायता सेवा, एसएपी उपयोगकर्ता लाइसेंस, बीमा व्यवस्था आदि के लिए भुगतान)।
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ ईपीएमसी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों द्वारा लिया जाने वाला शुल्क इंडियनऑयल द्वारा ली जाने वाली शुल्क सीमा के समान है। ↗ लागत-दर-लागत आधार पर आरपी में प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति ↗ आरओयू शेयरिंग इनवॉयसिंग अनुमोदित नीति के अनुसार की जाएगी जो अन्य ओएमसी पर भी लागू है। ↗ एलपीजी के परिवहन का शुल्क पीएनजीआरबी बोली में आईएचबी लिमिटेड द्वारा लगाई गई परिवहन शुल्क बोली के आधार पर लिया जाएगा।
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	1,700 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.20 %
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 16 इंडियनऑयल अडानी गैस प्रा. लि. के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	इंडियनऑयल अडानी गैस प्रा. लि. (आईओएजीपीएल)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	सिटी गैस वितरण
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ प्राकृतिक गैस की खरीद / बिक्री / अदला-बदली ↗ आईओएजीपीएल को पीएनजीआरबी के प्रति अपनी वित्तीय और परिचालन संबंधी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए ↗ वित्तीय और अन्य गारंटी प्रदान करने हेतु शुल्क की प्राप्ति प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति ↗ अन्य आय (विभिन्न प्रभार) ↗ अन्य (व्ययों की प्रतिपूर्ति आदि)
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ आरएलएनजी की बिक्री अल्पकालिक/दीर्घकालिक/स्पॉट आधार पर होती है। आरएलएनजी का बिक्री समझौता आईओएजीपीएल के साथ किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वाणिज्यिक शर्तें भी शामिल हैं जो कंपनी द्वारा अन्य असंबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए अनुबंध के समान हैं। ↗ आईजीएक्स पोर्टल ऑन आईजीएक्स के माध्यम से स्पॉट आधार पर आरएलएनजी की खरीद, क्रेता और विक्रेता एक दूसरे से अपरिचित होते हैं और व्यापार के समय प्रतिपक्ष का विवरण ज्ञात नहीं होता है और मूल्य के आधार पर आईजीएक्स द्वारा व्यापार मिलान किया जाता है। ↗ कंपनी द्वारा अन्य असंबद्ध पक्षों के साथ निष्पादित अनुबंध के समान निबंधन व शर्तों के अनुसार सीएनजी की खरीद ↗ लागत-दर-लागत आधार पर प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	3,000 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए

viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.35%
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 17 इंडियनऑल पेट्रोनास प्रा. लि. के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी.

i.	आरपी का नाम	इंडियनऑल पेट्रोनास प्रा. लि. (आईपीपीएल)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	ट्रर्मिनलिंग सर्विस तथा एलपीजी का समांतर विपणन
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ एलपीजी/ ब्यूटेन / प्रोपेन की बिक्री ↗ बोतलबंदी सहायता और जॉब वर्क के लिए आरपी को सेवा शुल्क का भुगतान ↗ अन्य (किराया, संरक्षा चौकसी प्रभार आदि का भुगतान) ↗ प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें समझौते आधारित होती हैं जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वाणिज्यिक शर्तें भी शामिल होती हैं जो बाजार से जुड़ी हैं या निविदा या आपसी वार्ता के माध्यम से प्राप्त की गई हैं। ↗ लागत-दर-लागत आधार पर प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के वेतन की प्रतिपूर्ति
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	3,900 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.45%
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 18 पेट्रोनेट एलएनजी लि. के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी

i.	आरपी का नाम	पेट्रोनेट एलएनजी लि. (पीएलएल)
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	एलएनजी आयात/वितरण और पुनर्गैसीकरण
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ पुनर्गैसीकृत तरलीकृत प्राकृतिक गैस (आरएलएनजी) की खरीद ↗ पुनर्गैसीकृत सेवाएं ↗ अन्य आय, खर्चों की प्रतिपूर्ति
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ आरपी के साथ दीर्घकालिक समझौता किया जाता है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ बाज़ार से जुड़ी वाणिज्यिक शर्तें भी शामिल होती हैं और पीएलएल द्वारा अन्य ऑफ-टेकर्स के साथ किए गए अनुबंध के समान होती हैं। ↗ स्पॉट अनुबंध निविदाओं के माध्यम से किए जाते हैं। किराये की आय अन्य असंबद्ध पक्षकारों से प्राप्त किराये के समान है ↗ अन्य माल व सेवाओं की बिक्री (एलएनजी/एलसीएनजी डिस्पेंसिंग स्टेशन के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग सहित)
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	19,000 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी की रिफाइनरियों में प्रोसेसिंग के लिए प्राकृतिक गैस की खरीद के साथ-साथ कंपनी के व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए अन्य ग्राहकों को बिक्री
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	2.21%
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 19	लुब्रिज़ोल इंडिया प्रा. लि. के साथ महत्वपूर्ण आरपीटी	
i.	आरपी का नाम	लुब्रिज़ोल इंडिया प्रा. लि.
ii.	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी)
iii.	व्यवसाय की प्रकृति	ल्यूब एडिटिव्स का निर्माण
iv.	आरपीटी का प्रकार	↗ माल व सेवाओं की खरीद और बिक्री यानी एडिटिव्स जैसे पेट्रोलियम उत्पादों की अधिप्राप्ति ↗ पेट्रोलियम उत्पादों/बेस ऑयल/ल्यूब्स की बिक्री ↗ परीक्षण व विश्लेषण सेवाएं प्राप्त करना
v.	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	↗ निविदा में दी गई दर के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों जैसे एडिटिव्स की खरीद. ↗ पेट्रोलियम उत्पादों की बिक्री बाज़ार की प्रचलित दरों के अनुसार की जाती है। ↗ लागत-दर-लागत आधार पर परीक्षण व विश्लेषण सेवाएं प्राप्त करना
vi.	2026-27 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य	1,100 करोड़ रु.
vii.	आरपीटी का कार्यकाल	एक वर्ष यानी 2026-27 के लिए
viii.	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य स्थापन	कंपनी के व्यावसायिक हित को आगे बढ़ाने हेतु
ix.	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.13%
x.	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	किसी भी प्रकार के आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में कंपनी के समेकित कारोबार का 10%

नीचे दिए को छोड़कर, कंपनी का कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक/उनके रिश्तेदार मद संख्या 12 से 19 में उल्लिखित प्रस्तावों में किसी भी तरह से इच्छुक या संबंधित नहीं हैं -

↗ श्री अरविंद कुमार, इंडियनऑयल के निदेशक (रिफाइनरीज), जो कावेरी बेसिन रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के मंडल में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं,

↗ श्री ए. एस. साहनी, इंडियनऑयल के अध्यक्ष, जो पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए नोटिस में दिए गए सामान्य संकल्पों की अनुशंसा करता है।

मद सं. 20 और 21	इंडियनऑयल के आरपी के साथ आईजीसीएमआईएल (इंडियनऑयल की डबल्यूओएस) का महत्वपूर्ण आरपीटी जहां इंडियनऑयल वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए पक्षकार नहीं था

आईजीसीएमआईएल इंडियनऑयल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी (डब्ल्यूओएस) है जो आईएफएससी, गिफ्ट सिटी, गुजरात में एक वित्त कंपनी के रूप में पंजीकृत है। कंपनी को 17 मई 2023 को एक वित्त कंपनी के रूप में शामिल किया गया था, जिसमें इंडियनऑयल समूह की कंपनियों के लिए विभिन्न ट्रेजरी गतिविधियों/सेवाओं के लिए ग्लोबल/रीजनल कॉर्पोरेट ट्रेजरी सेंटर (जीआरसीटीसी) है। इन गतिविधियों में समूह की कंपनियों को दीर्घकालिक ऋण की व्यवस्था करना, कार्यशील पूंजी सुविधा प्रदान करना, व्यापार वित्तपोषण, मौजूदा ऋणों का पुनर्वित्त करना आदि शामिल हैं। अनिवासी स्थिति और विभिन्न कर छूटों के साथ, आईजीसीएमआईएल को निधि प्रबंधन के अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। आईजीसीएमआईएल संस्थाओं की अधिशेष निधि को संयोजित करते हुए और इसे अन्य समूह संस्थाओं को उधार देकर इंडियनऑयल की विभिन्न समूह कंपनियों की वित्तपोषण आवश्यकताओं में तालमेल की खोज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मद संख्या 20 और 21 में उल्लेख किए अनुसार वर्ष 2025-26 और 2026-27 के दौरान आईजीसीएमआईएल द्वारा इंडियनऑयल के आरपी के साथ आरपीटी का मूल्य, जिसमें इंडियनऑयल पक्षकार नहीं है, महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है यानी यह 1,000 करोड़ रु. से अधिक होगा, इसलिए, महत्वपूर्ण आरपीटी के लिए सदस्यों की मंजूरी मांगी जा रही है। समूह कंपनियों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित महत्वपूर्ण आरपीटी आईजीसीएमआईएल द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान समूह कंपनियों की निधि आवश्यकता के समय और संबंधित अनुमोदन के आधार पर किया जाएगा। यदि प्रस्तावित आरपीटी 2025-26 के दौरान साकार नहीं होता है, तो इसे अगले वित्तीय वर्ष यानी 2026-27 के दौरान बढ़ाया जा सकता है। तदनुसार, कुछ आरपी का नाम वर्ष 2025-26 के साथ-साथ वर्ष 2026-27 में भी दिखाई दे रहा है कंपनी की लेखापरीक्षा समिति और मंडल ने महत्वपूर्ण आरपीटी की समीक्षा की है और इसके लिए सदस्यों से अनुमोदन प्राप्त करने की सिफारिश की है।

मद स. 20 — 2025–26 के दौरान इंडियनऑयल के आरपी के साथ आईजीसीएमआईएल के आरपीटी का सारांश, जो 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है

क्र. सं.	विवरण	इंडियन ऑयल अडानी गैस प्रा. लि. (आईओएजीपीएल)	इंडियनऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्रा. लि. (आईएनजीईपीएल)	इंडियनऑयल अडानी वेंचर्स लि. (आईएवीएल)	हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल)	फाल्कन ऑयल एंड गैस बी.वी. (एफओजीबीवी)
1	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल बी.वी., नीदरलैंड, इंडियनऑयल की डबल्यूओएस की जेवीसी
2	आरपीटी का प्रकार	आईजीसीएमआईएल से ऋण सुविधा प्राप्त करना				
3	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	लेन-देन आम तौर पर उद्योग में प्रचलित निबंधन व शर्तों पर होगा				
4	2025-26 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य (रु. करोड़)	2,000	2,000	2,000	4,000	4,000
5	आरपीटी का कार्यकाल	2025-26	2025-26	2025-26	2025-26	2025-26
6	प्रस्तवित लेनदेनों के सिलसिले निधियों के स्रोत का विवरण	आईजीसीएमआईएल बैंकों/समूह कंपनियों से उधार लेगा और अपने आंतरिक स्रोतों का उपयोग करेगा				
7	जहां ऋण, अंतर-कॉर्पोरेट जमा, अग्रिम या निवेश करने या देने के लिए कोई वित्तीय ऋणग्रस्तता होगी –					
	ऋणग्रस्तता की प्रकृति	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	मीयादी ऋण
	निधियों की लागत तथा	8%-9.50%	8%-9%	8%-9%	7%-8%	4.5%-6%
	अवधि	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 10 वर्षों तक
8	लागू शर्तें, जिनमें प्रसंविदा, अवधि, ब्याज दर और चुकौती अनुसूची शामिल हैं, चाहे सुरक्षित हो या असुरक्षित; यदि सुरक्षित है, तो सुरक्षा की प्रकृति	– अवधि – अधिकतम 15 वर्षों तक – ब्याज – अस्थिर दर – अरक्षित – संरचित चुकौती अनुसूची	– अवधि – अधिकतम 15 वर्षों तक – ब्याज – अस्थिर दर – अरक्षित – संरचित चुकौती अनुसूची	– अवधि – अधिकतम 15 वर्षों तक – ब्याज – अस्थिर दर – अरक्षित – संरचित चुकौती अनुसूची	– अवधि – अधिकतम 15 वर्षों तक – ब्याज – अस्थिर दर – अरक्षित – संरचित चुकौती अनुसूची	– अवधि – अधिकतम 10 वर्षों तक – ब्याज – अस्थिर दर – अरक्षित/ मूल कंपनी की कॉर्पोरेट गारंटी – संरचित चुकौती अनुसूची
9	उद्देश्य जिसके लिए आरपीटी के अनुसार ऐसी निधि के अंतिम लाभार्थी द्वारा निधि का उपयोग किया जाएगा	धनराशि का उपयोग व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने में किया जाएगा।				
10	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य-स्थापन	आईजीसीएमआईएल स्वत्वों की अधिशेष निधियों का संयोजन करते हुए और समूह के अन्य स्वत्वों को उधार देते हुए इंडियनऑयल की विभिन्न समूह कंपनियों की वित्तपोषण संबंधी ज़रूरतों में तालमेल की खोज करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिसके कारण इन समूह स्वत्वों को उल्लेखनीय बचत होती है।				
11	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.23%	0.23%	0.23%	0.47%	0.47%
12	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	आईओएजीपीएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईएनजीईपीएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईएवीएल के साथ आईजीसीएमआईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%.	एचयूआरएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	एफओजीबीवी के साथ आईजीसीएमआईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%

मद सं. 21: 2026-27 के दौरान इंडियनऑयल के आरपी के साथ आईजीसीएमआईएल के आरपीटी का सारांश, जो 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना

क्र. सं.	विवरण	हिंदुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल)	इंडियन ऑयल अडानी गैस प्रा. लि. (आईओएजीपीएल)	आईएचबी लि. (आईएचबी)	इंडियनऑयल एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी प्रा. लि. (आईएनजीईपीएल)	इंडियनऑयल अडानी वेंचर्स लि. (आईएवीएल)	टास इंडिया प्रा. लि. (टीआईपीएल)	वैनकोर इंडिया प्रा. लि. (वीआईपीएल)
1	संबंध की प्रकृति	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	इंडियनऑयल की जेवीसी	आईओसीएल सिंगापूर प्रा. लि., इंडियनऑयल की डबल्यूओएस की जेवीसी	आईओसीएल सिंगापूर प्रा. लि., इंडियनऑयल की डबल्यूओएस की जेवीसी
2	आरपीटी का प्रकार	आईजीसीएमआईएल से ऋण सुविधाएं प्राप्त करना					आईजीसीएमआईएल को ऋण प्रदान करना	
3	महत्वपूर्ण निबंधन व शर्तें	लेन-देन आम तौर पर उद्योग में प्रचलित निबंधन व शर्तों पर होगा						
4	2025-26 के लिए आरपीटी का अपेक्षित मूल्य (रु. करोड़)	2,000	3,000	3,000	2,000	2,000	5,000	5,000
5	आरपीटी का कार्यकाल	2026-27	2026-27	2026-27	2026-27	2026-27	2026-27	2026-27
6	प्रस्तावित लेनदेनों के सिलसिले निधियों के स्रोत का विवरण	आईजीसीएमआईएल बैंकों/समूह कंपनियों से उधार लेगा और अपने आंतरिक स्रोतों का उपयोग करेगा					लागू नहीं	लागू नहीं
7	जहां ऋण, अंतर-कॉर्पोरेट जमा, अग्रिम या निवेश करने या देने के लिए कोई वित्तीय ऋणग्रस्तता होगी -							
	ऋणग्रस्तता की प्रकृति	क्रेता की क्रेडिट सुविधा	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	ईसीबी मीयादी ऋण	लागू नहीं	लागू नहीं
	निधियों की लागत तथा	5%-6%	8%-9.50%	8%-9%	8%-9%	8%-9%	लागू नहीं	लागू नहीं
	अवधि	अधिकतम 1 वर्ष तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	अधिकतम 15 वर्षों तक	लागू नहीं	लागू नहीं
8	लागू शर्तें, जिनमें प्रसंविदा, अवधि, ब्याज दर और चुकौती अनुसूची शामिल हैं, चाहे सुरक्षित हो या असुरक्षित; यदि सुरक्षित है, तो सुरक्षा की प्रकृति	अवधि, 1 वर्ष तक, अनेक किस्तों में ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित परिपक्वता पर चुकौती	अवधि - अधिकतम 15 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित संरचित चुकौती अनुसूची	अवधि - अधिकतम 15 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित संरचित चुकौती अनुसूची	अवधि - अधिकतम 15 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित संरचित चुकौती अनुसूची	अवधि - अधिकतम 15 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित संरचित चुकौती अनुसूची	अवधि - अधिकतम 2 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित	अवधि - अधिकतम 2 वर्षों तक ब्याज - अस्थिर दर अरक्षित
9	उद्देश्य जिसके लिए आरपीटी के अनुसार ऐसी निधि के अंतिम लाभार्थी द्वारा निधि का उपयोग किया जाएगा	धनराशि का उपयोग व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने में किया जाएगा।						
10	आरपी के साथ आरपीटी का औचित्य-स्थापन	आईजीसीएमआईएल स्वत्वों की अधिशेष निधियों का संयोजन करते हुए और समूह के अन्य स्वत्वों को उधार देते हुए इंडियनऑयल की विभिन्न समूह कंपनियों की वित्तपोषण संबंधी ज़रूरतों में तालमेल की खोज करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिसके कारण इन समूह स्वत्वों को उल्लेखनीय बचत होती है।						
11	वर्ष 2024-25 के लिए इंडियनऑयल के 8,59,363 करोड़ रु. के समेकित कारोबार के % के रूप में आरपीटी का मूल्य	0.23%	0.35%	0.35%	0.23%	0.23%	0.58%	0.58%
12	2026-27 के दौरान आरपीटी का अधिकतम मूल्य	एचयूआरएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईओएजीपीएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईएचबी के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईएनजीईपीएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	आईएवीएल के साथ आईजीसीएमआईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	टीआईपीएल के साथ आईजीसीएमआईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%	वीआईपीएल के साथ आईजीसीएम आईएल के सभी आरपीटी के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में इंडियनऑयल के समेकित कारोबार का 10%

नीचे दिए को छोड़कर, इंडियनऑयल के साथ-साथ आईजीसीएमआईएल का कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक/उनके रिश्तेदार मद संख्या 20 और 21 में उल्लिखित प्रस्तावों में किसी भी तरह से इच्छुक या संबंधित नहीं हैं -

- श्री अनुज जैन, इंडियनऑयल के निदेशक (वित्त), जो आईजीसीएमआईएल के मंडल में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए नोटिस में दिए गए सामान्य संकल्पों की अनुशंसा करता है।

मद सं. 22 — 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक का अनुसमर्थन करना

बोर्ड ने लेखापरीक्षा समिति की सिफारिश पर, 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की विभिन्न यूनिटों के लागत अभिलेखों की लेखापरीक्षा करने के लिए रु. 24.50 लाख के कुल पारिश्रमिक तथा लागू कर व फुटकर व्यय पर निम्नलिखित लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है -

क्र. सं.	लागत लेखापरीक्षक का नाम	लेखापरीक्षा शुल्क (रु.)
1.	बलविंदर एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली	5,40,000/-
2.	डीजीएम एंड एसोसिएट्स, कोलकाता	3,20,000/-
3.	केजी गोयल एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली	4,20,000/-
4.	आर जे गोयल एंड कंपनी, नई दिल्ली	3,50,000/-
5.	दीवानजी एंड कंपनी, वडोदरा	1,40,000/-
6.	एस एस सोनथालिया एंड कंपनी, भुबनेश्वर	1,70,000/-
7.	मणि एंड कंपनी, कोलकाता	2,70,000/-
8.	विवेकानंदन उन्नी एंड एसोसिएट्स, चेन्नई	2,40,000/-
	कुल	**24,50,000/-**

अधिनियम की धारा 148 के प्रावधान जिन्हें कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम, 2014 के साथ पढ़ा जाना है, के अनुसार, लागत लेखापरीक्षकों को देय पारिश्रमिक का अनुसमर्थन कंपनी के सदस्यों द्वारा किया जाना चाहिए।

तदनुसार, मंडल द्वारा यथा अनुमोदित 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए लागत लेखापरीक्षकों को देय पारिश्रमिक के अनुसमर्थन के लिए एक साधारण संकल्प पारित करते हुए सदस्यों की सहमति मांगी जाती है।

कंपनी के कोई भी निदेशक तथा / या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक तथा / या उनके रिश्तेदार इस सूचना में निर्धारित संकल्प में इच्छुक या उससे संबंधित नहीं हैं।

बोर्ड सदस्यों के अनुमोदन के लिए नोटिस में दिए गए सामान्य संकल्पों की अनुशंसा करता है।

मद सं. 23 — इंडियनऑयल की संयुक्त उद्यम कंपनी इंडोफास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से बैंकिंग सुविधाओं के लिए 481 करोड़ रु. तक की कॉर्पोरेट गारंटी जारी करना।

इंडियनऑयल और सन मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर (एसएमएस) ने भारत में बैटरी स्वैपिंग व्यवसाय करने के लिए दिनांक 15.07.2024 को 'इंडोफास्ट स्वैप एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड' (आईएसईपीएल) नामक 50:50 संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया है।

31 मार्च, 2025 को आईएसईपीएल ने अपने क्विक इंटरचेंज स्टेशनों (क्यूआईएस) के नेटवर्क का उल्लेखनीय विस्तार किया है और अपने प्लेटफ़ॉर्म पर पर्याप्त संख्या में वाहन शामिल किए हैं। मंडल ने वर्ष 2025-26 के लिए व्यावसायिक योजना को मंजूरी दी है, जिसमें बैटरी स्वैपिंग अवसंरचना का और विस्तार और बैटरी पैक्स की तैनाती शामिल है, जिसके लिए पूंजीगत व्यय निधि की आवश्यकता होगी। कंपनी का लक्ष्य आने वाले वर्षों में अपने वाहन ऑनबोर्डिंग और अवसंरचना दोनों की तैनाती को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है।

अपनी पूंजीगत व्यय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्रवर्तकों से इक्विटी निवेश के विकल्प के अलावा, आईएसईपीएल आवश्यक ऋण वित्तपोषण सुनिश्चित करने के लिए कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ भी संपर्क कर रहा है। चूंकि आईएसईपीएल भारत में अपने प्रमाणित वित्तीय कार्य-निष्पादन के बिना अपने परिचालन के प्रारंभिक विकास चरण में है, परियोजना वित्तपोषण के विकल्प सीमित हैं। बैंकों ने संकेत दिया है कि उन्हें प्रवर्तकों से कॉर्पोरेट गारंटी (सीजी) के रूप में ठोस प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

आईएसईपीएल के मंडल ने 50:50 के अनुपात में इंडियनऑयल और एसएमएस से 962 करोड़ रुपये के लिए सीजी प्राप्त करने (यानी इंडियनऑयल द्वारा 481 करोड़ रुपये की सीजी) को मंजूरी दी है, ताकि संबंधित प्रमोटरों की नीति के अनुसार सीजी शुल्क के भुगतान के साथ-साथ एक या अधिक बैंकों से उधार ली जाने वाली धनराशि को सुरक्षित किया जा सके।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 के प्रावधानों और उसके अंतर्गत आने वाले नियमों के अनुसार, यदि इंडियनऑयल बोर्ड का कोई निदेशक आईएसईपीएल, जो एक निजी लिमिटेड कंपनी है, के बोर्ड का भी निदेशक है, तो इंडियनऑयल, सामान्य बैठक में एक विशेष संकल्प पारित करते हुए केवल इंडियनऑयल के सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद आईएसईपीएल की ओर से बैंकों को ऋण प्रदान कर सकता है या सीजी जारी कर सकता है। आईएसईपीएल की गतिविधियों में अनुमानित वृद्धि और ईवी चार्जिंग व्यवसाय के तेज़ी से बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए, इंडियनऑयल के कार्यात्मक निदेशक को आईएसईपीएल के बोर्ड में नामित किया जा सकता है।

तद्नुसार, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 के तहत की गई अपेक्षानुसार, आईएसईपीएल की ओर से बैंकों को भविष्य में 481 करोड़ रुपये की सीमा तक सीजी प्रदान करने के लिए विशेष संकल्प के माध्यम से सदस्यों का अनुमोदन मांगा गया है।

कंपनी के निदेशकों/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों / उनके रिश्तेदारों में से कोई भी इस संकल्प में वित्तीय रूप से या अन्यथा इच्छुक या संबंधित नहीं है।

बोर्ड सदस्यों द्वारा अनुमोदन हेतु इस नोटिस में उल्लिखित विशेष संकल्प की सिफारिश करता है।

पंजीकृत कार्यालय –
इंडियनऑयल भवन,
जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051
दिनांक - 6 अगस्त, 2025

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

हस्ता/-
(कमल कुमार ग्वालानी)
कंपनी सचिव
(एसीएस - 13737)

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो

सेबी के 02 जुलाई, 2025 के परिपत्र के अनुसार, जिन सदस्यों ने 01 अप्रैल, 2019 से पहले भौतिक शेयरों के अपने हस्तांतरण विलेख जमा किए थे, जिन्हें दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी के कारण अस्वीकार कर दिया गया/वापस कर दिया गया/कार्यवाही नहीं की गई या अन्यथा उन्हें 06 जनवरी, 2026 तक हस्तांतरण अनुरोध पुनः जमा करने का एक और अवसर दिया गया है। अन्य दस्तावेजों के साथ हस्तांतरण विलेख निम्नलिखित पते पर भेजे जाएं:

केफिन टेक्नालाजीस लिमिटेड
यूनिट - इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड,
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32,
फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा,
सेरिलिंगमपल्ली,
हैदराबाद - 500 032
तेलंगाना

टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ

IndianOil

ENERGY BRANDS

Indane
SAFE·RELIABLE·CONVENIENT

XP95
95 OCTANE PREMIUM PETROL

SWAGAT

IndianOil Aviation
Our groundwork takes you sky high

SERVO
WORLD-CLASS LUBRICANTS
THE SCIENCE OF EXTREME

XTRAGREEN
New-age high performance diesel

Indane
JUMBO
XTRATEJ

XTRAPOWER
FLEET CARD
CONVENIENT, SECURE & REWARDING.

XTRABOOST
New-Age Automotive LPG
Enhanced Engine Power. Greener Ride.

XTRAMILE
SUPER DIESEL

XTRAPREMIUM
Petrol With Super Cleansers
The best your vehicle can get

PROPEL
100% TRUST. 100% VALUE.

CRYOGENICS
For New-Age Industrial Excellence

XTRA GUARD

XP100
100 octane premium petrol

LNG
AT DOORSTEP

KISAN SEVA KENDRA

Indane
XTRATEJ

HCNG
FUELLING A CLEANER FUTURE

STORM
ULTIMATE RACING FUEL

Fuel@Call

DURAPAVE
High-Performance Bitumen Products
Made For The Road To Future

ETHANOL100

RHINOWAX
PREMIUM PARAFFIN WAX

autogas
EXPERIENCE THE ECO-DRIVE

NANOCUT
HI-THERM INDANE CUTTING GAS

Chhotu
from Indane

CLEARBLUE
Diesel Exhaust Fluid
Superior Emission Control

e-Charge

Chhotu Master
YOUR COMPACT COOKING COMPANION

Indane
XTRALITE

IndiGreen

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : इंडियनऑयल भवन, जी–9, अली यावर जंग मार्ग,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई–400051, महाराष्ट्र

/IndianOilCorpLimited | /indianOilcl | /indianoilcorp | /indian-oil-corp-limited | /IndianOilCorporationLimited